# दैनिक अयोध्या टाइम्स

RNI NO.: UPHIN/2015/67284

समस्या आपकी-आवाज हमारी

Email:dainikayodhyatimes@gmail.com www.dainikayodhyatimes.in/.page

वर्ष : 8 अंक : 164 पब्लिकेशन स्थानः कानपुर नगर पृष्ठ : 08, मूल्य : 2 रुपये, शनिवार 13 अगस्त 2022 (डाक पंजीयन संख्याः 272/2021–23)


## संक्षिप्त समाचार

### पंजाब सरकार स्वतंत्रता दिवस पर 100 'आम आदमी क्लीनिक' की शुरुआत करेगी



चंडीगढ़। पंजाब की भगवंत मान सरकार 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राज्य की जनता को 100 'आम आदमी क्लीनिक' की सौगात देगी। स्वास्थ्य मंत्री चेतन सिंह जौरामाजरा ने शुक्रवार को कहा कि पहले चरण में प्रस्तावित 75 ऐसे क्लीनिक की संख्या को बढ़ाकर 100 किया गया है। मंत्री ने एक आधिकारिक बयान में कहा, ''आम जनता को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं उपलब्ध कराने की राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में यह पहला कदम है।''
उन्होंने कहा कि 'आजादी का अमृत महोत्सव' के अंतर्गत राज्य की सभी 117 विधानसभाओं में 'आम आदमी क्लीनिक' की सुविधा उपलब्ध होगी। मंत्री ने कहा कि इन क्लीनिक की स्थापना से निम्न और मध्यम वर्ग के लोगों को न केवल उनके नजदीक ही सभी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी, बल्कि इससे अस्पतालों में अनावश्यक भीड़ को कम करने में भी मदद मिलेगी।

### मुख्यमंत्री धामी ने उत्तराखंड के 'ब्रांड एम्बेसडर' ऋषभ पंत को किया सम्मानित

देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बृहस्पतिवार को राज्य के 'ब्रांड एम्बेसडर' क्रिकेटर ऋषभ पंत को सम्मानित किया। नयी दिल्ली के उत्तराखंड सदन में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने पंत को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्होंने जिस तरह से बेहद सामान्य परिस्थितियों में



अपने संकल्प एवं दृढ़ इच्छा शक्ति से लक्ष्य को पूरा किया है, उससे सभी को प्रेरणा मिलेगी। यहां जारी एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार, मुख्यमंत्री ने कहा कि पंत ने दुनिया में एक मुकाम बनाया है और देश व प्रदेश का नाम रोशन किया है।
मुख्यमंत्री ने कहा कि क्रिकेटर को उत्तराखंड ब्रांड एम्बेसडर के रूप में सम्मानित करने से राज्य में खेल के क्षेत्र में युवाओं को प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा खेलों के लिए बेहतर माहौल तैयार किया जा रहा है ताकि वे राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाएं। इस संबंध में उन्होंने कहा कि पंत जैसे खिलाड़ी से सभी प्रेरित होंगे और प्रदेश में खेलों के प्रति अच्छा माहौल बनेगा। इस मौके पर पंत ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा उन्हें प्रदेश के लिये कुछ करने का मौका दिया गया है।
उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं को बेहतर खेल माहौल प्रदान करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर पंत ने धामी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा उन्हें प्रदेश के लिये कुछ करने का मौका दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को खेल का बेहतर माहौल प्रदान कर रही है। पंत (24) का जन्म उत्तराखंड के रूड़की में हुआ था। उन्हें राज्य सरकार ने पिछले साल दिसंबर में राज्य का ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया था।

### बेंगलुरू से माले जा रही गो फर्स्ट फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग, सभी 92 यात्री सुरक्षित

नयी दिल्ली। बेंगलुरू से मालदीव की राजधानी माले जा रही फ्लाइट की गो फर्स्ट फ्लाइट की कोयंबटूर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, फ्लाइट में 92 यात्री सवार थे और इन तमाम यात्रियों को सुरक्षित कोयंबटूर एयरपोर्ट पर उतारा गया। दरअसल, इंजन में कुछ खराबी आने की वजह से फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। ऐसे में सभी को यात्रियों को सुरक्षित उतारा गया। जिन्हें आज माले के लिए रवाना किया जाएगा।



समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, एयरपोर्ट अधिकारी ने बताया कि बेंगलुरू से माले (मालदीव) जा रहे 92 यात्रियों को लेकर एक गो फर्स्ट फ्लाइट की आज दोपहर 12 बजे कोयंबटूर हवाई अड्डे पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई, क्योंकि इंजन के अत्यधिक गर्म होने के चलते चेतावनी की घंटी बजी थी और यह खराबी टेकऑफ के एक घंटे बाद आई। सभी यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया गया।
कहा जा रहा है कि इंजीनियरों ने इंजन की जांच की और उसके बाद ऐलान किया कि फ्लाइट उड़ान भरने के लिए तैयार है।

## मा.मुख्यमंत्री योगी जी ने बांदा में नाव पलटने की घटना में मारे गए लोगों के परिजनों के लिए 4-4 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बांदा में नाव पलटने की घटना में मारे गए लोगों के परिजनों के लिए 4–4 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की है. उन्होंने पीड़ितों को तत्काल सहायता और राहत प्रदान करने के भी निर्देश दिए हैं. इसके अलावा सीएम ने दो मंत्रियों– रामकेश निषाद और राकेश सचान को घटनास्थल पर तत्काल पहुंचने के निर्देश दिए. सीएम ने गुरुवार को इस घटना पर शोक व्यक्त किया था. उन्होंने मृतकों की आत्मा के शांति की प्रार्थना की थी। बता दें गुरुवार को बांदा के



मरका कस्बे में यमुना नदी में नाव पलटने से 4 लोगों की मौत हो गई और 17 लोग लापता हो गए. इस हादसे में NDRF और SDRF की टीमों का रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है और अभी तक कुछ शव निकाले जा चुके हैं जबकि 14–15 लोग लापता हैं. वहीं 20 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया।
चार शव निकाले गए– अभिनंदन पुलिस अधीक्षक (एसपी) अभिनंदन ने बताया कि 30–35 लोगों से भरी एक नौका दोपहर बाद मरका थाना क्षेत्र के यमुना घाट से फतेहपुर जिले के जरौली घाट जा रही थी, तभी बीच जलधारा में हवा का झोंका आने से नौका डगमगा कर पलट गई. अभिनंदन ने बताया कि अब तक चार लोगों के शव नदी से निकाले जा चुके हैं और उनकी शिनाख्त करने की कोशिश की जा रही है।
जिलाधिकारी अनुराग पटेल ने बताया कि तेज हवाओं की वजह से नाव अनियंत्रित होकर पलट गई. उन्होंने बताया कि मृतकों में दो महिलाएं और एक बच्चा शामिल है. मृतकों की सटीक संख्या अभी पता नहीं चल पाई है. उन्होंने बताया कि 13 लोगों को बचा लिया गया है जबकि 17 लोग अब भी लापता हैं।

## नहाने लायक भी नहीं रह गया गंगा का पानी

कानपुर नगर। कानपुर में गंगा का जल पीने और आचमन लायक नहीं बचा है. अगर इस पानी से पौधों की सिंचाई की जाए तो वे भी नहीं बढ़ेंगे. जानवर इस जल को पीते हैं तो दूध प्रदूषित होने का भी खतरा है. गंगाजल को लेकर एक ताजा रिसर्च की गई है. इस रिसर्च के परिणाम काफी ज्यादा डराने वाले हैं. कानपुर के डीजी कॉलेज में परास्नातक रसायन विभाग की छात्राओं ने दूषित होते गंगा जल पर एक शोध किया है. गंगा दिनों दिन प्रदूषित होती जा रही है और इसी विषय पर कॉलेज की छात्राओं ने एक शोध किया है।
इस शोध के परिणाम काफी चौंकाने वाले हैं. छात्राओं ने प्रोफेसर अनीता दीक्षित के नेतृत्व में कानपुर के जाजमऊ परमट गंगा बैराज और रानी घाट में पानी के नमूने लिए. नमूने लेकर लैब में इनकी जांच की गई तो परिणाम काफी ज्यादा चौंकाने वाले रहे. परास्नातक रसायन विभाग की अध्यक्ष डॉ. अर्चना



दीक्षित की देख रेख में एमएससी अंतिम वर्ष की छात्रा श्रद्धा कविता समेत 6 छात्राओं ने अलग–अलग घाट से जल के नमूने लिए और अलग–अलग पैरामीटर पर लैब में जांच की, जिसके नतीजे काफी खतरनाक स्तर पर मिले।
डॉ. अर्चना दीक्षित की मानें तो रिपोर्ट के अनुसार जाजमऊ में टेनरियों के कारण पानी सबसे अधिक प्रदूषित निकला है. परमट घाट में गिर रहे नालों की वजह से डिजॉल्व ऑक्सीजन मानक से कम और बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड, केमिकल ऑक्सीजन डिमांड मानक से काफी अधिक मिला है. गंगा में गिर रहे 23 छोटे बड़े नालों के कारण यह अशुद्धियां मिल रही हैं. ऐसे में गंगाजल नहाने योग्य भी नहीं रह गया है. रिसर्च टीम के मुताबिक जल्द इसकी रिपोर्ट जिला प्रशासन को सौंप दी जाएगी. साथ ही रिपोर्ट प्रदेश और केंद्र सरकार को भी भेजी जाएगी।

कानपुर में सबसे ज्यादा प्रदूषित होती है गंगा

कहा जाता है कि कानपुर में आते ही गंगा सबसे ज्यादा प्रदूषित होती है. इसीलिए पीएम और सीएम ने सबसे खतरनाक और बड़े सीसामऊ नाले को न सिर्फ टैप करवाया था, बल्कि गंगा में गिर रहे सभी नालों का मुंह मुड़वाने का दावा किया था, लेकिन अगर ऐसा सच में होता तो जमीनी हकीकत इन रिसर्च के आंकड़ों में कुछ और ही होती. रिसर्च के नतीजे बताते हैं कि सरकारी योजनाएं गंगा को स्वच्छ और साफ बनाने में पूरी तरह विफल साबित हुई हैं।

## हिन्दू महासभा ने किया लाल सिंह चड्ढा का विरोध, फिल्म को बायकाट करने की अपील की

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

नई दिल्ली। अखिल भारत हिन्दू महासभा ने फिल्म लाल सिंह चड्डा का विरोध किया है. हिन्दू महासभा ने फिल्म को बायकॉट करने की अपील की है. बता दें कि यह फिल्म सिनेमाघरों में 11 अगस्त को रीलीज की गई है।
आमिर खान की इस फिल्म का विरोध उनकी पहली फिल्म पीके के लिए हो रहा है जिसमें हिंदू धर्म का जमकर मजाक उड़ाया गया था. राजकुमार हिरानी निर्देशित यह फिल्म हिंदू धर्म की भावनाओं को ठेस पहुंचाने के कारण काफी विवादों में रही थी।
आमिर खान ने अपनी फिल्म लाल सिंह चड्ढा की तुलना




रामायण से की. ऐसा करते हुए उन्होंने बताया कि उनकी फिल्म की शूटिंग केरल में जटायूपुत्र बिल्डिंग के पास हुई है. ये दुनिया की कुछ सबसे बड़ी इमारतों में से एक है. ये इमारत Kollam डिस्ट्रिक में Chadayamangalam के पास स्थित है. आमिर खान ने कहा कि वह किसी ऐसी जगह पर फिल्म की शूटिंग करना चाहते थे जिसके बारे में लोग ज्यादा ना जानते हों।
आमिर खान ने बताया कि दुनिया भर के लोग उनकी फिल्म लाल सिंह चड्ढा देखकर इस खूबसूरत इमारत के बारे में जानेंगे. इसके अलावा जटायू की मूर्ति और जटायू अर्थ सेंटर दुनिया की सबसे बड़ी मूर्तियों में गिनी जाती है. रामायण के मुताबिक सीता को रावण से बचाने की कोशिश में जटायू जख्मी हो गया था और पंख काट दिए जाने के बाद वह जमीन पर गिर पड़ा था. अभिनेता ने कहा इस तरह फिल्म लाल सिंह चड्ढा का रामायण से गहरा नाता है।

## जम्मू-कश्मीर में फिर आतंकी हमला पुलिस टीम को बनाया निशाना, एक जख्मी

जम्मू कश्मीर। जम्मू–कश्मीर में आज एक बार फिर आतंकियों ने नापाक हरकत को अंजाम दिया है. अनंतनाग जिले के बिजबेहरा इलाके में आतंकियों ने पुलिस /CRPF की संयुक्त नाका पार्टी पर फायरिंग की. इस हमले में एक पुलिसकर्मी जख्मी हो गया. उन्हें तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है. पुलिस के मुताबिक, इलाके की घेराबंदी कर दी गई है और सर्च ऑपरेशन जारी है।
इससे पहले बांदीपोरा जिले में आतंकवादियों ने बिहार के एक प्रवासी मजदूर की गोली मारकर हत्या कर दी. कश्मीर जोन की पुलिस ने ट्वीट कर कहा, ''मध्यरात्रि के दौरान, आतंक वादियों ने बांदीपोरा के सोदनारा संबल में बिहार के मधेपुरा में बेसाढ़ के निवासी प्रवासी मजदूर मोहम्मद अमरेज, पुत्र मोहम्मद जलील पर गोली चलाई और उसे घायल कर दिया.'' पुलिस ने बताया कि अमरेज को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।
यह हमले ऐसे समय में हुए हैं जब सोमवार को देश स्वतंत्रता दिवस मनाने जा रहा है. वहीं गुरुवार को राजौरी जिले में आतंकवादियों ने सेना के एक शिविर पर एक आत्मघाती हमला किया, जिसमें चार जवान शहीद हो गए. सुरक्षाबलों की जवाबी कार्रवाई में दो आतंकवादी भी मारे गए. पुलिस ने बताया कि आतंक वादी घातक 'स्टील कोर' गोलियों से लैस थे और चार घंटे से अधिक समय तक



चली मुठभेड़ में दोनों आतंकवादी मारे गए। पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह ने बताया कि हमला करने वाले दोनों 'फिदायीन' संभवतरू आतंकी गुट जैश–ए–मोहम्मद के थे. दोनों ने शिविर में घुसने का प्रयास किया, लेकिन वे मारे गए. इस अभियान में भारतीय सेना के छह सैनिक घायल हो गए, जिनमें से चार जवान बाद में शहीद हो गए।

## अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री कम झूठ मंत्री ज्यादा हैं, अफवाह फैलाना उनकी आदतः अनुराग ठाकुर

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

नई दिल्ली।केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि झूठ का रिकॉर्ड बनाने का काम किसी ने किया तो वो अरविंद केजरीवाल हैं, जो जनता को गुमराह करने का काम करते हैं। वो भली भांति जानते हैं कि आपदा के समय भी मनरेगा का बजट बढ़ाकर 1 लाख करोड़ किया गया जो कांग्रेस के समय मात्र 30 हजार करोड़ खर्च होता था। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि महामारी के समय 80 करोड़ गरीबों को 28 महीने तक मुफ्त राशन दिया। तो ये कहना कि अनाज को बंद किया गया है, अरविंद केजरीवाल जी का एक और झूठ है। अरविंद केजरीवाल जी की राजनीति झूठ से शुरू हुई थी और झूठ




पर बनी हुई है।
केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री कम झूठ मंत्री ज्यादा हैं। भय और अफवाह फैलाना उनकी पुरानी आदत है। भ्रष्टाचार के मुद्दे पर चुनाव लड़ा लेकिन भ्रष्ट सरकार चला रहे हैं। ये मोदी सरकार है जिसने आपदा के समय 61,500 करोड़ का मनरेगा बजट बढ़ाकर 1,11,500 करोड़ किया।

## मजबूती से चलेगी महागठबंधन की सरकार : तेजस्वी यादव



नई दिल्ली।बिहार के नवनियुक्त उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात की. इस मीटिंग को लेकर तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार में सत्ता परिवर्तन के बाद आज पहली बार हमारी घटक दलों के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात हुई है. सत्ता परिवर्तन के बाद कल हम दिल्ली आए थे. डी. राजा सीताराम येचुरी और सोनिया गांधी से हमारी मुलाकात हुई है. सभी ने हमें बधाई दी. महागठबंधन की ये सरकार मजबूती से चलेगी, ये जनता की सरकार है।
तेजस्वी यादव ने कहा कि, ष्नीतीश कुमार के निर्णय ने बीजेपी को तमाचा मारने का काम किया है. इसके लिए मैं मुख्यमंत्री और सोनिया गांधी को धन्यवाद देता हूं. मेरे पिता लालू यादव को भी धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने ताउम्र गरीबों के लिए लड़ाई लड़ी है. बीजेपी का काम है, जो डरेगा उसको डराओं और जो बिकेगा उसको बिकवाओ. ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स जैसी संस्थाओं की हालात पुलिस से भी खराब हो गई है. बीजेपी प्रवर्तन निदेशालय और केंद्रीय जांच ब्यूरो के स्कैनर का इस्तेमाल कर लोगों को डरा रही है।

## 3 साल में तेजस ट्रेन से 63 करोड़ का घाटा, रोजाना खाली रह जाती हैं 200 सीटे

लखनऊ। भारतीय रेलवे को अपनी एक ट्रेन से 63 करोड़ रुपए का नुकसान झेलना पड़ा है. आपको बता दे कि दल्लिी से चलने वाली यह ट्रेन 3 साल पहले तेजस ट्रेनों का पहली बार संचालन निजी ऑपरेटर्स को सौंपा गया था. लेकिन रेलवे का यह प्रयोग सफल नहीं रहा. रेलवे को काफी नुकसान का सामना करना पड़ा है।
फलिहाल दिल्ली से लखनऊ और मुंबई से अहमदाबाद के बीच तेजस ट्रेनों का संचालन कयिा है. ये दोनों ही ट्रेनें लगातार घाटे में चल रही हैं. दल्लिी से लखानऊ वाया कानपुर सेंट्रल तेजस ट्रेन 27.52 करोड़ के घाटे में है. लगातार हो रहे घाटे और यात्री नहीं मिलने के



कारण तेजस के दिन में लगने वाले फेरे भी कम किये हैं. पहले इसे हफ्ते में 6 दिन चलाया जाता था, लेकनि अब यह 4 दनि ही चलती है. इतना ही नहीं इस ट्रेन में रोजाना 200 से 250 सीटें खाली रह जाती हैं।
तेजस के आगे राजधानी और शताब्दी चलती हैं. हालाँकि इनका किराया तेजस से कम है लेकनि सुवधिाओं के मामले में ये तेजस से कम नहीं हैं. ऐसे में लोग तेजस को वकिल्प के रूप में रखते हैं. प्राइवेट ऑपरेटर्स के साथ ट्रेन को लगातार हो रहे नुकसान के कारण रेलवे ने फिलहाल कोई दूसरी ट्रेन निजी ऑपरेटर को नहीं दी।
कोरोना के बाद से तेजस की फ्रीक्वेंसी काफी कम हो गई है. यात्री कम होने पर साल 2019 से 2022 के बीच इसका अस्थायी रूप से 5 बार परिचालन भी बंद कर दिया गया है. लखनऊ–नई दिल्ली रूट पर तेजस को 2019–20 में 2.33 करोड़ का फायदा हुआ. इसके बाद 2020–21 में 16.69 करोड़ रुपये का घाटा और वर्ष 2021–22 में 8.50 करोड़ रुपये का घाटा हो चुका है।
आईआरसीटीसी को रेलवे की तरफ से 2019 में अहमदाबाद –मुंबई और लखनऊ–दिल्ली तेजस ट्रेन का संचालन करने की जम्मिदारी दी थी. 3 साल में दोनों ट्रेनों का घाटा बढ़कर 62. 88 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

# संक्षिप्त समाचार

## अज्ञात वाहन से टकराकर बस डिवाइडर पर चढ़ी, 13 यात्री घायल, चार की हालत गंभीर

उन्नाव। जिले में बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में एक बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई। नेपाल–भारत मैत्री बस सेवा के तहत चलने वाली बस नेपाल से दिल्ली जा रही, जो लखनऊ–आगरा एक्सप्रेस–वे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में बस चालक सहित 13 यात्री घायल हुए हैं। इनमें से चार लोगों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है। बस चालक का दाहिना हाथ कोहनी से कट गया। मिली जानकारी के अनुसार, नेपाल के जनपद पोखरा से 39 सवारियां लेकर दिल्ली जा रही बस शुक्रवार सुबह करीब पांच बजे बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव गहरपुरवा के पास 226



किलोमीटर पर अनियंत्रित होकर किसी वाहन में पीछे से टकराने के बाद डिवाइडर पर चढ़ गई। यूपीडा और पुलिस टीम ने बस चालक दानेश्वर (40) पुत्र पशुपति निवासी पोखरा नेपाल, मंजू (40) पत्नी शंकर निवासी शुक्लागंज, भानुभक्त (52) पुत्र शिवलाल निवासी पोखरा नेपाल, प्रीती पांडेय (35) पुत्री शंकर पांडेय निवासी सिटी ऑफ पोखरा नेपाल, मंजू (33) पुत्री प्रेमबहादुर, संदीप (24) पुत्र भूमिबहादुर, शंकर (60) पुत्र जीतबहादुर, गीता (58) पत्नी परशुराम, अनीता बिष्ट (35) पत्नी विनोद, अंजू (29) पुत्री प्रेमबाबू, अमृत (31) पुत्र कृष्ण बहादुर निवासीगण पोखरा नेपाल को बांगरमऊ सीएचसी में भर्ती कराया। बस चालक दानेश्वर के अलावा मंजू ,भानुभक्त और प्रीती पांडेय की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अन्य घायल इलाज करा यूपीडा की गाड़ी से घटना स्थल चले गए।

## डीएम कोर्ट से सपा विधायक अमिताभ को नहीं मिली राहत, स्टांप चोरी मामले में रिकॉल अर्जी खारिज

कानपुर। स्टांप चोरी के मामले में रिकवरी नोटिस जारी होने के बाद आदेश को रिकाल करने अर्जी लगाने वाले सपा विधायक अमिताभ बाजपेई को डीएम कोर्ट से राहत नहीं मिली। डीएम कोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद



विधायक की अर्जी को खारिज कर दिया। इसके साथ ही अब विधायक पर 1.02 करोड़ रुपये जमा कराने का दबाव बन गया है। हालांकि अभी वह चाहें तो उच्च न्यायालय में अपील कर सकते हैं, लेकिन इसके लिए उन्हें पहले एक तिहाई रकम को बतौर सिक्योरिटी जमा कराना पड़ेगा। बता दें, डीएम कोर्ट ने 1 जून को जारी किए आदेश में स्टांप चोरी के संबंध में की गई जांच की आख्या के आधार पर दाखिल वाद की सुनवाई के बाद विधायक से कमी स्टांप शुल्क के 1.02 करोड़ रुपये वसूलने के आदेश जारी किए थे। इसके साथ उनपर पचास हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया था। दरअसल, शासन ने 22 नवंबर 2021 को वाद दाखिल करने की मंजूरी दी थी। इसके बाद एसीएम पंचम ने स्थलीय निरीक्षण किया और जांच आख्या में बताया कि काकादेव के रानीगंज में स्थित भवन संख्या 117ध्एनध35 रकबा 328.86 वर्गमीटर की जांच के दौरान पाया गया कि उस पर कोचिंग संचालित है। साथ ही आसपास के सभी भूखंडों में कोचिंग संचालित होती है। पांच मंजिला भवन 20 साल पुराना व्यवसायिक निर्मित है। जांच में भारतीय स्टांप अधिनियम की धारा 47 ए (3) के तहत 1.02 करोड़ रुपये की स्टांप कमी बताई गई। वाद की सुनवाई के दौरान विधायक की ओर से कोई पेश नहीं हुआ, जिसके बाद कोर्ट ने एकपक्षीय आदेश जारी कर दिए। इस आदेश के रिव्यू के दौरान विधायक की ओर से दलील दी गई कि नोटिस तामील कराया ही नहीं गया और उन्हें समाचार पत्रों से जानकारी मिली कि उनके खिलाफ रिकवरी नोटिस जारी हुआ है। वहीं, सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता राजस्व नीरज सेंगर ने बताया कि 4 फरवरी को विपक्षी के पिता कमलेज चंद्र बाजपेई पर नोटिस तामील हुआ है। दलीलों के बाद कोर्ट ने आदेश रिकाल करने की अपील खारिज कर दी।

## गुरुद्वारे में हमला कर हत्या करने वाले को जमानत नहीं, अन्य तीन आरोपियों की अर्जी पर सुनवाई बाकी

कानपुर। कानपुर के सिख विरोधी दंगे में आरोपी सिद्ध गृहस्थी नाम से किदवई नगर में दुकान चलाने वाले सिद्धगोपाल गुप्ता उर्फ बब्बू की जमानत अर्जी अपर जिला जज 17 विकास गोयल ने खारिज कर दी है। सिद्धगोपाल वर्तमान में रंजीत नगर में रहते हैं। एडीजीसी संजय कुमार झा ने बताया कि किदवई नगर के ब्लॉक निवासी पुरुषोत्तम घर पर नामदेव जी का गुरुद्वारा चलाते थे। एक नवंबर 1984 को दंगाइयों ने उनके घर पर हमला बोल दिया था। इसमें उनके पिता की हत्या कर दी गई थी और बेटे सर्वजीत सिंह की पत्नी को जला दिया था। पुरुषोत्तम के साथ गुरुद्वारे में पाठ करने आए लोगों से भी मारपीट की थी। सभी बुरी तरह घायल हो गए थे जिन्हें उर्सला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुरुषोत्तम ने नौ नवंबर को उर्सला से डिस्चार्ज होने के बाद 10 नवंबर को 10 नामजद और 40 अज्ञात के खिलाफ नौबस्ता थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।
इसी मामले में आरोपी सिद्धगोपाल ने कोर्ट में जमानत अर्जी दाखिल की थी, जिसे खारिज कर दिया गया है। वहीं, तीन अन्य आरोपियों धीरेंद्र तिवारी, रज्जन लाल पांडे और दीपक की जमानत अर्जियों पर सुनवाई होनी है। बता दें कि जल्द ही इन आरोपियों की सुनवाई हो सकती है। बता दें कि सिख विरोधी दंगे के आरोपी यू ब्लॉक निराला नगर निवासी 65 वर्षीय मुस्तकीम व घाटमपुर के ग्राम रामसारी निवासी 61 वर्षीय अमर सिंह उर्फ भूरा की जमानत अर्जी अपर जिला जज 17 विकास गोयल ने खारिज हो चुकी है। एडीजीसी संजय कुमार झा ने बताया कि दोनों को 19 जून को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। आरोपों को झूठा बताते हुए उम्र के आधार पर दोनों ने जमानत स्वीकार करने की गुहार लगाई थी, लेकिन कोर्ट ने खारिज कर दी। चार आरोपियों की अर्जियां पहले ही खारिज हो चुकी हैं।

## रॉयल प्रीमियर क्लब के सदस्यों ने मनाया रक्षाबंधन पर्व



दैनिक अयोध्या टाइम्स सवांद कानपुर। रक्षाबंधन के धागे से मजबूत होती रिश्तों की डोर भाई बहन के अटूट रिश्तों को रक्षाबंधन के धागे संग मिलती है अभूतपूर्व मजबूती ये बात रॉयल प्रीमियर क्लब के नेशनल प्रोमोटर कानपुर के रहने वाले अभिनय कुमार द्विवेदी ने कही। उन्होंने क्लब के सदस्यों का आह्वान करते हुए कहा कि आज रक्षाबंधन पर्व पर हम सब को अपनी अपनी बहनों के प्रति जीवन भर उनकी रक्षा की कसम खा कर उनके जीवन के कल्याण के लिए हर समय उपलब्ध होने का वचन देना चाहिए। वही अपनी प्रतिभा से रॉयल प्रीमियर क्लब के राष्ट्रीय पटल पर पहचान बनाने वाले विपिन कुमार ने भी भाई बहन के महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए बहनों की रक्षा और उनके कल्याण के लिए हर सम्भव उपलब्ध रहने व सहयोग करने का वचन दिया।

## आजादी के अमृत महोत्सव के दृष्टिगत इको पार्क में आयोजित हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतियोगिता




कानपुर देहात। आजादी के अमृत महोत्सव के दृष्टिगत हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज 11 अगस्त से 15 अगस्त तक सांस्कृतिक प्रस्तुतीकरण एवं केवाईसी (नो योर कन्ट्री) प्रतियोगिता का आयोजन इको पार्क समुदायिक भवन माती में किया गया।
उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अविनाश सिंह चौहान एवं जिलाधिकारी नेहा जैन द्वारा भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक विभाग लखनऊ से आई टीम एवं स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति आयोजित की गई। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष एवं जिलाधिकारी ने संबोधित करते हुए कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के दृष्टिगत हर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें सभी लोग बढ़–चढ़कर प्रतिभाग करें। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जेपी गुप्ता, अपर जिलाधिकारी प्रशासन केशव नाथ, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर ए के सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारी सिकंदरा, जिला सूचना नरेंद्र मोहन, डीसी मनरेगा हरिश्चंद्र, जिला कृषि अधिकारी डॉ उमेश कुमार गुप्ता आदि अधिकारीगण आदि उपस्थित रहे।

## हर घर झंडा अभियान के तहत जिला जज द्वारा तिरंगा रैली का आयोजन किया गया



• जिला जज ने 13 अगस्त 2022 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

कानपुर देहात। 13 अगस्त 2022 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी मुहैया कराने हेतु व्यापक प्रचार–प्रसार कराने का निर्णय राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा लिया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान अधिक से अधिक वादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौते के माध्यम से कराये जाने हेतु प्रचार–प्रसार कराकर जनता को जागरूक करने के प्रयास स्वरूप प्रचार वाहन को रवाना किया गया। जनपद न्यायाधीश द्वारा प्रचार–प्रसार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि प्रचार–प्रसार होने से लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत की तिथि के बारे में जानकारी मिल सकेगी। जिले में 13 अगस्त को राष्ट्रीय लोग अदालत लगाई जाएगी। जिसमें आपसी सुलह–समझौते के आधार पर मामले निस्तारित कराए जाएंगे। वाहन अकबरपुर, रसूलाबाद तहसील के सार्वजनिक स्थानों, गांवों व दूर–दराज वाले स्थानों पर जाकर लोक अदालत की तिथि व अन्य के बारे में प्रचार–प्रसार करेगा। इस दौरान जिला जज द्वारा कोर्ट परिसर में हर घर झंडा अभियान के तहत वकीलों के साथ मिलकर तिरंगा रैली भी निकाली, जिसका उद्देश्य जनता के मन में राष्ट्र भक्ति को जाग्रत करना है।




## जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने हर घर तिरंगा रैली का हरी झण्डी दिखा किया रवाना

• ह्यूमन लाइब्रेरी मूवमेंट कार्यक्रम में बुजुर्गो को किया गया सम्मानित व सुना गया बुजुर्गो का संवाद
• जिलाधिकारी ने क्षय रोगियों को वितरित किये पोषण सामग्री किट



ब्यूरोचीफ अनुज प्रताप सिंह
कानपुर देहात। आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान के तहत सरवनखेड़ा प्राथमिक विद्यालय प्रथम में हर घर तिरंगा रैली का आयोजन किया गया, रैली में स्कूली बच्चे एवं ग्रामीण युवा आदि लोगों ने प्रतिभाग किया, कार्यक्रम का जिलाधिकारी नेहा जैन व मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडेय ने महात्मा गांधी जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया एवं रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया, इससे पूर्व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं बच्चों ने जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी को रक्षा सूत्र बांधा। इस मौके पर जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने पैदल तिरंगा रैली में प्रतिभाग किया तथा उपस्थित लोगों को हर घर तिरंगा अभियान में जुड़ने हेतु प्रेरित किया, इसके पश्चात उक्त रैली सरवनखेड़ा क्षेत्र के विभिन्न मार्गों से होते हुए पंचायत सचिवालय में संपन्न हुई, जहां पर जिलाधिकारी की प्रेरणा से बुजुर्गों के संस्करण पर आधारित बुजुर्गों–युवाओं का संवाद ह्यूमन लाइब्रेरी मूवमेंट एवं क्षय से पीड़ित रोगियों को पोषण सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।
ह्यूमन लाइब्रेरी मूवमेंट कार्यक्रम में बुजुर्गों जिसमें प्रताप नरायण शुक्ल जन्म तिथि 1934, कल्यान सिंह चौहान 1937, राम प्रताप सिंह यादव 1943, सुधरलाल शर्मा 1937, रामकृष्ण सिंह 1936, यशवन्त सिंह 1955, राजकुमार शर्मा 1944, रघुवीर सिंह 1941 को सेवा निवृत वीके सिंह चौहान द्वारा माला पहनाकर सम्मानित किया गया एवं जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी द्वारा रक्षा सूत्र बाधा गया, कार्यक्रम में आजादी के पहले एवं आजादी कैसे मिली इस पर जीवन संघर्ष के सम्बन्ध में बुजुर्गों का संवाद सुना गया एवं उनके बताए गए संवाद को युवाओं को जोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया, इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव पूरे देश में मनाया जा रहा है जिसके चलते हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम प्रतिदिन आयोजित किए जा रहे हैं, इसमें सभी लोग प्रतिभाग कर आजादी के अमृत महोत्सव के कार्यक्रम को सफल बनाए, उन्होंने कहा कि बुजुर्गों द्वारा बताए गए विचारों को सभी युवावर्ग ग्रहण करें तथा आत्मसात हो।
इस मौके पर जिलाधिकारी व जिलाधिकारी के पिता जी ने परिसर में वृक्ष लगाकर पौधरोपण भी किया तथा इसके पूर्व जिलाधिकारी ने क्षय रोगियों जिसमें अनीता, शिवानी, सुनीता, रानी, क्रीतिका, शिवकान्ती, कल्लू, विजय, अनुराग पाण्डेय, विनोद आदि को पोषण किट वितरित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्यपाल महोदया द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि अधिकारी क्षय रोगियों को गोद लेकर उनके स्वास्थ्य का पूरी तरह से देखरेख कर उनको स्वस्थ्य करें, इसके चलते आज क्षय रोगियों को पोषण सामग्री किट जिसमें चना, गुड़, सत्तू आदि वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 एके सिंह, डीसी मनरेगा हरिश्चंद्र, ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव आदि उपस्थित रहे, कार्यक्रम का संचालन जिला विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने किया।

## आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में तिरंगा यात्रा से स्वतंत्रता सप्ताह का शुभारम्भ





कानपुर। आगामी 15 अगस्त 2022 को आजादी के ७५ वें वर्ष पूर्ण होने पर आजादी के अमृत महोत्सव अभियान के तहत चलाये जा रहे राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार माननीय जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लालचन्द्र गुप्ता के निर्देशन में संगीता, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कानपुर देहात के तत्वाधान में दिनांक 11.08. 2022 से 17.08.2022 तक ष्स्वतंत्रता सप्ताहष तथा ष्हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अन्तर्गत व्यापक स्तर पर प्रचार–प्रसार करने के उद्देश्य से जनपद न्यायालय में तिरंगा पद–यात्रा का आयोजन दिनांक 11.08.2022 को सायं 04:30 बजे किया गया।
उक्त तिरंगा पद यात्रा का लालचन्द्र गुप्ता, माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा हरी झण्डी दिखाकर शुभारम्भ किया गया। उक्त तिरंगा पद–यात्रा के दौरान ष्देशभक्ति के गीतों तथा भारत माता की जयष जैसे नारों ने लोगों का उत्साह दोगुना कर दिया। उक्त तिरंगा पदयात्रा में जनपद न्यायाधीश द्वारा आम जनमानस को आजादी के अमृत महोत्सव की शुभकामनायें देते हुए सभी को इस अवसर को गर्व के साथ उत्साह से मनाने और अपने घरों पर नियमानुसार तिरंगा झण्डा फहराने की अपील की। उक्त तिरंगा पद–यात्रा सिविल न्यायालय के गेट संख्या ०१ से प्रस्थान कर जनपद के विभिन्न मुख्य चौराहों एवं जिलाधिकारी कार्यालय से होती हुयी वापस जनपद न्यायालय के गेट संख्या–01 पर समाप्त हुयी। उक्त तिरंगा पद–यात्रा में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश–प्रथम, श्रीमती सोनिका चौधरी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय, श्री अमित मालवीय, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश– चतुर्थ अमरजीत, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश /विशेष न्यायाधीश पॉक्सो, शैलेन्द्र वर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शिवानन्द एवं सभी न्यायिक अधिकारीगण, जनपद न्यायालय के कर्मचारीगण, जिला सिविल एवं एकीकृत बार के पदाधिकारी एवं अन्य विद्वान अधिवक्तागण द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर संगीता– सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कानपुर देहात ने सभी नागिरिकों को हर घर तिरंगा व आजादी का अमृत महोत्सव की शुभकामनायें दी।

## अमृत महोत्सव के तहत हुई हाफ मैराथन, 2000 पुलिसकर्मियों ने की शिरकत



कानपुर। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत सात दिनों तक पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर में चलने वाले कार्यक्रमों की श्रंखला के दूसरे दिन हाफ मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। शुक्रवार सुबह घंटाघर चौराहे से हुई आयोजन की शुरूआत में पुलिस आयुक्त बीपी जोगदंड ने हरी झंडी दिखाकर हाफ मैराथन की शुरुआत की। सुबह घंटाघर से शुरू होकर मैराथन के प्रतिभागी तय रूट जिसमें मूलगंज, नई सड़क, सदभावना चौकी, यतीम खाना, लालइमली, मर्चेंट चौबर, ग्रीनपार्क चौराहा होते हुए पुलिस लाइन में समाप्त हुई। मैराथन के समापन अवसर पर पुलिस लाइन में आरक्षी नीलम, राबिन, करिश्मा और अफसाना ने वीररस से ओतप्रोत विचार रखकर सभी में उर्जा का संचार किया। हाफ मैराथन में पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मिलाकर करीब 2000 लोगों ने शिरकत की। अमृत महोत्सव में हुई हाफ मैराथन में प्रथम स्थान पर 37वीं बटालियन पीएसी के जवान सुजीत कुमार, द्वितीय स्थान पर सूरज कुमार, तृतीय स्थान पर मोनू खरवार, चौथे स्थान पर दिगंबर सिंह, पांचवे स्थान पर दीपू कुमार रहे। सभी को पुलिस आयुक्त बीपी जोगदण्ड, संयुक्त पुलिस आयुक्त आनंद प्रकाश तिवारी, अपर पुलिस आयुक्त आनंद कुलकरणी ने सम्मानित किया। इस अवसर पर सभी डीसीपी, एसीपी, थाना प्रभारी उपस्थित रहे।
इसके पहले आजादी के अमृत महोत्सव के पहले दिन गुरुवार को पुलिस आयुक्त बीपी जोगदण्ड ने सँयुक्त पुलिस आयुक्त आनंद प्रकाश तिवारी व अन्य अधिकारियों और पुलिस कर्मियों के साथ मिलकर सफाई अभियान चलाया। साथ ही पुलिस आयुक्त द्वारा दिये गए निर्देश पर शहर के सभी 38 थानों और पुलिस कार्यालयों पर वृहद सफाई अभियान चलाया गया। सफाई अभियान के बाद पुलिस आयुक्त बीपी जोगदण्ड ने पुलिस लाइन में ध्वजारोहण करके राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। ध्वजारोहण के बाद पुलिस आयुक्त ने पुलिस लाइन में बने कार्यालयों और पुलिस कर्मियों के आवासों पर जाकर हर घर तिरंगा अभियान के तहत घरों में तिरंगे लगाकर सभी को आजादी के अमृत महोत्सव की शुभकामनाएं दीं।

## अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, फ्लाई ओवर से नीचे गिरकर सिपाही की मौत

कानपुर। कानपुर में चकेरी फ्लाई ओवर पर सफीपुर के पास शुक्रवार सुबह तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार सिपाही को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी, कि सिपाही फ्लाई ओवर से नीचे आ गिरा। मौके पर पहुंची पुलिस ने सिपाही कांशीराम अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। कानपुर देहात के शिवली थानाक्षेत्र के मैथी गांव निवासी सुशील कुमार (35) 2011 बैच के सिपाही थे। वह उन्नाव रिजर्व पुलिस लाइन में तैनात थे। शुक्रवार सुबह वह रक्षाबंधन के त्यौहार के चलते वापस अपने घर बाइक से जा रहे थे। इस दौरान फ्लाई ओवर पर सफीपुर के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह बाइक से उछलकर नीचे गिर गए। इससे उनके सिर पर चोट आ गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने सुशील कुमार को कांशीराम अस्पताल भेजा। यहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। चकेरी थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि वाहन की टक्कर से



सिपाही पुल से नीचे गिर गया है, जिससे उसकी मौत हो गई है। मृतक सिपाही के परिजनों को सूचित कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।
बता दें कि मृतक सिपाही कानपुर देहात के रूरा अलियापुर का रहना वाला था। उसकी पत्नी अर्चना, दो बच्चें रुद्राक्ष (6) और कृष्णा (3) हैं। वहीं, मृतक का एक छोटा भाई अजीत राज कानपुर देहात के माखी में पुलिस डायल 112 में तैनात हैं।

# हलवा तो दूर, बच्चों को दूध-भोजन मिलना मुश्किल

- भोजन न मिलने के कारण संविलियन विद्यालय में निरीक्षण के दौरान एबीएसए को मिले सिर्फ 17 बच्चे

लखीमपुर,खीरी। ब्लॉक मोहम्मदी क्षेत्र के परिषदीय विद्यालय में एमडीएम की शिकायत बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपी गई। उसके बावजूद भी बच्चों को शासन के दिशा निर्देशानुसार हलवा अमृत महोत्सव कार्यक्रम के दौरान बच्चों की अलग व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई थी। हलवा तो दूर की बात है, बीते कई सप्ताह से बच्चों को फल–दूध व भोजन नहीं मिला।

ब्लॉक क्षेत्र मोहम्मदी ग्राम मोहम्मदपुर दीना में बच्चों ने भोजन न मिलने की जानकारी अपने अभिभावकों को दी। ग्रामीणों द्वारा इसकी शिकायत खंड शिक्षा अधिकारी से की गयी। जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर दीना के संविलियन विद्यालय निरीक्षण करने पहुंचे, निरीक्षण के दौरान ही आनन–फानन में गैस सिलेंडर मंगाया गया। भोजन बनना प्रारंभ हुआ। मिड–डे–मील भ्रष्टाचार चरम पर पहुंचा। स्थानीय ग्रामीणों से बात की तो बताया कि बीते कई दिनों से विद्यालय में भोजन नहीं मिल रहा था। इस कारण आपके सामने आप स्वयं देख लीजिए, केवल आज 17 बच्चे आए हुए हैं। ग्राम प्रधान एवं अभिभावकों ने बताया कि 10 अगस्त को प्रधानाध्यापिका द्वारा विद्यालय में लगभग 20 बच्चे आए हुए थे। रजिस्टर पर कई दर्जन बच्चों की संख्या अंकित करने का आरोप लगाया। ग्रामीणों ने बताया कि उच्च अधिकारियों से पूर्व में शिकायत करने के बावजूद लगातार बच्चों की संख्या बढ़ाकर प्रधानाध्यापिका पैसा निकाल रही है। गांव के बच्चों को भोजन नहीं मिल रहा है। इस संबंध में मैंने अधिकारियों को लिखित पत्र भी दिया है। इस मामले में खंड शिक्षा अधिकारी भगवान राव से जानकारी चाही तो बताया कि कमियां मिली है। जांच कर बेसिक शिक्षा अधिकारी को रिपोर्ट प्रेषित की जाएगी, समस्या का समाधान निकलेगा। इधर बीएसए ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। रिपोर्ट आते ही कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई है। अगर बच्चों को भोजन नहीं मिल रहा है। यह बहुत ही चिंता का विषय है। जांच कराकर जिलाधिकारी को रिपोर्ट प्रेषित की जाएगी, विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी।

पंकज श्रीवास्तव एसडीएम

# तमंचे के साथ वांछित अपराधी गिरफ्तार




लखीमपुर,खीरी। थाना प्रभारी मितौली सुनीत कुमार को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी, जब वह पुलिस बल के साथ वांछित अपराधी गिरफ्तारी अभियान के तहत क्षेत्र में गश्त कर रहे थे, कि अचानक पुलिस को देख कर एक व्यक्ति भागने लगा। थाना प्रभारी ने भागते हुए व्यक्ति को पुलिस बल के साथ दौड़ाकर पकड़ लिया। गिरफ्तार व्यक्ति के कब्जे से 315 बोर तमंचा कारतूस बरामद किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति ने अपना नाम बबलू बंजारा निवासी टांडा थाना मितौली बताया। गिरफ्तार व्यक्ति काफी अरसे से अपराध जगत में सक्रिय है। पुलिस के अनुसार, बबलू बंजारा एक शातिर एवं अंतर्जनपदीय अपराधी है। विश्राम गैंग का सदस्य हैं। मितौली पुलिस ने गिरफ्तार व्यक्ति के विरुद्ध वांछित धाराओं में थाना मितौली में अभियोग पंजीकृत करते हुए संबंधित न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

# 101 कन्या भोज कराकर कांवरिया भंडारे का हुआ समापन

- 24 घंटे, 30 दिन तक लगातार कांवरियों की हरसंभव कांवरिया हेल्पलाइन के द्वारा दी गई मदद

लखीमपुर,खीरी। मोहम्मदी नगर में 16वें 30 दिवसीय कांवरिया स्वागत समारोह भंडारे का समापन 101 कन्याओं का भोज कराकर कार्यक्रम संपन्न कराया गया। 24 घंटे 30 दिन तक लगातार कांवरिया हेल्पलाइन के तहत कांवरियों को हर संभव मदद उपलब्ध कराई गई।

कार्यक्रम व्यवस्थापक समाजसेवी शिवम राठौर ने बताया कि नगर में 16वें 30 दिवसीय भंडारे का शुभारंभ 14 जुलाई को मोहम्मदी रोडवेज बस स्टैंड के निकट कांवरिया स्वागत समारोह एवं कांवरिया हेल्पलाइन का उद्घाटन हुआ था। जिसमें फर्रुखाबाद, हरिद्वार से छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ एवं बाबा टेढ़ेनाथ धाम के लिए लाखों की संख्या में कांवरिया निकले। कांवरियों का स्वागत 30 दिन तक निरंतर आलू, चाय, फलाहार आलू, पूड़ी, पेयजल, ठहरने की व्यवस्था संपन्न हुई। बाबा बर्फानी की तर्ज पर विशाल भंडारा 31 जुलाई को बहुत ही धूमधाम के साथ संपन्न हुआ था। जिसमें सावन माह के तीसरे रविवार को कई हजार संख्या में कांवरिया निकलते हैं। टीम द्वारा अधिक संख्या को देखकर हर वर्ष विशेष व्यवस्था की जाती है। जिसमें शिवभक्तों के लिए फिल्टर पानी, व्रत के आलू, साबूदाना, खीर, चाय, केला पापकोन, मिल्क, बादाम, आइसक्रीम, चाऊमीन, डोसा, तहरी, आलू, पूड़ी, खीर, जीरा चना, हांडी दाल, हांडी पनीर, आलूफ्राई, मिर्चा, पकौड़ी, कढ़ी चावल, तवा रोटी भजन मंडली के द्वारा शिव भजन का सभी ने आनंद लिया।

वहीं कांवरियों पर जमकर पुष्प वर्षा हुई। इस दृश्य को कांवरियों ने देखकर जमकर




झूमे। कांवरिया हेल्पलाइन के द्वारा 24 घंटे 30 दिन तक लगातार कांवरियों की गाड़ी पंचर हो, ना स्वास्थ्य खराब होना, वाहन में कोई समस्या कांवरियों संबंधित हर समस्या का निवारण कांवरिया हेल्पलाइन के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम समापन के दौरान लगभग 101 कन्याओं को भोज कराने के बाद कार्यक्रम संपन्न किया गया। भंडारे के लिए प्रत्येक वर्ष निश्चित रूप से सतनाम सिंह, सोनू सिंह सरदार द्वारा निःशुल्क जगह रोडवेज के पास उपलब्ध कराई जाती रही है। प्रत्येक दिन के सहयोग में पं. चंद्रभाल मिश्रा, दिनेश सक्सेना, ठाकुर उदय प्रताप, संजीव मेहरोत्रा, किशन निषाद, नीरज, अनूप, नन्हे, आकाश, आदित्य, ओम प्रकाश, पुनीत, रितेश, चंदन मेहरोत्रा, गौरव मल्होत्रा, संदीप मेहरोत्रा, सचिन यादव, प्रदीप वर्मा, पप्पू, करन राठौर, नंदू राठौर, रामविलास, अनुपम गुप्ता, नीरज रस्तोगी, मदन गुप्ता, अमित भसीन, लक्ष्मी कुशवाहा, अमित सहित शिव भक्तों द्वारा लगातार सहयोग किया गया।

# संक्षिप्त समाचार

## एसडीएम गोला को पितृशोक, डीएम ने जताया शोक

लखीमपुर,खीरी। उप जिलाधिकारी गोला अनुराग सिंह के पिता के असामयिक निधन पर होने की खबर मिलते ही जिले में शोक की लहर दौड़ गई। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने एसडीएम के पिता के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। पूरा खीरी प्रशासन एसडीएम के पिता के असामयिक के निधन से दुःखी है। डीएम ने दिवंगत आत्मा की चिर शांति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

## ग्राम प्रधान ने बनवाया सेल्फी प्वाइंट

लखीमपुर,खीरी। विकास खंड मोहम्मदी क्षेत्र में रविंद्रनगर मियांपुर में अमृत महोत्सव के चलते ग्राम प्रधान मिथुन ढाली द्वारा सेल्फी प्वाइंट बनवाया गया, जो क्षेत्र में चर्चा का विषय




बना हुआ है। पूरे गांव में भारत माता की जय, वंदे मातरम का स्लोगन, खंभे, नल, विद्यालय की दीवारों पर आजादी से जुड़ी अहम बातों को पेंट कराया गया। रविंद्र नगर मियांपुर प्रधान द्वारा जो कार्य अपनी ग्राम सभा में कराया गया। विकास खंड अधिकारी धर्मेंद्र पांडे ने अन्य प्रधानों को मियांपुर की तर्ज पर कार्य करने के लिए आदेशित किया। प्रधान को सम्मान दिलाने के लिए उच्च अधिकारी को पत्र लिखा है।

## लोगों को वितरित किये गये झंडे

लखीमपुर,खीरी। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए मकसोहा कोटेदार सुधीर त्रिवेदी द्वारा ग्राम वासियों को तिरंगे झंडे बांटे। सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि अभियान



को सफल बनाने के लिए 13 से 15 अगस्त हर घर तिरंगा लगाएं। सभी लोग अपने घरों पर तिरंगा फहराएं। इस अवसर पर आकाश तिवारी, सूरज तिवारी, धर्मेंद्र व सुनील द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

## रक्षाबंधन का त्यौहार और रोडवेज पूछताछ केंद्र खाली

- अधिकारियों व कर्मचारियों और चालक–परिचालकों की मनमानी से परेशान यात्री

लखीमपुर, खीरी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने जहां रक्षाबंधन के पावन पर्व पर परिवहन की सेवाओं को बेहतर रखने के



निर्देश अधिकारियों को दिए हैं, तो वहीं लखीमपुर डिपो पर सरकारी बसों का हाल कर्मचारियों और चालक परिचालकों की मनमानी के चलते बेहद खराब है। जिसका खामियाजा यात्रियों को उठाना पड़ रहा है, सिर्फ इतना ही नहीं आज के दिन सबसे अधिक महिला यात्री सफर कर रही हैं। जिनके लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने दो दिन की फ्री बस सेवा योजना लागू कर रखी है। ऐसे में महिलाओं को खासी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जहां तक लखीमपुर डिपो का सवाल है तो यहां पर पूछताछ केंद्र पर भी कोई कर्मचारी नहीं है, जो यात्रियों को बसों की व्यवस्था के बारे में बता सके।

## ट्रक ड्राइवर हेतु आंख की जांच एवं चश्मा वितरण

हरदोई। फौजी ढ़ाबा संडीला पर सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम निशुल्क ट्रक ड्राइवर हेतु आंख की जांच एवं चश्मा वितरण सात दिवसीय शिविर का चौथा दिन भी डॉ राज किशोर व अप्टिशन विनोद पांडिया द्वारा ड्रावर की नि0 शुल्क आँख की जांच की गई संस्था के डॉक्टर राज किशोर वह कर्मचारी कंचन असलम मोनू ने ड्राइवरों को कैम्प पर बुलाकर आंख की जांच निशुल्क कर उनको उनके नंबर द्वारा चश्मा उपलब्ध कराया गया ड्राइवर मनोज धर्म सिंह पवन यादव योगेंद्र कुमार विनय कुमार ने अपनी आंख जांच करा कर संस्था रीजनल आर्टिजन एन्ड फीमेल एटेबलिशमेंट सेंटर लखनऊ के भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ ट्रक चालकों को मिल




रहा है ट्रक चालक मनोज ने संस्था द्वारा चयनित जगह की तारीफ की संस्था ने फौजी ढावा पूरे उत्तर प्रदेश की गाड़ी का आना जाना रहता है जिसे अधिक से अधिक ट्रक चालक को लाभ मिल रहा है सराहनीय उसे हुए धन्यवाद प्रकट किया सरकार द्वारा चलाई गई इस योजना का लाभ उन ड्रावरो को मिल रहा है जो समय के अभव के कारण अपनी आंख की जांच नही कर पाते और हादसो का कारण बनते है संस्था द्वारा कार्यक्रम 7 दिवसीय संडीला के फौजी ढाबा जनपद हरदोई में संचालित रहेगा।

# प्रयोगशालाओ का नामकरण स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नाम कार्यक्रम

मनोज कुमार यादव संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स। देवरिया भटनी। बहादुर यादव मेमोरियल स्नातकोत्तर महाविद्यालय , नगर पंचायत भटनी– देवरिया (उ०प्र०)में 75 वें आजादी का अमृत महोत्सव स्वतंत्रता दिवस 2022 सप्ताहिक समारोह में तीसरे दिन श्हर घर तिरंगा कार्यक्रमश उच्च शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित संस्थान के प्रयोगशालाओं का नाम महात्मा गॉन्धी –कक्ष, भगत सिंह– कक्ष, चंद्रशेखर –कक्ष ,लाला लाजपत राय– कक्षा, सुभाष चंद्र बोस– कक्ष, नामकरण स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नाम पर किया गया स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के कक्ष नामकरण कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० विनोद यादव ने कहा कि महात्मा गांधी भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के एक प्रमुख राजनैतिक एवं आध्यात्मिक नेता थे भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महात्मा गांधी की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण थी उन्होंने सत्य और अहिंसा के पथ पर चलकर आजादी दिलायी। तथा महाविद्यालय के प्रबंधक अजय यादव ने अपने संम्बोधन में कहा कि –महात्मा गांधी की शांतिपूर्ण और अहिंसक नीतियों ने ब्रिटिश शासन के खिलाफ स्वतंत्रता संघर्ष का आधार बनाया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ०अभिनव दुबे, डॉ०राम मनोहर यादव, डॉ० धनंजय





तिवारी, डॉ० राजेश यादव, बालकृष्ण यादव,विजय यादव, दुर्गेश यादव, शिव शंकर मौर्य आदि लोग मौजूद रहे।

# तिरंगा लहराया, हवा में गूंजे देशभक्तिके तराने



- डीएम ने होमगार्ड्स बल के तिरंगा मार्च को दिखाई हरी झंडी

लखीमपुर,खीरी। जैसे–जैसे आजादी की 75वीं वर्षगांठ नजदीक आ रही है, जिले में हर घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर जागरूकता रैलियों का सिलसिला तेज हो रहा है। शुक्रवार को पूरा जिला देशभक्ति के जज्बे में डूबा नजर आया। जिलेभर में प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिसकर्मियों, स्कूली बच्चों व अन्य संस्थानों की ओर से तिरंगा जागरूकता रैली निकाली गई।

शुक्रवार को सौजन्या चौक से होमगार्ड विभाग के तत्वाधान में होमगार्ड कमांडेंट दिनेश कुमार पांडेय के नेतृत्व मार्गदर्शन में होमगार्ड जवानों ने शहर के प्रमुख मार्गो से तिरंगा मार्च निकाली। यह मार्च शहर के विभिन्न मार्गो से होती हुई कलेक्ट्रेट जाकर खत्म हुई। इस दौरान निर्धारित रूट पर मार्च में शामिल जवानों ने लोगों को तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया। इसमें एनडीआरएफ के जवान भी शामिल रहे। इसी के साथ सभी ब्लॉक स्तर पर भी तिरंगा मार्च का आयोजन हुआ। शहीद स्थलों पर जवानों ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने एडीएम संजय कुमार सिंह, एएसपी अरुण कुमार सिंह के संग तिरंगा मार्च को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पहले उन्होंने रैली में शामिल लोगों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि देश के नागरिकों में देशभक्ति की भावना बढ़ाने के उद्देश्य से ही यह रैली निकाली जा रही है। उन्होंने जनपद वासियों से आजादी का अमृत महोत्सव पूरे जोश और उल्लास के साथ घर तिरंगा फहराने की अपील की। इसके बाद कलेक्ट्रेट सभागार में आजादी के अमृत महोत्सव पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ एसपी संजीव सुमन, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह ने दीप जलाकर किया। कार्यक्रम के संयोजक कमांडेंट होमगार्ड दिनेश कुमार पांडेय ने कार्यक्रम की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताई। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने आजादी के अमृत महोत्सव, स्वतंत्रता सप्ताह हर घर तिरंगा कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। एसपी संजीव सुमन सभी को तिरंगा के सम्मान में अपने सभी कर्तव्यों को पूरी ईमानदारी एवम निष्ठा के साथ पूरा करने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम के दौरान होमगार्ड कमांडेंट के अलावा, वैतनिक प्लाटून कमांडर अजीत कुमार, राकेश कुमार, जयपाल सिंह, ओम प्रकाश, ब्लॉक ऑर्गेनाइजर मनोज कुमार, महेंद्र पाल यादव, रणधीर सिंह, अरुणेश कुमार, राजेश कुमार व मोहनलाल, होमगार्ड जवान एवं अधिकारी कर्मचारी सहित एनडीआरएफ टीम के टीम कमांडर चमन किशोर गुप्ता के साथ 20 सदस्यीय टीम, लगभग 300 होम गार्ड्स एवम अन्य अधिकारियों ने भाग लिया।

# टिकाऊ खेती का मुख्य आधार केंचुआ खाद

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज। कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर 11 से 17 अगस्त तक आयोजित किये जा रहे स्वतंत्रता सप्ताह के अंतर्गत प्रतिदिन के कार्यक्रमों की श्रृंखला में दूसरे दिन केंचुआ खाद उत्पादन तकनीक एवं प्रयोग व हर घर तिरंगा कार्यक्रम विषय पर केवीके के सभागार में दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में 25 कृषक एवं नव युवकों ने प्रतिभाग किया। केंद्र के मृदा वैज्ञानिक डॉ अरविंद कुमार ने केचुआ खाद के उत्पादन की तकनीक पर विस्तृत जानकारी प्रदान की और बताया कि केंचुआ खाद के प्रयोग करने से मृदा स्वास्थ्य में सुधार होता है। तथा टिकाऊ उत्पादन के साथ ही गुणवत्ता युक्त उत्पाद प्राप्त होता है। इस अवसर पर आजादी के अमृत महोत्सव के आयोजन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ पर घर–घर तिरंगा फहराने की अपील की। केंद्र के वैज्ञानिक डॉ सुशील कुमार ने खरीफ फसलों में अवशेष प्रबंधन पर जानकारी प्रदान की। मौसम वैज्ञानिक डॉ अमरेंद्र यादव मौसम के बारे में बताया।

कार्यक्रम में प्रक्षेत्र अधीक्षक श्री प्रदीप कटियार, राहुल आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षाता प्रगतिशील किसान श्री राम लखन पाठक ग्राम जगतपुर ब्लॉक छिबरामऊ ने की।

# आजादी का अमृत महोत्सव : हर घर तिरंगा पर हुआ भव्य कार्यक्रम

- डीजी एसएसबी ने बांटे तिरंगे, साइकिल रैली को दिखाई हरी झंडी

लखीमपुर,खीरी। शुक्रवार को तृतीय वाहिनी एसएसबी प्रांगण में आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अन्तर्गत तृतीय वाहिनी कैम्पस से शारदा बैराज, वापस तृतीय वाहिनी कैम्पस तक कुल 52 किमी साइकिल रैली का आयोजन हुआ। इस रैली के दौरान सीमावर्ती क्षेत्रो में लगभग 7000 राष्ट्रीय ध्वजों का वितरण किया। साइकिल रैली आयोजन में महानिदेशक, एसएसबी डॉ. एसएल थाउसेन, (आईपीएस) ने बतौर मुख्य अतिथि स्वयं सम्मिलित होकर शुभारंभ किया। महानिरीक्षक सीमांत मुख्यालय लखनऊ रत्न संजय, (आईपीएस) ने कार्यक्रम के बारे में बताया कि सशस्त्र सीमा बल द्वारा शुक्रवार को कुल 7500 किमी मैराथन/साइकिल रैली का आयोजन किया जा रहा, जिसमें सीमांत मुख्यालय लखनऊ द्वारा कुल 1300 किमी मैराथन/साइकिल रैली का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर महानिरीक्षक सीमांत मुख्यालय लखनऊ रत्न संजय (आईपीएस), उप महानिरीक्षक सीमांत मुख्यालय लखनऊ अभिषेक पाठक (आईपीएस), उप महानिरीक्षक, क्षेत्रक मुख्यालय लखीमपुर जेडी वशिष्ठ, उपमहानिरीक्षक (संगठन) बल मुख्यालय नई दिल्ली राकेश कुमार, कमांडेन्ट 70वीं वाहिनी वीके वर्मा, कमान अधिकारी, तृतीय वाहिनी एसएसबी लखीमपुर डीपी मीणा, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह, केन्द्रीय विद्यालय तथा विभिन्न स्कूलों से आये हुए शिक्षकगण, छात्र–छात्राएं, सशस्त्र सीमा बल के कार्मिक एवं उनके परिवारजन उपस्थित रहे।

- हाथों में झंडा थामे साइकिलिस्ट, सड़कों पर गूंजा भारत माता की जय का नारा

महानिदेशक, सशस्त्र सीमा बल डॉ. एसएल थाउसेन के नेतृत्व में साइकिल रैली का आयोजन किया गया, जिसमें महानिदेशक सशस्त्र सीमा बल, महानिरीक्षक सीमांत मुख्यालय लखनऊ सहित विभिन्न वाहिनियों से आये कुल 75 साइकिलिस्ट के अलावा लखीमपुर खीरी साईकिल क्लब सहित अन्य आम नागरिक शामिल हुए। यह साईकिल रैली लखीमपुर खीरी से 70वीं वाहिनी महेवागंज, माजरा फार्म पहुंची, जहां पर



बल कर्मियो एवं स्थानीय व्यापार सगंठनों, आम नागरिकों ने माला पहनाकर स्वागत किया। गोमती इण्टर कॉलेज, ढकवा के बच्चों ने महानिदेशक, एसएसबी सहित सभी साईकलिस्टों का स्वागत किया व राखी बांधकर रक्षा बंधन का त्यौहार मनाया। महानिदेशक ने बच्चों को राष्ट्रीय ध्वज एंव गिफ्ट भेट किये।

- एसएसबी ब्रॉसबैंड ने दी देशभक्ति पर प्रस्तुति

सशस्त्र सीमा बल के ब्रॉस बैंड द्वारा मनमोहक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। रैली के शारदा बैराज पहुंचने पर स्थानीय नागरिकों व स्कूली बच्चों, बजाज गन्ना मील के कर्मचारियों ने साईकिल रैली को मालाये पहनाकर व देशभक्ति नारों के साथ स्वागत किया तथा आम नागरिकों के लिये एसएसबी के जाज बैंड द्वारा विभिन्न धुनों की प्रस्तुति दी।

- डीजी–एसएसबी में बांटे राष्ट्रीय ध्वज

इस दौरान महानिदेशक, एसएसबी ने नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वजों का वितरण किया। उन्होंने साइकिल रैली के माध्यम से हर घर तिरंगा कार्यक्रम की जागरूकता के साथ इसकी गरिमा व महत्व बताया।

राष्ट्रीय ध्वज हमारे अंदर देशभक्ति की भावना को पैदा करता है और यह देश को एक सूत्र में बाँधता है। साईकिल रैली के माध्यम से हर घर तिरंगा कार्यक्रम के साथ अपने आम जन को शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया।

# सम्पादकीय....

## आजादी का अमृत महोत्सव घर-घर तिरंगा से लेकर राष्ट्रीय चरित्र निर्माण तकस

कितने गर्व तथा विराट हर्ष का विषय है ऐतिहासिक रूप से सर्वाधिक लंबी आजादी की लड़ाई के बाद भारत ने 1947 में स्वतंत्रता प्राप्त की है और स्वतंत्रता के बाद जन्म लिए नौजवानों को मेहती आवश्यकता इस बात की है कि वह आजादी के तत्वों से प्रेरणा ले और देशभक्ति को आत्मसात करेंस हमने जितने संघर्षों और बलिदान के बाद स्वाधीनता पाई है उसके पीछे एक बहुत महत्वपूर्ण तथ्य जो उभरकर सामने आया वह है राष्ट्रीय चरित्रस आजादी के अमृत महोत्सव मनाने के साथ–साथ हर घर तिरंगा की भावना से भारतीयता एकता में बल तो मिलेगा किंतु देश के राष्ट्रीय चरित्र में आते स्खलन को अनदेखा नहीं किया जा सकतास राष्ट्रीय चरित्र के बिना किसी भी देश या राष्ट्र की आध्यात्मिक भौतिक और मानसिक उन्नति संभव प्रतीत नहीं होती हैस राष्ट्रीय चरित्र में एवं स्वतंत्रता प्राप्ति के यज्ञ में समाज के प्रत्येक वर्ग ने अपने भूभाग को मातृभूमि के रूप में दृष्टिगत रखकर अपनी समान भाषा ,समान संस्कृति को एकरूपता में बांधकर एक विशिष्ट राष्ट्रीयता के रूप में मान्यता प्रदान कर स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया और लंबे इंतजार के बाद वीर सेनानियों में अनेकों बलिदान देने की परिणति के रूप में स्वतंत्रता प्राप्त की थीस

भारत का स्वतंत्रता संग्राम एक तरह से विलक्षण युद्ध था औपनिवेशिक ताकतों के विरुद्ध लड़ा जाने वाला यह यह संग्राम 500 सालों तक लड़ा गया था।आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, उत्पीड़न के बाद से उभर कर आई मानसिकता के साथ यह युद्ध समाज के हर वर्ग, स्त्री शक्ति, साहित्य प्रभामंडल, राजाओं, सम्राटों और सर्वहारा वर्ग ने मिलकर इस स्वतंत्रता संग्राम को अत्यंत विशेषता की श्रेणी में लाकर अपना बलिदान देकर प्राप्त किया था स संत ,मनीषी, तपस्वी और साधुओं से यह संग्राम अछूता नहीं था उन्होंने इसके मर्म को पहचाना और अपने अपने प्रयासों से राष्ट्र को एक सूत्र में बांधकर स्वतंत्रता के लिए अलख जगाया थास स्वाधीनता संग्राम कई वर्ष, कई कालखंड ,कई सामाजिक परिवेश एवं सामाजिक विभिन्नताओं को समेटे हुए था। इन सब में जो एक बात मुख्य धारा में बह रही थी जो समाज के विभिन्न वर्गों को विभिन्न मानसिक धाराओं के जो तार जुड़े हुए थे वे बहुत ही महत्वपूर्ण राष्ट्रीय चरित्र की धारा तथा भावना के थे, जिसके अथक प्रयासों के फल स्वरूप हमने स्वाधीनता का स्वाद चखा था। अट्ठारह सौ सत्तावन की जनक्रांति जो कि सिपाही विद्रोह के रूप में सामने आती है को ब्रिटिश हुकूमत ने बुरी तरह से कुचल दिया सिपाहियों के साथ साथ राजा, महाराजाओं को फांसी दे दी गई थी,इस क्रांति के तहत बहादुर शाह जफर, रानी लक्ष्मीबाई ,नाना साहब पेशवा, कुमार सिंह, तात्या टोपे के साथ बेगम हजरत महल जैसी महिलाओं का बलिदान भी जनमानस में स्थाई रूप से स्थापित हो गया था। तब लोकमान्य तिलक ने एक नारा दिया था श्स्वाधीनता हमारा जन्मसिद्ध अधिकार हैश। राष्ट्रीय चरित्र एवं राष्ट्रीय भावनाओं के पोषक जिन पर नेताओं का नाम संग्राम में अपनी आहुति के रूप में आया उनमें महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह ,चंद्रशेखर आजाद, सहगल, ढिल्लों, शाहनवाज, जवाहरलाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, वल्लभ भाई पटेल और ना जाने ऐसे कितने नाम है जिन्होंने अपना खून पसीना बहा कर देश को आजादी दिलाई थी। सामाजिक धाराएं जरूर अलग अलग थी किंतु सब का मूल उद्देश्य और लक्ष्य आजादी प्राप्ति ही थी। सभी बलिदानों का ऐतिहासिक महत्व रहा है और सभी धाराओं के बलिदानों का समूचा बराबरी का सम्मान होना चाहिए। इन सभी बलिदानों की कथाएं न सिर्फ हमें जानना चाहिए बल्कि आने वाली पीढ़ी को भी इनके न्योछावर की कहानी अच्छी तरह से मालूम होनी चाहिए ताकि आने वाले वर्षों में हम गर्व महसूस कर सके कि हम उनकी संतानें हैं। आजादी के 75 वर्ष में जब हम अमृत महोत्सव मना रहे हैं तो हमारी अपेक्षाएं होंगी कि हम सब मिलकर इस अमृत महोत्सव को एक मील का पत्थर बना कर देश में हर उस चीज का निर्माण करें जिसकी हमें आवश्यकता तो है ही साथ में विश्व के कोने कोने में रहने वालों की आवश्यक वस्तुएं भी शामिल हो जिससे न सिर्फ अपने लिए बनाएं बल्कि पूरी दुनिया को भी बनाकर भेजें तभी हमारे सेनानियों के बलिदान की कहानी को सम्मान मिलेगा। देश को साधु–संतों, चिंतकों ,लेखकों ,शिक्षकों योद्धाओं, राजाओं ,सम्राटों और तत्कालीन नेतृत्व करने वाले जितने युवा गरम तथा नरम दल के नेताओं ने देश को आजाद करने के यज्ञ में आहुति दी है उन सब को नमन करते हुए देश के 75 में काल के अमृत महोत्सव को हमारा नमन है, प्रणाम और शुभकामनाएं है कि भारत विश्व का नेतृत्व कर उसकी आकांक्षाओं को पूरा कर संपूर्ण राष्ट्र को एक नई दिशा प्रदान करें।

संजीव ठाकुर, रायपुर छत्तीसगढ़

## भारत भूमि पुण्य धरा है

भारत भूमि पुण्य धरा है,
यहाँ प्रेम सद्भाव भरा है।
त्याग, खुशी व शांति का ध्वज,
इसके आँचल में फहरा है।।

चारों ओर है कलकल करती,
निर्मल सरिताओं का संगम।
वन आच्छादित गिरिमाला का,
मनमोहक है दृश्य विहंगम।।

अलग अलग धर्मों के मोती,
भाषाओं का सिंधु गहरा।
माथे पर भाईचारे का,
चमक रहा है मुकुट सुनहरा।।

गाँव खेत खलिहान से सजते,
पोषक तत्वों के फसल उपजते।
त्योहारों की खुशियां पाकर,
शंख नगाड़े ढोलक बजते।।

कर्म की पूजा करने वाला,
यहाँ भूख से नहीं मरा है।
नादान हृदय का भाव खरा है,
भारत मेरी पुण्य धरा है।।

तुषार शर्मा 'नादान'

# भारतीय राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा

पूरे विश्व में भारत को युवाओं का देश कहा जाता है। हमारे देश में 35 वर्ष तक की उम्र के 65 करोड युवा हैं इसलिए हम भारत की जन जनसंख्यकिया तंत्र की ताकत का अंदाजा लगासकते हैं, क्योंकि हमारे इन युवाओं में देशभक्ति राष्ट्रभक्ति की जांबाजी और जज्बे का जुनून है भरा है जिसने नहीं देखा हो तो वह आज भारत के तिरंगा में जुनून और हर घर तिरंगा के जश्न में देख और महसूस कर सकते हैं कि आज भारत महाबली है, साथियों बात अगर हम दिनांक 12 अगस्त 2022 को टीवी चौनलों पर कश्मीर के कुपवाड़ा श्रीनगर इत्यादि शहरों में स्टेडियम पर तिरंगा महोत्सव, जवानों द्वारा बाइक तिरंगा रैली और कश्मीरी छात्र छात्राओं द्वारा तिरंगा जुलूस निकाल कर देशभक्ति के नारों से सारे भारत को गौरव में कर दिया हमारे हर भारतवासी गर्व महसूस कर रहे हैं क्योंकि दशकों बाद यह स्थिति वहां टीवी चौनलों केमाध्यम से देखने को मिली।

साथियों बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा संस्कृति बांग्ला मिश्रित भाषा में 1882 में प्रकाशित गीत वंदे मातरम, मेरे देश की धरती सोना उगले, यह देश है वीर जवानों का इत्यादि अनेक गीत हमने कई बार सुने हैं पर इनको आंखों देखी गाथा आज तीन दिवसीय हर घर तिरंगा के जश्न में हृदय की गहराइयों से डूबे हर नागरिक महसूस कर रहे होंगे और भारत भाग्य विधाता भारत का राष्ट्रीय ध्वज अभिव्यक्ति और आजादी का प्रतीक को हर युवा महसूस कर रहे हैं इन लम्हों में दर्ज इतिहास को हमारे युवा साथी इतिहास के माध्यम से पीढ़ी दर पीढ़ी जीवित करते रहेंगे क्योंकि आज चहुंओर भारतीय राष्ट्रीय ध्वज का जश्न मना रहे हैं इसलिए 15 अगस्त 2022 के उपलक्ष में आर्टिकल के माध्यम से हम हमारे राष्ट्रीय ध्वज के इतिहास और भारत की गाथा पर चर्चा करेंगे चूंकि आज हर भारतीय के लिए जानना जरूरी है भारतीय राष्ट्रीय ध्वज को साथियों बात अगर हम भारतीय राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा की करें तो इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में उपलब्ध जानकारी के अनुसार, भारत के राष्ट्रीय ध्वज में शीर्ष बैंड भगवा रंग का है, जो देश की ताकत और साहस को दर्शाता है। सफेद मध्य बैंड धर्म चक्र के साथ शांति और सच्चाई का संकेत देता है।आखिरी पट्टी हरे रंग की होती है जो भूमि की उर्वरता, वृद्धि और शुभता को दर्शाती है।1904 में विवेकानंद की शिष्या सिस्टर निवेदिता ने पहली बार ध्वज बनाया था, जिसे निवेदिता ध्वज कहा जाता था। पीएम की अपील के तहत हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। लोगों से तिरंगा फहराने की अपील की जा रही है। लेकिन इस तिरंगे के पीछे की कहानी बहुत लंबी है। बीते 116 सालों में देश में छह बार झंडा बदला गया है। आजादी की वर्षगांठ पर हमें यह जानना बेहद जरूरी है कि हमारा राष्ट्रीय ध्वज की इस यात्रा में क्या–क्या अहम पड़ाव रहे और कब–कब क्या– क्या बदलाव हुए। आखिरी बदलाव 1947 में हुआ था भारत की आजादी की लड़ाई जैसे–जैसे तेज होती जा रही थी, क्रांतिकारी दल अपने–अपने स्तर पर स्वतंत्र राष्ट्र की अलग पहचान के लिए अपना झंडा प्रस्तावित कर रहे थे। देश में पहला झंडा 1906 में सामने आया। सात अगस्त, 1906 को पारसी बागान चौक, कलकत्ता में फहराया गया था। इस झंडे में तीन रंग की पट्टियां थीं। इनमें सबसे ऊपर हरे रंग, मध्य में पीले रंग और नीचे लाल रंग की पट्टियां थीं। इसमें ऊपर की पट्टी में आठ कमल के फूल थे, जिनका रंग सफेद था। बीच की पीली पट्टी में नीले रंग से वन्दे मातरम् लिखा हुआ था। इसके अलावा सबसे नीचे वाली लाल रंग की पट्टी में सफेद रंग से चांद और सूरज भी बने थे। साथियों पहले ध्वज को मिले हुए एक साल ही हुआ होगा कि देश को दूसरा झंडा मिल गया। पहले पहले झंडे में कुछ बदलाव करके मैडम भीकाजीकामा और उनके कुछ क्रांतिकारी साथियों जिन्हें निर्वासित कर दिया गया था, ने मिलकर पेरिस में भारत का नया झंडा फहराया था। यह झंडा भी देखने में काफी हद तक पहले जैसा ही था। इसमें केसरिया, पीला और हरे रंग की पट्टियां थी। बीच में वन्दे मातरम् लिखा था। वहीं, इसमें चांद और सूरज के सात आठ सितारे बने थे।इसके बाद 1917 में एक और नया झंडा सामने आया। डॉ. एनी बेसेंट और लोकमान्य तिलक ने एक नया झंडा फहराया। इस नए झंडे में पांच लाल और चार हरे रंग की पट्टियां थी। झंडे के अंत की ओर काले रंग में त्रिकोणनुमा आकृति बनी थी। बाएं तरफ के कोने में यूनियन जैक भी था। जबकि एक चांद तारे के साथ इसमें सप्तऋषि को दर्शाते सात तारे भी थे।इसके एक दशक बाद 1921 में ही भारत को अपना चौथा झंडा भी मिल गया। साथियों भारत का झंडा 1931 में एक बार फिर से बदला गया। इस झंडे को इंडियन नेशनल कांग्रेस ने आधिकारिक तौर पर अपनाया था। इस झंडे में सबसे ऊपर केसरिया रंग, बीच में सफेद रंग और अंतिम में हरे रंग की पट्टी बनाई गई। इसमें छोटे आकार पूरा चरखा बीच की सफेद पट्टी रखी गई थी। सफेद पट्टी में चरखा राष्ट्र की प्रगति का प्रतीक है।




तमाम प्रयासों के बाद जब 1947 में आखिरकार देश आजाद हुआ तो देश को तिरंगा झंडा मिला। 1931 में बने झंडे को ही एक बदलाव के साथ 22 जुलाई, 1947 में संविधान सभा की बैठक में भारत का राष्ट्रीय ध्वज स्वीकार किया गया। इस ध्वज में चरखे की जगह सम्राट अशोक के धर्म चक्र को गहरे नीले रंग में दिखाया गया है। 24 तीलियों वाले चक्र को विधि का चक्र भी कहते हैं। इसे पिंगली वैंकेया ने तैयार किया था। इसमें ऊपर केसरिया, बीच में सफेद और नीचे हरे रंग की पट्टी है। तीनों समानुपात में है। इसकी लंबाई – चौड़ाई दो बाय तीन है। हर देश का अपना झंडा होता है। भारतीय ध्वज को तिरंगा कहा जाता है क्योंकि इसमें तीन रंगों का इस्तेमाल किया गया है– केसरिया, सफेद और हरा हालांकि भारत में शुरू से यही झंडा नहीं फहराया जाता था. इससे पहले इसका डिजाइन दूसरा था।

साथियों बात अगर हम तिरंगे के संबंध में नियमों विनियमों की करें तो चूंकि 15 अगस्त 2022 तक हर घर तिरंगा अभियान चल रहा है इसलिए हमें राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा की गरिमा का ध्यान भी रखना होगा इसलिए नियमों का पालन करना जरूरी है(1)किसी मंच पर तिरंगा फहराते समय जब बोलने वाले का मुंह श्रोताओं की तरफ हो तब तिरंगा हमेशा उसके दाहिने तरफ होना चाहिए।(2) आम नागरिकों को अपने घरों या ऑफिस में आम दिनों में भी तिरंगा फहराने की अनुमति 22 दिसंबर 2002 के बाद मिली। (3) 29 मई 1953 में भारत का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा सबसे ऊंची पर्वत की चोटी माउंट एवरेस्ट पर यूनियन जैक तथा नेपाली राष्ट्रीय ध्वज के साथ फहराता नजर आया था. इस समय शेरपा तेनजिंग और एडमंड माउंट हिलेरी ने एवरेस्ट फतह की थी(4) किसी भी स्थिति में तिरंगा जमीन पर टच नहीं होना चाहिए. यह इसका अपमान होता है.(5) तिरंगे को किसी भी प्रकार के यूनिफॉर्म या सजावट में प्रयोग में नहीं लाया जा सकता.(6) किसी भी गाड़ी के पीछे, बोट या प्लेन में तिरंगा नहीं लगाया जा सकता. और न ही इसका प्रयोग किसी बिल्डिंग को ढकने किया जा सकता है। (7) किसी भी स्थिति में तिरंगा जमीन पर टच नहीं होना चाहिए. यह इसका अपमान होता है. (8)देश में श्फ्लैग कोड ऑफ इंडिया नाम का एक कानून है, जिसमें तिरंगे को फहराने के नियम निर्धारित किए गए हैं. इन नियमों का उल्लंघन करने वालों को जेल भी हो सकती है।(9) तिरंगा हमेशा कॉटन, सिल्क या फिर खादी का ही होना चाहिए। प्लास्टिक का झंडा बनाने की मनाही है।

–संकलनकर्ता लेखक – कर विशेषज्ञ स्तंभोंकार एडवोकेट किशन सन्मुखदास भावनानी गोंदिया

# श्रीकांत त्यागी प्रकरण - ओछी राजनीति व क्षणिक राजनीतिक स्वार्थ के चलते 'त्यागी समाज' के सम्मान को ठेस पहुंचाना उचित नहीं

जिस तरह से श्रीकांत त्यागी को गिरफ्तार करने वाली उत्तर प्रदेश पुलिस की टीम की पीठ शासन–प्रशासन में दिग्गज पदों को सुशोभित कर रहे चंद लोगों के द्वारा थपथपायी जा रही है, उसे देखकर लगता है कि उत्तर प्रदेश की जांबाज पुलिस ने भारत के एक सबसे बड़े कुख्यात आतंकवादी को गिरफ्तार करके सलाखों के पीछे पहुंचाने कार्य किया है, जिस तरह से मीडिया के ट्रायल व चंद अन्य लोगों ने श्रीकांत त्यागी प्रकरण को हवा दी है, वह हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि क्या आज देश में सबसे बड़ी समस्या श्रीकांत त्यागी है, बाकी सब तरह से देश में हालात बहुत अच्छे बने हुए हैं। वैसे आपको यहां बता दें कि देश की राजधानी दिल्ली से एकदम सटा हुआ व उत्तर प्रदेश की आर्थिक राजधानी माने जाने वाला नोएडा विभिन्न कारणों के चलते आयेदिन मीडिया की सुर्खियों में बना रहता है। नोएडा में देश का इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का सबसे बड़ा हब होने के चलते ही कभी सकारात्मक व कभी कोई बेहद नकारात्मक छोटा या बड़ा कोई भी घटनाक्रम चंद मिनटों में ही देश–दुनिया की मीडिया कि हैडलाइन बन कर जबरदस्त सुर्खियों में छा जाता है। ऐसा ही एक गालीगलौच और अभद्रता के आपसी विवाद का प्रकरण नोएडा सेक्टर 93 की बेहद पॉश सोसाइटी ग्रैंड ओमैक्स सोसाइटी में 5 अगस्त को घटित हो गया था। इस विवाद के एक वायरल वीडियो में यह देखा जा सकता है कि सोसाइटी की एक महिला ने अपनी आवासीय सोसाइटी में नियमों के उल्लंघनों का हवाला देते हुए स्वयं को भाजपा नेता कहने वाले श्रीकांत त्यागी के द्वारा वहां पर लगाये जा रहे पेड़ों पर आपत्ति जताई थी, जिसको लेकर दोनों पक्षों में हुई गर्मागर्म बहस में श्रीकांत त्यागी ने उक्त महिला को अपशब्द बोलते हुए पीछे धकेल दिया था। लेकिन बाद में जब यह वीडियो सोशल मीडिया पर बहुत तेजी से वायरल हुआ, तो नोएडा पुलिस तेजी से हरकत में आई और उसने तत्काल इस मामले में केस दर्ज करने का कार्य किया, जिसके बाद से श्रीकांत त्यागी घटनास्थल से फरार हो गया था। फिलहाल मुख्य आरोपी श्रीकांत त्यागी पुलिस की गिरफ्त में आ चुका है और उसके खिलाफ पुलिस–प्रशासन की कार्यवाही चल रही है। हालांकि यह तो आने वाले समय में न्यायालय ही तय करेगा कि आखिरकार दोषी कौन है। लेकिन इस मसले पर देश में ओछी राजनीति जारी है, जब देश के विभिन्न राजनीतिक दलों को यह पता चला कि श्रीकांत त्यागी का कुछ ना कुछ जुड़ाव चाहे वो एकतरफा हो सत्ता पक्ष भाजपा से है तो इस मसले को बहुत तेजी के साथ जबरदस्त ढंग से तूल दिया गया, देखते ही देखते आपसी विवाद का यह मसला अब देश के चंद राजनेताओं व मीडिया की कृपा से एक बहुत बड़ा मुद्दा बन गया है। आरोप प्रत्यारोप से बचने के लिए ही आननफानन में भाजपा ने भी तत्काल समझदारी दिखाते हुए श्रीकांत त्यागी का पार्टी से कभी कोई नाता नहीं रहा है यह कहकर अपना पल्ला झाड़ लिया है। सूत्रों के अनुसार साथ ही वह सभी चंद राजनेता, खास व आम लोग भी अब सार्वजनिक रूप से श्रीकांत त्यागी का बचाव करने से बचने लगे जो कभी उसके धन दौलत व भौकाल का लंबे समय से आनंद भोग रहे थे। आपसी विवाद के एक बेहद छोटे से मसले का तुरंत समाधान करने की जगह आज चंद राजनेताओं की कृपा से धरातल पर ऐसे तनावपूर्ण हालात बना दिये गये, जिसके बाद से श्रीकांत त्यागी पुलिस–प्रशासन, मीडिया, सोशल एक्टिविस्ट, आम व खास लोगों व देश के विभिन्न राजनेताओं के निशाने पर एक बड़े अपराधी के रूप में आ गया, मीडिया की टीआरपी की भूख को पूरा करने खातिर यह मामला चंद घंटों में ही बेहद गंभीर होता चला गया। सूत्रों की मानें तो इस मसले पर कहीं ना कहीं भारी दबाव में कार्य कर रही पुलिस ने हद तो उस वक्त कर दी जब वह खुद एक महिला के सम्मान के नाम पर छोटे–छोटे बच्चों की मां व श्रीकांत त्यागी की पत्नी को लंबे समय तक थाने में बिठाकर रखने का अघोषित अपराध जाने अंजाने कर बैठती है। उसके बाद धरातल पर जिस तरह के हालात बनाये गये और हमारे शासन प्रशासन, राजनेताओं व मीडिया का रवैया देखकर यह लगता है कि श्रीकांत त्यागी देश–दुनिया का सबसे बड़ा कुख्यात आतंकवादी है। हालात पर नजर दौड़ाएं तो यह स्पष्ट है कि कभी श्रीकांत त्यागी के इशारे पर नाचकर उसकी सेवा करके माल कमाने में व्यस्त रहने वाला तथाकथित सिस्टम और उसको खुली छूट देना वाला सिस्टम ही आज श्रीकांत त्यागी की दुनिया को बहुत लंबी चौड़ी अपराध की सल्तनत बताकर उसको तबाह करके स्वयं ही अपनी पीठ थपथपाने में लगा हुआ है। लेकिन देश में हद तो उस वक्त हो जाती है कि जब बेहद अहंकार में वशीभूत होकर के हमारे प्यारे देश के चंद सम्मानित दिग्गज राजनेता व मीडिया का एक बहुत बड़ा वर्ग ऐसे बेहद सभ्य, देशभक्त व बेहद बुद्धिजीवी, समाजसेवी, त्यागी समाज को टीआरपी के अपने क्षणिक स्वार्थों को पूरा करने के लिए निशाने पर लेकर के उसकी छवि खराब करने पर आमादा हो जाते हैं। देश में अभद्रता का आलम यह हो गया है कि शीर्ष मीडिया घराने, देश के चंद दिग्गज राजनेता व चंद बेहद जिम्मेदार लोगों ने भी सार्वजनिक रूप से व देश दुनिया के सोशल मीडिया के विभिन्न ताकतवर प्लेटफॉर्मों पर त्यागी समाज की छवि को ठेस पहुंचाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। इन चंद लोगों की बेहद गलत करतूतों ने उस देशभक्त, नियम–कायदे–कानून पसंद, बेहद सभ्य, समाजसेवा के लिए हमेशा तत्पर रहने वाले व बेहद सम्मानित त्यागी समाज को गालीबाज त्यागी, लंगड़ा त्यागी, गुंडा त्यागी, भगोड़ा त्यागी, गोलीबाज त्यागी, दबंग त्यागी आदि ना जाने कितने गलत जातिसूचक संबोधनों से संबोधित करने का जघन्य अपराध किया है, जो स्थिति देश व समाज की एकता अखंडता के लिए बिल्कुल भी उचित नहीं है। जिस तरह से श्रीकांत त्यागी के मसले पर हमारे देश के चंद दिग्गज राजनेताओं ने एक व्यक्ति के कृत्य के लिए पूरी जाति विशेष को निशाना बनाया है वह सरासर गलत है। वहीं हर वक्त टीआरपी की अंधी दौड़ में उतावली रहने वाली भारतीय मीडिया ने अपनी एकतरफा रिपोर्टिंग में जिस तरह से त्यागी समाज को बेहद आपत्तिजनक जातिसूचक विश्लेषणों से नवाजा है वह देश के सभ्य समाज के लिए बिल्कुल भी उचित नहीं है। आज हम लोगों के साथ–साथ, देश के सभी बेहद जिम्मेदार राजनेताओं, मीडिया संस्थानों व शासन प्रशासन मैं बैठे लोगों को भी यह समझना होगा कि एक व्यक्ति के द्वारा किये गये कृत्य के लिए चंद लोग कैसे किसी भी पूरे समाज को जिम्मेदार ठहराते हुए उसके मान सम्मान व भावनाओं से खिलवाड़ कर सकते हैं। देश के जिम्मेदार पदों पर आसीन लोगों व संस्थानों को समय रहते यह समझना चाहिए कि भारत में तो जाति धर्म के नाम पर वैसे ही दिन–प्रतिदिन लोगों के बीच चौड़ी खाई बनती जा रही है, फिर वह क्षणिक लाभ के लिए ऐसी गलती बार–बार क्यों कर रहे हैं। आज मेरा देश के नीतिनिर्माताओं से विनम्र अनुरोध है कि देश में फिर कभी किसी जाति या धर्म के साथ भविष्य में ऐसी स्थिति ना बने सके इसके लिए तत्काल कानून बनाकर रोक लगानी चाहिए। वहीं एक व्यक्ति के कृत्य के चलते पूरे समाज को कटघरे में खड़ा करके इस तरह बदनाम करने वाले लोगों व संस्थानों को तत्काल सख्त चेतावनी देने की कानूनी कार्यवाही करनी चाहिए, जिससे कि भविष्य में वह फिर कभी किसी के साथ इस तरह के शर्मनाक कृत्य की पुनरावृति ना कर सकें। वहीं श्रीकांत त्यागी के इस पूरे मसले के बाद धरातल पर लगातार जिस तरह से देश के बेहद सम्मानित, देशभक्त त्यागी समाज को निशाने पर लिया जा रहा है, उन हालातों पर भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को भी शांतचित्त से विचार अवश्य करना चाहिए कि कहीं यह किसी व्यक्ति या दल के द्वारा भाजपा के परंपरागत त्यागी वोटबैंक को उससे दूर करने का कोई बड़ा षड्यंत्र तो नहीं है। कहीं यह सब कुछ लोगों के द्वारा हिन्दू धर्म के बेहद मजबूत स्तंभ त्यागी समाज को बदनाम करने की कोई सुनियोजित बहुत बड़ी साजिश तो नहीं है। क्योंकि जिस तरह से इस पूरे घटनाक्रम के बाद देश में चंद दिग्गज राजनेताओं व मीडिया घरानों ने त्यागी समाज के मान सम्मान व छवि को धूमिल करने का दुस्साहस किया है, वह स्थिति केवल त्यागी समाज के खिलाफ ही नही है, बल्कि देश की एकता अखंडता व पूरे हिन्दू धर्म के खिलाफ है। वैसे भी इन चंद लोगों को यह ध्यान रखना चाहिए कि देश की आजादी की जंग से लेकर के, आज के आधुनिक भारत के नव निर्माण में देशभक्त व मेहनतकश श्त्यागी समाजश का अपना एक बेहद अनमोल योगदान हमेशा रहा है, उस पर क्षणिक राजनीतिक स्वार्थ व ओछी राजनीति के लिए यूं बेवजह प्रश्नचिन्ह लगा कर सवाल खड़ा करना बिल्कुल भी उचित नहीं है।

दीपक कुमार त्यागी

अयोध्या टाइम्स के लिए **मुद्रक, प्रकाशक एवं स्वामी बृजेश कुमार मौर्य** द्वारा किशोर प्रिन्टर्स 124/659 बी ब्लाक गोविन्द नगर, कानपुर नगर से मुद्रित व संजय नगर, गोविन्द नगर, कानपुर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

**राम कृपाल सिंह**
मुख्य संपादक/नेशनल ब्यूरोचीफ
**मो. : 9956096265**
सम्पादक : डॉ अनवेश सिंह
मो. : 9918523251
आर.एन.आई. नं. : यूपीएचआईएन 2015/67284
**DAVP CODE 133691**
डाक पंजीयन सं.: 272/2021–23
E-mail : dainikayodhyatimes@gmail.com
Website: dainikayodhyatimes.page

## आवश्यक सूचना

समाचार पत्र से संबंधित समस्त प्रकार के विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर न्यायालय ही होगा। – संपादक

## : प्रसारित :

**दिल्ली, लखनऊ, औरैया, इटावा, चित्रकूट, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, सीतापुर, आगरा, मथुरा, हाथरस, कासगंज, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, पीलीभीत, संत कबीर नगर, बांदा, हमीरपुर, ललितपुर, मैनपुरी, बहराइच, बलरामपुर, गोंडा, श्रावस्ती, अमेठी, गाजीपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, देवरिया, बरेली, भदोही, आजमगढ़, गोरखपुर, महाराजगंज, जालौन, बिजनौर, सोनभद्र, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, सहारनपुर, शामली, अन्य स्टेट : मध्य प्रदेश, बिहार, असम/त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र**

दैनिक अयोध्या टाइम्स
RNI NO.: UPHIN/2015/67284



# संक्षिप्त समाचार

## प्रसव पीड़ित महिला को ले जाते समय एंबुलेंश में गूंजी किलकारिया

श्रावस्ती। (विश्व फलक) जनपद श्रावस्ती के सी एच सी सोनवा में एंबुलेश यूपी 32 बी जी 4349 पर तैनात ईएमटी सुखदेव प्रसाद,चालक अरुण कुमार श्रीवास्तव को मिली सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र सोनवा के वैभी गांव निवासी प्रसव पीड़ित महिला जंतुल पत्नी नफीस उम्र 25 वर्ष को ले जाते समय अचानक रास्ते में प्रसव पीड़ा होने लगी। जहां एंबुलेश पर तैनात ईएमटी सुखदेव प्रसाद ने परिवार वालों से अनुमति लेने के बाद बड़े ही सूझबूझ से सुरक्षित बच्चे का जन्म करवाया। तथा जच्चा बच्चा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनवा ले जाकर भर्ती करवाया। वही प्राथमिक स्वास्थ केंद्र प्रभारी ने बताया कि जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ है। इस सुखद घड़ी में प्रसव पीड़ित महिला के पति ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए ईएमटी सुखदेव प्रसाद व एंबुलेंस चालक अरुण कुमार सहित साथ में आई आशा बहू को बधाई दी।



## एकल विद्यालय की बहनों ने पुलिस कर्मियों को बांधी रक्षा सूत्र

संदीप कुमार संवाददाता सिरसिया (दैनिक अयोध्या टाइम्स)। जनपद श्रावस्ती के विकासखंड सिरसिया के अंतर्गत सिरसिया थाना में एकल विद्यालय फाउंडेशन ऑफ इंडिया के तहत आज रक्षा बंधन के अवसर पर सिरसिया थाने में एकल विद्यालय के बहनों द्वारा सभी पुलिसकर्मियों भाइयों को रक्षा सूत्र बांधकर उनकी लंबी आयु की कामना की गई और बताया कि हमारे पुलिसकर्मी भाई इस पर्व में ड्यूटी में तैनात होने के कारण वह अपने घर नहीं जा रहे हैं और उनकी कलाई सुनी रह जाती है इसलिए एकल विद्यालय अभियान की बहनों ने सभी तैनात भाइयों को बहन की कमी महसूस ना होने देने के लिए राखी का रक्षा सूत्र बांधकर उनकी दीर्घायु की कामना की इस कार्यक्रम में थानाध्यक्ष पंकज कुमार तथा अंचल कार्यालय प्रभारी चंद्र प्रकाश तिवार अंचल कार्यालय प्रमुख बाबू सुभाष कुमार,अंचल प्रशिक्षण प्रमुख सरोज जी, संघ प्रमुख भगवानदीन, राजेश कुमार ,राम सिंह , हिमांशु पांडेय, पूनम देवी ,नीलू रंजीत ,सपना सिंह, मोनिका रत्नाकर आदि बहने रही मौजूद।



## मृत आत्मा की शांति के लिए की प्रार्थना

दैनिक अयोध्या टाइम्स मौदहा हमीरपुर। सुमेरपुर के पत्रकार साथी जीतू गुप्ता के आकस्मिक निधन से जिले के पत्रकारों में शोक की लहर दौड़ गई है और जिले के लगभग सभी पत्रकार संगठनों द्वारा मृत आत्मा की शांति और उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की जा रही है।इसी सिलसिले में हमीरपुर जिला प्रेस क्लब हमीरपुर के मौदहा के मराठीपुरा स्थित कैंप कार्यालय में एक शोक सभा का आयोजन किया गया और मृत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया तथा मृतक के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की।इस दौरान संगठन के अध्यक्ष रिजवान अली ने कहा कि जीतू गुप्ता की कमी हमेशा खलेगी ईश्वर उन्हें अपने चरणों में जगह दें और उनके परिजनों को इस महादुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।इस दौरान संगठन के संरक्षक कौशल किशोर गुप्ता, शिवकुमार सोनी, राकेश निगम, वहीद उददीन, अनवर हुसैन, ललित शर्मा, इकराम राईन सहित अन्य पत्रकार मौजूद रहे।

## ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम के तहत संस्कृति विभाग लखनऊ से आयी कलाकार ने राष्ट्र भक्ति गीत प्रस्तुत कर लोगों का मन मोहा

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। सरकार के मंशानुसार आजादी के 75वें वर्षगांठ के अवसर पर ''आजादी का अमृत महोत्सव'' के अन्तर्गत ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम के तहत 11 से 17 अगस्त 2022 के मध्य ''स्वतंत्रता सप्ताह'' का आयोजन किया जा रहा है। तथा 11 से 15 अगस्त, 2022 तक विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत स्वतंत्रता सप्ताह के दूसरे दिन शुक्रवार को मा0 विधायक एवं अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द्र ने कलेक्ट्रेट स्थित तथागत हाल में राष्ट्रप्रेम से प्रेरित गायन सांस्कृतिक कार्यक्रम का द्वीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में संस्कृति विभाग, लखनऊ से आयी मुख्य कलाकार सुश्री सुचिता पाण्डेय जी द्वारा ''सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा'' से प्रस्तुतीकरण किया। इस अवसर पर मा0 विधायक ने कहा कि सरकार की मंशानुसार देश एवं प्रदेश में ''आजादी का अमृत महोत्सव'' के अन्तर्गत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से देश के युवाओं में राष्ट्रप्रेम की सच्ची भावना को आत्मसात करने तथा भारत की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उद्देश्य से ''आजादी का अमृत महोत्सव'' मनाया जा रहा है। जिससे लोग अपने देश एवं अपने राष्ट्रध्वज के सम्मान के प्रति जागरूक हो सके। 'आजादी का अमृत महोत्सव' प्रगतिशील भारत के 75 साल पूरे होने और संस्कृति और गौरवशाली इतिहास का स्मरण करने तथा उसका उत्सव मनाने की सरकार की एक नई पहल की गई है। कार्यक्रम में संस्कृति विभाग, लखनऊ से आयी गायिका सुश्री सुचिता पाण्डेय जी द्वारा अनेक राष्ट्रभक्ति गीत '' ऐ मेरे वतन के लोगों, जरा आंख में भर लो पानी'', ''कर चले हम फिदा, जान–ओ–तन साथियों, अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों'', ''ऐ वतन के बहादुर जवां, जान कुर्बान तेरे लिए'', ''सन्देशे आते है, हमें तड़पाते है'' सहित अन्य कई देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। जिस पर मा0 विधायक ने उन्हें सम्मानित भी किया। श्रोताओं के जनसैलाब द्वारा तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा हाल गूंज गया। इस दौरान गायिका एवं श्रोताओं द्वारा बार–बार भारत माता की जय का जयकारा भी लगता रहा। ज्ञातब्य हो कि संस्कृति विभाग से आयी कलाकार सुचिता पाण्डेय दूरदर्शन की कलाकार है। इनके द्वारा गाये गये भजन व गजल टी–सीरीज द्वारा प्रसारित किये गये है। इसके अतिरिक्त देश के विभिन्न बड़े मंचों पर इन्होने अपने कला का प्रस्तुतीकरण किया है। कार्यक्रम के दौरान कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुती की गई। जिसके अन्तर्गत देशभक्ति गीतों पर वैष्णवी, नेहा, अंशिका, सानिया, कोमल अनु देवी, कामिनी व सोनी ने नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अन्त में नामित नोडल अधिकारीध्परियोजना निदेशक इन्द्रपाल सिंह ने लोगों को धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम की समाप्ति की गई। कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक अजीत उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी आशुतोष, जिला पंचायत राज अधिकारी आनन्द प्रकाश, जिला सूचना अधिकारी शिवनाथ, संस्कृति विभाग द्वारा कार्यक्रम के समन्वय हेतु नामित नोडल अधिकारी डी0पी0 सिंह, विनय कुमार तिवारी, आशुतोष पाण्डेय, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि गिलौला प्रकाश चन्द्र, विपिन शुक्ला, राजन मिश्रा, धनंजय शुक्ला, सुधाकर मिश्रा, शैलेन्द्र सिंह, विशाल सिंह सहित कलेक्ट्रेट, विकास विभाग, सूचना, बेसिक शिक्षा, पंचायत राज विभाग के अधिकारी/कर्मचारी एवं जनसैलाब उपस्थित रहा।



# अचानक भैंस की कुआ में गिरने से हुई मौत



दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा। मामला थाना गोसाईगंज क्षेत्र के पुलिस चौकी भट्टमई क्षेत्र के अंतर्गत जुड़ा हुआ है जहां पर डीहढग्गूपुर, धौरहरा गांव सियाराम पुत्र रामफेर लगभग उम्र 45 वर्ष रात्रि में भोजन करने के बाद अपने भैंस को देखभाल कर चारा देकर अपने बिस्तर पर रोजाना की तरह सोने चले गए, तभी अचानक सुबह लगभग 3बजे के आसपास उठे तो अपने भैंस को चारा देने गए और वे देखें की मेरी एक भैंस खूंटा पर से गायब हैं,और वह अपने सपरिवार के साथ आसपास एवं भैंस की तलाश करने में जुट गए,भोर सुबह में हल्ला गुहार पर ग्रामीणों की भीड़ का जमावड़ा का ताता लगाना शुरू हो गया, वहीं दूसरी तरफ ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची स्थानीय थाने की पुलिस, घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन में मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीणों के द्वारा सूचना मिली एक भैंस कुआ में गिरी हुई है, मिली पीड़ित ने कुएं में देखकर भैंस की ,पहचान किया, जिसके तहत आनन–फानन में ग्रामीणों ने कुएं में टिब्बल व टिल्लू के सहारे कुआ में पानी भरने लगे,जिससे वह भैंस को आसानी से निकाला जा सके, कुछ घंटो के बाद कुआ में पानी आवश्यकता के अनुसार भर गया, कुआ में पानी भरने से भैंस कुआ के लेवल तक आ गई थी, ग्रामीणों ने रस्सी व लाठी के सहारे भैंस को कुआ से बाहर निकाल लेते हैं, और कुछ घंटों के बाद भैंस की मृत्यु हो गई।

## सदर विधायक ने नारियल तोड़कर हाई मास्ट लाइट का किया स्विच अश्न

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर रिपोर्ट बृजेश श्रीवास्तव। सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय उर्फ राज बाबू के कर कमलों द्वारा सदर विधानसभा में पांडेबाबा बाजार मोतिगरपुर चौराहे पर ढेमा बाजार में उगड़पुर चौराहे पर जयसिंहपुर बाजार में और फुलौना चौराहे पर एक एक क्रम से हाई मास्ट लाइट का उद्घाटन किया ।

जो विगत वर्षों 2020–21 से निर्माणाधीन मे थी अभी 12.5 मी० सेंटी० की हाई मास्ट लाइट जिसकी कुल लागत 5.5 लाख से तैयार हुआ जिसका स्वीच ऑन माननीय सदर



विधायक राज बाबू जी के कर कमलों द्वारा किया गया सदर विधायक के साथ उपस्थित कार्यवाहक मंडल अध्यक्ष शेष कुमार सिंह शीतला वर्मा कपिल देव सिंह प्रवेश सिंह राकेश श्रीवास्तव अवधेन्द्र प्रताप सिंह उमाशंकर सिंह राजीव गुप्ता प्रकाश मौर्य संगठन के कार्य कर्ता और आम जनमानस मौजूद रहे।

## आजादी के 75 वें वर्षगांठ के उपलक्ष में पार्टी पदाधिकारियों की तरफ से 100 मीटर लंबी तिरंगे की निकाली यात्रा



दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर रिपोर्ट बृजेश श्रीवास्तव। आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत पांडेबाबा धाम से पारस पट्टी चौराहे तक 100 मीटर लंबे तिरंगे की यात्रा कपिल देव सिंह (नमामि गंगे जिला सहसंयोजक) की अध्यक्षता में तिरंगा यात्रा निकाला गया वंदे मातरम और भारत माता की जय से गूंजा पांडेबाबा धाम से पारस पट्टी चौराहा वहीं डीजे पर बजाए गए राष्ट्रीय गीत लोग राष्ट्रीय गीत की धुन पर जमकर थिरकते हुए वंदे मातरम का नारा लगाया कार्यक्रम आयोजक कपिल देव सिंह के साथ ब्लाक प्रमुख मोतिगरपुर चंद्र प्रताप सिंह, कार्यवाहक मंडल अध्यक्ष शेष कुमार सिंह, मंडल महामंत्री जय बहादुर सिंह, विनोद सिंह, देवेंद्र सिंह, राजीव गुप्ता, यशवंत श्रीवास्तव ,मगन सिंह, रुपेश रमन श्रीवास्तव, अशोक चौरसिया, अजय गुप्ता, सुरेंद्र प्रताप सिंह, दीपू वर्मा, राजू तिवारी, अनंत बहादुर सिंह, सुभाष शर्मा, मुंशी निषाद, बृजेश कसौधन, अनिल कसौधन, और समस्त बाजारवासी एवं थाना प्रभारी मोतिगरपुर ने भी अपने स्टाफ के साथ शांति व्यवस्था में सहयोग किया।

## जिला पंचायत अध्यक्ष के नेतृत्व में निकाली गई तिरंगा यात्रा



दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर रिपोर्ट विनय सेन सुल्तानपुर। आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर देश भर में मनाए जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत विकास भवन से जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह व मुख्य विकास अधिकारी अतुल वत्स की अगुवाई में तिरंगा रैली का आयोजन किया गया।जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम में जन भागीदारी को प्रोत्साहित किया जा रहा है। 13 से 15 अगस्त तक प्रत्येक नागरिक अपने घर पर तिरंगा फहराए। यही इस जागरूकता रैली का प्रमुख उद्देश्य है। विकास भवन से शुरू हुई रैली पूरे नगर क्षेत्र में घूमते हुए विकास भवन में समाप्त हुई। रैली में सैकड़ों मोटरसाइकिल सवार और चार पहिया वाहन हाथों में तिरंगा लिए हुए भारत माता की जय के नारे लगाते हुए उमंग और उत्साह से भरे हुए नजर आ रहे थे।नगर के लोगों द्वारा भारी संख्या में रैली में प्रतिभाग किया गया। आज की रैली में डीपीआरओ आर.के भारती,क्षेत्राधिकारी अब्दुल सलाम,ब्लॉक प्रमुख शिव कुमार सिंह,अभिमन्यु मिश्रा,श्याम प्रीत,विकास यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# आजादी के अमृत महोत्सव अभियान पर पुलिस अधीक्षक ने पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम के माध्यम से लोगों को किया गया संबोधित



नन्द कुमार गुप्ता जिला संवाददाता ( दैनिक अयोध्या टाइम्स)। पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ने रक्षाबंधन के पावन पर्व पर सभी जनपद वासियों को शुभकामनाएं देते हुए पी0ए0 सिस्टम के माध्यम से जनपद वासियों को संबोधित करते हुए भारत की एकता एवं अखण्डता को विगत 75 वर्षो से अक्षुण्ण रखने, नागरिकों के अधिकारों को संरक्षित करने तथा एक बेहतर एवं सुरक्षित जन जीवन की संकल्पना को साकार करने में उत्तर प्रदेश पुलिस ने निरंन्तर नये आदर्श गढे हैं। संगठित अपराध, आतंकवाद, तथा नागरिकों विशेषकर महिला सुरक्षा के मोर्चे पर उत्तर प्रदेश पुलिस ने विगत वर्षो में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ अर्जित की हैं।

विगत अनेक वर्षो में प्रदेश में एक भी साम्प्रदायिक घटना घटित नही हुई है। माफियाओं के विरूद्ध कार्यवाहियों में सैकड़ों दुर्दान्त अपराधी मुठभेड़ में मारे गये तथा उनकी हजारों करोड की सम्पत्तियाँ भी जब्त की गयी हैं ।

प्रदेश के प्रत्येक थाना क्षेत्र में संदिग्ध अपराधियों, अराजक तत्वों पर अंकुश लगाने तथा महिलाओं व बालिकाओं में सुरक्षा की भावना जागृत करने हेतु फुट पैट्रोलिंग एन्टी रोमियों स्क्वायड के द्वारा प्रतिदिन प्रभावी कार्यवाही की जा रही हैं तथा मिशन शक्ति फेज–3 के अन्तर्गत महिला पुलिस पदाधिकारियों द्वारा सरकारी योजनाओं एवं यू०पी०– 112, 1090 वुमेन पावर लाइन के सम्बन्ध में जानकारी देकर उन्हें जागरूक कर उनके अन्दर आत्म विश्वास बढाने के निरन्तर सार्थक प्रयास किये जा रहे।

प्रदेश में समस्त धार्मिक त्यौहार, मेले यथा महाकुम्भ, श्रावण/कावड़ मेला, होली, ईद, दशहरा दीपावली, रक्षा बन्धन आदि तथा अन्य विश्व स्तरीय आयोजनो में अभूतपूर्व पुलिस सुरक्षा एवं प्रबन्धन के फलस्वरूप, सकुशल सम्पादित किये गये हैं, विगत वर्षो में विभिन्न प्रकार के चुनावों को बिना किसी हिंसा के सकुशल सम्पन्न कराया गया है।

आमजन से संवाद को और भी सुगम बनाते हुए, लाखों सम्भ्रान्त नागरिकों को, पुलिस से जोड़ा गया है। नवीन तकनीकों के प्रयोग से प्रदेश के प्रत्येक ग्राम, मौहल्ले, वार्ड तक की पुलिस निगारनी का प्रयास किया जा रहा है।

विगत वर्षो में कोविड दृ19 के रूप में आये वैश्विक महामारी में उत्तर प्रदेश पुलिस ने मानवीय दृष्टिकोण को अप्रतिम उदहारण प्रस्तुत करते हुए आम नागरिकों के जीवन रक्षक के रूप में, कार्य किया है, अपराधियों के विरूद्ध अद्भूत शौर्य तथा कोविड–19 के संकट में अविस्मरणीय मानवीय मूल्योंका, प्रदर्शन करते हुए, उत्तर प्रदेश पुलिस के सैकड़ों अधिकारी एवं कर्मचारी शहीद हुए हैं, जिनके लिये सम्पूर्ण राष्ट्र उनका ऋणी रहेगा ।

आजादी के इस अमृत महोत्सव में राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों की बलिवेदी पर चढ जाने वाले, उन सभी अमर शहीदों का स्मरण करते हुए कहना चाहूँगा कि जिस देश के नागरिक जितने अनुशासित होंगे, उतना ही वह देश उन्नति के पथ पर अग्रसर रहता है। इस लिये आशा करता हुँ कि आज हम सभी इस अमृत महोत्सव के अवसर पर दृढ संकल्प लें कि किसी भी दशा में कानून तथा नियमों का उल्लंघन नही करेंगे एवं पुलिस के कंधे से कंधा मिलाकर, अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने में पुलिस का प्रत्यक्ष एवं अप्रत्क्ष रूप से सहयोग करते रहेंगे, जिससे हमारे प्रदेश एवं देश की कानून एवं व्यवस्था अक्षुण्ण रहे, आमजनमानस अपने आप को सुरक्षित महसूस करे और हमारा राष्ट्र निरन्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहे।

## जिले में स्थित राप्ती नदी को प्रदूषण से मुक्तिहेतु उठायें जाएं कारगर कदम : जिलाधिकारी

- छोटी एवं सहायक नदियों के पुनरोद्धार और कायाकल्प हेतु कुआनो एवं भम्भारा नदी का किया गया चिन्हांकन

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान पूर्व में सम्पन्न हुई बैठक के निर्णयों की समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने नामामि गंगे योजना के अन्तर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होने सिंचाई विभाग व जल निगम को इस अभियान के तहत जनपद की राप्ती नदी को प्रदुषण मुक्त करने के उपाय तलाशने व उनके अनुपालन के निर्देश दिये। उन्होने प्रदूषण के स्त्रोत यथा शवदाह गृह, अपशिष्ट पदार्थो आदि नदियों में न प्रवाहित करने के निर्देश दिये। राप्ती नदी के सतही प्रवाह तथा उप सतही जल (भूजल) के मध्य समग्र सम्बन्ध स्थापित करने के प्रयास शुरू किये जाएं। सिंचाई विभाग व वन विभाग संयुक्त रूप से आवाह क्षेत्र में लुप्त हो चुकी वनस्पतियों के पुनः सृजन के लिए प्रयास शुरू करें। बैठक में राप्ती नदी को प्रदूषण मुक्त करने हेतु आवश्यक कार्यों के निरीक्षण एवं सम्पादन हेतु मोटर, नाव एवं अन्य सामग्री क्रय करने पर अधिशाषी अभियन्ता सरयु नहर खण्ड–6 द्वारा अनुमानित लागत बतायी गयी। जिस पर कार्यवाही हेतु सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किया गया इसके अलावा भिनगा–बहराईच मार्ग पर स्थित भखला पुल के आसपास रिवर फ्रन्ट डेवलपमेन्ट के अन्तर्गत घाटों के विकास की कार्ययोजना, राप्ती नदी में गिरने वाले नालों का नाम, संख्या, उद्गम एवं समाप्ति स्थल का पूर्ण विवरण से सम्बन्धित सूचना, सिवेज ट्रीटमेन्ट प्लान्टएवं ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन हेतु नगर पंचायत भिनगा एवं इकौना की कार्ययोजनाओं पर चर्चा की गयी। जनपद में छोटी एवं सहायक नदियों के पुनरोद्धार और कायाकल्प हेतु छोटी नदियों कुआनो एवं भम्भारा का चिन्हांकन किया गया। कुआनो नदी विकास खण्ड इकौना में तथा भम्भारा नदी विकास खण्ड जमुनहा, हरिहरपुररानी, गिलौला, इकौना में बहती है। इन नदियों से सम्बन्धित सूचनाएं निर्धारित प्रारूप पर उपलब्ध कराने हेतु जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक का संचालन प्रभागीय वनाधिकारी ए0पी0 यादव ने किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य, मुख्य



विकास अधिकारी अनुभव सिंह, अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द्र, अपर पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी, उपजिलाधि कारी क्रमशः भिनगा प्रवेन्द्र कुमार, इकौना आर0पी0 चौधरी, जमुनहा सौरभ शुक्ला, उपजिलाधिकारी आशुतोष, अधिशासी अभियंता सरयू नहर खण्ड–6 अजय कुमार, परियोजना निदेशक इन्द्रपाल सिंह, डी0सी0 एन0आर0एल0 एम0, तहसीलदार इकौना प्रेम कुमार राय, तहसीलदार मो0 अहमद फरीद खान, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 जयइन्द्र सिंह सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारीध्कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## स्वतन्त्रता सप्ताह कार्यक्रम के तहत हाफ मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स)। स्वतन्त्रता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर "आजादी का अमृत महोत्सव" कार्यक्रम के तहत 05 किलोमीटर भव्य हाफ मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य व अपर पुलिस अधीक्षक केशव चंद्र गोस्वामी ने हरी झंडी दिखाकर थाना कोतवाली भिनगा परिसर से शुभारंभ किया गया जो दहाना सरदार वल्लभ भाई पटेल तिराहा, ईदगाह, जिला न्यायालय, विकास भवन, पुलिस कार्यालय, कलेक्ट्रेट के सामने से होते हुए रिजर्व पुलिस लाइन में समाप्त हुआ।

इस भव्य हाफ मैराथन दौड़ में क्षेत्राधिकारी नगर अतुल कुमार चौबे व पुलिसध् पीएसी के जवानों ने बढ़–चढ़ कर प्रतिभाग किया। पुलिस अधीक्षक ने प्रथम पाँच स्थान प्राप्त करने वाले पुलिस के जवान को पुरस्कृत करते हुए सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी तथा भविष्य में इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने हेतु उत्साहवर्धन किया गया।

प्रथम पाँच स्थान प्राप्त करने वाले पुलिस/पीएसी के जवान – आरक्षी नितिन कुमार यादव (पीएसी), आरक्षी सत्यम मिश्रा, अंकित मिश्रा (पीएसी), आरक्षी किशुन कुमार, अंकुज कुमार मौजूद रहे।

## राजस्व की शत-प्रतिशत वसूली कर लक्ष्य पूरा करें सम्बन्धित अधिकारीगण : जिलाधिकारी

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। राजस्व वसूली से जुडे समस्त विभागीय अधिकारियों का दायित्व है कि दिये गये लक्ष्यों के अनुरुप वसूली सुनिश्चित करायें। यदि किसी भी विभागीय अधिकारियों द्वारा वसूली में शिथिलता बरती गयी तो निश्चित ही उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। उक्त निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में वसूली से जुडे विभागीय अधिकारियों के साथ कर–करेत्तर एवं राजस्व वसूली की गहन समीक्षा करने के दौरान जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने दिया है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि राजस्व वसूली से ही सरकार द्वारा तमाम जन कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जाता है। इसलिए राजस्व वसूली को सभी विभागीय अधिकारी प्राथमिकता से लें और विशेष रुचि लेकर वसूली करके अपने लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करें। समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि क्रमशः स्टाम्प एवं रजिस्ट्री, आबकारी, मुख्य देय एवं परिवहन विभाग की वसूली लक्ष्य से कम पाये जाने पर जिलाधिकारी ने अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को ढंग से कार्य करने की नसीहत दी है और प्रत्येक दशा में वसूली कर लक्ष्य को भी पूरा करने का निर्देश दिया है। बैठक में समीक्षा के दौरान परिवहन एवं व्यापार कर वसूली कम पाये जाने पर जिलाधिकारी ने वसूली में तेजी लाकर शत–प्रतिशत वसूली के निर्देश दिये। और जनपद के बड़े बकायदारों को सूचीबद्ध करके शत–प्रतिशत वसूली करायी जाए। जिलाधिकारी ने जनपद में कुर्की के सम्बन्ध में भी जानकारी ली, जिस पर ज्ञात हुआ कि 04 स्थानों पर कुर्की की कार्यवाही की गई है। बैठक का संचालन अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द्र ने किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य, मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी, उपजिलाधिकारी क्रमशः भिनगा प्रवेन्द्र कुमार, इकौना आर0पी0 चौधरी एवं जमुनहा सौरभ शुक्ला, प्रभागीय वनाधिकारी ए0पी0 यादव, डी0सी0 एन0आर0एल0एम0, तहसीलदार इकौना प्रेम कुमार राय, तहसीलदार मो0 अहमद



फरीद खान, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 जयइन्द्र सिंह, अग्रणी बैंक प्रबन्धक जितेन्द्र नाथ श्रीवास्तव, असिस्टेंट कमिश्नर वाणिज्य कर कृष्ण मुरारी यादव, अधिशासी अभियंता विद्युत डी0पी0 सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी विनीत कुमार मिश्र, कलेक्ट्रेट में विभिन्न पटलों पर कार्य देख रहे लिपिक क्रमशः मंशाराम, विपिन चटर्जी, अश्वनी यादव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# तालाबों में महिलाओं ने विसर्जित कीं भुजरियां

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो
जालौन। महेबा क्षेत्र के गाँव खल्ला मैं रू बुंदेलखंड की लोक परंपराओं में शामिल भुजरिया विसर्जन का कार्यक्रम शुक्रवार को विधि विधान से पूरा किया गया। गाँव के घाटोयि बाबा तालाब पर महिलाओं ने भुजरियां सिरायीं व मेले में खरीददारी की। इसके साथ ही क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों व ग्राम प्रधान श्री राम पाल ने भी एक दूसरे को भुजरियां देकर त्योहार की बधाई दी।
शुक्रवार की शाम को घरों में बोई गईं भुजरियां लेकर महिलाएं व युवतियां घाठूयि बाबा तालाब पर पहुंचीं। जहां महिलाओं ने तालाब के पानी में भुजरियां विसर्जित कीं। इसके



बाद कुछ भुजरियां लेकर महिलाएं व पुरुष घर पहुंचे और एक दूसरे को भुजरियां देकर आशीर्वाद लिया।
तालाब परिसर में लगे मेले में खासी भीड़ थी जहां पर महिलाओं ने बच्चों खिलौने व अन्य सामान की खरीदारी की। मेला परिसर में ही ग्राम प्रधान ने पहुंचकर लोगों को भुजरियां देकर बधाई दी। लंबे अर्से से होता आ रहा है ये पर्व और नए युवाओं ने भी सभी को भुजरियां देकर बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया।

# हर्षउल्लास के साथ मनाया गया रक्षाबंधन का पावन पर्व

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो
जालौन। भाई बहन के अटूट प्रेम व राखी का त्योहार रक्षाबंधन नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक तरीके से उल्लास के साथ मनाया गया।
इस मौके बहनों ने भाई की कलाई पर राखी बांधी और मिठाई खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया।
तो भाइयों ने भी उपहार देकर बहिन को रक्षा का वचन दिया।
वहीं श्रावण मास के अंतिम दिन गुरुवार को रक्षाबंधन का पर्व नगर व ग्रामीण क्षेत्र में पारंपरिक तरीके और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।
हालांकि कुछ लोग रक्षाबंधन का त्योहार शुक्रवार को भी मनाएंगे।



दो दिन तक चलने वाले इस त्योहार के पहले दिन बहिनों ने भाइयों को हल्दी, रोली, अक्षत लगाकर उनका ठीका किया और दाहिने हाथ की कलाई पर रक्षा का धागा व राखी बांधी।
बहिनों ने भाइयों साथ सेल्फी लेकर उसे सोशल मीडिया पर भी अपलोड किया।
वहीं,भाईयों ने भी बहिनों को उपहार भेंट किये।

# आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर मुस्लिम बाहुल्य बजरिया में घर-घर लगाया तिरंगा





दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो
उरई (जालौन)। उत्तर प्रदेश उघोग ब्यापार मण्डल जिला उपाध्यक्ष जनपद जालौन यूसुफ अंसारी अलमारी वालों ने आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र बजरिया में अपने सहयोगियों के साथ मिलकर घर–घर पहुंच कर तिरंगे झण्डे लगवाये। जिससे मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र का हर घर तिरंगा मयी दिखाई देने लगा है।
इस मौके पर प्रमुख रूप शफीकुर्रहमान कश्फी, पत्रकार मनोज शर्मा, शोएब हाफिज, मुन्ना अंसारी सहित आदि लोग मौजूद रहे।वैसे तो आजादी की 75वीं वर्षगांठ पूरा देश 11अगस्त से 15 अगस्त तक अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है ।
जिसके तहत प्रशासन के अलावा समाजसेवी संस्थाओं द्वारा तिरंगा रैलियां निकाल कर लोगों में देश प्रेम के प्रति भावनाओं को जागृत करने का काम किया जा रहा है।

# सीमांचल क्षेत्र नारीबारी मे तिरंगा राखियों की रही धूम, हर्षोल्लास के साथ मनाया त्योहार

- बहनों ने भाइयों के कलाईयों मे रक्षा सूत्र वाँध राष्ट्र रक्षा का दिलाया संकल्प
- दो दिवसीय राष्ट्रीय त्यौहार रक्षाबंधन धूम–धाम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

नारीबारी (प्रयागराज)। तिरंगा के रंग में रंगा राष्ट्रीय पर्व रक्षाबंधन का त्योंहार देश के साथ–साथ उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश सीमांचल क्षेत्र नारीबारी मे शुक्रवार भोर विशेष योग मुहूर्त के साथ दो दिवसीय त्योहारों में बहनों ने भाइयों के कलाईयों मे रक्षा सूत्र बाधं राष्ट्र समाज के रक्षा का आह्वान कर हर्षोल्लास के बड़े धूमधाम से मनाया। रक्षा बंधन के त्योहार का हिंदू धर्म में खासा महत्व है। पं.गोविन्द नारायण झंझरा चौबे के मुताबिक इस बार श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि ११ अगस्त को सुबह ९रू३५ बजे से १२ अगस्त को प्रातः ७रू१७ मिनट तक रही गुरुवार को सुबह ९रू३५ बजे से रात्रि ८रू३० तक भद्रा होने के कारण लोग दिन मे राखियां नही बधवा सकें। कुछ लोगों ने गुरुवार रात मे ८रू३० के बाद राखियां बधवाईं तो ज्यादातर लोगों ने १२ अगस्त को सुबह ५रू३० से ७रू१७ बजें विशेष योग मे रक्षा बंधन का पर्व मनाया शुक्रवार दिनभर रक्षा बंधन का पावन पर्व मनाया गया। नारीबारी, भारतनगर,चौकठा, मवैया,देवरा, सतपुरा,सुरवल, खोजवा, हिनौती, झंझरा पांडेय, झंझरा चौबे के साथ



सम्पूर्ण क्षेत्र मे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस बार तिरंगे की रंग में रगी राखियां भी आकार्षण का केंद्र रही। झँझरा चौबे मे साक्षी,दीक्षा,दिव्या,सुनीता, शशिकला,सोनारूपा,गुलाब, गंगेश्वरी,कृष्णेश्वरी, रामेश्वरी देवी आदि बच्चियो और महिलाओं ने अपने भाईयो दिव्याशं,सुमित, दिव्यांशु, गिरीश, दिलीप,सुनील ,अनुज, सूरज,दीपक,लक्ष्मण,भरत, शत्रुघ्न, कृष्ण, वशिष्ठ,व्यास आदि भाईयों की आरती उतार बलाईया लेते हुए मस्तक में तिलक लगाकर उनके हाथो की कलाईयों मे रक्षा सूत्र बाधं उनकी लम्बी उम्र की कामना की और भाईयो को मिष्ठान से मुह मीठा कराया तो वही भाईयो ने भी बडे हर्षोल्लास के साथ रक्षा बंधन मनाकर बहनो की रक्षा का बचन देकर बहनों के पैर छूकर आशीर्वादं लिया। और बहनो को कुछ उपहार भेटं कर रक्षाबंधन का उत्सव मनाया। इसी तरह हर हिन्दू बहने अपने भाईयो के कलाई पर राखी बांधती हैं और उनसे अपनी रक्षा का वचन लेती हैं। रक्षा बंधन के त्योहार के साथ ही सावन मास का भी समापन हो गया।

# बुल्डोजर के साथ आजादी के अमृत महोत्सव पर खकसीस में निकाली गयी भव्य तिरंगा यात्रा

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो
उरई जालौन। आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर खकसीस मे बुल्डोजर के साथ इस बार आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। लोगों को देश के लिए बलिदान हुए वीरों की इस संघर्ष गाथा को याद दिलाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर घर तिरंगा अभियान चलाया है। गुरुवार को ग्राम पंचायत खकसीस में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया ग्राम प्रधान अनिल शिवहरे के कुशल नेतृत्व में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई।यात्रा में युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया विशाल तिरंगा यात्रा के एक दिन पहले ही रुप रेखा तैयार कर ली गयी थी तिरंगा यात्रा में युवाओं का जोशीला अंदाज साफ नजर आ रहा था जबकि यात्रा में लोक प्रिय नारे जय जबान – जय किसान को भी अहम अहमियत को कबायद दी गयी जिसको लेकर युवाओं के जोशीले नारे चारों ओर वंदे मातरम् व भारत माता की जय को लेकर लोगों में जोश भर रहे थे भव्य तिरंगा यात्रा के दौरान विल्डोजर का अहम किरदार भी अलग नजर आता दिखायी दिया बिल्डोजर पर बैठे युवाओं का जोश आजादी के 75बें अमृत महोत्सव को जोश भरने में अहम भूमिका में दिखायी दे रहा था जबकि आजादी के अमृत महोत्सव प्राथमिक विद्यालय के नौनिहाल बच्चे एवं ग्रामीण व युवा शामिल रहे यात्रा के दौरान अंजनी शिवहरे



, सोनू शिवहरे , नीतू पुजारी,गोलू चौहान , शीबू शिवहरे , लला पाराशर , आलोक जाटव , जीतू अवस्थी रमाकान्त दुबे अर्जुन यादव , सोमकांत दुबे , विशम्भर शिवहरे , मनोज शिवहरे, रामलला सौरभ दुबे राजू यादव जीतू अवस्थी शिवसागर अवस्थी एवं समस्त पुलिस स्टाफ एवं सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे ।

# आजादी अमृत महोत्सव पर महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित सखी वन स्टश्प सेंटर जिला अस्पताल उरई में किया आयोजित महापुरुषों तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की जीवनी पर की गयी चर्चा

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो
उरई (जालौन)। आजादी का अमृत महोत्सव के तहत सरकार द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर जिला अस्पताल उरई में आज दूसरे दिन के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय महापुरुषों तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की जीवनी पर चर्चा की गई। आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला प्रोबेशन अधिकारी डॉ अमरेंद्र कुमार पौत्स्यायन ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान शहीद हुए शहीदों की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके देश भक्ति के भावना तथा स्वतंत्रता में उनकी भूमिका को अंगीकार करने की आवश्यकता पर बल दिया।



उन्होंने कहा की शहीदों की शहादत को हर हाल में अज्छून बनाए रखने के लिए अन्य सदस्यों से आवाहन किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष सतीशचंद्र ने वीर सेनानियों के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आज की युवा पीढ़ी को उन्हें याद करने की आवश्यकता है तथा उनकी शहादत पर गर्व करने की आवश्यकता है। जिससे हमारी देश की आजादी तथा देश की आन बान और शान तिरंगा पर कोई आंच ना आने पाए ।आज के कार्यक्रम का संचालन महिला कल्याण अधिकारी सुश्री अलकमा अख्तर द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में देश भक्ति गीत बाल कल्याण समिति के सदस्य श्रीमती गरिमा पाठक द्वारा सुना कर देशभक्ति की भावना का संचार किया गया।
उक्त कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति के विनीता बाथम एस के चौधरी संरक्षण अधिकारी जूली खातून वन स्टॉप सेंटर की सामाजिक कार्यकर्ता प्रवीणा एवं रिचा द्विवेदी स्टाफ नर्स ज्योति महिला शक्ति केंद्र की जिला समन्वयक नीतू यादव तथा महिला कल्याण विभाग से चंदन सिंह ,आदर्श कुमार, वीर सिंह, पवन कुमार वर्मा, नरेंद्र, राहुल, पद्माकर तथा अन्य समस्त स्टाफ ने प्रतिभाग किया। उक्त कार्यक्रम में रानी लक्ष्मीबाई की वीरता को नमन करते हुए उनके द्वारा देखे गए स्वप्न को हर आंखों में सजाने की आवश्यकता पर बल दिया गया ताकि यह स्वतंत्रता सेनानी हमारे दिलों में धड़कन बनकर धड़कते रहे और हमें हमेशा पथ प्रदर्शित करते रहे। अंत में सुश्री अलकमा अख्तर द्वारा आज की संगोष्ठी में आए समस्त व्यक्तियों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभा का समापन किया गया।

# सिंगिंग की दुनिया में उरई के नाम से इतिहास रच रहा स्पर्श शर्मा

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो
उरई, जालौन। उरई के निवासी स्पर्श शर्मा ने सिंगिंग की दुनिया में उरई का नाम रोशन कर रहे हैं, यह पहले बुंदेलखंड के रैपर हैं जिन्होंने खुद लिखा गाया और लांच किया। 2017 में पहला गाना हुआ था रिलीज 2023 में करने वाले हैं कुछ खास। स्पर्श शर्मा (विन्थार) जो की बुंदेलखंड के पहले ऐसे रैपर हैं, जिन्होन रैपरपुर एल्बम लॉन्च कर के सबित किया है की हिप हॉप संगीत अब मुंबई और दिल्ली तक ही सिमित नहीं बल्कि जिला जालौन में भी हिप हॉप रैप म्यूजिक का क्रेज जोरों शोरों पर है युवा लोग इसे बहुत पसंद कर रहे हैं। जालौन जिले के उरई शहर में अपने रैप करने के तारिके से एक अलग पहचान बनाने वाले बुंदेलखंड के पहले रैपर है जिन्होने रैपरपुर एल्बम से भी पहले काई गाने दिए हैं जहां से वो चर्चा में आये विन्थार ने पहला गाना झक्कास रैप डांस 2017 में देहरादून से लॉन्च किया था जो की देहरादून में भी ट्रेंडिंग पर लगा रहा जिसे लोगो ने खूब पसंद किया और जिले का गौरव बढ़ाया है हाल ही में लॉन्च किया एल्बम रैपरपुर जिसमे 7 गाने हैं जो की हर एक म्यूजिक प्लेटफॉर्म पर मौजुद है इंटरव्यू के दौरान उन्होंने बताया की जल्दी ही वो नए एल्बम की घोषना करने वाले हैं जिसमें सहयोगी सत्यम पाठक विवेक राजपूत और हिमांशु आनंद शामिल होगें। अगर स्पर्श की बात करें तो 2012 में देहरादून पढ़ाई के लिए गए थे उन्होंने कई रैपर के गाने सुने और उन में से कई चीज यह लगी की सच्चाई को शायद उस में छुपाया गया था। उसके बाद कई विदेशी रैपर को उन्होंने गाने सुने उन्हें पसंद आए और फिर उन्होंने खुद रेप करना शुरू किया। स्पर्श बताते हैं कि उनका संघर्ष इस तरह रहा कि उन्होंने पहले देहरादून के बैंड में अपने रैप को गाय यह करीब चार साल तक चला कोई कि उन्हें कोई स्टेज नहीं मिला था और संघर्ष भी उन्हें करने था उसके बात उन्होंने बॉलीवुड में भी किस्मत



आजमाई लेकिन वहां पर शोसड़ शुरू हो गया तो उन्होंने बॉलीवुड से हाथ जोड़ लिए। उसके बाद खुद ही संघर्ष करते हुए 2017 में पहला गाना उनका रिलीज हुआ जो स्टूडियो अंडरग्राउंड से लांच हुआ था। उसके बाद 2018–19 धीरे–धीरे करके रैप में महिरता हासिल करते गए और अब 2023 के कुछ बड़ा करने वाले हैं जिससे उरई का नाम रोशन हो सके।

# उत्साह के साथ मनाया रक्षा बंधन पर्व बहनों ने भाई की कलाई पर बांधी राखी



दैनिक अयोध्या टाइम्स जरवल बहराइच। रक्षा बंधन के त्यौहार पर बहनों ने अपने भाईयों को तिलक लगाकर उनकी कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा। स्नेह और प्यार के धागे से भाई की कलाई को सजाते हुए बहनों ने भाई का मुंह मीठा कराया। वहीं भाईयों ने भी बहनों को उपहार के साथ–साथ सुरक्षा करने का वचन दिया। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी रक्षा बंधन पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया और इसी के चलते वृहस्पतिवार, को भाई की कलाई पर राखी बांधने के लिए बहने लंबी दूरी तय कर भाई के पास पहुंची। वहीं रक्षा बंधन के पूर्व बहनों ने जमकर खरीदी की जिससे बाजार में दिनभर रौनक रही। बहनों ने कहा कि भाई–बहन के पवित्र प्यार का प्रतीक रक्षाबंधन का त्यौहार सभी त्योहारों में सर्वश्रेष्ठ एवं पवित्र है। उन्होने रक्षाबंधन का आध्यात्मिक रहस्य स्पष्ट करते हुए कहा कि वास्तव में जब हम मनुष्य आत्माएं विकारों एवं बुराइयों के अधीन होकर एकदम अपवित्र होने कारण कमजोर पड़ जाती हैं और मनुष्य बुराइयों के अधीन हो जाता है। ऐसे समय पर निराकार परमपिता परमात्मा शिव स्वयं इस धरती पर अवतरित होकर सच्ची पवित्रता की राखी हम मनुष्य आत्माओं को बांधते हैं। अर्थात वे सभी विकारों एवं बुराइयों को छोडने के लिए हमसे कहते हैं। इन बुराइयों का त्यागी वास्तव में हम मनुष्य आत्माओं को शक्तिशाली बना देता है हममें गुणों का संचार कर देता है।

# शहीदों के याद में हदरुख में प्रशासन ने मनाया आजादी का अमृत महोत्सव, एसपी डॉक्टर,रवि कुमार के साथ भाजपा का आलाकमान रहा मौजूद

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो
उरई (जालौन)। थाना कुठौंद के हदरुख शहीद पार्क में शहीदों के याद में एसपी डॉक्टर रवि कुमार के नेत्वत में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया गया जिसमें भाजपा आलाकमान से विधायक माधौगढ़ मूलचंद्र निरंजन,सदर विधायक गौरी शंकर ,भाजपा जिलाधयक्ष रामेन्द्र बना जी,जिलापंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी,पूर्व विधायक सन्तराम सेंगर की मौजूदगी में तिरंगा फहरा कर 33 वाहनी, द्वारा बैण्ड बाजा पीएसी के गाजे बाजे के साथ मनाया गया। विधायक माधौगढ़ मूलचंद्र निरंजन ने अपने संबोधन में कहा कि शहीदों की याद में आज हम लोग आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे है जिसके चलते हम लोग आज अमर शहीद हुये सैनिकों के चरणों मे कोटि कोटि प्रणाम करते है और आगे भी शहीदों के परिवार के लोगो के लिए हमेशा खड़े रहंगे। विधायक गौरीशंकर वर्मा ने कहा कि आज देश मे हर स्थान पर भाजपा और प्रशासन गांवों में शहीद,पार्को में शहीदों के लिए आजादी का अमृत महोत्सव,मना रहे है। एसपी डॉक्टर रवि कुमार ने आयोजक मंडल क्षेत्राधिकारी विजय कुमार पांडेय और प्रभारी निरीक्षक अखिलेश द्विवेदी को बेहतर ब्यवस्था के लिए बधाई दी और कहा कि देश के आन बान और शान तिरंगा फहराकर शहीदों को नमन कर लोगो को जागरूक करने का अमृत महोत्सव है कि आप लोग भी शहीद हुये सैनिकों के परिवार को सम्मान दे जिनके बदौलत हम लोग सुरक्षित रहते है। इस मौके पर जिला महामंत्री विवेक कुशवाहा,जिला महामंत्री रविन्द्र सिंह जी,मनोज पालीवाल,युवा जिलाधयक्ष लकी त्रिपाठी,



मण्डल अध्यक्ष अमित नीखरा, मंगली तिवारी,पवन शर्मा,महिला जिलाधयक्ष उषा गुप्ता महिला मण्डल अध्यक्ष पूजा शुक्ला,क्षेत्री नेता अन्नी सेंगर,दाऊ बाबा,वकील साहब,महेन्द्र सिंह सेंगर,एस आई बलराम शर्मा, उनके साथ थाना कुठौंद की पूरी टीम मौजूद रही।

# संक्षिप्त समाचार

### थाना सट्टी पुलिस टीम द्वारा 01 नफर शातिर चोर को मोटर साइकिल व 01 अदद अवैध तमंचा सहित गिरफ्तार किया गया!

ब्यूरोचीफ अनुज प्रताप सिंह कानपुर देहात। पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद कानपुर देहात के निर्देशन एंव अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में अपराध पर अंकुश लगाये जाने व अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु क्षेत्राधिकारी भोगनीपुर के कुशल नेतृत्व में थाना सट्टी पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटना कारित




करने वाले 01 शातिर चोर को दिनाँक 12.08.2022 को 01 अदद अवैध तमंचा व 01 अदद चोरी की मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार किया गया है।
विदित हो कि राकेश कुमार पुत्र माता प्रसाद निवासी ग्राम कुरौली थाना कुठौन्द जनपद जालौन का निवासी है दिनांक 08.08.2022 को पुखरायाँ के होम्योपैथिक अस्पताल में अपना इलाज कराने आया था इसी दौरान उक्त की मोटर साइकिल यूपी 92 X 1326 अस्पताल के पास से चोरी हो गयी थी जिसके सम्बन्ध में मु0अ0सं0– 305/2022 धारा–379 भा0द0वि0 बनाम अज्ञात थाना भोगनीपुर में पंजीकृत हुआ। विवेचना के क्रम में प्रकाश में आये अभियुक्त 1. गोलू उर्फ आसिफ पुत्र जलील अहमद निवासी ग्राम द्वारिकापुर थाना सट्टी जनपद कानपुर देहात को मुखबिर खास की सूचना पर आज दिनाँक– 12.08.2022 को थाना भोगनापुर में चोरी हुयी मोटर साइकिल व 01 अदद नाजायज तमंचा सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष नियमानुसार प्रस्तुत किया जायेगा।
घटना कारित करने का तरीका– पूँछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि वह अपने दोस्त के साथ राह चलते मोटर साइकिल सवार लोगों से मददधलिफ्ट माँगता था और इसी बहाने व वाहन स्वामी से बाते करते हुये दोस्ती करने का प्रयास करता था और वाहन स्वामी को इधर–उधर वाहन से थोड़ा दूर अपने साथ लेकर चला जाता था इसी दौरान हमारा दूसरा साथी वाहन चोरी कर लेता है।

### छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय (प्रेक्षागृह) में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

राम कृपाल सिंह नेशनल ब्यूरोचीफ
कानपुर नगर। आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा दिनांक 11 अगस्त से 15 अगस्त, 2022 तक



छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय (प्रेक्षागृह) में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।
इसी परिपेक्ष्य में आज कृष्णम डांस ग्रुप के द्वारा देशभक्ति एवं एकतापूर्ण नृत्य की प्रस्तुतियां दी गई, जिसमें चंदन कुमार, वंदना वर्मा, अनुष्का सिंह, स्वाति पाण्डेय, मान्या आर्या, आस्था पाण्डेय, अर्शी निगम द्वारा 'गणेश वंदना, मैं तुझको शीश नवाता हूं, सौ रागनियों से सजा, देश रंगीला–रंगीला' आदि प्रस्तुतियां दी गई तथा परिकल्पना अवधारणा एवं मार्गदर्शन कृष्णम डांस ग्रुप के डायरेक्टर विपिन निगम द्वारा की गई।

### समस्त सरकारी/गैर सरकारी कार्यालय, शैक्षणिक संस्थान, वाणिज्यिक/औद्योगिक प्रतिष्ठान आदि खुले रहेगें व राष्ट्रध्वज फहराया जायेगा: जिलाधिकारी

'कानपुर नगर, दिनांक 12 अगस्त, 2022 (सू0वि0)'
जिलाधिकारी, कानपुर नगर श्री विशाख जी0 द्वारा अवगत कराया कि आगामी स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त, 2022) को शासन के निर्देशानुसार आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर समस्त सरकारी/गैर सरकारी कार्यालय, शैक्षणिक संस्थान, वाणिज्यिक/औद्योगिक प्रतिष्ठान आदि खुले रहेगें तथा इन स्थानों पर राष्ट्रध्वज सम्मानपूर्वक फहराया जाएगा।

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, उनके परिजनों एवं पदम पुरस्कार के विजेताओं से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर राष्ट्रध्वज उपलब्ध कराते हुए उनका सम्मान किया

कानपुर नगर। जिलाधिकारी, कानपुर नगर श्री विशाख जी0 द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में समस्त उप



जिलाधिकारियों/अपर नगर मजिस्ट्रेटगण द्वारा जनपद कानपुर नगर के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, उनके परिजनों एवं पदम पुरस्कार के विजेताओं से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर राष्ट्रध्वज उपलब्ध कराते हुए उनका सम्मान किया गया तथा आगामी स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में प्रतिभाग करने हेतु आमन्त्रित किया गया।

### अमृत महोत्सव के अवसर पर विशाल तिरंगा यात्रा निकाली

कानपुर देहात।आज कस्बा रसूलाबाद में सीओ आशापाल सिंह व थाना प्रभारी प्रशिक्षु सीओ शिव ठाकुर के नेतृत्व में आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर विशाल तिरंगा यात्रा कस्बे में निकाली गई । जिसमें प्रमुख रुप से एसएसआई भारत सिंह, दरोगा मोइनुद्दीन , सुमन दीक्षित , सत्यप्रकाश वर्मा , शीलेश यादव , धर्मेंद्र सिंह , राम किशोर ,निशांत महेन्द्रू , कहिंजरी चौकी इंचार्ज प्रभाकर यादव, तिस्ती चौकी इंचार्ज भागमल , बिरहुन चौकी इंचार्ज मनजीत दयाल , नारखास चौकी इंचार्ज देवेंद्र सिंह, मुख्य आरक्षी राजाराम कुशवाहा, कपिल मिश्रा , अमर नारायण मिश्रा , आरक्षी ब्रह्मप्रकाश , उमेश पटेल , गौरव , मोहित , गोपाल, सुधांशु , जया , अर्चना, दिव्या आदि थे।

## जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में भारत सरकार के केंद्रीयकृत लोक शिकायत निवारण एवं अनुश्रवण प्रणाली सी0पी0 ग्राम योजना से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। समाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में भारत सरकार के केंद्रीयकृत लोक शिकायत निवारण एवं अनुश्रवण प्रणाली सी0पी0 ग्राम योजना से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्राप्त एवं निष्पादित आवेदनों से संबंधित अद्यतन प्रतिवेदन की समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिसमें जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि संबंधित विभाग के सक्षम प्राधिकार परिवाद का अपने स्तर से अंतिम निष्पादन करते हुए कृत कारवाई प्रतिवेदन मुख्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। अगर संबंधित परिवाद उनके विभाग से संबंधित नहीं है तो उसे संबंधित विभाग को प्रेषित करते हुए कार्यालय को सूचित करें। एवं इससे संबंधित किसी भी प्रकार की कठिनाई होने पर जिला आईटी प्रबंधक से संपर्क करें। साथी ही दो दिनों के अंदर आवेदनों का निष्पादन करते हुए अनुपालन प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त विनय कुमार, अपर समाहर्ता मनीष कुमार शर्मा, सिविल सर्जन, वरीय उप समाहर्ता शशि भूषण कुमार, डीसीएलआर पुपरी ललित कुमार सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी अविनाश कुमार, ओएसडी प्रशांत कुमार के साथ संबंधित विभाग के पदाधिकारी एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी उपस्थित थे।



## अनेक भाषाओं की जननी व संस्कारित भाषा है संस्कृत : आचार्य

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मोतिहारी। संस्कृत भाषा संस्कारित भाषा है। देवभाषा नाम से विख्यात संस्कृत भाषा प्राकृत,पाली,अपभ्रंश और हिन्दी भाषाओं के साथ अनेक भाषाओं की जननी है। इसमें जहाँ प्राकृतिक देवताओं से संबद्ध वैदिक साहित्य है,वही समाज के नैतिक,धार्मिक,पौराणिक एवं सांस्कृतिक रूप का समुचित चित्रण करने वाला लौकिक साहित्य भी है । उक्त विचार रविवार को महर्षिनगर स्थित आर्षविद्या शिक्षण प्रशिक्षण



सेवा संस्थान–वेद विद्यालय में श्रावणी उपाकर्म सह संस्कृत दिवस समारोह की अध्यक्षता करते हुए मानस मर्मज्ञ प्रोरामनिरंजन पाण्डेय ने व्यक्त किया। विशिष्ट अतिथि महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय के पुस्तकालय सूचना एवं विज्ञान विभाग के प्रोभवनाथ पाण्डेय ने कहा कि संस्कृत भारत की विविध भाषाओं एवं लोक भाषाओं का रूप लेते हुए भारतीय संस्कृति की प्रधान धारा बनी हुयी है,साथ ही पूरे विश्व में व्यापकता,धार्मिकता एवं लौकिकता से परिपूर्ण है । वेद विद्यालय के प्राचार्य सुशील कुमार पाण्डेय ने श्रावणी उपाकर्म के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्रावणी पर्व वैदिक काल से शरीर,मन और इन्द्रियों की पवित्रता का पुण्य पर्व माना जाता रहा है। इस पर्व पर की जाने वाली सभी क्रियाओं का मूल भाव यही है कि बीते समय में मनुष्य से हुए ज्ञात–अज्ञात बुरे कर्म का प्रायश्चित करना और भविष्य में अच्छे कार्य करने की प्रेरणा देना। इस दिन रक्षाबंधन के अतिरिक्त ऋषियों के स्मरण,पूजन तथा उनके प्रति श्रद्धा–समर्पण का दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर ऋषि पूजन,यज्ञोपवीत प्रतिष्ठायवेद पूजन,रुद्राभिषेक एवं रक्षाबंधन आदि अनुष्ठान सम्पन्न किए गए। अन्य वक्ताओं में पंविनोद पाण्डेय,सुधीर दत्त पाराशर रुपेश ओझा,राकेश तिवारी, विकास पाण्डेय,राजन पाण्डेय, कुन्दन पाठक,आलोक चन्द्र, प्रोपदम कुमार ओमर,अभिषेक दूबे, रोहन पाण्डेय,आशुतोष द्विवेदी आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। मौके पर कृष्ण कुमार, सुधांशु रंजन,सुधाकर पाण्डेय,मनमोहन सिंह,अरुण तिवारी, नवनीत गिरि,वीणा पाण्डेय,गायत्री पाण्डेय,जयन्त मिश्र,डानितेश पाण्डेय,राजीव तिवारी,धर्मेन्द्र कुमार,सतीश पाण्डेय,शैलेन्द्र गिरि सहित अन्य लोग मौजूद थे। उक्त आशय की जानकारी आचार्य सुशील कुमार पांडेय ने दी।

## भू-अर्जन से संबंधित पदाधिकारी के साथ समीक्षा बैठक आयोजित

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। जिला भू अर्जन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी के लिए 301 एकड़ भूमि लिया जाना है, मौजा बनकट में 33 . 37 एकड़ का भुगतान किया जा चुका है।

मौजा फुरसतपुर में 103 .0 3 एकड़ के विरुद्ध 102 . 3 9 एकड़ भूमि लारा कोर्ट , मुजफ्फरपुर को राशि के साथ संदर्भित किया गया है । शेष भूमि सरकारी ब्रह्मस्थान आमखास श्रेणी की है , जो भुगतान योग्य नहीं है। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के द्वारा पुनः अवशेष भूमि रकबा 165 .57 एकड़ का संशोधित प्रस्ताव कार्यालय को उपलब्ध कराया गया था। नए प्रस्ताव के अनुसार मौजा बनकट थाना नंबर 194 में 43.63 एकड़ एवं मौजा बेरिया थाना नंबर 192 में 122.06 एकड़ भूमि अर्जित किए जाने का प्रस्ताव पत्र के माध्यम से संयुक्त सचिव, शिक्षा विभाग ,बिहार पटना से सहमति हेतु भेजा गया है।

अपर समाहर्ता महोदय ने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि शिक्षा विभाग के सहमति प्राप्त होते ही यथाशीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे ।

## जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजन की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित की गई




(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजन की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य विभागों से निकलने वाले झांकियों की तैयारियों को लेकर समीक्षा की गई एवं तैयारी पूर्ण करने का निदेश दिया गया। साफ–सफाई को लेकर नगर प्रबंधक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मास्क, सैनिटाइजेशन प्रवेश द्वार पर थर्मल स्क्रीनिंग की व्यवस्था एवं एंबुलेंस की व्यवस्था को लेकर सिविल सर्जन को निदेश दिए गए। पेयजल की व्यवस्था हेतु पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता को पानी टैंक की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। विधि–व्यवस्था एवं ट्रैफिक को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी सीतामढ़ी सदर को निर्देश दिया गया। साथ ही सभी सरकारी कार्यालयों में झंडोत्तोलन की तैयारी पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया गया। ततपश्चात जिला पदाधिकारी ने वरीय पदाधिकारियो के साथ डुमरा मैदान पहुँचकर स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह स्थल पर चल रही तैयारियों का जायजा लिया।

समारोह स्थल की साफ–सफाई,बैठने की व्यवस्था,मंच की व्यवस्था, सेनेटाइजेशन, मेडिकल स्क्रीनिंग आदि व्यवस्थाओ का निरीक्षण कर उपस्थित अधिकारियों को दिए कई दिशा निर्देश उक्त निरीक्षण में उप विकास आयुक्त विनय कुमार, अपर समाहर्ता विभागीय जांच कृष्ण प्रसाद गुप्ता, नजारत उप समाहर्ता सौरभ कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सीता मढ़ी सदर राकेश कुमार के साथ संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## 18 वर्ष से ऊपर के युवा प्रिकॉशन डोज के तहत अब ले सकते हैं कोर्बेक्स का टीका



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मोतिहारी। पूर्वी चंपारण के सिविल सर्जन डॉ अंजनी कुमार ने बताया कि कोविड –19 टीकाकरण के संबंध में राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा सभी जिला के सिविल सर्जनों को पत्र जारी किया गया है पत्र में बताया गया है कि 12 अगस्त 2022 से 18 वर्ष या इससे अधिक आयुवर्ग के लाभार्थियों को कोविड 19 के प्रिकॉशन डोज के तहत अब कोर्बेक्स टीका के उपयोग किये जाने की अनुमति दी गई है।

उन्होंने बताया कि 18 वर्ष से ऊपर के युवा प्रिकॉशन डोज के तहत अब ष्कोर्बेक्सष का टीका उपयोग में ले सकते हैं। ये टीका उन्हें विकल्प के तौर पर मिलेगी। अन्यथा वे अपने इच्छा अनुसार कोवैक्सीन या कोविशील्ड का प्रिकॉशन भी ले सकेंगे। सीएस ने बताया कि कोविड से बचने के लिए दोनों डोज के साथ प्रिकॉशन डोज लेना जरूरी है तभी कोविड से पूरी सुरक्षा मिल सकेगी।

पूर्वी चंपारण के डीआईओ डॉ शरत चंद्र शर्मा ने बताया कि वैसे लाभुक जिन्होंने निर्धारित समय पर कोविड–19 का दोनों डोज ले लिया है वे अब 6 माह या 26 सप्ताह की अवधि पूरा होने के बाद प्रिकॉशन डोज ले सकते हैं। जिला अनुश्रवण पदाधिकारी भानु शर्मा ने बताया कि कोविड के प्रति अभी भी सावधानी बरतनी चाहिए। गुरुवार को जिले में 1 कोविड के मामले मिले हैं,

जिले की कोविड संक्रमण दर 0.80 प्रतिशत, रिकवरी दर 98. 20 प्रतिशत है। वही एक्टिव केस 3 हैं। डॉ शर्मा ने युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों से अपील करते हुए कहा– की कि जिन्होंने अभी तक टीका की कोई भी डोज नहीं ली है, वे अपना पहला डोज जरूर ले लें। पहला डोज प्राप्त कर चुके लोग समय पर दूसरी डोज लें और दूसरी डोज ले चुके लोग ससमय प्रीकॉशनरी डोज अवश्य लें। कोविड के संक्रमण को देखते हुए टीकाकरण लेने में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरतें।

## कहीं छूट न जाए कोविड से रक्षा चक्र का टीका छूटे हैं तो आज ही लें : डॉ उदय नारायण सिन्हा

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) वैशाली। कोविड संक्रमण से बचाव के लिए 4 अगस्त से चल रहे कोविड टीकाकरण महाअभियान सप्ताह शनिवार को समाप्त हो जाएगा। इस टीकाकरण महाअभियान का मकसद जिले में लक्षित समूह को तीनों टीकों से संपूर्ण करना था। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ उदय नारायण सिन्हा ने बताया कि 13 अगस्त तक कोविड टीकाकरण महाअभियान सप्ताह के दौरान कोविड टीकाकरण से छूटे लोगों को टीकाकृत किया जा रहा है। शनिवार को कोविड टीकाकरण महाअभियान का अंतिम दिन है, मेरी लोगों से अपील है कि वे निश्चित ही अपने छूटे हुए टीकों को जाकर टीकाकरण सत्र पर लें। इस बाबत शुक्रवार को सभी प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारियों को अधिक टीकाकरण के लिए और प्रयास करने को कहा गया है। डॉ सिन्हा ने कहा कि तीनों डोजों के बाद ही आपका टीकाकरण का चक्र पूरा होता है, अगर इसमें से कोई एक भी छूट गया तो संक्रमण और उसके परिणाम का खतरा बरकरार रहेगा। डॉ सिन्हा ने बताया कि 4 अगस्त से 11 अगस्त तक टीकाकरण महाअभियान सप्ताह में 2 लाख 4 हजार 731 लोगों को टीकाकृत करने का लक्ष्य रखा गया था। लक्ष्य के विरूद्ध कुल 1 लाख 42 हजार 602 लोगों को टीकाकृत किया गया। यह महाअभियान के लक्ष्य का 69. 65 प्रतिशत है। 4 से 11 अगस्त तक हुए कोविड टीकाकरण में 71 हजार 864 लोगों ने प्रीकॉशन डोज लिया है। यह तीनों ही डोजों में सबसे ज्यादा है। इसके अलावे 10 हजार 711 लोगों ने प्रथम तथा 60 हजार 27 लोगों ने दूसरा डोज लिया है। जंदाहा ब्लॉक ने प्रीकॉशन डोज में काफ अच्छा प्रयास किया है। डॉ सिन्हा ने बताया कि शुक्रवार को राज्य स्वास्थ्य समिति से जारी आदेश के अनुसार, कुछ दिनों के बाद वैसे लाभार्थी जिनकी आयु 18 या इससे अधिक है और जिन्होंने कोविशिल्ड अथावा कोवैक्सीन के पूर्व निर्धारित दोनों खुराक प्राप्त कर ली है तथा द्वितीय खुराक लेने के छह माह या 26 सप्ताह की अवधि को पूर्ण कर लिया गया है, उन्हें कोविशिल्ड या कोवैक्सीन के विकल्प के रूप में कोर्बेवैक्स वैक्सीन भी दिया जा सकेगा।



## हराज नुरुल्लापुर पंचायत के वार्ड नंबर 14 के भेड़ियाही गांव में पांच दिवसीय युवा मंडल विकास अभियान कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) पूर्वी चम्पारण। पूर्वी चम्पारण जिले के चिरैया प्रखंड के हराज नुरूल्लाहपुर में आज दिनांक 12 2022 को नेहरू युवा केंद्र पूर्वी चंपारण के तत्वधान में चिरैया प्रखंड के हराज नुरुल्लापुर पंचायत के वार्ड नंबर 14 के भेड़ियाही गांव में पांच दिवसीय युवा मंडल विकास अभियान कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में मुखिया पति श्री कृष्णा राम विशेष अतिथि के रुप में श्री कृष्णा पासवान सरपंच पति, श्री मयंक सिंह वार्ड सदस्य एवं नेहरू युवा केंद्र पूर्वी चंपारण के जिला युवा अधिकारी श्री स्वरूप देशभ्रतार उपस्थित थे।इस कार्यक्रम में युवा एवं युवती मंडल को नेहरू युवा केंद्र के कार्यों से अवगत कराया गया साथ ही भविष्य में इन कार्यों में अपना पूरा योगदान देने के लिए कहां गया और चल रहे कार्यक्रम जैसे हर घर तिरंगा अभियान, स्वच्छता पखवाड़ा एवं सोशल मीडिया से नेहरू युवा केन्द्र के सभी सोशल मीडिया साइट को फॉलो करना इत्यादि के बारे ने बताया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुखिया जी द्वारा युवाओं को नेहरू युवा केंद्र के कार्यों में भाग लेने और समाज को बेहतर दिशा में आगे बढ़ाने के लिए आह्वान किया गया। इसके बाद सरपंच पति श्री कृष्णा पासवान जी ने युवाओं को देश का भविष्य होने के नाते समाज उत्थान में अग्रणी भूमिका निभाने को कहा । वार्ड सदस्य श्री मयंक कुमार सिंह द्वारा युवाओं को नेहरू युवा केंद्र के कार्यों से प्रेरणा लेने की बात की।जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केंद्र पूर्वी चंपारण श्री स्वरूप देशभ्रतार द्वारा युवाओं को नेहरू युवा केंद्र के कार्यों के बारे में विस्तार से बताया गया एवम नेहरू युवा केंद्र के कार्यों से जुड़कर समाज कल्याण में भूमिका निभाने को कहा। कार्यक्रम के अंतर्गत मौजूद युवाओं को एवं ग्रामीणों को स्वच्छता शपथ एवं नशा मुक्ति शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम के अंत में स्वच्छता कार्य किया गया साथ ही पौधारोपण कर कार्यक्रम को समाप्त किया गया। इस कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक श्री गोल्डन कुमार मिश्रा एवं राजन कुमार समाजसेवी सौरभ कुमार,अनमोल कुमार मिश्रा, एवं अन्य युवाओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## हरनाही मे प्रभातफेरी निकाली गई

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स) शिवहर। शिवहर ग्रामीण मंडल के हरनाही शक्ति केंद्र के बूथ संख्या 212 – 213 पर आजादी के 75 वीं वर्षगांठ अमृत महोत्सव के अवसर पर बूथ अध्यक्ष सह उप मुखिया राम सेवक राय के नेतृत्व में हरनाही पूर्वी गांव का भ्रमण करते हुए भारत माता कि जयकारे एवं वन्देमातरम के गगनभेदी नारों के साथ प्रभातफेरी निकाल कर 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा फहराने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष राम कृपाल शर्मा, जिला मंत्री सह हर घर तिरंगा कार्यक्रम के सह प्रभारी डॉ नूतन सिंह सहित ग्रामीणों ने कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाई।





# संक्षिप्त समाचार

## बापूधाम मोतिहारी रेलवे स्टेशन पर आज मिथिला एक्सप्रेस के चपेट में आने से एक यात्री की मौके पर मौत हो गई

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मोतिहारी। मिथिला एक्सप्रेस रक्सौल से हाबड़ा जा रही थी,चढ़ने के क्रम में यात्री पहिए के नीचे आ गया । और पटरी पर गिरते ही ट्रेन खुल गई और युवक जिनका उम्र



लगभग 50 वर्ष होगी देखते देखते दो हिस्सो में कट गया, इस घटना को होते ही सभी यात्रियों में अफड़ा तफरी मच गई। मोतिहारी स्टेशन पर दो टुकड़े वाले युवक की शव देखने के लिए अनियंत्रित भीड़ इक्कठा हो गई हैं। आज रक्षाबंधन के अवसर पर स्टेशन पर सामान्य दिन के अपेक्षा कुछ ज्यादा ही भीड़ थी। खबर लिखे जाने तक आधिकारिक रूप से अभी मृतक यात्री की पहचान नहीं हों पाई हैं।

## सेंट्रल बैंक औफ इंडिया ने निकाला हर घर तिरंगा यात्रा

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मोतिहारी। आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत सेंट्रल बैंक औफ इंडिया के क्षेत्रीय कार्यालय , मोतिहारी द्वारा शहर मे हर घर तिरंगा यात्रा निकाली गयी , जिसमे सेंट्रल बैंक औफ इंडिया , क्षेत्रीय कार्यालय , मोतिहारी और स्थानीय शाखा के स्टाफ शामिल हुए स स्वतंत्रता दिवस के जश्न को धूम धाम से मनाने के लिए इस यात्रा के दौरान लोगो के बीच तिरंगा बाँटा गया और हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत लोगो से अपील की गयी कि सभी लोग अपने घर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराए और सोशल मीडिया अकाउंट में तिरंगे की डीपी लगाकर इस अभियान को और सशक्त बनाएं। इस यात्रा मे मौजुद सेंट्रल बैंक औफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय के क्षेत्रीय प्रमुख श्री अनिल अग्निहोत्री ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य लोगों के दिलों में देश भक्ति की भावना जगाना और जन–भागीदारी की भावना से आजादी का अमृत महोत्सव मनाना है। उक्त आशय की जानकारी क्षेत्रीय प्रबंधक अनिल अग्निहोत्री ने दी।



## महागठबंधन की सरकार बनने से वार्ड सचिव में खुशी की जगी किरण : उपेंद्र कुमार सुमन वार्ड सचिव संघ जिला अध्यक्ष सुपौल बिहार

(आलोक बादल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स सुपौल बिहार) सुपौल। बिहार में महागठबंधन की सरकार बनने से प्रदेश के सभी वार्ड सचिवों में काफी खुशी की लहर है।मालूम हो कि पटना के गर्दनीबाग में प्रदेश के वार्ड सचिव के द्वारा 3 सूत्री मांगों को लेकर 15 दिन धरना एवं अनशन किया गया था। साथ ही भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय पर भी अनशन रखा गया था। 3 सूत्री मांगों के बदले में पूर्व पंचायती राज मंत्री अशोक सम्राट बीजेपी नेता के द्वारा वार्ड सचिव पर दिसंबर माह को 2021 इसवी को लाठियां बरसाई गई, एवं 15 वार्ड सचिव को जेल भेजा गया, 5 वार्ड सचिव को लाठी के चोट लगने से कुछ ही दिन बाद इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। वार्ड सचिव संघ के सुपौल जिला अध्यक्ष उपेंद्र कुमार सुमन ने कहा कि सभी वार्ड सचिव को पटना में पुलिस से पिटाई किए जाने के बाद वार्ड सचिव संघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री कामदेव यादव के द्वारा एक स्थाई मांग पत्र श्री तेजस्वी यादव को सौंपा गया था। उन्होंने घटना की निंदा करते हुए कहा कि अगर हमारी पार्टी की सरकार होती तो आप लोगों की मांगे को अवश्य पूरी कर देते। अब बिहार के सभी वार्ड सचिव ये देख रहे हैं कि उपमुख्यमंत्री श्री तेजस्वी यादव बनने के बाद अपने वादे पर कब खड़ा उतरते हैं। यहां तक की उन्होंने 2020 के विधानसभा की चुनाव–प्रचार में भी कई मंचों से वार्ड सचिव से वादा किए थे। कि हमारी सरकार होगी तो वार्ड सचिव का स्थाई किया जाएगा।



## झूलन के शुभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम

(धीरेन्द्र कुमार प्रखंड संवाददाता अयोध्या टाइम्स पिपरा सुपौल पिपरा। रात 11:00 बजे से जागरण का आयोजन बाबा बजरंगबली के स्थान बिशनपूर गाँव वार्ड नंबर –14 , छभ 106 के पश्चिम साइड में अंजलि मियुजिकल ग्रुप के द्वारा हुआ । जिसमें उपस्थित वर्तमान सरपंच श्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, संजीत कुमार मेहता, नारायण मेहता , राम देव मेहता , राजीव कुमार , रंजन एवम अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे । जिन्होंने जागरण कार्यक्रम को पूरे हर्षो उल्लास के साथ किया , जिसमें काफी संख्या में पुरुष और महिलाए भी उपस्थित थी। और पूरे कार्यक्रम का आनंद बड़े धूमधाम से ले रहे थे। युवाओं ने गायकों का हौसला मीठे मीठे तालियों के साथ बढ़ाया और पूर्ण स्वागत किया । जिससे गायक ने पूरे मस्ती में अच्छे अच्छे गीतों के साथ पूरे रात सभी को झूमने का काम किया। कार्यक्रम सफलता पूर्वक और पूर्ण शांति से कार्यक्रम को संपादित करने का कार्य किया। सभी ग्राम वासियों ने कलाकारों को दिल से धन्यवाद दिया।



## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रक्षाबंधन

(सुशील कुमार दैनिक अयोध्या टाइम तुरकौलिया)। सावन की पावन बेला में बहनों ने भाइयों के कलाई पर राखी बांध माथे पर तिलक लगाकर ईश्वर से उन्हें खुश रहने की कामना की और साथ मे भाइयों ने बहनों से उनकी एवं सभी स्त्रियों की मान सम्मान का वचन दिया।



## पकड़ीदयाल प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में आज हर्षोल्लास के साथ मनाई गई रक्षाबंधन पर्व

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) सिरहाकोठी। पकड़ीदयाल प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में आज हर्षोल्लास के साथ मनाई गई रक्षाबंधन पर्व। भाई के प्रति बहनों के ह्रदय में भी खिलाई। बताते चलें कि इस साल की पंचांग के अनुसार और कुछ वतन गुरु के कारण रक्षाबंधन का पर 11 अगस्त को भी कुछ गांव में मनाया गया, किंतु विद्वान महापुरुष आचार्य के सद्बुद्धि की प्रचार प्रसार के



प्यार और बहनों के प्रति भाई के ह्रदय में अगाध प्यार को दर्शाने का भावना उजागर करने के दिन को रक्षाबंधन का पर्व कहा जाता है। आज रक्षाबंधन के अवसर पर पकरीदयाल प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ भाई को बहनों ने राखी बांधकर उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया और उन्हें दीर्घायु रहने की आशीर्वाद के साथ मिठाई कारण 12 अगस्त के शुभम 7:00 बजे तक रक्षा सूत्र भाई के हाथों में बांधे जाने का शुभ संकेत बताया गया था। जिस के उपलक्ष में क्षेत्र के अधिकांश गांव में रक्षाबंधन आज मनाया गया। जानकारी के अनुसार जींद गांव में 11 अगस्त को रक्षा बंधन पर्व मनाया गया था वहां भी बहनों ने अपने भाई को दुबारा आज राखी बांधी है।

## बिहार में 112 नंबर की सेवा के कर्मियों का कार्य सराहनीय, भटकी हुई महिला को उसके घर पहुंचा कर खूब बटोरी वाहवाही

(धीरज सिंह चौहान प्रमंडलीय ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स पटना बिहार) पटना। बिहार में शासन व्यवस्था मजबूत करने के लिए बिहार सरकार लगातार मेहनत कर रही है , सुशासन की सरकार में तरह , तरह के तरकीब को अपनाकर शासन प्रशासन को मजबूत करने की बात कही जा रही थी , इसी बीच यूपी के तर्ज पर बिहार के मुख्यमंत्री , श्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में , 112 नंबर प्रशासन जिससे उत्तर प्रदेश में शासन व्यवस्था मजबूत हुई है , जिसे देखकर कई राज्यों ने भी इसी तरीके का व्यवस्था को अपनाया है , इसी बीच बिहार में भी 112 नंबर बाले भान को प्रत्येक थाने में स्थापित किया गया , जिससे अपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाई जा रही है , बता दें कि 112 नंबर वाले भान में तैनात पुलिसकर्मी अपने कामों को बखूबी अंजाम दे रहे हैं , जिसका जीता जागता सबूत



सेवा के लिए टोल फ्री नंबर एवं प्रशासनिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए112 नंबर की व्यवस्था की गई , जो मुख्यमंत्री का यह व्यवस्था साकार होता नजर आ रही है , बाढ़ के मलाही गांव में , एक बिहार शरीफ की महिला भटक कर पहुंची , जहां स्थानीय , युवा समाजसेवी , आनंद कुमार नेब, 112 नंबर पर डायल कर जैसे सूचना दी 10 मिनट के अंदर 112 नंबर का बैन के साथ प्रशासन पहुंची , एवं भटके हुए महिला को बिहार शरीफ उनके गंतव्य स्थान को सुरक्षित पहुंचाने का काम किया इससे स्थानीय लोग काफी खुश नजर आ रहे हैं , बताते चले की उत्तर प्रदेश में योगी जी की सरकार आने पर इसी तरीके का व्यवस्था किया गया था , बाढ़ के मलाही गांव में देखने को मिला , मलाही गांव निवासी आनंद कुमार बताते हैं , कि जैसे ही हमने 112 नंबर भान को फोन किया वैसे ही , 10 मिनट के अंदर भान हमारे गांव पहुंचकर , भटके हुए महिलाओं से बात कर पूरी जानकारी प्राप्त कर संबंधित थाना को सूचित कर उन्हें सुरक्षित उनके घर पहुंचाने का काम किया , आनंद कुमार बताते हैं , कि इससे आसपास के स्थानीय लोग प्रशासन की सक्रियता देखकर काफी गदगद नजर आ रही है , बताई जा रही है कि महिला बिहार शरीफ से किसी प्रकार से भटकते हुए बाढ़ पहुंच आई थी , जिन्हें ग्रामीणों के द्वारा देखा गया और उनसे पूछताछ कर प्रशासन को सूचना दी गई।

## कोरोना की बूस्टर डोज लगाने को ले चलेगा विशिष अभियान

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। आगामी 30 सितंबर तक अमृत महोत्सव आयोजन के तहत कोरोना की बूस्टर डोज लगाने के लिए स्पेशल कैंपेन की जाएगी।अभियान में लोगों को जन जागरूकता के लिए आंगनवाड़ी सेविकाएं भी सहयोग करेंगी।ताकि कोरोना की बूस्टर डोज लगाई जा सके। बाल विकास निदेशालय ने भी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को पत्राचार कर सहयोग के लिए परियोजनाओं को निर्देशित करने के लिए कहा है।मिली जानकारी के मुताबिक आजादी का 75 वां वर्ष पूरा हो चुका है।इस अवसर पर देश भर में अमृत महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। जिसमें अब कोरोना से बचाव को भी जोड़ा गया है। जन जागरूकता के लिए बाल विकास को भी अभियान से जोड़ा गया है। ताकि 18 साल से अधिक के सभी लोगों को बूस्टर डोज दी जा सके। जानकारों का कहना है कि 18 साल से ऊपर के वैसे लोगों को कोरोना की तीसरी यानी बूस्टर डोज दी जानी है।

## पंचायतों की बदलेगी सूरत, डीएम ने स्वच्छ बिहार अभियान द्वितीय चरण के कार्यशाला का किया उद्घाटन

- प्रत्येक पंचायत को ई रिक्शा गाड़ी तथा प्रत्येक वार्ड को पैदल गाड़ी कचरा उठाने के लिए दिए जाएंगे

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स) शिवहर। जिला पदाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता ने खुले में शौच से मुक्ति सहित ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन द्वारा साफ–सफाई स्वच्छता से संबंधित स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान द्वितीय चरण कार्यशाला का दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया है।

जिला जल एवं स्वच्छता समिति के तत्वधान में आयोजित कार्यक्रम में डीएम ने अपने संबोधन में कहा है कि देश के सभी राज्यों और गांव ने स्वयं को खुले में शौच मुक्त घोषित किया है। अब समय आ गया है कि हम प्राप्त लाभों को बनाए रखें ताकि देश, राज्य के साथ गांव स्वच्छ भारत मिशन के द्वितीय चरण में ओडीएफ प्लस बन सके। डीएम ने संबोधन में बताया है कि जिले के प्रत्येक पंचायत स्वच्छ एवं साफ हो इसके लिए सभी मुखिया, वार्ड सदस्य ,सचिव की जिम्मेदारी है कि वे अपने–अपने क्षेत्र में सफाई पर विशेष ध्यान रखें। खुले में शौच मत करें, और ना करने दे। जितने भी स्वच्छता करनी है अब इस जिम्मेदारी को समझें और मुस्तैदी से अपने कार्य को करें। इससे पूर्व सभी अतिथियों का फूल का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ में उप विकास आयुक्त सह अपर समहार्ता कृष्ण मोहन सिंह, अपर अनुमंडल पदाधिकारी व विशेष पदाधिकारी विनीत कुमार, अल्मा मुख्तार, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, चमनपुर मुखिया मुकेश कुमार सिंह, दोस्तियां पंचायत के मुखिया सुनैना देवी, परसौनी बैज के मुखिया भाग्य नारायण साह सहित अन्य ने दीप प्रज्वलन कार्यक्रम में भाग लिया।

डीएम मुकुल कुमार गुप्ता एवं लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के जिला समन्वयक विद्यानंद कुमार ने बताया कि जिले के सभी 53 पंचायतों के मुखिया एवं वार्ड सदस्य सचिव इस कार्यक्रम में अहम भूमिका







निभाएंगे तभी यह कार्यक्रम सफल होगा। बताया है कि ग्रामीण क्षेत्र में सार्वजनिक जगह पर कचरा निस्तारण को लेकर सरकार ने सात निश्चय पार्ट 2 के तहत यह अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य किया जाएगा एवं इसे तैयार जैविक खाद से खराब हो रहे उर्वरा शक्ति पर विराम लगाने के साथ स्वच्छता अभियान को भी सफल बनाया जाएगा।

कार्यक्रम में मुखिया हरनाही खुशबू देवी के पति अविनाश कुमार, मंसूर आलम, गोरे मुखिया, मथुरापुर कहतरवा पंचायत के मुखिया पति संजीव कुमार सिंह, मुखिया रवि कुमार, मुखिया आलोक कुमार सहित सभी मुखिया गण, पंचायत सचिव ,वार्ड सदस्य एवं स्वच्छता कर्मी मौजूद थे।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी श्री शीर्षत कपिल अशोक की अध्यक्षता में निर्वाचन से सम्बंधित चल रहे सभी कार्यों की समीक्षात्मक बैठक की गयी



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी श्री शीर्षत कपिल अशोक की अध्यक्षता में जिले के सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों के साथ जिले में निर्वाचन से सम्बंधित चल रहे सभी कार्यों की समीक्षात्मक बैठक की गयी। बैठक में वर्तमान में चल रहे निर्वाचको के आधार संग्रहण अभियान एवं निर्वाचक सूची की पुनरीक्षण से सम्बंधित पूर्व गतिविधियों के कार्यों की समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम में सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को निदेशित किया गया की आयोग के निदेश के आलोक में जिले के सभी निर्वाचको का आधार डेटा संग्रहित कर निर्वाचक सूची में निर्वाचको के डेटा के साथ इसे लिंक किया जाना है। उन्हें निदेशित किया गया की वे नियमित रूप से बी.एल.ओ के कार्यों की समीक्षा करें तथा निर्वाचकों का आधार संग्रहण कार्य में प्रगति लाएँ। सभी बी.एल.ओ घर घर जाकर गरुड़ ऐप के माध्यम से सभी निर्वाचको का आधार संकलित करेंगे। यह कार्य हर हाल में निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत पूर्ण कर ली जानी है। निर्वाचक स्वयं भी चाहे तो भारत निर्वाचन आयोग के वोटर हेल्प लाइन मोबाइल एप तथा वोटर पोर्टल या एन.वी.एस.पी. लिंक पर जाकर अपने निर्वाचक डेटा को अपने आधार से लिंक कर सकते हैं इस सम्बंध में व्यापक जागरूकता अभियान चलने का निदेश उप निर्वाचन पदाधिकारी को दिया गया ताकि सभी निर्वाचक स्वयं अपने मोबाइल के माध्यम से निर्वाचक सूची में अपने डेटा के साथ अपना आधार लिंक कर सकें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा नरकटिया, मोतिहारी, मधुबन एवं रक्सौल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कार्य की धीमी प्रगति पर अप्रसन्नता व्यक्त किया।

तथा कार्य प्रगति में त्वरित सुधार का आदेश सम्बंधित पदाधिकारियों को दिया। वर्तमान में आयोग के द्वारा इस माह के प्रारम्भ से नए फारमेट में प्रपत्र 6, 7 एवं 8 जारी की गयी है।

उक्त प्रपत्रों का पुराना फारमेट अब प्रभावी नहीं रह गया है। सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को नए फोरमेट का ही उपयोग करने का निदेश दिया गया तथा निदेशित किया गया की आवेदकों से नियमित रूप से प्राप्त होने वाले सभी आवेदनों का त्वरित एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिशित करें। इसमें किसी तरह से शिथिलता नहीं बरती जाए। निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों के साथ जिले के राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ भी बैठक की गयी। बैठक में जदयू की जिला अध्यक्षा श्रीमती मँजू देवी, राजद के प्रतिनिधि श्री चंदेश्वर प्रसाद यादव, भाकपा के जिला सचिव श्री विजय शंकर सिंह, माकपा के जिला सचिव श्री सुधीर प्रसाद सिंह, बसपा के प्रतिनिधि श्री ओम् प्रकाश राम एवं लोजपा के श्री धरनीधर मिश्र उपस्थित थे। सभी राजनैतिक दलों को परिवर्तित प्रपत्रों, वर्तमान में चल रहे निर्वाचको के आधार संग्रहण अभियान तथा पुनरीक्षण कार्यक्रम के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया तथा उनसे अनुरोध किया गया की वे सभी मतदान केंद्रों पर अपना बी.एल.ए शीघ्र नियुक्त करें तथा आयोग के उपरोक्त कार्यक्रम में अपना प्रभावी सहयोग प्रदान करें।

## दिव्यांगजनों के यूडीआईडी कार्ड निर्माण को लेकर प्रखंडवार आयोजित होगा शिविर

- शिविर में यूडीआईडी कार्ड निर्माण के लिये जरूरी प्रमाणपत्र के साथ किया जा सकेगा आवेदन
- जिलाधिकारी के निर्देश पर शिविर के तिथि का हुआ निर्धारण जरूरी तैयारियों को दिया जा रहा अंतिम रूप

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) किशनगंज। जिले के ऐसे दिव्यांगजन जिन्हें, दिव्यांगता प्रमाण पत्र पूर्व में निर्गत किया जा चुका है।लेकिन, किसी कारण से अब तक उनका यूडीआईडी कार्ड नहीं बना पाया है। ऐसे दिव्यांगजनों के जिले में विशेष पहल की जायेगी। यूडीआईडी कार्ड निर्माण को लेकर दिव्यांगजनों से आवेदन प्राप्त करने के उद्देश्य से प्रखंडवार शिविर का आयोजन किया जायेगा। निदेशक दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय से प्राप्त निर्देश के आलोक में जिला प्रशासन द्वारा प्रखंडवार शिविर आयोजन को लेकर जरूरी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जिलाधिकारी, श्री श्रीकांत शास्त्री के निदेशानुसार आगामी 16 अगस्त से निर्धारित 14 सितम्बर तक तिथि के मुताबिक प्रखंडवार शिविर का आयोजन किया जायेगा।

सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर ने इस संबंध में बताया कि प्रखंडवार आयोजित होने वाले शिविर के लिए अलग–अलग तिथि निर्धारित की गयी है। शिविर में यूडीआईडी कार्ड के लिये दिये जाने वाले आवेदन के साथ सभी जरूरी प्रमाणपत्र संलग्न करना जरूरी होगा। इसमें दिव्यांगजन के आधार कार्ड, दिव्यांगता प्रमाणपत्र, दो फोटो, बैंक पासबुक की मूल प्रति के साथ–साथ एक छायाप्रति लाना अनिवार्य है। इसके लिये किसी तरह का कोई शुल्क देय नहीं है। आगामी 16 अगस्त से निर्धारित 14 सितम्बर तक प्रखंडवार आयोजित होगा शिविर जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के निर्देशानुसार जिले के बहादुरगंज प्रखंड मुख्यालय परिसर सहित अन्य 4 जगहों में शिविर का आयोजन 16,17,18 एवं 20 अगस्त ,कोचाधामन प्रखंड में शिविर का आयोजन 22,23 व 24 अगस्त पोठिया प्रखंड में 25, 26 एवं 27 अगस्त को, दिघलबेंक प्रखंड में प्रखंड मुख्यालय सहित अन्य 0 जगहों में शिविर का आयोजन 29 , 30 ,31 अगस्त एवं 01 सितम्बर , ठाकुरगंज प्रखंड में शिविर का आयोजन 02 ,03 , 05 एवं 06 सितम्बर को तेधागाछ प्रखंड मुख्यालय में शिविर का आयोजन 07,08 ,09 एवं 10 सितम्बर को वही किशनगंज प्रखंड में 12 , 13 एवं 14 सितम्बर को शिविर का संचालन सुबह 10 बजे से शाम 05 बजे तक किया जायेगा।

जिलाधिकारी, श्रीकांत शास्त्री ने बताया दिव्यांगजनों को यूडीआईडी निर्गत करने के उद्देश्य से प्रखंड स्तर पर आयोजित विशेष शिविरों में प्रखंड विकास पदाधिकारी नियंत्री पदाधिकारी के तौर पर कार्य सम्पादित कराना सुनिश्चित करेंगे।वहीं संबंधित स्वास्थ्य केन्द्रों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी संयोजक पदाधिकारी के तौर पर कार्यों का निष्पादन करेंगे। शिविर में प्राप्त ऑफलाइन आवेदनों एवं प्राप्त दस्तावेजों तथा लाभार्थी की विवरणी को http://www-swdbihar-in/UDID/Home-aspx पर प्रविष्ट किया जायेगा।उन्होंने बताया इन शिविरों में दिव्यांगजन अपने दिव्यांगता प्रमाण पत्र के सत्यापन हेतु आवश्यक दस्तावेजों के रूप में अपना फोटो, आधार कार्ड,दिव्यांगता प्रमाण पत्र, बैंक खाता की छाया प्रति साथ में अवश्य लेकर आयें। वहीं यदि कोई नये दिव्यांगजन अपना दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाने के लिए इन शिविरों में आते हैं तो उन्हें यूडीआईडी पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन किये जाने हेतु सिविल सर्जन कायार्लय से संपर्क किये जाने हेतु मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। विशेष शिविरों की मॉनिटरिंग के लिए गठित किये जायेंगे सेल– जिलाधिकारी, श्रीकांत शास्त्री ने बताया जिले में दिव्यांगजनों को प्रदान किये जाने वाले यूडीआईडी कार्ड के त्वरित निष्पादन एवं मॉनिटरिंग के लिए सिविल सर्जन की अध्यक्षता में अनुमंडल पदाधिकारी, सहायक निदेशक, जिला प्रबंधक आदि का मॉनिटरिंग सेल का गठन किया जाना है,जो यूडीआईडी पंजीयन शिविर की व्यवस्था एवं प्राप्त आवेदनों की सतत् अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण करेंगे। यदि कोई दिव्यांगजन निर्धारित तिथि के बाद अपना आवेदन लेकर आते हैं तो उनका आवेदन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर जमा लेते हुए नियमानुसार सहायक निदेशक,





जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण कोषांग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निदेशित करते हुए जिलाधिकारी श्री श्रीकांत शास्त्री ने बताया इस शिविर के आयोजन से पूर्व प्रचार–प्रसार के लिए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए स्थानीय जनप्रतिनिधि,विकास मित्र, पंचायत सचिव, महिला पर्यवेक्षिका, आशा कार्यकर्त्ता आदि का सहयोग लेते हुए वार्ड स्तर तक इन शिविरों की सूचना प्रेषित होना सुनिश्चित करेंगे।

# संक्षिप्त समाचार

## किशनगंज जिलाधिकारी श्री श्रीकांत शास्त्री ने आमजन से किया अपील

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार। आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत हर हर तिरंगा कार्यक्रम जिलांतर्गत 13–15 अगस्त को मनाया जा रहा है।जिला प्रशासन प्रत्येक घर को तिरंगा उपलब्ध कराने और झंडा फहराए जाने हेतु कृत संकल्पित है। आम जनों से अपील है कि अपने अपने घर और प्रतिष्ठान पर तिरंगा अवश्य फहराए और झंडे के प्रति सम्मान प्रकट करें।

## रोसड़ा में तेज रफ्तार गाड़ी के चपेट से महिला की मौत, बाल बाल बचें पति और तीन बच्चे

निरंजन जायसवाल ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स समस्तीपुर समस्तीपुर जिले के रोसड़ा में तेज रफ्तार गाड़ी के चपेट से महिला की मौत बाल बाल बचें पति और बच्चे ताजा मामला रोसड़ा थाना क्षेत्र के मुरादपुर गांव की है, जहां गुरुवार को ट्रेक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार महिला की मौत हो गई। मृतक की पहचान बिथान थाना क्षेत्र के चंदौली गांव निवासी मोव उस्मान की पत्नी मजिदन खातुन (30 वर्ष) के रूप में हुई है। वहीं हादसे में महिला के पति सहित तीन छोटे–छोटे बच्चों की जान बच गई। घटना के बाद ट्रेक्टर चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। महिला की मौत के बाद आक्रोशित स्थानीय लोगों ने मुआवजे की मांग को लेकर 7 घंटे तक रोसड़ा–हथौड़ीकोठी जाने वाली सड़क पर बांस बल्ला लगाकर यातायात बाधित कर दिया। घटना को लेकर महिला के पति मोव उस्मान ने बताया वह तीन छोटे–छोटे बच्चों



के साथ वह अपने घर चंदौली से पत्नी के मायके खानपुर थाना क्षेत्र के इलमासनगर धर्मपुर बाइक से जा रहे थे। इसी बीच रोसड़ा थाना क्षेत्र के मुरादपुर गांव स्थित गरैरी टोला के समीप पीछे से तेज गति से आ रही ट्रेक्टर चालक ने उसकी बाइक में ठोकर मार दिया। जिससे बाइक पर पीछे बैठी पत्नी गिरकर ट्रेक्टर के नीचे चली गई, जिससे कुचलकर पत्नी की मौत हो गई। उसकी गोद में एक वर्ष की बेटी व दो बेटा भी मौजूद था। गोद में बैठी एक वर्ष की बेटी सड़क पर गिरकर जख्मी हो गयी। इस संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## भाई-बहन के अटूट प्रेम और अखंड विश्वास का पवित्र पर्व है रक्षाबंधन

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता डॉ मनीष कुमार सिंह मोतिहारी पूर्वी चम्पारण। सावन की पूर्णिमा को रक्षाबंधन मनाया जाता है सावन की पावन बेला में बहनों ने भाइयों के कलाई पर राखी बांध माथे पर तिलक लगाकर आरती दिखाकर मिष्ठान खिलाकर मुंह मीठा करती है। फ्लाइंग बॉल एसोसिएशन ऑफ बिहार के जनरल सेक्रेटरी डॉ मनीष कुमार सिंह ने अपने बहन मिक्की ,संध्या,अंतिमा और नेहा से राखी बंधवाया। हम सभी भाइयों के जीवन में आप सभी बहनों का प्यार होना बहुत आवश्यक होता है। मैं वो खुद नसीब भाई हूं की प्यार करने वाले बहन मुझे मिला है।मैं अपनी बहन की रक्षा करने का वचन देता हूं।और बहन ईश्वर से प्रार्थना करती है ।कि मेरा भाई सौ साल जिए। मेरा भाई खुश रहे और मेरे भाई के जीवन में कोई कठिनाई



न आए। मेरा भाई ताकतवर हो इसके लिए बहन अपने भाई के प्रति ईश्वर से प्रार्थना करती है। कि हे ईश्वर मेरे भाई को सहनशीलता, ज्ञान और ताकत प्रदान करो हे ईश्वर। ताकि मेरा भाई समय पर मेरी सुरक्षा कर सके। भाई ने अपनी तरफ से बहन को वचन दिया की मैं जब तक रहूंगा ।तब तक मैं आपकी जीवन की रक्षा करूंगा। आप हमेशा खुश रहो मेरे घर में आपके आ जाने से खुशियां हमेशा भरी रहती है। बहन मैं आपको रक्षा करने का वचन देता हूं। खुद नसीब होती है वह बहाने जिन्हें उनकी रक्षा करने वाला भाई मिलता है । भाई–बहन के अटूट प्रेम और अखंड विश्वास का पवित्र पर्व रक्षाबंधन है।

## नीतीश कुमार को पलटने पर भाजपा ने दिया किसान मैदान में धरना

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स) शिवहर। जिला भाजपा के जिला अध्यक्ष संजीव कुमार पांडे के नेतृत्व में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा जनता के जनादेश के खिलाफ पलटने पर रोष व्यक्त करते हुए किसान मैदान में धरना पर बैठ गए हैं। जिला अध्यक्ष संजीव कुमार पांडे ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि जो पार्टी अपने बूते सीएम नहीं बना सकी, वह देश का पीएम बनने का ख्वाब देख रही है। बिहार की भाजपा कभी भी सत्ता के लिए लालायित नहीं रही है। लेकिन जनता के जनादेश का अपमान सहन नहीं कर सकता। धरना पर बैठे





मधुबन विधायक राणा रनधीर सिंह,उपाध्यक्ष रामकृपाल शर्मा, नंदकिशोर चौधरी, डॉ राम बहादुर गुप्ता, भाजपा जिला मंत्री डॉ नूतन माला सिंह, भाजपा महिला अध्यक्ष पुनीता चौधरी, नितीश भारद्वाज, जिला परिषद सदस्य मंडल अध्यक्ष राम कृष्ण कुमार,धमेन्द्र पाण्डेय, पंकज पाण्डेय, सांसद प्रतिनिधि राजेश कुमार राजू, भाजपा नगर अध्यक्ष जयप्रकाश गुप्ता पिपराही मंडल महामंत्री गोपाल कुमार ठाकुर, विक्रम कुमार, अशोक अलबेला,सहित जिला भाजपा इकाई के सैकडों कार्यक्रता धरना पर बैठे हुए हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## सैकड़ों मील दूर जाकर बहनों ने भाइयों को बांधी राखी



दैनिक अयोध्या टाइम्स
बाराबंकी। भाई–बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन का त्यौहार क्षेत्र के विभिन्न गांवों एव कस्बों में परंपरागत रूप से मनाया गया सगी व मुंह बोली बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र के दो धागे बांधकर भाई–बहन के प्रेम को पुष्ट कर दिया ।रक्षाबंधन त्यौहार पर सैकड़ों किलोमीटर चल करके सगी व मुंह बोली बहनों ने अपने भाइयों के यहां पहुंचकर रोली चंदन हल्दी अच्छत आदि से अपने भाइयों के टीका लगाकर उनकी कलाई में रक्षा सूत्र के दो धागे बांधकर उनकी सुख समृद्धि व लंबी उम्र की कामना किया वही भाइयों ने अपनी बहनों को यथा शक्ति उपहार आदि देकर उनकी जीवन पर्यंत रक्षा किए जाने का वचन दिया ।त्यौहार में अमन चौन बने रहे जिसके लिए प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार सिंह पुलिस फोर्स के साथ गस्त पर मुस्तैद रहे।

## महिला व पुरुष पुलिस कर्मियों के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गई

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ताउतरौला (बलरामपुर)। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक बलरामपुर राजेश कुमार सक्सेना के नेतृत्व में हर घर तिरंगा यात्रा कार्यक्रम के दृष्टिगत उतरौला में क्षेत्राधिकारी



उदय राज सिंह, प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह एवं कोतवाली उतरौला क्षेत्र के अंतर्गत तैनात महिला व पुरुष पुलिस कर्मियों के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गई।
तिरंगा यात्रा श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहा से से प्रारम्भ हुआ। तिरंगा यात्रा में एसपी राजेश कुमार सक्सेना, सीओ उदय राज सिंह, प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह समेत सभी महिला व पुरुष पुलिस कर्मी हाथ में तिरंगा लेकर, डीजे पर बज रहे देशभक्ति गीतों पर मार्च पास्ट करते हुए आगे बढ़ रहे थे। तिरंगा यात्रा देश प्रेम व एकता का संदेश देते मुख्य मार्ग से होते हुआ डॉक्टर अंबेडकर चौराहा पहुंचा । वहां से वापस होकर कोतवाली परिसर पहुंचा। जहां राष्ट्र–गान गा कर तिरंगा का समापन किया गया।
इस अवसर पर निरीक्षक रामनारायण, कस्बा चौकी प्रभारी गुरु सेंसिंग, महिला रिपोर्टिंग चौकी प्रभारी अनुपम त्यागी, गांधीनगर चौकी प्रभारी राजीव मिश्रा समेत उतरौला कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत तैनात सभी महिला व पुरुष पुलिसकर्मी मौजूद रहे ।

## पुलिस बल के जवानों ने निकाली तिरंगा यात्रा, क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में निकली तिरंगा यात्रा

अयोध्या टाइम्स संवाददाता सगड़ी आजमगढ़
सगड़ी– आजमगढ़– सगड़ी तहसील क्षेत्र के जीयनपुर कस्बे में क्षेत्राधिकारी सगड़ी अनिल कुमार वर्मा के नेतृत्व में पुलिस बल के जवानों ने तिरंगा यात्रा निकाली।



क्षेत्राधिकारी सगड़ी अनिल कुमार वर्मा के नेतृत्व में जीयनपुर रौनापार बिलरियागंज महाराजगंज की पुलिस बल के जवानों ने जीयनपुर डाक बंगला पर एकत्रित होकर शुक्रवार की शाम 6रू00 बजे तिरंगा यात्रा की शुरुआत की जिसमें देश भक्ति की धुन पर तिरंगा यात्रा जीयनपुर कस्बे के मुख्य मार्ग पर चलते हुए चारों मार्गो का भ्रमण किया इस दौरान पुलिस के जवान भारत माता के जयकारे लगाते रहे वहीं कस्बे में पुलिस के जवानों के द्वारा निकाली गई तिरंगा यात्रा करसन का केंद्र बनी रही वहीं कस्बे में दुकानदार अपनी दुकानों के सामने खड़े होकर तिरंगा यात्रा का सम्मान किया तिरंगा यात्रा में मुख्य रूप से क्षेत्राधिकारी सगड़ी अनिल कुमार वर्मा जीयनपुर कोतवाल यादवेंद्र पांडेय, रौनापार थाना प्रभारी अखिलेश पांडेय सहित शाहरुख थाना के पुलिस बल के जवान मौजूद रहे।

## अभिषेक राय के नेतृत्व में निकाली गई तिरंगा यात्रा

अयोध्या टाइम्स संवाददाता सगड़ी आजमगढ़
सगड़ी– आजमगढ़– सगड़ी तहसील क्षेत्र के नगर पंचायत जीयनपुर में भाजपा नेता अभिषेक राय के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा पूरे नगर पंचायत का भ्रमण करते हुए समाप्त हुई। इस दौरान भारत माता की जय जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज रहा था। इस दौरान अभिषेक राय ने बताया 15 अगस्त को भव्य तरीके से तिरंगा यात्रा



निकाली जाएगी। अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा कार्यक्रम चल रहा है। जो बहुत ही सराहनीय है। इस मौके पर हिमांशु जायसवाल, संदीप सिंह, विकास राय, चंद्रजीत यादव, राजाराम सोनकर, गुड्डू राय, सिद्धनाथ राय आदि मौजूद थे।

## भाजपा नेता राधेश्याम सिंह गुड्डू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने निकाला पद तिरंगा यात्रा

जिला संवाददाता बजरंगी विश्वकर्मा महराजगंज आजमगढ़ ।
भारत की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगाठ को आजादी का अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है द्य इसी क्रम में आज भारतीय जनता पार्टी के महराजगंज इकाई के कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राधेश्याम सिंह गुड्डू की अगुआई में पैदल तिरंगा यात्रा निकाली गई। देश राष्ट्रीय प्रतीक तिरंगा झंडा लिए सैकड़ो लोग इस यात्रा में भारत





माता की जय के नारों के साथ सहदेवगंज मोड़ से चलकर नया चौक होते हुए भैरव बाबा स्थान पर समाप्त हुआ द्य इस दौरान भाजपा नेता राधेश्याम सिंह गुड्डू व महराजगंज इकाई के सक्रिय कार्यकर्त्ता विवेक सिंह ने नये चौक पर लगी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित लक्ष्मी कांत मिश्र की प्रतिमा को नमन किया । इस पुरे पद यात्रा में सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी कमलकांत वर्मा पुलिस बल के साथ चलते रहे और तिरंगा यात्रा को सकुशल संपन्न होने तक भ्रमनशील रहकर निगरानी करते नजर आये । इस मौके पर पुजारी राजभर,सुनील जायसवाल, महाकाल तेजबहादुर सिंह पंकज मिश्र सहित सैकड़ो कार्यकर्त्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे ।

## आजादी का अमृत महोत्सव बड़े ही धूम-धाम से मना रहे हैं मुस्लिम मोहर्रम कमेटी व सर्व समाज के लोग

दैनिक अयोध्या टाइम्स
बाराबंकी। शहर के मोहल्ला पीरबटावन के जलील चौराहा पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत मोहर्रम कमेटी अहले सुन्नत के पदाधिकारियों ने एक सभा का आयोजन किया कमेटी के अध्यक्ष ताज बाबा राईन ने उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए नगर एवं क्षेत्र वासियों को बड़ी तादात में झंड़े बाटे कमेटी के संरक्षक शुऐब राईन ने अपील की है आप लोग अपने अपने घरों पर झंडा अवश्य लगाएं भारत सरकार के आवाहन पर शासन की मंशानुरूप इस बार 75 वे स्वतंत्रता दिवस को आजादी के अमृत महोत्सव के रूप में पूरी गरिमा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा 15 अगस्त वाले दिन हर घर तिरंगा लहराऐगा कोई भी घर व दुकान छूटने न पाए कमेटी के समस्त पदाधिकारियों ने जन–जन अभियान चलाने का ठोस कदम उठाया है हर घर तिरंगा लहराएगा मोहर्रम कमेटी की ओर से घर–घर तिरंगा अभियान इस मौके पर



मोहर्रम कमेटी के संरक्षक शुऐब राईन–महामंत्री आसिफ एडवोकेट–उपाध्यक्ष हाजी उसामा अंसारी–मंत्री सलमान उर्फ सल्लू,कोषाध्यक्ष रईस अंसारी–मोहम्मद आदिल सुहैल अहमद अंसारी–सेठी चौधरी–हफीज सलमानी–वैस सलमानी–शकील सलमानी–दिलशाद वारसी,भुल्लू चौधरी,जावेद लड्डन–फखरुद्दीन मोहम्मद मुबीन राईन,गुलाम हुसैन उर्फ मुन्ना नदीम आदि लोग उपस्थित हुए ।

## अशोक चक्र के बिना भारतीय राष्ट्रीय ध्वज धारण करने वालों पर देशद्रोह?

डेमोक्रॅटिक आरपीआई पैंथर स्टाइल दबोच लेंगे
मुंबई डी (प्रतिनिधि) हर घर त्रिरंगा के अनुसार देश मे हर जगह तिरंगा फहराया जा रहा है। लेकिन बिना अशोक चक्र के तिरंगा फहराया तो है। शोभा यात्रा में रैली में बाइक और साइकिल का इस्तेमाल किया जा रहा है. डॉ. पैंथर राजन माकणीकर ने यह भी कहा कि अगर राष्ट्रीय ध्वज के बिना अशोक चक्र दिखाई देता है, तो ऐसे आयोजक प्रायोजकों को



राष्ट्रद्रोह के कानून से कारवाई करणे की मांग रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय महासचिव पन्थेर डॉ. राजन माकनीकर ने राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को ईमेल के माध्यम से की है।
देश की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर एक नई चेतना जागृत हुई है। हालांकि, जब ऐसा हो रहा है, भारतीय ध्वज बिना अशोक चक्र के बाजार में बेचा और फहराया जा रहा पैंथर शैली मे जवाब दिया जायेगा। अशोक चक्र के बिना भारतीय राष्ट्रीय ध्वज को अपवित्र किया जा रहा है और इस तरह का अपमान करने वाले कावयकति, प्रवृत्ती और कंपनी के खिलाफ राष्ट्रद्रोह का मुकदमा लिया जाना चाहिए और मुख्यमंत्री कार्यालय के माध्यम से राज्य को निर्देश और आदेश दिए जाने की राय विद्रोही पत्रकार डॉ. राजन माकणीकर ने दी।

## श्रेष्ठ समाज संस्था द्वारा सेना के जवान पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को संस्थाओं की महिलाओं ने राखी बांधी

दैनिक अयोध्या टाइम्स
हल्द्वानी उत्तराखंड। एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू सदस्य मार्गदर्शक पूजा लटवाल के नेतृत्व में संस्था के माध्यम से रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर आम जनमानस की सेवा के लिए अपना घर परिवार छोड़कर रात दिन समाजहित एवं भारतहित में कार्य कर रहें हल्द्वानी आर्मी कैंट में भारतीय सेना के जवानों व पुलिस के जवानों सहित प्रशासनिक पुलिस के जवानों सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने अपने स्वयं के घरों और परिवारजनों से हजारों किलोमीटर दूर रहकर भारत देश की सुरक्षा के लिए आस्थापूर्ण निष्ठापूर्ण श्रद्धापूर्ण भाव से तैनात होकर भारत देश की उन्नति प्रगति के लिए हमेशा कार्य कर रहे है इसलिए हम सभी भारतीयों का यह कर्तव्य है कि हम अपने भारतीय सेना के जवानों व पुलिस के जवानों सहित प्रशासनिक अधिकारियों के मनोबल बढ़ाने के



अधिकारियों को संस्था महिला पदाधिकारियों ने राखी बांधकर उज्जवल भविष्य की भगवान से प्रार्थना की।
इस दौरान एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था सदस्य निकिता साहू सदस्य पूजा जोशी ने संयुक्त रूप से कहा कि भारतीय सेना के जवानों व पुलिस के जवानों सहित प्रशासनिक अधिकारियों के समाजहित एवं भारतहित कार्य यह दर्शाता है की राष्ट्र की कुशलता से बड़ा कोई परिवार और सुख चौन नहीं होता है क्योंकि भारतीय सेना के जवानों व लिए है हम सभी भारतीयों को हर त्यौहार अपने प्यारे भारतीय सेना के जवानों के साथ मिलकर मनाना चाहिए जिससे उन्हें कभी घर परिवार की कमी महसूस न हो।
इस दौरान राखी बांधने में संस्था सदस्य निकिता साहू पूजा लतवाल अंशिका साहू पूजा जोशी किरन माहेश्वरी प्रीति गुप्ता लक्ष्मी हालदार हिमानी गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था कोषाध्यक्ष बलराम हालदार एक्टर साहिल राज रितिक साहू ने सहयोग किया।

## भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा हर घर तिरंगा अमृत महोत्सव का आयोजन

सहारनपुर। आज भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के क्षेत्रीय सह संयोजक



एजाज मलिक जनता रोड़ ग्राम खुर्द सहारनपुर में 75अमृत महोत्सव हर घर तिरंगा अभियान प्रोग्राम में उपस्थित रहे। राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा जमाल सिद्दीकी जी हरियाणा वक्फ बोर्ड के चेयरमैन चौधरी जाकिर हुसैन जी क्षेत्रीय अध्यक्ष जावेद मलिक जी अल्पसंख्यक मोर्चा के हैदर चौधरी जिला अध्यक्ष मौजूद रहे तथा हजारों की तादाद में मुस्लिम समुदाय के लोग मौजूद रहे।

## मां सेवा संकल्प संस्थान के अध्यक्ष व समाजसेवी सतेंद्र वर्मा ने कलमकारों को किया सम्मानित





दैनिक अयोध्या टाइम्स
बाराबंकी।समाज सेवी व मां सेवा संकल्प संस्थान के अध्यक्ष सतेंद्र वर्मा ने कलमकारों को कलम देकर किया सम्मानित।रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर शुक्रवार की दोपहर सीता विहार कालोनी जानकी पुरम लखनऊ निवासी समाज सेवी व मां सेवा संकल्प संस्थान के अध्यक्ष सतेन्द्र वर्मा देवां विकास खंड क्षेत्र के अंतर्गत स्थित अपने पैतृक गांव जा रहे थे।श्री वर्मा अपने परिवार के साथ लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग होते हुए अपने गांव जा रहे थे की इसी दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम सुकलाई के निकट स्थित इण्डियन ढाबे पर पत्रकार विकास चौहान और बलवंत सिंह पर उनकी नजर पड़ी।तत्काल श्री वर्मा ने अपनी कार को रोका और ढाबे पर कार खड़ी करके पत्रकारों से मिले और उन्हें अपने गले से लगा लिया इस दौरान कलमकारों ने श्री वर्मा को रक्षाबंधन और स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। जिसके बाद श्री वर्मा ने बहुत ही संजोकर रखे गए कीमती कलम पत्रकारों को भेंट किए। इस सम्मान के विषय में पत्रकारों द्वारा पूछने पर श्री वर्मा ने बताया की हम कई दिनों से आप लोगों को एक उपहार भेंट करना चाहते थे और आज वह समय आया है और आप हमे मिल गए ।यह छोटा सा उपहार आपकी निष्पक्ष लेखनी और उत्कृष्ट कार्यों के लिए हमारे द्वारा दिया जा रहा है। आप लोग विपरीत मौसम व विपरीत परिस्थितियों में भी निशुल्क समाचारों का संकलन करते है और समाज को दिखाते हैं। समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाने में आप लोगों का अहम योगदान है और आप लोग इसके लिए निरंतर निशुल्क प्रयासरत रहते हैं। समाज में सभी लोगों को मीडियाकर्मियों को पुरस्कृत करना चाहिए सम्मानित करना चाहिए।श्री वर्मा इस दौरान काफी देर तक रुके और पत्रकारों से बातचीत की उन्हें रक्षा बन्धन व स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी।श्री वर्मा का कलमकारों ने हृदय से धन्यवाद दिया।

## पुलिस ने तिरंगा यात्रा निकालकर ग्रामीणों से तिरंगा फहराने की अपील की

दैनिक अयोध्या टाइम्स
बाराबंकी। आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर घर घर तिरंगा अभियान को लेकर थाना मसौली एव सफदरगंज पुलिस ने तिरंगा यात्रा निकालकर ग्रामीणों से तिरंगा फहराने की अपील की। बंदे मातरम जयहिंद के उदघोष से पूरा इलाका देश भक्ति में सरोवर हो गया।
प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार सिंह की अगुवाई में हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए थाना मसौली एव सफदरगंज के पुलिसकर्मियों ने तिरंगा यात्रा निकाली। इसके माध्यम से लोगों को घरों पर तिरंगा फहराने के लिए जागरूक किया गया। मसौली थाना मुख्यालय से निकली तिरंगा कस्बा मसौली के गलियों में पहुंचा पुलिसकर्मियों के हाथों में तिरंगा एव जयहिंद बंदे मातरम के उदघोष से लोग देश भक्ति में डूब गये। प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार सिंह ने लोगों



से कहा कि अपने–अपने घरों पर तिरंगा जरूर लगाएं। और आजादी के जश्न में बढ़–चढ़कर हिस्सा लें। थानाध्यक्ष सफदरगंज अभिषेक तिवारी की अगुवाई में कस्बे तिरंगा यात्रा निकाली गयी।

दशवीं वाहिनी में आजादी का अमृत महोत्सव
स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर दशवी वाहिनी पीएसी में 11 से 17 अगस्त तक पूर्ण सप्ताह विशेष महोत्सव के उपलक्ष्य में आज पहले दिन सेनानायक सुनील कुमार सिंह की उपस्थिति एवं निर्देशन में वाहिनी के सभी अधिकारी–कर्मचारियों द्वारा सामूहिक श्रमदान कर वाहिनी परिसर, प्रशासनिक भवन, बैरकों एवं आवासीय परिसर में व्यापक रूप से साफ सफाई किया गया तथा आवासित स्वीपर जसविंदर के आवास पर झंडा लगाने के उपरान्त सामूहिक राष्ट्रगान व राष्ट्र गीत के गायन के साथ तिरंगा झंडा कार्यक्रम प्रारम्भ कर वाहिनी के समस्त प्रशासनिक कार्यालय एवं राजकीय आवासों पर तिरंगा झंडा लगायाध्फहराया गया।
इस दौरान शिविरपाल न्याज अहमद काजमी, सूबेदार सैन्य सहायक राजपति यादव, उपनिरीक्षक परिवहन धर्मेन्द्र यादव, रिट सेल प्रभारी अतुल कुमार वर्मा एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भारतीय विद्यालय इण्टर कालेज उतरौला के परिसर से निकाली गई विशाल एवं भव्य तिरंगा रैली

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता
- विद्यालय परिसर में प्रधानाचार्य केके सरोज द्वारा किया गया ध्वजारोहण तत्पश्चात राष्ट्रगान एवं झण्डा गीत का हुआ सस्वर गायन
- रैली के दौरान गांधी नगर चौकी इंचार्ज राजीव मिश्र, कस्बा इंचार्ज गुरुसेन सिंह एवं निरीक्षक राम नारायन एवं पुलिस बल के जवान रहे मुस्तैद

उतरौला (बलरामपुर)।
आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत भारतीय विद्यालय इ०का०उतरौला के परिसर से विशाल एवं भव्य तिरंगा रैली प्रधानाचार्य कुमेश कुमार सरोज के नेतृत्व में निकाली गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सर्वप्रथम प्रधानाचार्य द्वारा विद्यालय परिसर में ध्वजारोहण किया गया और उपस्थित शिक्षकों,कर्मचारियों एवं बच्चों द्वारा राष्ट्रगान एवं झण्डा गीत सस्वर गायन किया गया। इसके पश्चात तिरंगा रैली विद्यालय परिसर से दुःखहरण नाथ मंदि, गोण्डा मोड़, हनुमानगढ़ी, ज्वाला माई मंदिर, बड़ी मस्जिद, कस्बा चौकी, हाटन रोड, रोडवेज बस स्टेशन, पोस्ट आफिस, मुखर्जी चौराहा, अम्बेडकर चौराहा, सब्जी मण्डी से होते हुए विद्यालय परिसर में सम्पन्न हुई। रैली के दौरान छात्र– छात्राओं में अद्भुत उत्साह एवं उमंग दिखाई दिया। भारी तादाद में मौजूद सभी विद्यार्थी अपने हाथों में तिरंगा धारण किए हुए निरन्तर भारत माता की जय, वन्देमातरम्, वीर शहीद अमर रहे–अमर रहे का सिंहनाद कर रहे थे। उनके नारों से सम्पूर्ण वातावरण गुंजायमान हो रहा था। सम्पूर्ण वातावरण देशभक्ति की भावना से परिपूर्ण हो गया । नगर निवासी उत्साहपूर्वक रैली को देखकर आनन्दित हो रहे थे। और विभिन्न स्थानों पर वीडियो बनाते हुए दिखाई दिए। रैली के दौरान नगर निवासी केसरी प्रसाद गुप्ता, हर्षवर्धन सिंह और हिन्दू युवा वाहिनी के दीपक गुप्ता और उनकी टीम के द्वारा बच्चों के लिए शुध्द पेयजल एवं बिस्कुट की व्यवस्था की गई । इस दौरान प्रधानाचार्य श्री सरोज ने कहा कि हम सभी भारतवासी अपनी जश्न ए आजादी की 75वीं वर्षगाँठ बड़े ही हर्षोल्लास एवं देशभक्ति की भावना से परिपूर्ण होकर स्वतंत्रता दिवस का राष्ट्रीय पर्व मना रहे हैं। उन्होंने सभी बच्चों– अभिभावकों एवं नगरनिवासियों से हर घर तिरंगा



अभियान के तहत अपने घरों पर तिरंगा फहराने की अपील भी की। रैली के दौरान गांधी नगर चौकी इंचार्ज राजीव मिश्र, कस्बा चौकी इंचार्ज गुरुसेन सिंह, थाना कोतवाली उतरौला के निरीक्षक राम नारायन तथा पुलिस के अन्य जवान मुस्तैद रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक राम मोहन श्रीवास्तव, अभिषेक कुमार वर्मा, दुर्गा प्रसाद, मोहम्मद इस्लाम, शरद श्रीवास्तव, सुरेन्द्र कुमार, दीपक चौरसिया, दुर्गेश कुमार, श्याम कृष्ण श्रीवास्तव,पीटीआई अर्पण पाण्डेय, यशपाल सिंह,जितेंद्र कुशवाहा,शिल्पी केसरी, प्रधान लिपिक अमरेश पाण्डेय , सीता राम वर्मा, ईश्वर सरन, इन्द्र बहादुर, वीरेन्द्र,राजेन्द्र तिवारी, सुनील द्विवेदी, नानबाबू, अमरनाथ, दिनेश, रमेश सहित अन्य शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी तथा भारी संख्या में छात्र–छात्राएं मौजूद रहे। इसी प्रकार नगरपालिका परिषद उतरौला के अधिकारी ,कर्मचारी एवं सभासदों द्वारा तिरंगा रैली निकाली गई। इस दौरान ईओ अवधेश वर्मा, नीरज गुप्ता,ओम प्रकाश गुप्ता, फणीन्द्र गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## रक्षाबंधन का त्यौहार बड़े धूम धाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

एस० बी० यादव ब्यूरो चीफ अयोध्या टाईम्स / शान्तनू यादव संवाददाता सिंहपुर/अमेठी।
विकास खंड क्षेत्र के अंतर्गत बहनों ने भाईयो की कलाई में राखी बांधकर अपने रक्षा की मांग की। रक्षाबंधन का पर्व बहनों ने भाईयो की कलाई में हिंदू रीति रिवाज के हिसाब से चंदन का टीका लगाकर आरती की थाली सजाया व मिस्टपान कराया।भाईयो ने अपने बहनों की रक्षा की प्रतिज्ञा की।क्षेत्र में पर्व के उपलक्ष्य में राखी की दुकान व मिस्टान की दुकानों पर









अधिक मात्रा में भीड़भाड़ उमड़ी। महिलाओ ने जमकर मिठाईयां व राखी खरीदी। वहीं क्षेत्र में ग्राम पूरे हिंदू, हथरोहना, लौली, लोढ़ाबाग में दुकानदारों ने जमकर मिठाईयां बेंची वही राखी के दुकान दारो ने 5 रुपए से लेकर 50 रुपए तक की राखियां बेची गई ।100 रुपए से लेकर 800 रूपये प्रति किलो तक मिठाई बेची और ग्राहक जिस मिठाई की मांग करता उसे पूरा करते। रक्षा बंधन के पर्व पर 40 से 50 हजार तक कमा लेते है संतोषजनक धंधा हो जाता है। वही रक्षाबंधन के अवसर पर चहल पहल दिखी तथा सुरक्षा के लिहाज से थाना प्रभारी पूरे क्षेत्र में गस्त करते हुए दिखे तथा सभी चौराहों पे पुलिसकर्मी मुस्तैदी से तैनात नजर आए।

## रक्षाबंधन के पर्व पर गाजे बाजे के साथ निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स फफूंद,औरैया। जहाँ त्यौहारों को देखते हुए पुलिस प्रशासन दिखा अलर्ट,तो वही आज रक्षाबंधन व आजादी के अमृत महोत्सव के चलते फफूंद थानाध्यक्ष राकेश शर्मा के नेतृत्व में पुलिस ने निकाली तिरंगा यात्रा,जहाँ लोगों ने जगह–जगह पुलिस जवानों का फूलों की वर्षा कर स्वागत किया वहीं देश भक्ति गाने और भारत माता की जय उद्घोष के साथ पुलिस के जवान पैदल चल रहे थे। इस मौके पर तिरंगा यात्रा में थानाध्यक्ष राकेश शर्मा, कस्बा इंचार्ज सुरेश चंद्र, एस आई देवी सहाय बर्मा,एस आई जाकिर हुसैन, हैड कांस्टेबल जेके दुबे ,व समस्त थाना स्टाफ के साथ अन्य लोग भी मौजूद रहे! वही तिरंगा यात्रा को थानाध्यक्ष राकेश शर्मा ने थाना परिसर फफूंद से शुरू होकर तिरंगा यात्रा मुरादगंज तिराहा, ख्याली दास तिराहा,अछल्दा चौराहा से होती हुई वापस फफूंद थाना परिसर मे समापन हुई भारत माता के जयकारे का उद्घोष करते हुए पुलिस जवानों ने तिरंगा यात्रा में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया! इस तिरंगा यात्रा के माध्यम से लोगों ने आपस मे मिलजुल कर



रहने व देश के लिए मर मिटने का संदेश भी दिया! इस तिरंगा यात्रा में प्रत्येक अधिकारियों व कर्मचारियों के हाथों मे तिरंगा नजर आया।

# संक्षिप्त समाचार

## राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रभारी बनाये जाने पर सुनील बंसल को दिल्ली स्थित उनके निवास पर मिलकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी

दैनिक अयोध्या टाइम्स। रामपुर। भाजपा जिला अध्यक्ष अभय गुप्ता ने राष्ट्रीय महासचिव एवं पश्चिम बंगाल, ओडिशा, तेलंगाना का प्रदेश प्रभारी बनाए जाने पर सुनील बंसल को दिल्ली स्थित उनके निवास पर मिलकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सुनील बंसल ने रामपुर में लोकसभा उपचुनाव में पार्टी की अभूतपूर्व सफलता प्राप्त होने पर जिला अध्यक्ष अभय गुप्ता की जनता एवं भाजपा कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।



भाजपा जिलाध्यक्ष ने अभय गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल से मुलाकात के दौरान उन्होने जिला अध्यक्ष को सबको साथ लेकर हासिल की गई ऐतिहासिक जीत की बधाई देते हुए कुशल प्रबंधन की सराहना की। सुनील बंसल ने जिले के सभी पदाधिकारियों, बीजेपी कार्यकर्ताओं सहित रामपुर की जनता आभार व्यक्त किया।

राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल ने उनसे कहा की आगामी नगर पालिका एवं नगर पंचायत चुनाव में सबको साथ लेकर ऐतिहासिक जीत दर्ज करना हैं। अभी से चुनाव की तैयारी में जुट जाना हैं।

## पुलिस लाइन में आयोजित पांच किमी मैराथन दौड़ का हरी झंडी दिखाकर उद्घाटन

दैनिक अयोध्या टाइम्स

रामपुर। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार शुक्ला ने आज आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में पुलिस लाइन में आयोजित पांच किमी मैराथन दौड़ का हरी झंडी दिखाकर उद्घाटन किया।



बताते चले कि जहां पूरा देश आजादी का अमृत महोत्सव पूरे जोश खरोश के साथ मना रहा हैं वहीं रामपुर की पुलिस भी अपनी डयूटी के अलावा आजादी के अमृत महोत्सव में बढ़–चढ़ कर हिस्सा ले रहीं हैं। पुलिस अधीक्षक लगातार पुलिस कार्यालयों सहित थानों व चौकियों में तिरंगा यात्रा निकलवा रहे हैं तो आज पुलिस लाइन में पांच किमी मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार शुक्ला ने हरी झंडी दिखाकर किया। मैराथन दौड़ में नागरिक पुलिस व सशस्त्र पुलिस के कर्मियों ने प्रतिभाग किया। रिर्जव पुलिस लाइन से प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया तथा प्रतियोगिता का समापन गांधी समाधि पर आकर संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में करीब 115 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रतियोगिता में आरक्षी राजपाल प्रथम स्थान पर रहे, आरक्षी राजीव कुमार द्वितीय स्थान, आरक्षी अमर चौहान तृतीय स्थान जबकि आरक्षी प्रवीण कुमार पांचवें स्थान पर रहे। एसपी अशोक कुमार शुक्ला ने सभी विजेताओं को पुरूस्कृत करते हुए प्रतिभागियों को भविष्य में इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी।

इस मौके पर एसपी के अलावा अपर पुलिस अधीक्षक डा. संसार सिंह, सीओ सिटी अनुज चौधरी, सीओ लाइन आदि मौजूद थे।

## जिला प्रशासन ने किया मैराथन दौड़ का आयोजन

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स

**०डीएम एसपी के साथ लोगों ने लगाई दौड़**

औरैया। प्रशासन द्वारा भारत गणराज्य के स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूर्ण होने पर मनाये जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद औरैया में आज दिन शुक्रवार को जिलाधिकारी औरैया श्री प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव व पुलिस अधीक्षक औरैया श्रीमती चारू निगम व जनपद औरैया के अधि0ध्कर्म0गण तथा थानाध्कार्यालयो के कर्म0गणोंध्स्कूलो के छात्र–छत्रायेध्छ. ६ठ कैडेट्स द्वारा मैराथन 5 किलो मीटर दौड़ में प्रतिभाग किया गया जो तिलक स्टेडियम से प्रारम्भ होकर हाजी पेट्रोल पम्प होते हुये सुभाष चौराहा, तहसील औरैया , भोलेशंकर मंदिर, पुरानी फफूंद चुंगी कजारिया टॉयल्स तिराहा, जेसीज चौराहा जिलाधिकारी आवास, हाजी पेट्रोल पम्प होते हुये पुनः तिलक स्टेडियम पहुंच कर हाफ मैराथन पूर्ण हुई, जिसमें पुलिस विभाग से प्रथम 06 अधि0ध्कर्म0गण क्रमशः 1. आरक्षी 1035 विजय कान्त 2. आरक्षी 1168 भूपेन्द्र 3. आरक्षी 732 धर्मेन्द्र शर्मा 4. मुख्य आरक्षी 182 रूपेन्द्र 5. आरक्षी 209 धर्मेन्द्र कुमार 6. आरक्षी 252 अमित कुमार तथा प्रतिभाग करने वाली बालिकओं में प्रथम 06 शीर्ष पर क्रमशः 1. अंजली पुत्री नरेश कुमार (NCC कैडेट) 2. सेजल गुप्ता पुत्री अशोक गुप्ता(NCC कैडेट) 3. फिरदौस पुत्री तीर मो0 (NCC कैडेट) 4. निशा पुत्री देवी दयाल(NCC कैडेट) 5. सालू पुत्री रवीन्द्र कुमार (NCC कैडेट) 6. शैली पुत्री श्याम सिंह(NCC कैडेट) तथा स्कूल के छात्र–छत्राओं में 1. आयुष यादव पुत्र श्री अजय यादव निवासी समरघपुर औरैया, 2. बबलू पाल पुत्र अहिवरन सिंह निवासी बरमूपुर औरैया 3. संदीप सिंह यादव पुत्र सुरेन्द्र सिंह यादव निवासी नंदगांव औरैया 4. अनवीर सिंह पुत्र अशोक यादव निवासी भगौतीपुर सरैया 5. रितिक कुमार पुत्र राम सिंह यादव निवासी अमराहट कानपुर देहात 6. प्रवीन कुमार पुत्र ब्रजेश सिंह निवासी भगौतीपुर सरैया औरैया जो प्रथम 06 शीर्ष पर रहें इसी क्रम में नन्हें बालक जिन्होंने दौड़ को पूरी की 1. कृष्णा पुत्र श्री दिनेश चन्द्र गुप्ता 2. रोहित पुत्र ज्ञान सिंह राठौर 3. अंशुल दुबे जिन्हे सांत्वना पुरस्कार के तौर पर पुरूस्कार दिया गया । हॉफ मैराथन दौड़ में न्यायिक अपर जिला अधिकारी औरैया श्री अब्दुल वासिफ, अपर पुलिस अधीक्षक औरैया श्री शिष्यपाल, क्षेत्राधिकारी सदर श्री सुरेन्द्र नाथ सिंह, प्रतिसार निरीक्षक औरैया श्री प्रेम कुमार शुक्ला व यातायात प्रभारी के0के0 मिश्रा मय प्रशासनिक विभाग एवं पुलिस विभाग के अधि0 / कर्म0गण तथा सैकड़ों की संख्या में धावक उपस्थित रहें।





## धूमधाम से मनाया भाई बहन के अटूट स्नेह का पर्व रक्षाबंधन

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स

फफूंद,औरैया। भाई बहन के अटूट स्नेह का पर्व रक्षाबंधन शुक्रवार को हर्षोल्लास से मनाया गया। हर वर्ष की तरह सावन पूर्णिमा पर बहनों ने भाईयों की कलाई पर राखी के रूप में रक्षा सूत्र बांधकर दीर्घायु की कामना की।परम्परा का निर्वहन करते हुए भाइयों ने बहनों को उपहार भेंटकर जीवनभर रक्षा का संकल्प लिया। रक्षा बंधन को लेकर शहर में भारी उत्साह दिखा। बहन–भाई के प्यार का प्रतीक रक्षाबंधन पर हर घर में उत्साह देखने मिला। भाई कलाई पर प्रेम का सूस बांधने के लिए बहने आतुर दिखाई दी तो भाइयों खुशी–खुशी राखी बंधवाइ। बहनें सैकड़ों किलोमीट का सफर तय कर भाई को राखी बांधने पहुंचे। भाइयों ने भी बहनों के घर पहुंचने पर स्वागत किया। इससे पहले रक्षा बंधन को लेकर घरों में विशेष तैयारियां की गई थीं। राखी की त्योहार मनाने से पहले परम्परा के अनुसार लोगों स्नान कर पूजा के लिए मंदिर पहुंचे। इसके उपरांत बहनों ने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत बांधकर जन्म–जन्म तक सुख–दुःख में साथ निभाने का वचन भाईयों से लिया। वहीं भाईयों ने भी बहनों को उपहार देकर हमेशा साथ निभाने का वादा किया। इस दौरान भाइयों ने अपनी बहनों को उपहार भेंट किए। सबसे ज्यादा उत्साह बच्चों में देखने मिला। बच्चियां अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधने आतुर दिखी तो बच्चे भी राखियां बंधवाने के लिए उत्साहित दिखे। रक्षा बंधन पर भद्रा का साया होने पर अधिकांश घरों में शुभ मुहूर्त देखकर रक्षा बंधन का त्योहार मनाया गया।



**मां लक्ष्मी ने बांधी था राजा बलि को राखी**

रक्षाबंधन के पर्व को लेकर कई तरह की मान्यताएं हैं। पंडित देवशंकर दुबे ने बताया कि शास्त्रों के मुताबिक राजा बिल ने भगवान विष्णु को चार माह के लिए अपना दरवारी बना लिया था। वचन वश वह राजा पहरा देते थे। भगवान को वचन से मुक्त कराने के लिए माता लक्ष्मी ने राजा बलि को राखी रक्षा सूत्र बांधा था और भगवान की मुक्त कराने का वचन लिया था। उन्होंने कहा कि राखी का मतबल रक्षा सूत्र है। रक्षा वचन लेने के लिए बहने अपने भाई को, ब्रह्मण अपने यजमानों, क्षत्रिय अपने शस्त्रों और वैश्य अपने संस्थानों में रक्षा सूत्र बांधते हैं। रक्षाबंधन का यही मूल महत्व है।

## रामलीला ट्रस्ट की ओर से आयोजित होने वाले रामलीला मंचन के लिए धवज परिक्रमा बैंड बाजों के साथ धूमधाम से निकाली गई

जलालाबाद शामली रिपोर्टर फैसल मलिक तहसील संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली। परिक्रमा में घंटे–घड़ियाल बजाते श्री राम की जय, जयकारे करते कलाकारों ने रामलीला मंच पर ध्वज स्थापित किया। जलालाबाद कस्बे में रामलीला मंचन से सवा महीने पूर्व रामलीला मंच पर रामलीला ध्वज स्थापित करने की परंपरा रही है। इसी परंपरा में शुक्रवार में डायरेक्टर पंडित मुकेश आर्य के नेतृत्व में श्री दुर्गा देवी मंदिर में विधिवत रामलीला ध्वज का पूजन पंडित राजेंद्र प्रसाद शर्मा ने कराया। पूजन पश्चात ध्वज परिक्रमा का शुभारंभ मंदिर से किया गया। परिक्रमा में शामिल कलाकार, कमेटी के पदाधिकारी रामलीला ध्वज को लेकर बैंड बाजों से श्री राम की जय,जयकार करते मोती बाजार पहुंचे। यहां पर परिक्रमा में शामिल कलाकारों का स्वागत किया गया।



मोती बाजार से नील गरान चौंक, कटहरा बाजार, बंबा चौक, पाल धर्मशाला होते हुए, खैरादियान चौंक से मोती बाजार पहुंचे। यहां से रामलीला मैदान में स्थित रामलीला मंच पर ध्वज स्थापित किया। बता दें कि 17 सितंबर से कस्बे के रामलीला मंच पर रामलीला का मंचन आयोजित होगा। पप्पू सैनी, कुलदीप सैनी, राजीव सैनी, सुरेश सैनी, प्रदीप कश्यप, रामनिवास प्रजापति, अन्य का कार्यक्रम में सहयोग रहा।

## केक काटकर मनाया अशफाक सैफी का जन्मदिन

अमरोहा दैनिक अयोध्या टाइम्स जिला प्रभारी अकबर सैफी

- नौगांवा सादात अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन अशफाक सैफी का जन्म दिन भाजपा कार्यकर्ताओं ने बड़ी धूमधाम से मनाया

कस्बे से सटे गाँव बीलना में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष शमीम सैफी के प्रतिष्ठान दुल्हन फनीर्चर हाऊस पर शुक्रवार को साम चार बजे बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व सैफी समाज के लोग जमा हुए और केक काटकर अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन अशफाक सैफी का जन्म दिन बड़े ही जोसो खरोश के साथ मनाया और कार्यकर्ताओं ने नरेंद्र मोदी जिन्दाबाद भारती जनता पार्टी जिंदाबाद के नारों के साथ ही अशफाक सैफी को जन्म दिन की बधाई दी तथा श्री सैफी की लंबी उम्र की भगवान से कामना की इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जन्म दिन की खुशी पर केक काटे गए और कई जगहों पर लड्डू बांट कर अशफाक जी का जन्म दिन मनाया।



इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा नेता अब्दुल सलाम सैफी, नौशाद सैफी ,शाहिद एडवोकेट, डॉ वसीम अकरम सैफी ,चुन्ना सैफी, शहजाद अन्सारी,हसमुद्दीन अंसारी आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## स्कूली बच्चों द्वारा जन जागरुकता रैली निकाल कर लोगों को आजादी की 75वीं वर्षगांठ मनाने के लिए जागरुक किया

दैनिक अयोध्या टाइम्स

रामपुर। पूरे देश में आजादी की 75वीं वर्षगांठ पूरे ही हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रहीं हैं। रामपुर में भी आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा हैं। स्कूली बच्चों द्वारा जन जागरूकता रैली निकाल कर लोगों को आजादी की 75वीं वर्षगांठ मनाने के लिए जागरूक किया जा रहा हैं।

सेंट एंथोनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों ने स्कूल से जिला कचहरी तक जन जागरूकता रैली निकाल कर लोगों को आजादी की 75वीं वर्षगांठ बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए जागरूक किया। इस मौके पर वक्ताओं ने मासूम स्कूली बच्चों को देश की आजादी के बारे में बताते हुए कहा कि हमारे देश में आजादी दिलाने के पीछे जिन वीर सपूतों का योगदान रहा हैं उन्हे हम कभी भूल नहीं सकते। पूरा देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा हैं ऐसे में रामपुर भी आजादी का महोत्सव मनाने में पीछे नहीं हैं।



रामपुर की अवाम अपने घरों व प्रतिष्ठानों पर तिरंगा झंडा लगा कर देश की 75वीं आजादी की वर्षगांठ मनाये।

इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य ललित शर्मा, मौ. शाहनावाज, सनी अरोरा, मो. अनस, स्मिता आदि मौजूद थे।

## जिला युवा कल्याण विभाग ने कराया कार्यक्रम का आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स

रामपुर। युवा कल्याण विभाग की ओर से विकास खंड चमरौआ कार्यालय के सभागार में एक दिवसीय जनपद स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम व युवा उत्सव का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम का उद्घाटन जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केन्द्र माहे आलम ने किया जबकि पुरूस्कार वितरण खंड विकास अधिकारी अभिनीत कुमार के कर कमलों द्वारा किया गया। जिला युवा कल्याण अधिकारी जय सिंह के निर्देशन में कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर उन्होने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में जिले के विद्यालयों एवं कलाकारों व टीमों ने अपनी कला का प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के निर्णायक राजकीय कन्या इंटर कालेज की अध्यापिका ज्योति सिंह, राजकीय खुर्शीद कन्या इंटर कालेज की अध्यापिका इंदु वर्मा, यूपीएस अफजलपुर पट्टी की अध्यापिका जयश्री वर्मा रहीं। इस मौके पर भगवान दास, अजमल जमाल खां, नंनद सिंह, अंशू सिंह, सुनील कुमार, वेदराम, किशन लाल, अरविन्द्र सिंह, राम सैन आदि मौजूद थे।

## सूचना के अधिकार के तहत प्रबंध निदेशक ऊर्जा से रामपुर के विद्युत विभाग से संबंधित सूचनाएं मांगी

दैनिक अयोध्या टाइम्स

रामपुर। शहर के मौहल्ला शुतरखाना निवासी मौ. जुनैद ने सूचना के अधिकार के तहत प्रबंध निदेशक ऊर्जा से रामपुर के विद्युत विभाग से संबंधित सूचनाएं मांगी हैं। आरटीआई एक्टिविस्ट जुनैद खां मांगी गई सूचना में रामपुर जिले में तैनात एक्सईन के कितने पद हैं और इनको रामपुर में कितना समय हो चुका हैं। एक जिले व डिविजन में एसडीओ कितने समय तक तैनात रह सकता हैं। एक जिले व डिविजन में एक्सईन कितने समय तक तैनात रह सकता हैं। इसके अलावा उन्होने विद्युत कनेक्शन लेते समय अगर किसी मकान के रजिस्ट्री के कागज नहीं है तो और कौन–कौन से कागज की आवश्यकता होती हैं। आन लाइन करवाने के बाद एक विद्युत कनेक्शन की फाइल कितने समय तक अवर अभियंता के पास रह सकती हैं और कितने समय में फाइल को पास या निरस्त किया जा सकता हैं। उक्त बिंदुओं पर सूचना मांगी हैं।

## कैराना मस्जिद कुरेशियान के इमाम ओ खतीब मुफ्ती मोहम्मद जुबैर कासमी साहब ने 15 अगस्त पर हर घर तिरंगा फहराए जाने की अपील कीऔर 1857 जंगे आजादी शामली के मुजाहिदीन ए आजादी हाफिज जामीन शहीद के बारे में लोगो को बताया

(रिपोर्ट शेखर चौहान) कैराना संवादाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना जूबैर कास्मी सहाब ने बताया कि 10मई 1857 में मेरठ से जो जंग का आगाज हुआ था हिंदुस्तान की तारीख में उसको संगे मील की हैसियत हासिल है मुल्क के मुख्तलिफ हिस्सों में बगावत के शरारे एक साथ भड़क उठे थे और फिर अंग्रेजो के खिलाफ लड़ाई बड़े मुनज्जम तरीके से लड़ी गई जिसने फिरंगयौं के हिंदुस्तान से ना भागने के हौसले को डगमगा दिया था इस आजादी ए हंगामे के साल को अंग्रेजों ने गदर का नाम दिया और वही आम तौर पर मशहूर भी हो गया जब के हिंदुस्तानी इसको आजादी की पहली जंग कहते हैं जिस वक्त मेरठ की फौज ने आजादी का नारा बुलंद किया उसी वक्त सहारनपुर मुजफ्फरनगर और थाना भवन के आसपास में उसकी आवाज सुनाई देने लगी मेरठ के बाद दिल्ली और हिंदुस्तान के मुख्तलिफ मकामात पर जंगे आजादी छिड़ गई थी अंग्रेज धीरे धीरे हर जगह मुल्क पर काबिज हो चुका था हर जगह बदअमनी थी और तमाम हिंदुस्तानियों का मंसूबा यह था कि अंग्रेजों के हिंदुस्तान में कदम जमने ना दिए जाएं और जहां जम गए वहां से उखाड़ दिए जाएं थाना भवन 1857से पहले अंग्रेजी हुकूमत की फौजी भर्ती का अहम मरकज और निहायत खुशहाल कस्बा था 10 मई 1857 मैं आजादी की लड़ाई के आगाज पर जब मुसलमान सिपाही बगावत पर उतरे तो थाना भवन के रहने वाले फौजी ड्यूटी छोड़कर अपने वतन आ गए और कस्बे के लोगों को जंगे आजादी में शरीक करने पर आमादा करने के लिए सर गरम हो गए कस्बे की 35000 आबादी में से 7000 लोग फौज में नौकर थे उनमें से 32 तो सिर्फ रिसालदार थे हजारों लोग सिपाही के मन सब पर और सैकड़ों बड़े उहदों पर थे महकमा ए फौज से हर माह तन्खवाहो और पेंशनौ की शक्ल में 184000 आते थे आसपास के लोगों में मशहूर था कि थानाभवन वालों की कमाई खून की कमाई है इसी थाना भवन की सर जमीन से हाफिज जामिन शहीद जो के शामली के मैदान में शहीद हुए ताल्लुक रखते थे और आप थानाभवन ही में पैदा हुए जिस वक्त मेरठ में अंग्रेजी फौज के सिपाहियों ने अलमे बगावत (बगावत का झंडा) बुलंद किया था उसी वक्त सहारनपुर थाना भवन के अभाव में भी बगावत और जंगे आजादी की आवाज सुनाई देने लगी थी उसी दौरान यह वाकया पेश आया के थाना भवन के मशहूर रईस काजी इनायत अली साहब के भाई काजी अब्दुल रहीम साहब अपनी जरूरत से हाथी खरीदने के लिए सहारनपुर तश्रीफ ले गए उस जमाने में हाथी बड़ी जंगी ताकत समझा जाता था किसी ने अंग्रेज को मुखबरी कर दी के काजी साहब बगावत के लिए हाथी खरीद रहे हैं चुनांचे सहारनपुर के मजिस्ट्रेट मिस्टर इसपिंकी ने उनको गिरफ्तार करके फांसी पर लटका दिया यह खबर जब थाना भवन पहुंची तो पूरे इलाके में खलबली मच गई और अंग्रेज से नफरत का लावा उबलने लगा फिर उसके बाद जंगे आजादी के लिए सबसे पहले हुज्जतुल इस्लाम हजरत मौलाना मोहम्मद कासिम साहब नानोतवी रह. इमाम रब्बानी हजरत मौलाना रशीद अहमद साहब गंगोही और हाफिज जमीन शहीद साहब ने अपने मुर्शीदे बरहक हजरत हाजी इमदादुल्लाह साहब महाजिर मक्की के हाथ पर बेअत (यानी यह कसम उठाई) और उनकी कयादत में अपने इलाके में मुनज्जम तरीके से अंग्रेज के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई इस पूरी कार्रवाई का खुलासा हजरत शेख उल इस्लाम मौलाना हुसैन अहमद मदनी ने इस तरह बयान किया जंगे आजादी की तैयारी शुरू हो गई और ऐलान कर दिया हजरत हाजी इमदादुल्लाह साहब को इमाम मुकर्रर किया गया यानी (commander&in&chief) और हजरत मौलाना मोहम्मद कासिम साहब नानोतवी को को फौज का सिपहसालार बनाया गया और मौलाना मुनीर साहब और हाफिज आमीन शहीद को दाएं और बाएं बाजू का अफसर मुकर्रर किया गया इन तमाम लोगों का आसपास में बड़ा चर्चा था इनसे लोग बहुत मुतासिर थे हमेशा उनकी खुदा तरसी देखते रहते थे और लोगों के साथ उनकी मोहब्बत और अंग्रेजों से उनके दिलों में नफरत देखकर लोग उन पर बहुत एतमाद करते थे इसलिए अब जंगी पैमाने पर जगे आजादी के लिए तैयारी शुरू हुई लोग जोक दर जोक इकट्ठा होने लगे और हथियार जमा करना शुरू कर दिया गया मगर हथियार पुराने किस्म के थे बंदूके तोड़े दार थी कारतूस और राइफल यह सिर्फ अंग्रेजी फौज के पास थी मुजाहिदीन आजादी हजारों की तादाद में थाना भवन में जमा हो गए और थाना भवन के आसपास से अंग्रेजों के मातहत हुककाम अफसरों) को निकाल दिया गया खबर मिली कि अंग्रेजी तोपखाना सहारनपुर से शामली भेजा गया है एक पलटन ला रही है रात को यहां से गुजरेगी इस खबर से लोगों में खलबली मच गई क्योंकि जो हथियार मुजाहिदीन ए आजादी के पास थे वह तलवार तौड़े दार बंदूके और बरछे वगैरह थे मगर तोप किसी के पास न थी तोपखाने का मुकाबला किस तरह किया जाए हजरत मौलाना रशीद अहमद गंगोही ने फरमाया फिक्र मत करो सड़क एक बाग के किनारे गुजरती थी ।

हजरत मौलाना रशीद अहमद गंगोही को 30या 40 मुजाहिदीन पर हजरत हाजी इमदादुल्लाह साहब ने अफसर मुकद्दर कर दिया था आप अपने सिपाहियों को लेकर बाग में छुप गए और सब को हुकुम दिया के पहले से तैयार रहो जब मैं हुकुम करूं सब एकदम फायर करना चुनांचे जब अंग्रेज पलटन तोप खाना लेकर बाग के सामने से गुजरी तो सब ने एकदम फायर कर दिया पलटन घबरा गई कि खुदा जाने किस कदर आदमी यहां छुपे हुए हैं तोपखाना छोड़कर सब भाग गए हजरत गंगोही ने तोपखाना खींचकर हजरत हाजी साहब की मस्जिद के सामने लाकर डाल दिया उससे लोगों में एक हौसला बढ़ा और इन लोगों की काबिलियत का सिक्का लोगों के दिलों पर बैठ गया शामली उस जमाने में मरकजी मकाम था जिला सहारनपुर से मुतालिक था शामली में अंग्रेजों की एक तहसील भी तमाम के तमाम मुजाहिदीने आजादी ने यह मशवरा किया कि उस पर हमला किया जाए चुनांचे चढ़ाई की गई और कब्जा कर लिया गया जो ताकत अंग्रेजी पुलिस और फौज की वहां पर थी वह हार गई हजरत हाफिज आमीन साहब उसी हंगामे में मैदानी शामली में शहीद हो गए हजरत हाफिज जामीन का शहीद होना था कि मामला बिल्कुल ठंडा पड़ गया उनकी शहादत से पहले रोजाना खबर आती थी आज फुला मुकाम अंग्रेजों से छीन लिया गया आज फुला मुकाम पर तमाम भारतीयों का कब्जा हुआ मगर हाफिज साहब की शहादत के बाद पहले पहले खबर आई कि पहली पर अंग्रेजो का कब्जा हो गया और यही हाल हर जगह की खबर का था इससे पहले गोरे फौजी छुपते फिरते थे एक एक सिपाही गौरो की जमात को भगाते फिरता था मगर बाद में मामला उल्टा हो गया 19 सितंबर 1857 में जब दिल्ली में बहादुर शाह को गिरफ्तार कर लिया गया और दिल्ली पर अंग्रेजो का कब्जा हो गया तू जिस तरह दिल्ली में अंग्रेजों ने एकत्र लोग भारत गिरी मचाई उसी तरह दिल्ली के आसपास भी जुल्म के पहाड़ तोड़े गए चंद ही दिनों के बाद अंग्रेज की फौज थानाभवन और शामली की फसील तक पहुंच गई पहले शहर के ने बचाव की कोशिश की लेकिन (वसाइल) सामान की तंगी की वजह से 2 घंटे से ज्यादा मुकाबला जारी ना रह सका रात में हमला शुरू हुआ था सुबह तक तमाम के तमाम शहर को बर्बाद कर दिया गया मिट्टी का तेल छिड़ककर मकानों को आग लगा दी गई और जो भी मिला उसको काट कर रख दिया गया और देखते ही देखते थानाभवन को खंडहर में तब्दील कर दिया गया और इसी 10 मई 1857 की जंगे आजादी में भारत का एक अजीम सपूत हाफिज जामीन शहीद हो गए ।

हाफिज जामीन साहब के मुरीद बताते हैं जंगे आजादी में जामीन साहब के शिरकत कोई अचानक नहीं हुई थी बल्कि उसके लिए पहले से तैयारी फरमा रहे थे फरमाया जिस वक्त शामली में अंग्रेजी तहसील पर हमले का इरादा किया तो पहले गुसल किया और जंगी लिबास जो कि आपने पहले से सिलवा रखा था उसको पहना जूते पहने और खुशबू इस्तेमाल की और अपनी तलवार लेकर मैदानी शामली में उतर गए हाफिज साहब जिस तरह तैयारी के साथ घर से निकले हर हर अदा बताती है कि मुजाहिद शहादत के नशे में मखमूर होकर तमाम भारतीयों को यह पैगाम दे रहा था कि जब मुल्क पर आंच आ जाए तो आजादी के लिए शहीदों का खून ही काम आया करता है शामली के मैदान में 2 दिन की लड़ाई में अगरचे मुजाहिदीन की बड़ी तादाद शहीद हो गई थी मगर उन हजरात मुजाहिदीन के पांव में डगमगाहट नहीं थी अंग्रेजी फौज तहसील के अंदर किला बंद हो गई थी मुजाहिदीन आजादी खुले में लड़ते थे अगर तहसील के पास कोई जगह छुपने की थी तो सिर्फ एक छोटी सी मस्जिद जिसमें मुजाहिदीन ने आजादी बारी–बारी आकर छुपकर हमला करते थे वरना उनको खुले ही में मुकाबला करना पड़ता था थी तहसील की वह जगह अंग्रेजों के लिए किले का काम करती थी जिसका दरवाजा मुजाहिदीन आजादी हाफिज जामीन ने तोड़ा था दरवाजा टूटने के बाद मुजाहिदीन ने आजादी जब अंदर घुसने लगे तो ऊपर से अंग्रेजी फौज ने बंदूक से फायर किया और हाफिज जामीन साहब को निशाना बनाया गया और आपके सीने पर गोली मारी गई लेकिन आपके नाफ के नीचे गोली लगी गोली लगते ही आप उछल कर जमीन पर गिर गए और मुल्क की आजादी के लिए लड़ते हुए जामे शहादत नोश किया ।उसके बाद उनके साथी मौलाना गंगोही उनको अपने कांधे पर रखकर थाना भवन तक ले गए और फिर वही पर उनकी आखिरी रुसूमात अदा की गई आज भी आपका मरकद मुबारक थाना भवन में मौजूद है यह पहले शख्स थे जो 14 सितंबर 1857 में शामली के मैदान में शहीद हुए और इसके अलावा हजारों लोगों ने जामे शहादत नोश किया उन्हीं की याद को जिंदा रखते हुए शामली के नौजवानों खिदमत ए खलफ ट्रस्ट बनाया ताकि तमाम के तमाम भारतीय लोगों में आपसी प्रेम और भाईचारा और एक दूसरे के दुख के साथी बने रहे और मुल्क में कोई भी भूखा अनपढ़ ना रहे आप भी आइए और उसके साथ में जुड़ जाइए अल्लाह ताआला इसको कुबूल फरमाए और अल्लाह ताला स्वतंत्रता सेनानियों की कब्र पर हमारी तरफ से करोड़ों रहमतें और बरकते नाजिल फरमाए आमीन या रब्बुल आलमीन।

## आमजन को आजादी की महत्ता बताने के साथ आजादी पाने के लिए देश के अमर शहीदों के योगदान की सराहना की

दैनिक अयोध्या टाइम्स

रामपुर। पूरे देश में आजादी की 75वीं वर्षगांठ को आजादी के अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा हैं। हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार शुक्ला ने आज पब्लिक एड्रेस सिस्टम पर रामपुर की जनता को संबोधित करते हुए आमजन को आजादी की महत्ता बताने के साथ आजादी पाने के लिए देश के अमर शहीदों के योगदान की सराहना की।

एसपी अशोक कुमार शुक्ला ने रामपुर पुलिस द्वारा किये गये सराहनीय कार्य व उल्लेखनीय कार्यो तथा विभिन्न त्यौहारों पर पुलिस द्वारा किये गये प्रबंध, कोविड महामारी के दौरान रामपुरे पुलिस द्वारा किये गये सराहनीय कार्य, महिला व बच्चों की सुरक्षा के लिए चलाये जा रहे विभिन्न अभियान की उपलब्धियां तथा विभिन्न कुख्यात माफिया अपराधियों एवं गुंडों के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष अभियान का उल्लेख करते हुए साम्प्रदायिक सद्भावना पर सभी धार्मिक समुदायों द्वारा दिये गये जन सहयोग एवं योगदान की प्रशंसा की। उन्होने भविष्य में भी सभी धार्मिक समुदायों से जन सहयोग की अपील करते हुए आमजन को अपने घरों में तिरंगा फहराने के लिए जागरूक किया। उन्होने कहा कि पूरे देश आजादी की 75वीं वर्षगांठ आजाद के अमृत महोत्सव के रूप में मना रहा हैं। ऐसे में रामपुर भी इस अभियान में पूरा सहयोग देकर अमृत महोत्सव में भागीदार बन रहा हैं। उन्होने रामपुर की अवाम से अपील करते हुए कहा कि 13 से 17 अगस्त तक हर घर तिरंगा थीम पर अपने घरों पर तिरंगा जरूर फहराये ताकि देश प्रेम का संदेश रामपुर से पूरी दुनिया में जा सकें। उन्होने कहा कि रामपुर की पुलिस अवाम की सुरक्षा के लिए हर समय तत्पर हैं।



## अशरे में बिहार भाजपा की तानाशाही और गुलामी से आजाद हुआ

दैनिक अयोध्या टाइम्स

रामपुर। उप्र कांग्रेस महासचिव अरशद अली खान ने बिहार में एक बार फिर से महागंठबंधन सरकार बनने पर कहा हैं कि 15 अगस्त 1947 को हिंदुस्तान अंग्रेजों की गुलामी से आजाद हुआ था और अगस्त के बीच अशरे में बिहार भाजपा की तानाशाही और गुलामी से आजाद हुआ हैं।

अरशद गुड्डू ने कहा हैं कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भाजपा की चाल को समय से समझ गए और अपना रास्ता बदल कर आरजेडी से हाथ मिलाया हैं। इससे बीजेपी काफी बौखला गई हैं और वह खिसियानी बिल्ली खंबा नोचे जैसी हरकते करने लगी हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सही समय से जो कदम उठाया हैं उससे पता चलता हैं कि नीतीश कुमार एक समझदार और मंझे हुए लीडर हैं। उन्होंने बेहद समझदारी का काम किया हैं और भाजपा की कमर तोड़ दी हैं। 2024 में देश से भारतीय जनता पार्टी का सफाया हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इस काम का बिहार से आगाज हुआ हैं। उम्मीद की जा रही हैं दूसरे प्रदेशों से भी जल्दी भाजपा से नाता तोड़ने की खबरें सुनाई देने लगेंगी। देश का हर व्यक्ति भाजपा की तानाशाही और लोमड़ी जैसी चालों को अच्छी तरह समझ चुका हैं। नीतीश कुमार का यह कदम 2024 में भारतीय जनता पार्टी के लिए बड़ी मुश्किलें खड़ी करेगा।



## राष्ट्रीय ध्वज को सही तरीके से लगाये व फहराये: डा. इंदु शेखर

दैनिक अयोध्या टाइम्स

रामपुर। नगर पालिका परिषद के सभागार में आज आजादी की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर स्वतंत्रता सप्ताह के दूसरे दिन हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाये जाने के लिए स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों के आश्रितों के रक्षा सूत्र बांधने का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी डा. इंदु शेखर मिश्र ने बताया कि पूरे देश में आजादी की 75वीं वर्षगांठ बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई जा रहीं हैं। रामपुर नगर पालिका प्रशासन भी पूरे उत्साह के साथ आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा हैं। शुक्रवार को पालिका सभागार में अमृत महोत्सव को यादगदार बनाने के लिए देश की आजादी में अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले वीर सपूतों के आश्रितों को सम्मानित किया गया। अमर वीर सपूतों के आश्रितों को पालिका सभागार में रक्षा बंधन के मौके पर उपहार देकर सम्मानित किया गया तथा रक्षा सूत्र बांधा गया। ईओ डा. इंदु शेखर मिश्र ने रामपुर की अवाम से अपील करते हुए कहा कि 13 से 15 अगस्त तक अपने–अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों पर राष्ट्रीय ध्वज लगाकर देश का मान बढ़ाये और इस बात का पूरा ख्याल रखें कि हमारा राष्ट्रीय ध्वज का कहीं अपमान नहीं होना चाहिए इसलिए बहुत अहतियात से राष्ट्रीय ध्वज को लगाये व फहराये जिससे लगे कि हमें अपने देश के प्रति कितना प्रेम हैं और यही उन वीर सपूतों को हमारी सही श्रद्वांजलि होगी जिन्होने इस देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिये।



# संक्षिप्त समाचार

## 1008 फुट 3 इंच लम्बा ''तिरंगा आन व्हील'' निकालकर सुदिती ग्लोबल एकडमी, मैनपुरी ने रचा इतिहास

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी। ज्ञातव्य है कि पूरे देश में इस समय अमर शहीदों एवं देश प्रेम पर अपना सब कुछ बलिदान कर देने वाले अमर स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। अमृत महोत्सव के अन्तिम चरण में विविध प्रकार के कायर्क्रम राष्ट्र–भक्ति से ओत–प्रोत कायर्क्रम आयोजित किये जा रहे हैं। देश प्रेम की सीख देने में हमेशा आगे रहने वाले शहर के प्रमुख विद्यालय सुदिती ग्लोबल एकेडमी में प्रधानाचाय र्डा0 राम मोहन के कुशल निदेर्शन में अमृत महोत्सव के नित्य–प्रति नवीन कायर्क्रम विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों में देश प्रेम की भावना का संचार कर रहे है। इसी क्रम में आज विद्यालय के छात्रों द्वारा 25 झांकियों एवं विभिन्न रंगाररंग कायर्क्रमों से सुसज्जित तिरंगा रैली का



आयोजन किया गया जिसमें रिकाड र्1008 फीट 3 इंच लम्बा ''तिरंगा ऑन व्हील'' जिला मुख्यालय से प्रारम्भ होकर ईशान नदी पुल, महाराजा तेज सिंह चौराहा, जिला अस्पताल, बस स्टैन्ड, क्रिश्चियन इझटर कालेज, बड़ा चौराहा, से आगरा रोड पुलिस चौकी होते हुये ज्योति तिराहे पर पहुचकर सम्पन्न हुआ। इसी अनूठी तिरंगा यात्रा को जिला मुख्यालय पर



महामण्डलेश्वर श्री हरिहरानंद जी महाराज एवं माननीय जिलाधिकारी महोदय श्री अविनाश सिंह ने पुलिस अधीक्षक श्री कमलेश दीक्षित, मुख्य विकास अधिकारी श्री विनोद कुमार, अपर जिलाधिकारी श्री रामजी मिश्र, एवं जिला विद्यालय निरीक्षक श्री मनोज कुमार वमा र्एवं विद्यालय के वरिष्ठ प्रधानाचाय र्डा0 राममोहन व प्रशासनिक प्रधानाचाय र्डा0 कुसुम मोहन के गरिमामयी उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर कायर्क्रम स्थल से गंतव्य की ओर रवाना किया। इस ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा के साथ आगे–आगे स्कूल बैंड उसके पीछे नृत्य गीत सारे जहां से अच्छा....... गाते हुये बच्चे चल रहे थे। इस नृत्यबीत की अगुआई करती हुयी सुसज्जित भारता माता की झांकी तथा अगवानी करता हुआ नृत्य गीत हम सव भारतीय हैं..... लोगों के दिलों में भारतीयता की भावना झंकृत कर रहे थे। इसी कड़ी में जलियांवाला बाग की झांकी, शहीद भगत सिंह की झांकी, झांसी की रानी की झांकी मानो अपने पीछे चलते हुये नृत्य गीत एक सितारा ऐसा..... को राष्ट्रभक्ति की उज्जवल धारा को प्रवाहमान कर रहीं थीं। इसके बाद आजादी के गुमानाम सितारों की झांकी और स्वतंत्रता सैनानियों की झांकी अपने पीछे चलते हुये राष्ट्रप्रगति के स्वरुप पिरामिड के साथ हमारे गौरवमयी विकास यात्रा को प्रदशिर्त कर रहे थे। जय जवान जय किसान जय विज्ञान की झांकी जहां समूचे देश वासियों को राष्ट्रप्रेम एवं तकनीक की धुरी से जोड़ती हुयी दिल रही थी तो वहीं कारगिल शहीदों की झांकी, आत्मनिभर्र भारत झाांकी के साथ मिलकर संसद भवन की झांकी को एक नया आयाम दे रही थी मानो देश के दुश्मनों को यह संदेश दे रही थी कि भारत अब शौयर्ता वीरता और पराक्रम के शिखर पर दिनोदिन बढ़ता जा रहा है। तिरंगा यात्रा में विविध परिधान मे र्सजे विद्यालय के नन्हे–मुन्हे नौनिहाल हाथ में तिरंगा कलाई पर तिरंगी पट्टी एवं सिर पर तिरंगा कैप लगाये हुये ऐसे चल रहे थे मानो माँ भारती को यह विश्वास दिलाना चाह रहे हों कि मां तेरे वीर सपूतों के रहते कोई तेरी तरफ आंख उठाकर देखने की हिम्मत नहीं कर सकता। यह ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा पूरे शहर लोगों के कौतूहल एवं चचा र्का विषय होने के साथ–साथ प्रेरणा का स्रोत भी रही। शहर के विभिन्न जगहों पर संभ्रान्त नगरवासियों ने तिरंगा यात्रा का स्वागत किया एवं बड़े ही उत्साह एवं मनोयोग से वच्चों की जलपान आदि की व्यवस्था करते देखे गये। रास्ते भर लोग तिरंगा यात्रा की वीडियो बनाते दिखे एवं शहरवासियों ने तिरंगा के साथ जमकर सेल्फी भी खींची। ''तिरंगा आन व्हील'' को विद्यालय के एनसीसी कैडेटस एवं शिक्षकों और



छात्र–छात्राओं ने मिलकर गतिमान किया, जिसका नेतृत्व विद्यालय के सचिवध्एमडी श्रीलव मोहन कर रह थे। इनके साथ–साथ डा0 सौरभ मिश्रा, एडवोकेट संदीप त्रिपाठी, राजू गंम्भीर, संजीव भटनागर, संजय जैन, डा. राकेश गुप्ता, शशांक गुप्ता, शुभम परिधान बुटीक, अजीत बृजवासी, टिंकू गुप्ता आदि अन्य नागरिकों का भी यात्रा के सफल संचालन में प्रमुख योगदान रहा। सिटी हॉस्पीटल के सामने डा. सौरभ मिश्रा ने भारत माता को फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। तिरंगा आन व्हील्स के बारे जानकारी देते हुये विद्यालय के वरिष्ठ प्रधानाचाय र्डा0 राम मोहन ने बताया कि इस तिरंगे की लम्बाई एक नया रिकाड र्है जिसके लिये इसकी माप तथा वीडियोग्राफी करके संबंधित विभाग का विश्व रिकाड र्के लिये प्रेषित कर दिया गया है। इस तिरंगे को 15 कुशल कारीगरों ने 10 दिनों तक दिन रात मेहनत करके इसे निबार्ध यात्रा के लिए तैयार किया। साथ ही पिछले एक सप्ताह से झांकियों के कुशल निमार्ता झांकियां तैयार करने में लगे रहे। समूचे विद्यालय के विद्याथी र्एवं अध्यापक–अध्यापिकाएं विद्यालय की प्रशासनिक प्रधानाचाय र्डा. कुसुम मोहन के कुशल मागर्दशर्न में विद्यार्थियों को वितरित करने के लिए तिरंगा ध्वज एवं ध्वज दण्ड तैयार करते रहे। अंत में उन्होंने इस तिरंगा यात्रा के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला प्रशासन, पुलिस विभाग का बहुत–बहुत आभार व्यक्त किया और इसके कुशल संचालन का श्रेय विद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों, कमर्चारियों के साथ–साथ प्रशासनिक प्रधानाचाय र्डा. कुसुम मोहन एवं लव मोहन को दिया। अंत में मिष्ठान वितरण के साथ ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा का गंतव्य स्थल पर समापन किया गया।

## बखिरा स्थित भंगेश्वरनाथ मंदिर पर महिलाओं ने एसपी को बांधी राखी , दिया सुरक्षा का भरोसा

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता दिगन्त श्रीवास्तव

संत कबीर नगर । भाई बहन के अटूट प्रेम का पर्व रक्षाबंधन पर पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने महिलाओं एवं बालिकाओं से राखी बंधवाया । पर्व के अवसर पर कानून अधीक्षक ने सभी का अभिवादन किया । मौजूद महिलाओं और बालिकाओं ने एसपी की कलाई पर राखी बांधी । पुलिस अधीक्षक ने एक भाई के कर्तव्य का निर्वहन करते हुए सभी को उपहार प्रदान किया । राखी बंधवाते समय प्रसन्न मुद्रा में



व्यवस्था का जायजा लेने निकले पुलिस अधीक्षक को कलेक्ट्रेट पर महिलाओं ने राखी बांधा । इसके पश्चात जिले के बखिरा थानाक्षेत्र के बाबा भंगेश्वरनाथ शिव मंदिर पर एसपी पंहुचे थे ।

इसी बीच महिलाओं और बालिकाओं का हुजूम वहां आ गया । पुलिस नजर आ रहे पुलिस अधीक्षक ने जनपद की महिलाओं को सुरक्षा का भरोसा दिलाया ।

उन्होंने महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत चलाए जा रहे महिला सशक्तिकरण के विभिन्न प्रयासों के सम्बन्ध में जानकारी दिया ।

## महान सेनानी चन्द्रशेखर आजाद चौक तक निकला आजादी का अमृत महोत्सव तिरंगा मार्च

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता दिगन्त श्रीवास्तव

- तिरंगा मार्च को जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने दिखाया हरी झण्डी , स्वंय रहे शामिल

संत कबीर नगर । आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर शुक्रवार को जिलाधिकारी दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने श्रृंखला में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने हरी झंडी दिखा कर अमृत महोत्सव तिरंगा मार्च निकाला । इस तिरंगा मार्च में डीएम एसपी स्वंय शामिल रहे । यह तिरंगा यात्रा मौलाना आजाद इंटर कालेज से महान स्वतंत्रता सेनानी चन्द्रशेखर आजाद चौक तक निकाली गई ।



जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने कहा कि तिरंगा यात्रा में जिला एवं ब्लाक स्तर के होमगार्ड्स एंव वैतनिक तथा अवैतनिक कम्पनी को रवाना किया । महान स्वतंत्रता सेनानी चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर जिला कमाण्डेण्ट होमगार्ड्स ने माल्यार्पण किया । तत्पश्चात तिरंगा मार्च कलेक्ट्रेट के सभागार में पहुंचा । जिला कमांडेंट ने बताया है कि बीते 11 अगस्त को तहसील स्तर पर आयोजित अमृत महोत्सव तिरंगा मार्च कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय एंव तृतीय स्थान पर आने वाले होमगार्ड्स जवानों और कम्पनी के अधिकारी को अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह द्वारा बैटन कप प्रदान किया गया । इसके साथ ही अपर जिलाधिकारी द्वारा जिला कमाण्डेण्ट शैलेंद्र मिश्र को सम्मानार्थ एक बैटन कप प्रदान करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया ।

## अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू कराने के लिए सरकार से की जाएगी मांग - मधुसूदन त्रिपाठी

संवाददाता दिगन्त श्रीवास्तव

नए अधिवक्ताओं के पंजीयन के लिए की गई है आन लाइन व्यवस्था

संत कबीर नगर । बार कौंसिल आफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष मधुसूदन त्रिपाठी ने कहा कि अधिवक्ता हित के संघर्ष करना मेरी पहली प्राथमिकता रही है । अधिवक्ता कल्याण निधि की धनराशि बढ़ाने के लिए सरकार से मांग की जाएगी । प्रदेश में अधिवक्ता सुरक्षा विधेयक पारित कराने का भी प्रयास किया जाएगा । नए अधिवक्ताओं के रजिस्ट्रेशन के लिए आन लाइन व्यवस्था की गई है ।बार कौंसिल आफ उत्तर प्रदेश का अध्यक्ष निर्वाचित होने पर मधुसूदन त्रिपाठी के प्रथम बार जनपद आगमन पर जिले के अधिवक्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया । दीवानी न्यायालय के सभागार में स्वागत समारोह में श्री त्रिपाठी ने कहा कि बार कौंसिल के सदस्य के रुप में वकीलों के हित के लिए संघर्ष करता रहा । अध्यक्ष बन जाने से जिम्मेदारी और बढ़ गई है । अधिवक्ताओं की प्रत्येक समस्या मेरी अपनी है । अधिवक्ता कल्याण निधि की धनराशि बढ़ाने के साथ ही अधिवक्ताओं के आकस्मिक एवं दुर्घटना में निधन होने पर एक मुश्त धनराशि दिलाने एवं परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग सरकार से की जाएगी । अधिवक्ता प्रोटेक्शन बिल भी पास कराने का पूरा प्रयास किया जाएगा । नए वकीलों के पंजीयन के लिए



आन लाइन व्यवस्था की गई है । संत कबीर नगर के अधिवक्ताओं के प्रति उन्होंने कृतज्ञता व्यक्त किया । महामंत्री दुर्गेश नरायन मिश्र की मांग पर जिले के अधिवक्ताओं के चौम्बर निर्माण के लिए एलआर से माल कर प्रयास करने का आश्वासन दिया । स्वागत समारोह में जनपद एवं सत्र न्यायाधीश लक्ष्मीकांत शुक्ल , प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय राम नगीना यादव , एडीजे अनिल कुमार बशिष्ठ, विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट दिनेश प्रताप सिंह , एडीजे फास्ट ट्रैक द्वितीय काशिफ शेख , विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट जैनुद्दीन अंसारी , सीजेएम महेन्द्र कुमार सिंह समेत अन्य न्यायिक अधिकारी सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ईश्वर प्रसाद पाठक , जनपद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नवनीत पांडेय , महामंत्री दुर्गेश नरायन मिश्र , राकेश जी मिश्र के अलावा बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे ।

## हर घर तिरंगा महोत्सव अन्तर्गत गांव गांव प्रचार प्रसार का आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ

मथुरा ।नेहरू युवा केंद्र मथुरा द्वारा सुश्री दिव्या शर्मा, जिला युवा अधिकारी मथुरा ने निर्देशन व श्री रामवीर शर्मा लेखा एवं कार्यक्रम सहायक के नेतृत्व में हर घर तिरंगा महोत्सव के दौरान जागरूकता कार्यक्रम में गांव गांव जाकर लोगों को 13 से 15 अगस्त 2022 तक राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया जा



रामवीर शर्मा लेखा एवं कार्यक्रम ने





रहा है। तथा गांव गांव में युवा मंडल के सहयोग से स्कूली बच्चों के साथ रैली निकाल कर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। जागरूकता के लिए केंद्र के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक वेदप्रकाश, अंजना शर्मा, अमित कुमार, सचिन कुमार, सपना, कृष्णगोपाल, कृष्णकांत फरह के साथ युवा मंडलों की गठित टीम क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

बताया कि भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा देश भर के सभी नेहरू युवा केंद्र संगठन के जिला कार्यालय को जनपद के हर गांव में जाकर युवाओं के मध्य जागरूकता अभियान संचालित करने हेतु निर्देशित किया गया है । मथुरा में भी नेहरू युवा केंद्र मथुरा की टीम जन सम्पर्क कर लोगों को हर घर तिरंगा महोत्सव के बारे में जानकारी दे रहे हैं।

## शासकीय धन हड़पने के आरोपियों को धनघटा पुलिस ने दबोचा, गए जेल

दैनिक अयोध्या टाइम्स जिला संवाददाता राहुल त्रिपाठी

संत कबीर नगर । शासकीय धनराशि हड़पने के दो आरोपियों को धनघटा पुलिस ने शुक्रवार को दबोच लिया । गिरफ्तार आरोपी रामनयन एवं जयकरन पर शासकीय धनराशि का गबन करने का आरोप लगाया गया है । गिरफ्तार दोनों आरोपियों को पुलिस ने न्यायालय रवाना किया । न्यायालय ने आरोपियों को जेल भेज दिया ।

पुलिस क्षेत्राधिकारी धनघटा राम प्रकाश ने बताया कि मामला धनघटा थानाक्षेत्र का है । जिले में अपराधियों की धर पकड़ के लिए पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार के निर्देश पर अभियान चलाया जा रहा है । शासकीय धनराशि हड़पने के प्रकरण में दिनांक 16 जून 2022 को धारा 419 , 420 , 409 , 467 , 468 , 471 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया था ।

आरोपी राम नयन यादव पुत्र यमुना यादव एवं जय करन पुत्र लालमन ग्राम नटवाबर थाना धनघटा के रहने वाले हैं । प्रभारी निरीक्षक थाना धनघटा कृष्ण देव सिंह ने बताया कि आरोपियों को उप




निरीक्षक वीर बहादुर यादव ने गिरफ्तार किया ।

## अंकित पहलवान व गौरव पहलवान ने जीती दंगल की आखिरी कुश्ती

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ

मथुरा ।जिला कुश्ती संघ भारतीय पद्धति मथुरा व अखाड़ा शिव शक्ति के तत्वधान में समस्त ग्राम सभा नगला माना कि सहयोग से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गांव नगला माना में एक विराट कुश्ती दंगल का 11 अगस्त 2022 को शाम 3रू00 बजे से आयोजन किया गया जिसमें कई जिलों के सैकड़ों पहलवानों ने हिस्सा लिया कुश्ती दंगल का शुभारंभ मुख्य अतिथि आर एस एस धर्म जागरण के प्रांत प्रमुख श्री दिनेश लवानिया जी, स्वामी माधवानंद जी, स्वामी ब्रह्मानंद जी , ने युवा पहलवानों के हाथ मिलवाकर दंगल का शुभारंभ किया सभी मुख्य अतिथियों का आयोजकों द्वारा पटुका, माला ,पगड़ी पहनाकर सम्मान किया गया दंगल का समापन बीजेपी युवा जिलाध्यक्ष श्री मनजीत पूनिया जी, अजय शर्मा जी नगर कार्यवाहक आर एस एस , श्री पवन शर्मा जी बौद्धिक प्रमुख मथुरा आरएसएस, श्री शिवकुमार जी महानगर कार्यवाह आरएसएस, श्री ओम जी बौद्धिक प्रमुख महानगर आर एस एस , श्री राजकुमार सिंह जी बस्ती प्रमुख आरएसएस आदि मुख्य अतिथियों ने संयुक्त रुप से आखिरी कुश्ती के हाथ मिलवा कर



दंगल का समापन किया सभी अतिथियों का माला, पटुका , स्वाफा पहनाकर सम्मान किया दंगल आयोजक खोलगुरु बृजरत्न अशोकशेखर पहलवान ने बताया कि दंगल में 10 रुपए से लेकर 50 रूपये , 100 रूपये , 200 रूपये , 500 रूपये , 800 रूपये , 1100 रूपये ,1500 रूपये , 2100 रूपये , 2500 रूपये , 3100 रूपये पर सैकड़ों कुश्ती या कराई गई जिसमे दंगल की दूसरी कुश्ती 5100 रूपये पर बंटी पहलवान नगला माना ने छोटू पहलवान गुडेरा को जीत किया वही दंगल की आखरी कुश्ती अंकित पहलवान नगला माना व गौरव पहलवान उसफार की 11000 हजार , 11000 हजार पर कमेटी द्वारा रखी गई दोनो पहलवानों से कोई पहलवान लड़ने नही आया इसलिए दंगल कमेटी व आयोजको द्वारा दोनो आखरी कुस्ती के विजेता पहलवानों को नगद धनराशि देकर सम्मानित किया गया दंगल में करण पहलवान ने छोटू पहलवान को गोविंद पहलवान ने रूपा पहलवान को नॉटी पहलवान ने अर्पित पहलवान को मोनू पहलवान ने शार्क पहलवान को भोला पहलवान ने महेश पहलवान को दिल्ली पहलवान ने जीतू पहलवान को रामजीत पहलवान ने भोलू पहलवान को वीरेंद्र पहलवान ने संजय पहलवान को दीपक पहलवान ने लव कुश पहलवान को टप्पू पहलवान ने राजेश पहलवान को रवि पहलवान ने मोनू पहलवान को चित सभी छोटे–बड़े पहलवानों को आयोजकों दंगल कमेटी द्वारा नगद धनराशि देकर सम्मानित किया गया कर कुश्तियां अपने नाम करी निर्णायक की भूमिका भोलू कोच, अमर सिंह कोच ,श्याम कोच, रज्जो कोच , पूरण कोच आदि ने निभाई इस अवसर पर नानक चंद भगत जी पहलाद पहलवान, महाराज सिंह जी, अकेला मुकदम, बलवीर सिंह, रमन पहलवान, पप्पू सिंह, पालिंद्र पहलवान , सुभाष पहलवान, विष्णु पहलवान आदि उपस्थित थे यह जानकारी अखाड़ा शिव शक्ति के मीडिया प्रभारी लक्ष्य अरोड़ा ने दी।।

## आजादी के अमृत महोत्सव, हर घर तिरंगा कार्यक्रम से जनपद का प्रत्येक नागरिक जुड़े- जिलाधिकारी

विधायक भोगांव राम नरेश अग्निहोत्री ने हॉफ मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ

मैनपुरी 12 अगस्त, 2022– पूर्व मंत्री, विधायक भोगांव राम नरेश अग्निहोत्री ने पुलिस लाइन से 05 किमी. हॉफ मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुये कहा कि आज हमारा देश पूरे हर्षोर्ल्लास के साथ आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है और इस अमृत महोत्सव में प्रत्येक व्यक्ति अपनी सहभागिता उत्साह, उमंग के साथ सुनिश्चित कर रहा है। आज पुलिस लाइन में उमड़ी भीड़ जिसमें हर आयुवर्ग के लोग शामिल हैं। से प्रतीत होता है कि जनपद के लोग आजादी के जश्न को पूण र्मनोयोग से मना रहे हैं। प्रत्येक कायर्क्रम में जनपदवासियों की सहभागिता विशेषतौर पर स्कूली बच्चों द्वारा दी जा रहीं मोहक प्रस्तुतियां इस बात का गवाह हैं कि प्रत्येक व्यक्ति के मन में आजादी के अमृत महोत्सव का उत्साह है, सभी लोग देश की आन–बान–शान तिरंगा के प्रति पूरी तरह समपिर्त हैं। उन्होने कहा कि आजादी पाने के बाद इन 75 वर्षो में हमारा देश दुनिया की अग्रिम पंक्ति के देशों में शामिल हुआ है। इस विकास में हर एक नागरिक का किसी न किसी रूप में योगदान है। जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने हाफ मैराथन में शामिल जन–समूह को संबोधित करते हुए कहा कि बहुत खुशी की बात है कि आज हमारा देश आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। पूरे देश में हर्षोउल्लास, उमंग–उत्साह के साथ विभिन्न प्रकार के रंगारंग कार्यक्रमों के साथ आजादी के बाद जो उपलब्धियां हासिल की हैं। उन





उपलब्धियों की गौरव गाथा के साथ स्वाधीनता संग्राम सेनानियों, क्रांतिकारी वीरों, जिन्होंने आजादी को हासिल करने के लिए अपनी कुबार्नियां दी। उनके लिए कृतज्ञ देश अपनी श्रद्धांजलि अपिर्त करते हुए आजादी के अमृत महोत्सव मना रहा है। उन्होंने कहा कि विगत 01 माह से जनपद में निरंतर कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। समाज के हर वग र्में, उद्यमियों, व्यापारियों में उमंग–उत्साह का वातावरण है। यह उमंग–उत्साह जन समूह की सहभागिता मैनपुरी के इतिहास में अस्मरणीय होगा। उन्होंने कहा कि विगत दिनों परिषदीय विद्यालयों, माध्यमिक विद्यालयों के छात्र–छात्राओं ने जनपद के विभिन्न कस्बों, ग्रामीण क्षेत्रों में जो तिरंगा यात्राएं निकाली हैं। जनपद स्तर पर आयोजित मेगा तिरंगा यात्रा में पूरा शहर उमड़ पड़ा, इस मेगा रैली में लगभग 25000 छात्रों ने प्रतिभाग किया, स्वाधीनता आंदोलन पर आधारित मनमोहक झांकियां सजाई जो वास्तव में प्रशंसनीय थी। श्री सिंह ने कहा कि आज पुलिस लाइन के मैदान से पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस विभाग द्वारा हाफ मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आजादी के अमृत महोत्सव, हर घर तिरंगा कार्यक्रम से जनपद का प्रत्येक नागरिक जुड़े, हर बच्चे, नौजवान, बुजुग र्, महिला–पुरुष सभी को इस आजादी के अमृत महोत्सव में शामिल होने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त 1947 को हमारा देश आजाद हुआ था। आजाद भारत का जब जन्म हुआ था तब से लेकर आज तक इन 75 वर्षो में हमारे देश में प्रत्येक नागरिक के प्रयासों से हर क्षेत्र में विकास किया। हर क्षेत्र में हमारे देश ने उन्नति की, आज हम उन लोगों पर राज करने की दशा में है। जो हम पर राज करते थे, ऐसे मुल्क भी हमारे देश के पीछे खड़े नजर आ रहे हैं, जिनके पीछे कभी हम खड़े रहते थे। उन्होंने कहा कि इस विकसित और आजाद मुल्क में जहां दुनिया मे सबसे ज्यादा खुशहाल वातावरण में रहने की छूट है। दुनिया के सबसे खुशहाल वातावरण मैं आजादी से जीवन जीने की स्वतंत्रता है। उन्होंने कहा कि आजादी दिलाने में अपने प्राणों को बलिदान किया, यातनाएं झेलीं, अपनी कुबार्नियां दीं, उनके लिए सभी के मन में श्रद्धा–भाव रहे। जिन्होंने इस देश को विकास के प्रगति पर ले जाने का कार्य किया है सभी लोग आजादी के इस अमृत महोत्सव के अंतगर्त होने वाले कार्यक्रम में शामिल होकर शहीदों को नमन करें। देश को विकास के प्रगति पर आगे ले जाने वाले लोगों के प्रति आभार व्यक्त करें।

पुलिस अधीक्षक कमलेश दीक्षित ने कहा कि देश की आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सम्पूण र्भारतवर्ष में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अन्तगर्त विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जिसमें आज आजादी के अमृत महोत्सव के पावन अवसर पर पुलिस लाइन में भारतीय तिरंगे की आन–बान और शान के लिए हॉफ मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इस हॉफ मैराथन दौड़ हेतु कुल 05 किमी. की दूरी नियत की गयी। हॉफ मैराथन दौड़ पुलिस लाइन ग्राउण्ड से प्रारम्भ होकर सिविल लाइन चौकी से गुजरते हुये जेल तिराहा होते हुये भोगांव रोड पर स्थित आकाक्षां अकादमी में जिलाधिकारी आवास होते हुये फायर सविर्स स्टेशन के सामने से निकलकर पुनः पुलिस लाइन ग्राउण्ड में आगमन होने पर हॉफ मैराथन दौड़ का समापन हुआ। उन्होने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर आयोजित हॉफ मैराथन दौड़ प्रतियोगिता को ओपन इवेंट के रूप में रखा गया, जिसमें नौजवान, विभिन्न विद्यालयों के छात्र, आम नागरिक, राजकीय कमर्चारी एवं भारतीय तिरंगे के लिए वरिष्ठ नागरिकों ने भी प्रतिभाग किया। उन्होने कहा कि यह दौड़ केवल प्रतियोगिता नहीं है। यह दौड़ केवल स्वयं के लिए दौड़ नहीं है। बल्कि यह दौड़ देश के गौरव के लिए है, देश के सम्मान के लिये है, देश की गरिमा के लिए है, भारतिय तिरंगे के लिए यह दौड़ है। जिसमें आज आप सब देशभक्ति का जज्बा अपने दिलों में भरकर भारतीय तिरंगे के लिए दौड़ने आये हैं।

## पात्रता सूची में नाम होने के बाद भी नहीं मिल सका आवास गरीब का कच्चा मकान बरसात में गिरा,अधिकारी मौन

मनोज शर्मा, ब्यूरो चीफ

मैनपुरी,एलाऊ – गरीबों को छत दिलाने के लिए सरकार के द्वारा प्रतिवर्ष करोड़ों की धनराशि खर्च की जाती है। लेकिन पात्रता सूची में नाम होने के बाद भी जिम्मेदारों की मनमानी के कारण आवास योजना के लाभार्थी वंचित रह गया। बरसात के मौसम में गरीब के मकान की कच्ची छत गिर गई। पड़ोस के मकान में रहकर जीवन बसर करना पड़ रहा है।

विकासखंड जागीर क्षेत्र के गांव एलाऊ निवासिनी अनीता देवी पत्नी कमलेश पुजारी का पात्रता सूची में नाम होने के बाद भी आशियाने का सपना पूरा नहीं हो सका। कमलेश कुमार के 5 बच्चे हैं, कई वर्षों पूर्व कच्ची पक्की ईट लगाकर घास फूस डालकर छत को बनाया था। लेकिन बरसात के चलते गरीब की छत भरभरा कर गिर पड़ी। घर के सभी सदस्य बाहर पड़ी झोपड़ी में सो रहे थे, जिस कारण सुरक्षित रह





सके। पीड़ित परिवार अपने परिवारी भाई संतोष कुमार के घर में रहकर जीवन बसर कर रहे हैं। कमलेश पुजारी एलाऊ चौराहे पर चाट की ठेली लगाकर परिवार का भरण पोषण करते है। बीते 2 वर्षों से तहसील व ब्लाक कार्यालय के चक्कर काटकर हार मान चुके हैं। ग्राम प्रधान व सचिव से आवास दिलाए जाने की आरजू मिन्नत की लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका। गांव की राजनीति पर नेतागिरी के चलते पीड़ित का आरोप है, उसका सपना पूरा नहीं हो सका। कच्चे मकान में पन्नी डालकर परिवार के साथ रहने के लिए मजबूर है। आवास विहीन परिवार के सदस्यों ने मुख्य विकास अधिकारी से मांग की है। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर पात्रता के आधार पर आवास दिलाया जाए। जिससे गरीब के परिवार को छत मिलने का सपना पूरा हो सके।

# संक्षिप्त समाचार

**पीलीभीत पूरनपुर पेड़ से टकराने से ईको कार मे लगी आग**



पीलीभीत। पूरनपुर माधौटाडा रोड पर ईको कार मे लगी आग ड्राइवर सवारी लेने पूरनपुर जा रहा था रास्ते में रघुनाथपर के समीप ड्राइवर अपना संतुलन खो बैठा और इको कार पेड़ से टकरा गई सड़क पर आने जाने वाले लोगों ने देखा तो ड्राइवर को घायल अवस्था में समुदाय स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया गया और जब तक कुछ समझ पाते जब तक ईको कार आग लग चुकी थी और आग इतनी तेज लगी हुई थी आग को बुझा पाना भी मुश्किल था हादसे में ईको कार चालक माधौ टांडा निवासी संजीव कुमार पुत्र वीर सहाय बताया जा रहा है संजीव कुमार पिछले एक साल से माधौटाडा निवासी सकील खां की ईको गाडी चालाता था।

**आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य एवं मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का किया गया आयोजन**





पीलीभीत। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में जिलाधिकारी पीलीभीत, पुलकित खरे के कुशल निर्देशन में कल शाम 6. 00 गांधी स्टेडियम के प्रेक्षागृह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कलाकार बंटी सिंह राना की टीम द्वारा लोक गायन, नृत्य, स्वागत गीत, झीझी, देश भक्ति गीत, होली गायन, उड़ जाए रे, बार्डर नृत्य जैसे मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया,लोगों ने खूब लुत्फ उठाया।
उक्त कार्यक्रम में पंद्रह कलाकारों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, एआर कोआपरेटिव, वीर विक्रम सिंह, डीएसटीओ, नरेन्द्र यादव,जिला क्रीड़ा अधिकारी, राज कुमार आदि द्वारा कलाकारों का उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के अंत में नोडल अधिकारीडीपीओ, अरविंद कुमार द्वारा सभी उपस्थित महानुभाव का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन मंसूर अहमद शम्सी द्वारा किया गया।

**श्री शोएब अहमद फूल बाबू को क्षेत्र पंचायत सदस्य बनने पर संस्थाओं की ओर से सम्मानित किया गया**

पूरनपुर। आज इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी शाखा पूरनपुर पीलीभीत तथा रोटरी क्लब पूरनपुर रॉयल ने संयुक्त रूप से पूरनपुर क्षेत्र के सम्मानित पत्रकार बंधुओं को आजादी के 75 में अमृत महोत्सव हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत ध्वज वितरण किया समाज के सभी वर्गों एवं क्षेत्रों तक अपनी लेखनी से समाज के ज्वलंत विषयों को अपने अखबार में जगह देकर समाज के लोगों की बात शासन एवं प्रशासन तक पहुंचाने वाले सम्मानित पत्रकार बंधुओं से अपील की इस वर्ष 75 वा आजादी अमृत महोत्सव धूमधाम से मनाएं एवं श्री शोएब अहमद फूल बाबू को क्षेत्र पंचायत सदस्य बनने पर संस्थाओं की ओर से सम्मानित किया गया।

**जुमे की नमाज के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने निकाली तिरंगा यात्रा**

पूरनपुर। मोहल्ला करीमगंज गौसिया मस्जिद से जुमे की नमाज के बाद देश के प्रधानमंत्री के आवाहन पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एकजुट



होकर तिरंगा यात्रा निकाली इस दौरान तिरंगा यात्रा शेरपुर रेलवे क्रॉसिंग स्टेशन रोड व ब्लॉक रोड से होती हुई मोहल्ला खानकाह साबरी हाता में पहुंची जहां पर तिरंगा यात्रा का समापन हुआ इस दौरान तिरंगा यात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल रहे।

**महिला व युवती प्रेमी के साथ फरार,पुलिस से शिकायत**

पूरनपुर।कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला के पति की कुछ साल पहले मौत हो गई थी।उसके पांच बच्चे हैं वह पति की मौत के बाद अपनी ससुराल में रह रही थी।इसी दौरान महिला का गांव के ही एक ग्रामीण से प्रेम प्रसंग हो गया।तीन दिन पहले महिला का प्रेमी उसको बहला–फुसलाकर हजारों रुपए की नकदी व माल जेवर लेकर रफूचक्कर कर ले गया।सुबह महिला को घर न पाकर परिजनों के होश उड़ गए।काफी तलाश करने के बाद भी कोई पता नहीं चल सका।पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।एक अन्य मामले में कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती गांव के ही एक युवक के साथ चार दिन पहले घर से हजारों की नकदी व आभूषण लेकर फरार हो गई। काफी तलाश करने के बाद भी कोई पता नहीं चल सका।मामले की तहरीर पुलिस को दी गई है।कोतवाल अशोक पाल ने बताया कि तहरीर पर महिला व युवती की तलाश शुरु कर दी गई है।शीघ्र ही बरामद कर लिया जाएगा।

**20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद**

पूरनपुर।कोतवाली पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि नहर पुलिया के पास खेत में बड़े पैमाने पर अवैध कच्ची शराब निकाली जा रही है।इस पर कोतवाली पुलिस सक्रिय हुई।मुखबिर के जरिए बताए हुए स्थान पर पहुंच गई।पुलिस को देखकर शराब बनाने वाले मौके से फरार हो गए।पुलिस ने घेराबंदी करते हुए एक को मौके पर ही दबोच लिया।उसके पास से 20 लीटर अवैध कच्ची शराब व कई लीटर लहन बरामद किया गया।पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम रिंकू निवासी मोहल्ला साहूकारा बताया है।आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेजा गया है।

**तमंचा कारतूस के साथ एक को जेल**

पूरनपुर।कोतवाली पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि हाईवे पर मजार के पास एक संदिग्ध घटना को अंजाम देने की फिराक में है।उसके पास असलहा भी है। इस पर पुलिस मुखबिर के जरिए बताए हुए स्थान पर पहुंच गई।युवक पुलिस को देखकर भागने लगा।पुलिस ने घेराबंदी करते हुए आरोपी को दबोच लिया।तलाशी लेने पर उसके पास से 315 बोर एक तमंचा व कारतूस बरामद किया गया है।पकड़े गए आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम शमशाद निवासी ढका बताया है।आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

**ई रिक्शा ब्रांच का ताला तोड़ कर नगदी सहित लाखों का सामान चोरी**

पूरनपुर।ई–रिक्शा ब्रांच का ताला तोड़कर चोरों ने दुकान को अपना निशाना बनाया।हजारों का माल चोरी करने के बाद दुकान के ऊपर रह रहे किराएदार के कमरे को खंगाला।चोरो ने दोनों जगहों से नकदी सहित लाखों की चोरी की घटना को अंजाम दिया।सुबह चोरी की वारदात को लेकर खलबली मच गई।सूचना पर पुलिस ने मौका मुआयना किया।घटना की तहरीर कोतवाली पुलिस को देकर खुलासे की मांग की है।बीती रात चोरों ने पुलिस गश्त की पोल खोलते हुए चोरी की वारदात को अंजाम देकर पुलिस पैकेट की पोल खोल दी।नगर के घुंघचाई चौराहे के पास उमेश बैटरी सर्विस ई रिक्शा ब्रांच है।रोजाना की भांति गुरुवार को दुकान स्वामी दुकान बंद कर घर चला गया।बीती रात चोरों ने दुकान के ताले तोड़कर अंदर प्रवेश कर गए।चोरों ने दुकान से 16 नई बैटरी,40 पुरानी बैटरी,एक टयूबलर, इनवर्टर,दो सिलेंडर15000 रुपये की नगदी चोरी कर ली।इसके बाद चोरो ने किराएदार के कमरे में प्रवेश कर गए।वहां से चोरों ने तीन हजार की नगदी,एक घड़ी, एयरफोन,कपड़ो से भरा बैग सहित लाखों का सामान चोरी कर लिया।इसके अलावा चोरों ने ई रिक्शा ले जाने का भी प्रयास किया।किसी तरह से चोर उसको ले जाने में कामयाब नहीं हो सके।लेकिन ई रिक्शा की बैटरी चोरी कर ले गए।सुबह दुकान स्वामी जब दुकान खोलने गए तो सारा सामान गायब हो पाया।यह देख उसके होश उड़ गए।वारदात को लेकर खलबली मच गई।बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए।गांव मदरवाबा निवासी जसवंत व सुरेश चन्द्र ने मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी।इस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चोरी की घटना का निरीक्षण कर आसपास से जानकारी जुटाई।वारदात के खुलासे के लिए कोतवाली पुलिस को मामले की तहरीर दी है।कोतवाल अशोक पाल ने बताया वारदात की तहरीर पर पुलिस मौके पर गई है।शीघ्र ही रिपोर्ट दर्ज कर चोरी की घटना का खुलासा किया जाएगा।

## भाई बहन के त्योहार पर साथ जन्मे भाई-बहन



पूरनपुर। पूरनपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आज महापर्व रक्षाबंधन के दिन 2 महिलाओं ने जुड़वा बच्चों को जन्म दिया दोनों ही लड़का और लड़की यानी भाई–बहन के रूप में जन्मे, साथ ही साथ विशेषता यह रही कि दोनों का जन्म सामान्य डिलीवरी के द्वारा हुआ है जिसमें से एक ग्राम चांदपुर से हैं वही दूसरे खमरिया पट्टी से हैं
इस खबर को सुनने पर इन दोनों ही ट्विंस बच्चों से मिलने के लिए नगर के गायत्री परिजन संदीप खंडेलवाल स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे व बच्चों के अभिभावकों से मिले एवं बच्चों को उपहार स्वरूप वस्त्र प्रदान किए साथ ही शुभकामनाएं और आशीर्वाद भी दिया, खंडेलवाल ने नॉर्मल डिलीवरी के लिए अस्पताल स्टाफ को विशेष बधाई दी।
आज रक्षाबंधन के दिन इस तरह से 2 महिलाओं के जुड़वां बच्चों का जन्म चर्चा का विषय बना रहा सभी लोग विशेष संयोग की प्रशंसा करते दिखे।

## नौजवानों को राखी बांधकर मनाया रक्षाबंधन पर्व

पीलीभीत कलीनगर– देश की सीमाओं की सुरक्षा में तैनात नौजवानों को राखी बांधकर रक्षाबंधन पर्व मनाया गया। जिसमें बहनों ने सीमा सुरक्षा बल के जवानों को राखी बांधी और मिठाई खिलाई।
कलीनगर तहसील क्षेत्र के ग्राम बूंदीभूड में 49वीं बटालियन नौजलिया कैम्प है जहां सीमा सुरक्षा बल के जवान देश की अन्तर्राष्ट्रीय सीमाओं की सुरक्षा के लिए तैनात हैं। जो दिन रात एक करके देश की सुरक्षा कर रहे हैं। रक्षाबंधन पर्व पर घर जाकर पर्व मनाने की भी फुर्सत नहीं मिलती है और घर जाने के छुट्टी भी नहीं मिलती है। अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाते हैं। छुट्टी में घर जाने वाले जवानों को राखी बांधने का काम एकल अभियान ने लिया है और रक्षाबंधन पर्व पर कैंप में जाकर एकल अभियान की बहनों द्वारा सीमा सुरक्षा बल के सिपाहियों को राखी बांधकर रक्षाबंधन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। रविन्द्र कुमार नन्द ने स्वामी विवेकानंद का स्मृति चिन्ह भेंट कर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के रविन्द्र कुमार नन्द, बटालियन नौजलिया कैम्प के इंचार्ज रामसिंह सैनी, ग्राम स्वराज योजना प्रमुख पश्चिमी उत्तर प्रदेश उत्तराखंड अरविंद कनौजिया





अंचल प्रमुख रीता जोशी, निक्की, रामलली, देवी मनीषा, शकुंतला, कलीनगर सभासद अरविन्द राठौर, ग्राम प्रधान शीला सिंह आदि उपस्थित रहे।

**RSS के स्वयंसेवकों ने एसएसबी की साइकिल तिरंगा यात्रा का किया स्वागत, बहनों ने बांधा सैनिकों की कलाई में रक्षासूत्र**



पीलीभीत। कलीनगर सशस्त्र सीमा बल की तिरंगा साइकिल यात्रा नगरिया कैंप से प्रारंभ होकर के पीलीभीत के लिए रवाना हुई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने कलीनगर मोड़ पर मोटरसाइकिल हाथो मे तिरंगा लेकर अगवानी की फिर चौराहे पर तिलक लगाकर, पुष्प वर्षा कर एवं जवानो के तिरंगा बैज लगाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में समाजसेवी शैलेंद्र गुप्ता सभासद, राइसमिलर हर्ष गुप्ता, संजय गुप्ता, पवन जयसवाल ,करन ,अरविंद राठौर आदि सम्मिलित रहे । ठाकुरद्वारा



मंदिर में बहनों ने फौजियों के कलाई में राखी बांधी कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुषांगिक संगठन सीमा जन कल्याण समिति के तत्वाधान में किया गया कार्यक्रम में सीमा जन कल्याण समिति के जिला अध्यक्ष पंडित सुरेंद्र दीक्षित, महामंत्री सियाराम के नेतृत्व मे किया गया। कार्यक्रम का संचालन विभाग योग प्रमुख श्रीपाल शर्मा ने किया। धर्म जागरण सह जिला समन्वयक अंशु गुप्ता, भाजपा मण्डल अध्यक्ष शिवम जायसवाल विद्या मंदिर आचार्य बलराम, सरल गुप्ता आदि का विशेष सहयोग रहा। रेखा शर्मा शासकीय अधिवक्ता, नेहा राज राठौर, मुस्कान ,कशिश प्रियंका नैंसी आदि बहनों ने एसएसबी सीओ और जवानों के कलाई पर रक्षासूत्र बांधे व मुह मीठा कराया। उनकी लंबी व स्वस्थ जीवन के लिए प्रार्थना की।

**शुक्रवार को रक्षाबंधन पर्व पर बहनों ने अपने भाइयों के कलाई पर रक्षासूत्र बाँधा और बहनों को भाइयों ने दक्षिणा भेंट की**

पूरनपुर–कलीनगर मार्ग पर जिला प्रशासन द्वारा परिवहन विभाग की कोई रोडवेज बसों की व्यवस्था न करने से राहगीरों को काफी मुसीबतों का सामना करना पड़ा। कई राहगीरों ने मार्ग पर वाहन न होने से पैदल यात्रा का ही सहारा लिया। जबकि इस मार्ग पर खाता, अमरैयाकलां, सुखदासपुर, तकियादीनारपुर, नवदियाधनेश, नवदिया टोडर, सबलपुर, रम्पुराफकीरे, ककरौआ, देवीपुर, करलिया कुर्रैया, दोदपुर, केसरपुर, भीमपुर नौगजा, चित्तरपुर, कलीनगर



आदि कई गांवों का दोनों तहसीलों का रहता है। फिर भी जिम्मेदारी अधिकारी इस मार्ग पर परिवहन विभाग की बसें चलाने के लिए कोई ध्यान नहीं दे रहे है। जिससे क्षेत्रवासियों में रोष व्याप्त है।

**विदेश भेजने के नाम पर युवकों से लाखों रुपये ठगे रुपये मांगने पर दी युवकों को जान से मारने की धमकी**

पूरनपुर।विदेश भेजने के नाम पर जालसाजों ने दो युवकों से लाखों रुपए की ठगी कर ली। रुपए वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी।युवकों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।
बंडा क्षेत्र के गांव बरीबरा कुलदीप सिंह व उसके साथी सुखविंदर सिंह ने बताया कि वह विदेश जाने की तैयारी कर रहे थे।नगर के महिंद्रा टावर के पास यूनिक प्लस इमीग्रेशन का ऑफिस है।उन्होंने बताया कि उनकी मुलाकात कुछ लोगो से हो गई।उन्होने दोनो को विदेश भेजने के लिए कहा।इस पर दोनो युवक जालसाजों के झांसे में आ गए।आरोप है कि विदेश भेजने के नाम पर दोनो से पांच लाख रुपये ले लिए। कई महीने बीत जाने के बाद भी पीड़ितों को विदेश नहीं भेजा गया।इस दौरान पीड़ितों ने जानकारी करने चाही तो वह टालमटोल करने लगे।रुपये भी चलेगे और विदेश भी नही भेजा गया।इस पर दोनो ने अपने आपको ठगा महसूस समझा।कईवार रुपये मांगे तो दोनो को रुपये मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। धोखाधड़ी करके जालसाजों रुपये एंठ लिए।वह उनके घर भी गए तो दोनो को धमकी देते हुए घर से भगा दिया।पीड़ित ने इस मामले की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी।कोतवाल अशोक पाल ने बताया मामले की तहरीर पर जांच शुरू कर दी गई है।मामला सही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## सीओ कोतवाल ने फोर्स के साथ निकाली तिरंगा यात्रा, दिया देशभक्तिका सदेश





अयोध्या टाइम्स संवाददाता
फरीदपुर। आजादी के अमृत महोत्सव के मद्देनजर घर–घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत कोतवाली स्टाफ भी अछूता नहीं रहा क्षेत्राधिकारी के निर्देशन कोतवाल के नेतृत्व में कोतवाली परिसर में समस्त स्टाफ के साथ परिसर से बंदे मातरम के जय घोष के साथ हाथों में तिरंगा लेकर यात्रा को अंतिम रूप दिया और शासन के मंसूबों पर चार चांद लगाए!
शासन और प्रशासन स्वतंत्रता दिवस को आजादी केअमृत महोत्सव के तहतका शानो शौकत के रूप में मनाने की फिराक में है शासन की मंशा है की स्वतंत्रता दिवस पर घर, प्रतिष्ठान ,वाहन ,और सरकारी कार्यालय पर राष्ट्रीय ध्वज शान से लहराया जाए जिसको लेकर प्रशासन कई दिनों से रूपरेखा तैयार कर जद्दोजहद करने में जुटा है राजनीतिक सामाजिक दलों द्वारा भी लोगों को जागरूक करते हुए आए दिन तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है इसी के तहत क्षेत्राधिकारी गौरव सिंह के निर्देशन एवं कोतवाल राजेश कुमार की अगुवाई में कोतवाली परिसर मैं समूचे स्टाफ के साथ एकत्रित होकर हाथों में तिरंगा लेकर नगर के विभिन्न मार्गों पर यात्रा की अलख जगाई क्योंकि विगत दिवस परिसर में पुलिस कर्मियों के रिहर्सल के बाद कोतवाली भवन आवासीय भवन एवं मुख्य द्वार पर हमारे देश की आजादी का प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लहराया गया था जिससे समूचा कोतवाली परिसर आजादी की खुशी का इजहार करता दिखाई दिया क्योंकि 12 और 13 अगस्त घर–घर तिरंगा लगाने की मुहिम चढ़ने वाला है जिसे पुलिस व प्रशासन अंतिम रूप देने में जुटा है जो आजादी के अमृत महोत्सव पर स्वतंत्रता दिवस के दिन आजादी के जश्न में कारगर साबित होगा इसी के नगर में तिरंगा यात्रा निकाली है और लोगों को जागरूक किया है मोदी योगी का अरमान तिरंगे को पूरे देश में चढ़ाऔ परवान देशवासी आजादी महसूस करें अन्य देश भारत की आजादी का मनन करें मोदी योगी का यही अरमान है देशवासियों से तिरंगा लहराने का फरमान है! इस दौरान क्षेत्राधिकारी गौरव सिंह, कोतवाल राजेश कुमार, कस्बा इंचार्ज सत्येंद्र यादव, नवीन कुमार ,सनुज कुमार ,सुरेंद्र शर्मा, गौरव , हेड मुहर्रिर मधुसूदन यादव, यदुवीर सिंह के अलावा कोतवाली स्टाफ मौजूद रहा!

## फतेहगंज पुलिस ने निकाली तिरंगा यात्रा, खाकी के हाथों में लहराया तिरंगा



अयोध्या टाइम्स संवाददाता
फतेहगंज पूर्वी। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत फतेहगंज पूर्वी पुलिस भी पीछे नहीं रही कोतवाल के नेतृत्व में कोतवाली स्टाफ के साथ नगर में तिरंगा यात्रा निकालकर लोगों में देशभक्ति की भावना जागृत की जो आगामी स्वतंत्रता दिवस पर आजादी के जश्न में कारगर साबित होगी!
आजादी के अमृत महोत्सव पर हर घर तिरंगा अभियान के चलते फतेहगंज पूर्वी पुलिस द्वारा रक्षाबंधन के पर्व पर शुक्रवार को नगर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में निकाली गई जो नगर के विभिन्न मार्गों से होकर कोतवाली परिसर में संपन्न हुई तिरंगा यात्रा की अगुवाई कोतवाल ने की समूचा अमला अपने हाथों में तिरंगा लेकर पीछे पीछे देशभक्ति के गीत गुनगुनाता नजर आया पुलिस ने तिरंगा यात्रा निकालकर लोगों में देशभक्ति की जाग भावना जागृत की है और घर–घर तिरंगा लगाकर आगामी स्वतंत्रता दिवस पर आजादी का जश्न जोश खरोश के साथ मनाने की अपील की जिससे हम महसूस करें कि हमारा भारत देश और यहां के निवासी पूरी तरह गुलामी के चुंगल से छूटकर आजाद हैं पीएम मोदी और सीएम योगी का यही अरमान है। तिरंगा यात्रा में थाने के इंस्पेक्टर वीरेंद्र बहादुर सिंह, उप निरीक्षक अमित कुमार,दिनेश कुमार,कृष्ण अवतार,अखिल,सौरभ,सिपाही सुंदर लाल,महेश,राहुल,सचिन सहित थाने का समस्त स्टाफ मौजूद रहा और तिरंगा यात्रा में भरपूर सहभागिता दिखाई।

## एसडीएम ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को तिरंगा सौंपा आजादी का जश्न मनाने की अपील



अयोध्या टाइम्स संवाददाता
फरीदपुर। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत उप जिलाधिकारी ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों से मिलकर भारत का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा सौंपा और आजादी का जश्न जोशखरोश के साथ मनाने की अपील की!
भारतीय स्वाधीनता के 70 वर्ष पूर्ण होने के गौरवमई अवसर पर आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत 11 अगस्त से 17 अगस्त तक देश भर में स्वतंत्रता संग्रामी सेनानियों एवं 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत एसडीएम अजय कुमार उपाध्याय ने तहसील क्षेत्र के ग्राम शिवपुरी के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय राम बहादुर सिंह, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय बाबू सिंह रधौली कला के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय जयतिराम की पुत्री रानी व उनके परिजनों से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें तिरंगा भेंट किया उप जिलाधिकारी ने दो टू कहां आजादी की जंग में स्वतंत्रता सेनानियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही थी यही वह ब्रह्मास्त्र है जिसके प्रहार से दुश्मनों का कलेजा कापता है जिन्होंने अपने घर परिवार को छोड़कर वतन की रक्षा के लिए सर्वस्व न्योछावर कर दिया अब मोदी योगी सरकार में उन्हें गौरवमई गाथा के साथ याद करने का समय आया है जो आगामी दिनों के स्वतंत्रता दिवस पर साक्षात प्रमाण देखने को मिलेगा यही शासन के मंसूबों पर चार चांद कारगर सिद्ध होगाउन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों से आजादी के जश्न में रंग बिखेरने की बात कही क्योंकि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समूचे देश को तिरंगे में सराबोर देखना चाहते हैं।

## धूमधाम से मना रक्षाबंधन, बहना ने भाई की कलाई पर प्यार बांधा, भाइयों ने बहनों की सुरक्षा का किया वादा



अयोध्या टाइम्स संवाददाता
फरीदपुर। नगर से लेकर ग्रामीण इलाके मेंबड़े ही हर्षोल्लास के साथ रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया। दो दिवसीय रक्षाबंधन पर्व पर बहनों ने भाई की कलाई पर प्यार बांधा है भाइयों ने बहनों की सुरक्षा करने का वचन दिया है सुबह से ही बहने अपने भाइयों को राखी बांधने के लिए अपने अपने घरों से निकल पड़ी अधिकांश बहने अपनी बाइक , कारों तथा सरकारी बसों से रवाना हुई।
रक्षाबंधन के पर्व पर नगर के बाजारों में मिठाई, फलों और राखियों की दुकानों पर पूरे दिन भारी भीड़ लगी रही बहने अपने भाइयों के लिए मिठाई, फल एवं राखियां लेकर पहुंची और भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा और मुंह मीठा कराया। और उनके जीवन के हर संघर्ष तथा हर मोर्चे पर सफल होने तथा निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहने की ईश्वर से प्रार्थना की। वही भाइयों ने भी अपनी बहनों का तिलक लगाकर उसकी रक्षा करने का वचन दिया। वही योगी सरकार ने भी प्रदेश की बहनों के लिए 2 दिन के लिए रोडवेज बसों में निशुल्क यात्रा करने का तोहफा दिया जिसकी प्रदेश की बहनों ने मुख्यमंत्री के इस कार्य की सराहना की और उन्हें बधाई दी लेकिन दो दिवसीय त्योहार के चलते सड़कों पर भीड़ कम दिखाई दी रोडवेज बसों में भी महिलाओं को सफर करने की बेहद सुविधा मिली नहीं रक्षाबंधन पर्व को लेकर उप जिलाधिकारी अजय कुमार उपाध्याय क्षेत्राधिकारी गौरव सिंह कोतवाल राजेश कुमार फोर्स के साथ सड़कों पर गस्त करते नजर आए जिससे कोई अप्रिय घटना ना हो।
फल और मिठाई में लगी आग–'हिंदुओं के पावन पर्व रक्षाबंधन पर फल और मिठाई दुकानदारों की बल्ले बल्ले रही फल और मिठाई के दाम आसमान पर रहे जिससे गरीब बहनों केपतियों को अपनी जेब ढीली करनी पड़ी लेकिन भाई–बहन के अटूट प्यार की जोखिम भी बहनों ने उठा ली और गंतव्य पर पहुंच कर भाई को तिलक कर दीर्घायु की कामना करते हुए मिठाई खिलाई!

## आखिर किसके संरक्षण में चल रहा फ्लाईओवर,बीसलपुर रोड पर,सुल्फा कारोबार



अयोध्या टाइम्स संवाददाता
फरीदपुर नशे के कारोबार के लिए फरीदपुर सुर्खियों में है जहां कच्ची शराब अफीम स्मैंक के अलावा गांजा सुल्फा कारोबार खुलेआम धड़ल्ले से हो रहा डायल 112 के ठिकाने पर भी जमकर सुल्फा बिक रहा, कस्बे के युवाओं का जुटता है जखीरा ,शाम ढलते ही फ्लाईओवर के पास नशे का खुलता है पिटारा वहीं बीसलपुर रोड पर भी धड़ल्ले से चल रहा नशे का कारोबार आखिर कौन बना है नशे के तस्करों का मसीहा पुलिस कार्यवाही क्यों नहीं करती!
जिला बरेली की तहसील फरीदपुर बाबा फरीद की नगरी की तस्करों ने फिजा बिगाड़ दी कच्ची शराब अफीम स्मैंक तस्करों ने सुर्खियों में ला दी कस्बे के बाहर से गुजरने वाला बरेली सीतापुर हाईवे पर बीसलपुर रोड का फ्लाईओवर बीसलपुर रोड नशे के कारोबार का अड्डा बना हुआ है जहां से अन्य राज्यों को जाने के लिए हाईवे भी लगा हुआ है ढकनी गांव के स्मैक तस्कर फ्लाईओवर से गुजरते हैं सूत्रों से पता चला फ्लाईओवर के अवैध दुकानदार सुल्फा कारोबार धड़ल्ले से कर रहे हैं अवैध दुकानदार शाम ढलते ही असामाजिक तत्व एवं कस्बे के युवा दुकानों पर बैठकर जाम भी छलकाते हैं खाकी देखती रहती है यही असामाजिक तत्व और युवा सुल्फा गैंग से सुल्फा खरीद कर धुएं का गुब्बार उड़ाते हैं काफी लंबे समय से चल रहा है सुल्फा के खरीद–फरोख्त का कारोबार लेकिन पुलिस बनी हुई है बेखबर वैसे तो डायल 112 का बना है ठिकाना लेकिन धड़ल्ले से बढ़ रहा है सुल्फा व्यापार का पैमाना जिसमें महिला तस्कर भी शामिल बताई गई है जो नशे के कारोबार से संपत्ति जुटाने में लगी है फ्लाईओवर से कुछ दूरी पर जनता ढाबा तस्करों का बना था मुखबिर की सूचना पर आनन–फानन में सील कर नोटिस लगाकर बुलडोजर चला दिया प्रधान के पार्टनर की बैटरी फैक्ट्री को भी धराशाई कर दिया जो तस्करों की ब्रांच बनी हुई थी पुलिस के हाथ लग गया नशे का सौदागर गुर्गे हो गए घरों में ताले डालकर नगर से फरार फिर भी सुल्फा कारोबार पर जमकर फल फूल रहा है किसके संरक्षण में चल रहा नशे का कारोबार !
पुल के नीचे ठेले वालों का बजता है डंका : बीसलपुर रोड का फ्लाईओवर निर्माण से पूर्व ही अवैध दुकानदारों ने कब्जे कर लिए पुल के नीचे अवैध ठेले वालों ने दोनों तरफ कब्जा करके वाहनों के पहियों की रफ्तार कम कर दी बड़े वाहन बरेली और शाहजहांपुर की और गुजरने के लिए लिए ठेले वालों ने अतिक्रमण कर आवागमन बाधित कर दिया सूत्रों के मुताबिक डायल 112 के कर्मीअतिक्रमण करा कर जेब गर्म करते हैं ठेले वाले पुलिस से बेखौफ रहते हैं लेकिन राहगीरों को मुसीबत बने हुए है

## एनटीपीसी में देशभक्तिके जज्बे के साथ निकली भव्य तिरंगा यात्रा



संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स
औरैया। स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। इसमें नया आयाम जोड़ते हुए भारत सरकार द्वारा " हर घर तिरंगा " अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत देश भर में विविध कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। एनटीपीसी औरैया परियोजना में भी " हर घर तिरंगा " अभियान के अंतर्गत कई गतिविधियाँ जैसे कि तिरंगे के साथ सेल्फी लेना, प्रमाण–पत्र प्राप्त करना, परियोजना प्रभावित गाँवों में झंडे वितरित करना इत्यादि शामिल हैं। " हर घर तिरंगा " अभियान को और अधिक प्रभावी बनाते हुए परियोजना के टाउनशिप परिसर में स्वतंत्रता सप्ताह के प्रारम्भ में विभागाध्यक्षों, वरिष्ठ अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गयी। यह तिरंगा यात्रा एनटीपीसी औरैया के अतिथिगृह से प्रारम्भ होकर पूरे टाउनशिप में देशभक्ति नारे के साथ आगे बढ़ते हुए पुनः अतिथि गृह के सम्मुख इस भव्य यात्रा का समापन हुआ। देशभक्ति के जज्बे के साथ यह भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गयी।

# संक्षिप्त समाचार

उत्साह के साथ मनाया आजादी का अमृत महोत्सव

## हर्षोउल्लास सहित तिरगें झण्डे के साथ रे0स्टेशन0 आगरा कैण्ट पर जनसंवाद व फ्लैग मार्च

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो। आगरा,12 अगस्त। को स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्ष गांठ के अवसर पर आजादी के अमृत महोत्सव को बडे हर्षोउल्लास के साथ एवं गरिमामयी रूप मनाते हुए ष्हर घर तिरंगा अभियानष् को सफल बनाने के क्रम में आज दिनांक 12 अगस्त 2022 को जीआरपी अनुभाग आगरा में मो0 मुश्ताक पुलिस अधीक्षक रेलवे, आगरा द्वारा रेलवे स्टेशन आगरा कैण्ट पर टैक्सी, आटो चालकों, यात्रियों एवं स्थानीय आमजन के समक्ष जीआरपी आगरा द्वारा किये गये सराहनीय कार्यों व विशेष अभियानों के सम्बन्ध में जनसंवाद किया गया साथ ही आजादी के अमृत महोत्सव में हर घर तिरंगा अभियान का संदेश देते हुए यात्रियों व टैक्सी आटो चालकों सहित जय हिन्द, वन्देमातरम् एवं हर घर तिरंगा की उदघोषणा साथ सम्पूर्ण रेलवे स्टेशन परिसर में तिरगें झण्डे के साथ फ्लैग मार्च किया गया।



## तारघर मैदान से सदर क्षेत्र होते हुए निकाली तिरंगा यात्रा

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो
आगरा। आजादी के अमृत महोत्सव में श्रीमान पुलिस अधीक्षक नगर, श्रीमान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण (पूर्वी), सहायक पुलिस अधीक्षक, सी०ओ० हरीपर्वत, के नेतृत्व में तारघर मैदान सदर से तिरंगा यात्रा के निकला गया।



## संस्कार ने राजपुर चुंगी में बाँटे कपड़े के झंडे

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो
आगरा। भारत विकास परिषद संस्कार शाखा की ओर से पॉलीथीन मुक्त अभियान के तहत राजपुर चुंगी क्षेत्र में कपड़े के झंडो का राहगीरों को वितरण किया। झंडा वितरण कार्यक्रम की शुरुआत भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक संजय गुप्ता और स्थानीय पार्षद जगदीश पचौरी पहला झंडा दे कर की। शाखा अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि धन के आभाव में किसी भी शहरवासी का घर बिना तिरंगे के ना रहे इसलिए संस्था जगह–जगह जा कर कपड़े के झंडे का वितरण कर रही है। इस अवसर पर भाजपा के सह संयोजक अनुराग मित्तल, कोषाध्यक्ष संजय बंसल, ममता गुप्ता, मुकेश गुप्ता, अजय गुप्ता आदि मौजूद रहे।



## कागज पर उकेरे नौनिहालो ने आजादी के रंग

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो
आगरा। रामबाग स्थित श्यामलाल सरस्वती शिशु मंदिर स्कुल पर भारत विकास परिषद् समर्पण शाखा की ओर से अमृत महोत्सव के तहत चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 1 से 8 तक के बच्चो ने अपने चित्रकारी के हुनर को कला के माध्यम से कागज पर दिखाया। अध्यक्ष संजीव दौनेरिया ने कहा कि चित्रों में बच्चो ने अपने भावों को जिस तरह से दिखाने का प्रयास किया उसे देखकर हैरानी हुई। इन्होंने भारत के आजाद होने का समय देखा भी नहीं है, फिर भी देश भक्तों और शहीदों के योगदान को चित्रों में शानदार तरीके से उकेरा। इस अवसर पर प्रतियोगिता प्रभारी अनिल गुप्ता, मधु गुप्ता, अध्यक्ष, संजीव दौनेरिया, सचिव नितिन गोयल, कोषाध्यक्ष समीर जैन, संगम सिंघल आदि मौजूद रही।



## श्रीमहाकालेश्वर महादेव मंदिर में कजलियां का पर्व बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो
आगरा,12 अगस्त दिन शुक्रवार को श्री महाकालेश्वर महादेव मंदिर में कजलियां का पर्व बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया मंदिर के महंत श्री सुनील कुमार वशिष्ट ने सभी भक्तों को कजलियां (मुजारिय) आशीर्वाद के रूप में सभी को दिया और भगवान से यही कामना की गई की सभी स्वस्थ रहें सभी भक्तों में प्रेम बना रहे।



कजलियां का पर्व रक्षाबंधन के दूसरे दिन मनाया जाता है, यह पर्व प्रेम खुशहाली का प्रतीक माना गया है जिस प्रकार से हमारे जीवन में सुख समृद्धि बनी रहती है मंदिर में सभी भक्तों गण और ब्राह्मणों के साथ आज के दिन को कजलियां के रूप में मनाया जाता है। उपस्थिति में आचार्य पंडित सुनील कुमार वशिष्ठ, प्रदीप द्विवेदी, रामचरण शर्मा, ईश्वर शर्मा, आदि भक्त मौजूद।

## जिला कारागार में कैदियों को चश्मे किये वितरित

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो। आगरा। भारत विकास परिषद संपर्क की ओर से जिला कारागार में कैदियों को झंडो का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीआईजी जेल वीके सिंह और विशिष्ट अतिथि नारायण बहरानी रहे। अध्यक्ष अम्बा प्रसाद गर्ग ने कैदियों को आजादी का महत बताते हुए कहा कि हमें उन महान स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग व बलिदान को याद करना चाहिए जिन्होंने बड़ी–बड़ी कुर्बानियां देकर भारत माता की बेड़ियां काटी थीं और हमे आजादी दिलाई। संस्कृति माह के अंतर्गत 88 कैदियों को दृष्टि के चश्मे का वितरण भी किया। संचालन सचिव अभिनव भटनागर ने किया। इस अवसर पर जेल निरीक्षक अलोक कुमार, कोषाध्यक्ष रोहित सिंघल, मनीषा जैन, नितिन गुप्ता, अपूर्व मित्तल, प्रवीण जैन, हेमंत बंसल, प्रवीण जैन, रितेश अग्रवाल, विकास जैन, डॉ. राजीव अग्रवाल, रितु गर्ग, पूजा सिंघल आदि उपस्थित रहे।



## आगरा छावनी, आगरा के विद्यार्थियों ने निकाली हर घर तिरंगा रैली

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो। आगरा। केन्द्रीय विद्यालय क्र. 3 आगरा छावनी, आगरा में आज दिनांक 12 अगस्त 2022 को "हर घर तिरंगा" रैली का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती नीतू वर्मा जी ने बच्चों को तिरंगे से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी उसके बाद झंडे के साथ रैली को रवाना किया। तदोपरांत विद्यालय के खेलकूद शिक्षक श्री सुधीश कुमार व शिक्षिका सुश्री नीतू राठौर की अगुवाई में रैली को छावनी के आवासीय क्षेत्र में नारे लगवाते हुए घुमाया गया । हाथों में तिरंगा लेकर बच्चे बहुत ही उत्साहित थे। बच्चों ने घर घर जाकर नागरिकों को हर घर तिरंगा अभियान के महत्व के अवगत कराया तथा उन्हें अपने घर झण्डा लगाने के लिए प्रेरित किया । रैली में बच्चों ने नारे लगाते हुए बड़े ही जोर शोर से भाग लिया। छावनी क्षेत्र हर घर तिरंगा नारे के साथ गुंजायमान हो उठा। रैली में विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती शैलजा दुबे, श्रीमती कमलेश कुमारी, श्रीमती अफरोज, श्रीमती मंजू , सुश्री गायत्री श्री मनोज कुमार, श्री संजय कुमार, एवं श्री जावेद मौजूद रहे। इस प्रकार सभी के सहयोग से हर घर तिरंगा रैली का सफल आयोजन हुआ।



# मैराथन में लगभग तीन सौ पुलिस कर्मियों ने किया प्रतिभाग

- स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर देश भर में आजादी का अमृत महोत्सव।

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो
आगरा, 12 अगस्त। श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आगरा के निर्देशन में आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में पुलिस लाइन स्थित ग्राउन्ड से पुलिसकर्मियों की 05 किमी की मैराथन का आयोजन किया गया। स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर देश भर में आजादी का अमृत महोत्सव मनाये जाने के क्रम में 12 अगस्त 2022 को श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक, आगरा परिक्षेत्र, आगरा एवं श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आगरा के निर्देशन में पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउन्ड से पॉच किमी की मैराथन का आयोजन किया गया। महोदय द्वारा हरी झन्डी दिखाकर मैराथान प्रारम्भ की गयी, जोकि परेड ग्राउण्ड से शुरू होकर कलैक्ट्रेट, सुभाष पार्क, नालबन्द, पंचकुइयां, सदर तहसील होते हुए परेड ग्राउन्ड पर समाप्त हुयी। मैराथन में लगभग तीन सौ पुलिस कर्मियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। मैराथन के प्रथम पॉच विजेताओं एक–का0 रिंकित, दो–का0 कुलदीप, तीन–का0 आशीष, चार–शरद व पॉच–का0 मोहित कुमार को महोदय द्वारा पुरुस्कार प्रदान करते हुए पुरस्कृत किया गया एवं उसके बाद 20 विजेताओं को मेडल प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नगर, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण पूर्वी, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण पश्चिमी, पुलिस अधीक्षक प्रोटोकॉल, सहायक पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी हरीपर्वत सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



## माता पिता ने मासूम को बाइक पर आगे बैठाया था वाहन की टक्कर से दूर जाकर गिरा और मासूम की मौत

- सड़क दुर्घटना में चार साल के मासूम की हुई मौत

दैनिक अयोध्या टाइम
संवाददाता धर्मेंद्र पचौरी
खेरागढ़। कागारौल थाना क्षेत्र में बाइक सवार पिता पुत्र को वाहन ने टक्कर मार दी पिता ने बेटे को आगे बैठाया था। और गमछे से बांध भी रखा था लेकिन वाहन की टक्कर से गमछा खुल गया इसके बाद बच्चा कई फीट दूर जाकर गिरा हादसे में पिता–पुत्र दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए उपचार के दौरान 4 साल के मासूम की मौत हो गई।



हादसा गुरुवार रात्रि करीब 10 बजे थाना का गर्म क्षेत्र के आगरा जगनेर मार्ग पर हुआ धौलपुर राजस्थान के थाना बसेड़ी क्षेत्र का बागथर निवासी 26 वर्षीय दिलीप अपने 4 साल के पुत्र नैतिक को बाइक पर बैठाकर मथुरा के फरह में अपनी ससुराल से गांव के लिए लौट रहा था रास्ते में कागरोल और नगला जोदना के बीच वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी इससे पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए हादसे की सूचना पर पुलिस पहुंच गई। पुलिस की मदद से एंबुलेंस बुलवाकर घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कागरोल भेजा गया दोनों को गंभीर चोटें आने के कारण चिकित्सकों ने उन्हें हार सेंटर आगरा के लिए रेफर कर दिया। उपचार के दौरान 4 साल के मासूम नैतिक ने दम तोड़ दिया। थाना कागारौल पुलिस के अनुसार बाइक से दिलीप अपने बेटे नैतिक को ससुराल से लेकर देर रात्रि में अपने घर लौट रहा था उसने बेटे नैतिक को आगे बैठा कर गमछे से बांध रखा था ।

वाहन की जोरदार टक्कर से गमछा खुल गया और बच्चा बाइक से चलकर दूर जाकर गिरा कई फुट दूर जाकर गिरने से बच्चे को अधिक चोटे आई थाना प्रभारी कागरोल अजय तोमर ने बताया कि पुलिस अज्ञात वाहन का पता लगाने में जुटी हुई है तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## आटो टैक्सी चालको ने आगरा कैंट स्टेशन से निकाली तिरंगा यात्रा

दै, आयोध्या टाइम्स ब्यूरो
आगरा। फोर्ट तक तिरंगा यात्रा निकाली मुख्य अतिथि विधायक छावनी माननीय डॉक्टर जी एस धर्मेश गुलाम मोहम्मद अध्यक्ष वाफ बोर्ड ने यात्रा को रवाना किया विषेश अतिथि अध्यक्ष हेल्पपिंग हैंड फाऊँडेशन सुमन सुराना जी ने अपने दर्जनो साथियों के साथ यात्रा मे भाग लिया इस अवसर पर आटो यूनियन आगरा अध्यक्ष मुशीर खान शाहिद खान (राजू ) अध्यक्ष ड्राइवर यूनियन एल टी ए अध्यक्ष अनिल श्रीभगवान गुप्ता अशोक शर्मा संकल्प सेवा संस्था के ब्रजेश पंडित रियाज उस्मानी नरेश पांडेय गबरू ठेकेदार फिरोज जहीर आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे यात्रा मे सैकड़ो की तादाद मे आटो टैक्सी बाइक पर खुद ही अनुशासन मे चले।



## आगरा पुलिस ने हर्षोल्लास के साथ तिरंगा यात्रा निकाली

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो
आगरा। श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आगरा के निर्देशन में आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में आगरा पुलिस द्वारा हर्षोल्लास के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गयीं एवं देशभक्ति, राष्ट्रीय गौरव की भावना को जाग्रत करते हुए लोगों को प्रेरित किया गया। स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर देश भर में मनाये जा रहे आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में आज दिनांक 12 अगस्त को श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आगरा के निर्देशन में देशभक्ति, राष्ट्रीय गौरव, अपनेपन की भावना से ओतप्रोत, हर्षोल्लास के साथ हाथों में तिरंगा झन्डा लिये तिरंगा यात्रा निकाली गयी। तिरंगा यात्रा तारघर से प्रारम्भ होकर नन्द टॉकीज चौराहा, डाकघर चौराहा, छीपीटोला, कलैक्ट्रेट होते हुए पुलिस लाइन पर समाप्त हुयी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नगर, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण पूर्वी, सहायक पुलिस अधीक्षक/ क्षेत्राधिकारी हरीपर्वत सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इसी प्रकार शहर व देहात के थानों द्वारा भी थाना क्षेत्रों में तिरंगा यात्रा निकाली गयीं और लोगों को प्रेरित किया गया।




## संदिग्ध परिस्थितियों में गृह क्लेश के चलते युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

संवादाता हिमांशु गुप्ता
पिनाहट। थाना बसई अरेला क्षेत्र के अंतर्गत गांव अरनोटा में नलकूप के कमरे में एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में ग्रह कलेश के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया है।

जानकारी के अनुसार अनुज कटारा पुत्र दयाशंकर उम्र करीब 22 वर्ष निवासी गांव अरनोटा थाना बसई अरेला ने शुक्रवार की शाम पुलिस चौकी के पीछे स्थित अपने नलकूप के कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में ग्रह कलेश के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक को नलकूप के कमरे में फंदे पर लटका देख परिजनों के होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्रामीणों के मुताबिक 2 माह पूर्व युवक की शादी हुई थी। और दिल्ली में प्राइवेट नौकरी कर रहा था। युवक की अचानक मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है।

# हर मोबाइल के लिए होगा एक ही चार्जर, मोदी सरकार कर रही तैयारी : राजेश खुराना



दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो
आगरा। मोदी सरकार अलग–अलग इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के लिए अलग–अलग चार्जर की जरूरत खत्म करने के लिए एक ही चार्जर लाने की तैयारी कर रही हैं। इससे न सिर्फ यूजर्स पर आर्थिक बोझ कम पड़ेगा बल्कि ई–कचरा कम करने में भी मदद मिलेगी। अभी हर डिवाइस के लिए अलग चार्जर खरीदना पड़ता है। इस संदर्भ में आगरा स्मार्ट सिटी, भारत सरकार के सलाहकार सदस्य, उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक लखनऊ के सचिव व हिन्दू जागरण मंच, ब्रज प्रान्त उ.प्र. के प्रदेश संयोजक तथा आत्मनिर्भर एक प्रयास के चेयरमैन व सुप्रशिद्ध समाज सेवक राजेश खुराना ने अपने वक्तव्य में बताया कि यूरोपीय संघ ने हाल ही में छोटे इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के लिए साल 2024 तक यूएसबी–सी पोर्ट वाले कॉमन चार्जिंग मानक को लागू करने की घोषणा की है। इस तरह की मांग अमेरिका में भी जोर पकड़ रही है। मौजूदा समय में किसी भी नए स्मार्टफोन या टैबलेट की खरीदारी के समय यूजर्स को अलग से चार्जर भी खरीदना पड़ता है। इसकी वजह ये है कि पुराना चार्जर नए डिवाइस के साथ काम नहीं कर पाता है। वहीं, आत्मनिर्भरत भारत में जल्द ही हर मोबाईल के लिए एक ही चार्जर होगा। इस के लिए मोदी सरकार तैयारी कर रही हैं। कॉमन चार्जर की संभावनाएं तलाशने के लिए 17 अगस्त को मोबाइल फोन विनिर्माताओं और इस क्षेत्र से जुड़ी उपकरण बनाने वाली कंपनियों को बैठक के लिए बुलाया गया है। सरकार स्मार्टफोन और टैबलेट जैसे इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के लिए एक ही चार्जर लाने की संभावनाएं तलाश रही है और इसपर चर्चा के लिए उसने अगले हफ्ते हितधारकों की बैठक भी बुलाई है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को इसकी जानकारी देते हुए कहा कि अलग–अलग इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के लिए अलग–अलग चार्जर की जरूरत खत्म करने के लिए एक ही चार्जर लाने की संभावनाएं तलाशी जाएंगी। ऐसा होने पर न सिर्फ यूजर्स पर आर्थिक बोझ कम पड़ेगा बल्कि ई–कचरा कम करने में भी मदद मिलेगी। बता दें कि इलेक्ट्रॉनिक्स और इलेक्ट्रिकल सामान जिसे खराब होने या ठीक से काम न करने पर फेंक दिया जाता है। उसे ई–कचरा कहते हैं। अगर मोबाइल कंपनियां यूरोप और अमेरिकी बाजारों में एक चार्जिंग सिस्टम अपना सकती हैं, तो फिर वे ऐसा भारत में क्यों नहीं कर सकती हैं? स्मार्टफोन और टैबलेट जैसे पोर्टेबल इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस में एक कॉमन चार्जर होना चाहिए। अगर भारत इस तरह के बदलाव के लिए जोर नहीं देता है तो इस तरह के डिवाइस को भारत में लाकर डंप किया जा सकता है। अभी हर डिवाइस के लिए अलग चार्जर खरीदना पड़ता है। अब जल्द ही आत्मनिर्भरत भारत में हर मोबाईल के लिए एक ही चार्जर होगा। इस के लिए मोदी सरकार पूरी तैयारी कर रही हैं।

# शास्त्र को शस्त्र बना कर कुतर्क न करें: जैन मुनि डा.मणिभद्र

### चिंतन, मनन और आचरण करने से बदलेगा जीवन जैन भवन, राजामंडी में बह रही प्रवचन की धारा

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो
आगरा, 12 अगस्त। नेपाल केसरी व मानव मिलन संगठन के संस्थापक, जैन मुनि डा.मणिभद्र महाराज ने कहा कि बड़ा उलटा जमाना आ गया है। कुछ लोग शास्त्र को पढ़ कर ज्ञानी बन जाते हैं और कुतर्क करने लगते हैं। शास्त्र को शस्त्र बनाना अनुचित है। शास्त्र तो चिंतन, मनन और उसके सूत्रों को ग्रहण कर जीवन परिवर्तन के लिए होते हैं। राजामंडी के जैन भवन, स्थानक में प्रवचन करते हुए जैन मुनि ने श्रमण भगवान महावीर की वाणी का श्रवण कराया। कहा कि धर्म तर्क, वितर्क के लिए नहीं है। इस प्रकार की भावना रखने वाले व्यक्तियों का हृदय कोरा ही रह जाता है। जिसको प्यास लगी हो, उसके लिए जल, प्राण की तरह होते हैं। यदि किसी को अपने जीवन में सुधार लाना हो, हृदय परिवर्तन करना हो तो सत्संग का लाभ लें। संतों के दर्शन कर उनका सानिध्य प्राप्त करें। सत्संग श्रवण करके मनन करना ही मोक्ष की पहली सीढ़ी है। सत्संग से अहिंसा, संयम और तप की शिक्षा मिलती है। इससे कभी किसी का अमंगल नहीं हो सकता। जैन मुनि ने कहा कि सत्संग का यह फल होता है कि नाली का कीड़ा भी उसके फल से पक्षी और फिर गाय बन गया। गाय, को हम माता इसलिए कहते हैं कि वह जीवन भर हमें मां की तरह दूध पिलाती है। पूरी तरह शाकाहारी जीव है। गाय ने सत्संग सुना तो उसने मनुष्य के रूप में जन्म लिया था। उन्होंने कहा कि जीवन में तरह–तरह की शंकाएं होती हैं, जिसके निवारण के लिए गुरु, ज्ञानी और संतों के पास जाना चाहिए। वहां जाएंगे तो कुछ न कुछ अवश्य प्राप्त होगा। जिस प्रकार इत्र की दुकान पर इत्र खरीदने जाएं, न खरीदें, तब भी उसकी खुशबू का लाभ तो मिलेगा ही। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर तो कहते हैं कि पुण्य के मार्ग पर भी चलो। अन्य मार्गों पर भी जाओ, लेकिन जो मार्ग तुम्हें कल्याणकारी लगे, उसे अवश्य अपनानाओ। बहुत से लोग मन की शांति के लिए जंगल जाते हैं, तपोस्थली जाते हैं, लेकिन घट–घट में राम हैं। यानि हम घर में ही शांति पा सकते हैं। भीड़ में भी एकाकी जीवन जी सकते हैं। हमें अपने मन को नियंत्रित करना पड़ेगा, आत्मिक साधना करनी होगी। प्रारंभ में स्वाध्याय प्रेमी विराग मुनि महाराज ने मन की निर्मलता, पवित्रता पर प्रवचन दिए और कहा कि सत्संग और संतों के सानिध्य का फल अवश्य मिलता है।



इस चातुर्मास पर्व में नेपाल से आए डॉक्टर मणिभद्र के सांसारिक भाई पदम सुवेदी का बारहवें दिन का उपवास जारी है।मनोज जैन लोहामंडी का नौवें दिन की तपस्या के उपरांत शुक्रवार को पारणा कर लिया है। आयंबिल की तपस्या की लड़ी बालकिशन जैन लोहामंडी ने आगे बढ़ाई। रविवार के नवकार मंत्र के जाप का लाभ ज्योति प्रभा जैन परिवार ने लिया।

# अमृत महोत्सव अंतर्गत, विशाल बाइक रैली का आयोजन किया: महापौर

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो
आगरा , 12 अगस्त। दिन शुक्रवार को आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत महापौर नवीन जैन के नेतृत्व में विशाल बाइक रैली का आयोजन किया गया। भगवान टॉकीज चौराहा से महापौर नवीन जैन और विधायक डॉ जी एस धर्मेश की अगुवाई में यह विशाल बाइक रैली निकाली गई। रैली में पार्षद गण, मंडल के पदाधिकारी, युवा कार्यकर्ता, राजनैतिक व सामाजिक संगठन, महिला संगठन, नगर निगम एवं जलकल विभाग के समस्त अधिकारी, हजारों की संख्या में समर्थक एवं शहर के सम्भ्रांत लोग मौजूद रहे। रैली में सैकड़ों बाइक पर सवार लोग तिरंगा लहराते हुए चल रहे थे। इस दौरान लोगों ने श्भारत माता की जयश और श्वंदे मातरमश जैसे जोशीले नारों से सभी में उत्साह भर दिया। रैली के माध्यम से सभी शहर वासियों को आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की प्रेरणा से चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के प्रति जागरूक किया।

बाइक रैली भगवान टॉकीज चौराहा से शुरू होकर सूरसदन चौराहा, हरी पर्वत चौराहा और प्रतापपुरा चौराहा से वापस मुड़कर नगर निगम प्रांगण पहुंची जहां बाइक रैली का समापन किया गया।

इस दौरान जगह–जगह बाइक रैली में शामिल लोगों पर पुष्प वर्षा भी की गई।

इस अवसर पर महापौर नवीन जैन ने कहा कि इन दिनों में पूरा देश आजादी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के आह्वान पर आगरा में 11 अगस्त से 17 अगस्त तक ऐसे विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जिसके माध्यम से देश आजादी के संघर्ष और अपना सर्वस्व निछावर करने वाले महापुरुषों के इतिहास से आमजन को रूबरू कराया जा रहा है।

साथ ही सभी से अपील की जा रही है कि वह इस आजादी के जश्न को अपनी राष्ट्र भावना को प्रकट करते हुए जोर शोर से मनाए और अपने घर पर तिरंगा जरूर फहराये। इसी उद्देश्य के साथ आज यह बाइक रैली निकाली गई है। महापौर नवीन जैन ने यह भी कहा कि हम अपने शहर को सजाकर एवं संवार कर भी राष्ट्रभक्ति का परिचय दे सकते है। इस मौके पर बृज किशोर अग्रवाल, धीरज जैन, प्रदीप अग्रवाल, श्रवण कश्यप, पवन समाधिया, महेश कुशवाह, पंकज माहौर, जय सिंह सरदारा, जितेंद्र वर्मा, हेमेंद्र पाल सिंह, अनिल सारस्वत, रवि सारस्वत, मनीष साहू, संतोष दिवाकर, पवन भदौरिया, हरिओम गोयल, श्यामवीर सिंह, गौरव जैन, मनोज शर्मा, अपर नगर आयुक्त एस के यादव और विनोद कुमार गुप्ता, जलकल जीएम आर एस यादव, सहायक नगर आयुक्त अनुपम शुक्ला, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अतुल भारती आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन रीनेश मित्तल द्वारा किया गया।



# बहनों ने भाई की कलाई पर बांधा रक्षा सूत्र भाई ने भी बहन की रक्षा का लिया संकल्प

जैतपुर। दो दिन के रहें रक्षाबंधन को बहन भाईयों ने बड़ी धूमधाम से मनाया यह त्योहार बहन भाईयों का पवित्र पर्व रक्षाबंधन माना गया है इस पवित्र त्योहार पर हर बहन को भाई से हर भाई को बहन से मिल कर ही सकून मिलता है किसी बहन का भाई अगर कहीं बाहर रहता है तो रक्षाबंधन पर बहन भाई के घर पर हर हाल में पहुंच ही जाती है भाई भी अपनी बहन का बेसब्री से इस दिन का इंतजार करता रहता है यह दिन बहन और भाईयों का खास होता है बहनों का प्यार भाईयों के लिए कुछ खास होता है बहन अपने भाइयों के लिए मार्केट से महंगी से महंगी राखी और मिष्ठान खरीद कर लातीं है जिससे मेरा भाई देख कर खुश हो जाएगा भाईयों की खुशी के लिए बहन कुछ भी कर सकती है ऐसा होता है भाई बहन का प्यार भाई भी अपनी बहन के लिए महंगी से महंगी साड़ी या सूट देकर बहन को खुश करना चाहता है ऐसा होता है भाई बहनों का प्यार इस बार तो दो दिन के मनाए गए रक्षाबंधन किसी बहन ने तो गुरुवार को राखी बांधी है और किसी बहन ने शुक्रवार के दिन राखी बांध कर पवित्र पर्व रक्षाबंधन की रस्म निभाई है देर साम को भुजरियां झूला पर झुला कर तालाब में स्नान करने ले गए उसके बाद देवी देवताओं के मंदिर में सभी देवी देवताओं को बांध कर आशीर्वाद लिया तब जाकर घर परिवार एवं गांव में सभी लोगों से भुजरियां बांध कर आशीर्वाद लिया इधर बहनों ने भाई को भुजरियां बांधी भाई ने बहनों को भुजरियां बांध कर आशीर्वाद लिया और हर साल की भांति इस वर्ष भी पवित्र पर्व रक्षाबंधन की रस्म निभाई गई




इस मौके पर भैया सोनू बहन बबली शर्मा भैया किसन लवकुश बहन नेहा भैया शिवा बहन सिखा भैया जितेंद्र सौरभ बहन लक्ष्मी ज्योति भैया आकाश बहन आस्था सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# जैतपुर मैं अखिल भारतीय वीर एकलव्य सेना ने कराई उंची कूद प्रतियोगिता

जैतपुर। जैतपुर के गढ़ी रमपुरा गांव में अखिल भारतीय एकलव्य सेना के बैनर तले हुई तहसील स्तरीय ऊंची कूद प्रतियोगिता जिसके मुख्य अतिथि उद्घाटन करता पूर्व विधायक फतेहाबाद जितेन्द्र वर्मा ने फीता काटकर दीप प्रज्वलित कर उदघाटन किया साथ ही आजादी के अमृत महोत्सव के चलते तिरंगा झंडा फहराकर किया प्रतियोगिता का शुभारंभ इस प्रतियोगिता में सेकंडों खिलाड़ियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया शुभारंभ में 5 फीट जंप के साथ 37 खिलाड़ियों ने क्वालीफाई किया प्रथम स्थान पर रहे अभिषेक चौहान बिजौली ने 7 फीट ऊंची जंप के साथ प्राप्त किया प्रथम स्थान और दुतिया स्थान प्राप्त करने वाले योगेंद्र शर्मा ने 6फुट 11 इंच ऊंची कूद के साथ प्राप्त किया दुतिया स्थान अभिषेक करनपुरा ने 6फुट 5 इंच ऊंची कूद की जंप के सात प्राप्त किय।

त्रितीय स्थान कार्यक्रम में मुख्य निर्णायक की भूमिका निभाने वाले अजय कुशवाह,नरेंद्र भारतीय,कौशल राजपूत, सीके राजपूत,अकबर सिंह,क्रिपाल राजपूत, बंटी राजपूत,जस कुमार ने संयुक्त रूप से भूमिका निभाई कार्यक्रम के संयोजक प्रशांत राजपूत एडवोकेट एवं शिव शंकर राजपूत ने बताया कि सभी क्वालीफाई करने वाले एवं विजेता खिलाड़ियों को पुरुस्कार वितरण 16 अगस्त को किया जाएगा,इसके अतिरिक्त बताया कि आगामी 14 अगस्त तहसील स्तरीय गोला फेंक प्रतियोगिता का आयोजन दोपहर 12 बजे से होगा। कार्यक्रम में सहयोग कर्ता की भूमिका सलमान भारतीय,नंद किशोर फौजी के साथ समस्त ग्राम वासियों ने अदा की कार्यक्रम में मुख्य रूप निभाने वाले संजीव वर्मा, पूर्व प्रधान अजय यादव बीडी सी जितेंद्र नरवरिया,ऋषि कुमार ,संचालन करता रामवीर वर्मा सहित आदि लोग मौजूद रहे।






## घण्टाघर चौराहे से पुलिस लाइन तक हाफ मैराथन दौड़ का आयोजन



कानपुर । कानपुर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के अनुक्रम में पुलिस कर्मियों द्वारा घण्टाघर चौराहे से पुलिस लाइन तक हाफ मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मिलाकर 800 लोगों ने शिरकत की।

## दूसरों की खुशियों के लिए जीने वाले का नाम है डा. महेंद्र

कायमगंज/फर्रुखाबाद। स्वयं अपने निजी व्यक्तिगत खर्चे से सबकी निस्वार्थ समाज सेवा में जुटे जनपद के प्रमुख समाजसेवी डॉ महेंद्र हमेशा से गरीब व बेसहारा लोगों के बीच ही अपना हर त्योहार मनाते हैं आज भी उन्होंने रक्षाबंधन के महापर्व पर गरीब बेसहारा लोगों के बीच जाकर के उनको नए कपड़े व मिठाईयां देकर रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया बागरी बहनों से राखी



बंधवा कर उनको उपहार दिया सबकी सेवा में जुटे डॉ महेंद्र कहते हैं कि ऐसा मौका डॉ की जिंदगी में कई बार आता है जब रुपए पैसे से ऊपर उठकर मानवता की सेवा का मौका मिलता है एक सच्चा डॉ ऐसे मौके पर अपने आप को साबित करता है साबित करता है कि उसने जो शपथ ली है मानवता की सेवा की उस पर वह कितना खरा उतर पाया है यही सोच है महेंद्रा आई हॉस्पिटल कायमगंज के चेयरमैन डॉ महेंद्र की कुछ अलग कुछ खास ऐसा महान शख्स जिसने फर्रुखाबाद की गंगा जमुनी तहजीब वाली मिट्टी में जन्म लिया जो अपने नाम से नहीं बल्कि अपने काम से पहचाना जाता है चाहे वह गरीब बहन की शादी की बात हो या किसी निर्धन के उपचार की ठंड से कपकपाते लोगों की और गर्मी में प्यासे लोग या बारिश में छत देने की हर बात हर मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं उनको बेजुबान पक्षियों और जानवरों का भी ख्याल रहता है लोगों की सेवा के लिए कभी पीछे न हटने वाले ऐसे सच्चे समाज सेवक गरीबों का मसीहा गरीबों का देवदूत के नाम से पुकारे जाने वाले का नाम है निस्वार्थ और सच्ची समाज सेवा के लिए डॉ महेंद्र गुप्ता को प्रदेश के मुख्यमंत्री और राज्यपाल सहित केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार के कई वरिष्ठ मंत्री एवं विधायक गण सहित कई सामाजिक संस्थाएं सम्मानित कर चुकी हैं डॉ महेंद्र का कहना है कि अंधेरों में जीना भी कोई जीना है मेरे दोस्त जीना उसका जीना है जो हंसी बांटता है दुख दर्द देने वालों की यहां कोई कमी नहीं सराहनीय है वह जो सबको खुशी बाटता है यहां सच्ची समाज सेवा करने वाले लोगों से जलने बालों की कोई कमी नहीं है वह लोगों की मदद करना तो दूर घर से बाहर निकलना या अपने ऑफिस से बाहर निकलना भी पसंद नहीं करते और जो सच्ची समाज सेवा करता है उसकी भी टांग खींचने में और उस को बदनाम करने में कोई कसर नहीं छोड़ते जिससे उसका मनोबल टूट जाएं लेकिन सत्य कि हमेशा से जीत हुई है सत्य परेशान हो सकता है लेकिन परास्त नहीं भगवान श्री कृष्ण ने गीता में कहा है कि कर्मण्एवाधिकारस्ते मा फलेशु कदाचन ओशो ने भी कहा है कि किसी को भी सफाई देने की जरूरत नहीं है अगर आप सफाई देने में अपना कीमती समय बर्बाद करेंगे तो कुछ भी हासिल नहीं होगा लोग वही सुनेंगे जो सुनना चाहते हैं आज के इस महान पर्व पर डॉ महेंद्र के साथ–साथ विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी एवं सभी सदस्यगण मौजूद रहे जिसमें विश्व हिंदू परिषद के जिला संगठन मंत्री शुभम जी सह मंत्री प्रधान सोनपाल सिंह अवधेश शाक्य राजीव अंकित मिश्रा विश्व हिंदू परिषद के बनारस के मंडल अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष सहित कई लोग मौजूद रहे।

## अमांपुर में बहिनों ने भाई की कलाई पर बांधी प्रेम की डोर

**'एक हजारों में मेरी बहना है। बहना ने भाई की कलाई पर प्यार बांधा है। भाइयों की कलाई पर प्यार का बंधन राखी बांधकर व तिलक लगाकर लंबी उम्र की कामना।**

अमांपुर/कासगंज। कस्बाई और ग्रामीण क्षेत्र में प्रेम और स्नेह का पर्व रक्षाबंधन शुक्रवार को भी हर्षोल्लास से मनाया गया। बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर धागों के साथ प्यार का बंधन बांधकर दीर्घायु की कामना की। वही भाईयों ने भी बहन की रक्षा का संकल्प लिया और भाइयों ने भी बहनों को उपहार प्रदान किए। रक्षाबंधन। पर्व को लेकर भाई बहनों में काफी उत्साह देखा गया। सुबह से ही घरों में पर्व की तैयारियां शुरू हो गई। पूजा का कार्य संपन्न हो जाने के बाद कलाइयों पर राखी बांधने का दौर शुरू हुआ। बहनों ने थाली में कुमकुम, चावल, मिठाई, घेवर, राखी को सजाया। भाइयों के माथे पर तिलक कर उनकी कलाई पर राखी बांधी। इसके बाद भाइयों को मिठाई, घेवर आदि खिलाया गया। भाइयों ने भी बहनों को वस्त्र, आभूषण सहित अन्य सामान उपहार में भेंट किए बहन के द्वारा नागपंचमी पर बोई भुजरियों (गेहूं व जौ के छोटे पौधे) को भाइयों के कानों पर लगाया। छोटे बच्चों में पर्व को लेकर खासा उत्साह देखा गया। जहां छोटे भाइयों में राखी बंधवाने का क्रेज दिखाई दिया, वहीं छोटी–छोटी बहने भी भाइयों को राखी बांधने में पीछे नहीं रहीं। छोटे बच्चों में छोटा भीम, मिक्की माउस, डोरीमोन, लाइटिंग, टेडीबीयर सहित अन्य राखियों का क्रेज रहा।



# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रक्षाबंधन का त्योहार



माधव सर्वोदय इंटर कॉलेज रानी बाजार में गुरुवार को छात्रों ने आर ए एफ जवानों के साथ अटूट स्नेह का त्योहार रक्षाबंधन उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांध कर अपनी रक्षा का प्रण कराया। आर ए एफ के जवान ने छात्रों को उपहार देकर ताउम्र बहन की रक्षा का संकल्प लिया। इस अवसर पर बहनों ने तिलक लगाकर भाइयों की आरती उतारी। आर ए एफ जवान एवं छात्रों ने एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर हंसी–खुशी रक्षाबंधन की परंपरा का निर्वह किया।वहीं इस अवसर पर सैनिकों ने अपने अनुभव बच्चों के साथ सांझा किए। इसके बाद देश की रक्षा करने वाले इन सैनिक भाइयों को कक्षा छठी, सातवीं और आठवीं की छात्राओं ने तिलक लगाकर राखी बांधी।

प्रधानाचार्य धर्मेंद्र कुमार पाठक कहा कि हमारे भाई जिस तरह से अपनी बहनों की हर मुसीबत की घड़ी में रक्षा करते हैं। उसी तरह हमारे देश के सैनिक भी पूरे देश के स मान की रक्षा करते हैं। हमे कभी भी उनके द्वारा देश के लिए दी गई कुर्बानियों को नहीं भूलना चाहिए।

व्यवस्थापक अरविंद पाठक कहां कि वे लोग पिछले कई सालों से वीर जवानों को राखियां बांध रहे हैं. हमारे जवान जो देश की रक्षा और हमारी रक्षा के लिए सबसे आगे रहते हैं, उनको राखी बांधना सौभाग्य की बात है. हमने उनकी लंबी उम्र और उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए 150 जवानों को राखी बांधी है. कुछ जवान जो रक्षाबंधन में घर नहीं जा पाते हैं, उन्हें यहां राखी बांधी गई है। इस अवसर पर उज्जवल पाठक ज्ञानेंद्र पाठक ,अखिलेश मिश्रा, पंकज पाठक, प्रवेश कुमार पांडे आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# यमुना हादसा : बोले ग्रामीण कि काश पुल बना होता?

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर

- रक्षाबंधन के त्यौहार पर सरकार और अफसरों की लापरवाही से डूब गए 40 लोग, पुल नहीं बनने के कारण नाव से पार करे रहे थे यमुना
- बांदा व फतेहपुर जिले की सीमा यमुना नदी में सरकार और अफसरों की अनदेखी से बड़ा हादसा हो गया



आज देश में आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे देश में अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है वहीं दूसरी ओर यमुना नदी में 11 वर्ष पूर्व शुरू किए गए उत्तर प्रदेश सेतु निगम द्वारा पुल के निर्माण न होने से यमुना तटवर्तीय गांव के लोगों को मजबूरी में नाव में सवार होकर जाना पड़ता है



बांदा में बबेरू के मर्का गांव और फतेहपुर में असोथर के रामनगर कौहन क्षेत्र के लोगों का सफर आसान करने के लिए यमुना पर पुल निर्माण की अधारशिला वर्ष 2011 में बसपा शासनकाल में रखी गई थी।

कछुआ गति से काम होने के चलते अब तक पुल निर्माण न तो बसपा की ही सरकार में पूर्ण हुआ और न ही अखिलेश यादव की सरकार में भी पूरा नहीं हो सका जबकि इसके लिए तीन बार बजट रिवाइज हुआ है।

असोथर निवासी व्यापार मंडल के अध्यक्ष रामगुलाम अग्रहरि का कहना है कि वक्त पर पुल बन जाता तो ग्रामीणों को मौत की सवारी न करनी पड़ती।

सरकार की अनदेखी और अफसरों की लापरवाही से काम टलता रहा।

इसकी कीमत गरीब ग्रामीणों को अपनी जान देकर चुकानी पड़ी।

डूबे 40 लोगों में से अभी तक 5 शवों निकाला गया व करीब 15 लोग तैर कर बच गए हैं बाकी लोग अभी भी लापता हैं।

बसपा शासनकाल में यमुना पर पुल बनाने के लिए वर्ष 2011 में असोथर क्षेत्र के रामनगर कौहन – मरका के नाम से आधारशिला रखी गई थी।

2014 में पुल बनाकर चालू करने का लक्ष्य था।

अधिकारियों की हीलाहवाली और धनाभाव से ऐसा नहीं हो सका।

बढ़ती महंगाई के कारण तीन बार इस्टीमेट रिवाइज किया गया।

पहले 54.89 करोड़ की लागत से पुल का निर्माण होना था।

इसके बाद 65 करोड़ और फिर 89 करोड़ का रिवाइज इस्टीमेट बना।

पहले इस काम को चित्रकूट इकाई करवा रही थी।

अब बांदा डिवीजन सेतु निगम के पास इसका काम है।

तीसरी बार बजट रिवाइज होने के बाद जनवरी 2022 से काम शुरू हुआ था, लेकिन काम सुस्त गति से चलने के चलते अब तक पूरा नहीं हो सका।

औगासी पुल बनकर तैयार

बबेरू तहसील क्षेत्र में यमुना नदी पर औगासी क्षेत्र में पुल निर्माण लगभग पूरा हो चुका है।

लेकिन अब तक इसका उद्घाटन नहीं हुआ है। उद्घाटन न होने से बहुत कम ग्रामीण इस पुल का प्रयोग आवागमन के लिए करते हैं।

इस पुल से भी बबेरू क्षेत्र के लोगों को फतेहपुर और प्रयागराज आवागमन में सहूलियत होगी।

आसपास के ग्रामीणों की मानें तो नाविक अक्सर क्षमता से अधिक लोगों को नाव में बैठाकर नदी पार कराते हैं।

थाना मरका से गुजरी यमुना नदी बारिश के दिनों में उफान पर रहती है।

मर्का यमुना नदी उस पार फतेहपुर जनपद का असोथर क्षेत्र लगता है। इससे मर्का से फतेहपुर और फतेहपुर से मर्का आनेवाले लोग नाव का प्रयोग करते हैं। ग्रामीणों के अनुसार, नाविक 40 से 50 लोगों को नाव में बैठाते हैं।

40 से कम होने पर नाव नदी में नहीं उतारते हैं।

आरोप है कि यदि नाविकों की मनमानी न होती और क्षमता से अधिक सवारी न बैठाते तो इतना बड़ा हादसा न होता।



शुक्रवार को पूरा दिन एनडीआरएफ जिला प्रशासन फतेहपुर व बांदा का पूरा प्रशासनिक अमला व लोकल के नाविकों , मल्लाहों के साथ यमुना नदी में लगभग 10 से 12 किलोमीटर के दायरे में रेशक्यू आपरेशन जारी रहा।

देर शाम करीब साढ़े आठ बजे इस रेशक्यु आपरेशन को बन्द किया गया पूरा दिन चले रेशक्यु आपरेशन में सफलता नहीं मिली एनडीआरएफ कमांडेंट नीरज मिश्रा ने जानकारी देते हुए कहा कि नदी की गहराई 40–50 फीट बताई जा रही है और पानी में करंट भी है , लोग घटना का स्थान अलग–अलग बता रहे हैं, इन कारणों से थोड़ी दिक्कत आ रही है। हमारी टीम रात से ही लगी हुई है और डूबे हुए लोगों को निकालने के लिए प्रयासरत है उन्होंने बताया कि सुबह 7 बजे रेशक्यु आपरेशन शुरू किया जाएगा ..

आज दिन भर नेताओं व मंत्रियों का जमावड़ा यमुना घाट पर बना रहा केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति , यूपी के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान , राज्यमंत्री रामकेश निषाद बांदा के मर्का घाट पर आकर पीड़ित परिवारों को ढांढस बंधाया

इसके बाद स्टीमर द्वारा तीनों मंत्री यमुना नदी पार कर फतेहपुर के असोथर क्षेत्र आएं जहा पर जिलाधिकारी फतेहपुर श्रुति को बांदा जिले के प्रशासन को सहयोग के लिए कहा इसके बाद दोपहर में अयाह शाह के विधायक विकास गुप्ता गुप्ता अपने समर्थकों के साथ रामनगर कौंहन यमुना घाट पहुंचे जहां पर उन्होंने इस दुखद घटना पर अफसोस जताया व पीड़ित परिवारों को सरकार द्वारा मदद दिलाने का आश्वासन दिया।

हालाकि इस हादसे पर योगी सरकार एक्शन पर है उन्होंने पूरे मामले को स्वतरू संज्ञान में लिया है और नाव दुरभाग्यपूर्ण हादसे पर मृतक के परिजनों को चार चार लाख रुपए अनुग्रह राशि की घोषणा की।

उन्होंने पीड़ितों को तत्काल सहायता और राहत प्रदान करने के भी निर्देश दिए हैं, पूरे हादसे की जांच पड़ताल कराई जा रही हैं , जिससे यह तय माना जा रहा है कि जिम्मेदार लापरवाह अधिकारियों पर गाज गिरनी तय है !!

## आजादी के अमृत महोत्सव के दृष्टिगत इको पार्क में आयोजित हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

कानपुर देहात 12 अगस्त 2022

आजादी के अमृत महोत्सव के दृष्टिगत हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज 11 अगस्त से 15 अगस्त तक सांस्कृतिक प्रस्तुतीकरण एवं केवाईसी (नो योर कन्ट्री) प्रतियोगिता का आयोजन इको पार्क समुदायिक भवन माती में किया गया।

उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी नेहा जैन द्वारा भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक विभाग लखनऊ से आई टीम द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति आयोजित की गई। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने संबोधित करते हुए कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के दृष्टिगत हर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें सभी लोग बढ़–चढ़कर प्रतिभाग करें । प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग एमओआईसी द्वारा प्रतिभाग किया गया।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जेपी गुप्ता, अपर जिलाधिकारी प्रशासन केशव नाथ, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर ए के सिंह, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अविनाश सिंह, उप जिलाधिकारी सिकंदरा, उप जिलाधिकारी भोगनीपुर अजय राय, उप जिला अधिकारी अकबरपुर वागीश कुमार शुक्ला, उप जिलाधिकारी डेरापुर साक्षी शर्मा, चकबंदी अधिकारी उदय नारायण, जीएमडीआईसी चंद्रभान सिंह, जिला सूचना नरेंद्र मोहन, डीसी मनरेगा हरिश्चंद्र आदि अधिकारीगण आदि उपस्थित रहे।

## नहर में डूबने से बच्चे की मौत

कानपुर नगर। थाना गोविंद नगर क्षेत्र अंतर्गत सीटीआई नहर एचआईजी पुल के पास बाला नामक बच्चे की नहाते समय डूबने से मौत हो गई।

परिजनों ने पुलिस को दी सूचना मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी। 6 घंटे में पुलिस ने शव को किया बरामद।

थाना गोविंद नगर क्षेत्र के पराग डेयरी का है पूरा मामला पुलिस मौके पर मौजूद। विधायक सुरेन्द्र मैथानी नें भी पीड़ित के घर पहुंच कर सांत्वना दी।

## अमांपुर के श्री वेदराम सिंह आवासीय विद्यालय में हुई मेहंदी प्रतियोगिता

- मेहंदी प्रतियोगिता में वंशिका ने प्रथम, राधा ने द्वितीय और रीना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- मेहंदी में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

अमांपुर/कासगंज। कस्बा के श्री वेदराम सिंह आवासीय विद्यालय में अमृत महोत्सव के अवसर पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने एक से बढ़कर एक एक सुंदर और आकर्षक डिजाइन बनाए। प्रतियोगिता के माध्यम से अपनी कलात्मक और रचनात्मकता का परिचय दिया। प्रतियोगिता में प्रथम



स्थान वंशिका, द्वितीय स्थान राधा, तृतीय स्थान रीना ने प्राप्त किया। डॉ केतसिंह वर्मा ने सभी का उत्साह बढ़ाया। इस दौरान प्रबंधक डॉ केतसिंह वर्मा, प्रतियोगिता प्रमुख आदित्य नंदन, प्रधानाचार्य तीर्थराम वर्मा, राज वर्मा, आकाश गुप्ता सर्राफ, लोकेन्द्र शास्त्री, मुकेश कुमार, उमेश शर्मा, दौलत राम आदि मौजूद रहे।



# संक्षिप्त समाचार

## बेटी की गोद भराई के जेवरात हुए चोरी

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता–ईशू चेनानी



अछनेरा। थाना अछनेरा के अंतर्गत ग्राम धनौली में अज्ञात चोरों द्वारा विगत रविवार की रात गरीब किसान विक्रम सिंह के घर चोरी को अंजाम दे डाला। विक्रम सिंह ने बताया कि कुछ दिनों पहले मेरी बेटी की गोद भराई हुई थी जिसमें बेटी के ससुराल पक्ष की तरफ से एक चांदी की कन्दोनी ,एक सोने की अंगूठी,एक मगलसूत्र , 3500 नगद ,एक मोबाइल चोर चुरा ले गए। पीड़ित विक्रम सिंह ने चोरी की घटना की लिखत तहरीर थाना अछनेरा में देकर न्याय की गुहार लगाई है ।

## बहराइच गोंडा रोड पर पावर हाऊस के पास एक कर व मोटर साइकिल छत ग्रस्त हो गई

दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच उत्तर प्रदेश

गोंडा। बहराइच हाईवे पर पावर हाउस के निकट मोटरसाइकिल और कार की टक्कर में मोटरसाइकिल सवार घायल हो गया टक्कर इतनी तेज थी कि मोटरसाइकिल के आगे का हिस्सा और कार के आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। कार में बैठे सवार लोगों को हल्की–फुल्की चोटें आई तथा मोटरसाइकिल सवार चालक घायल हो गया जिसे कोट बाजार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एंबुलेंस की सहायता से ले जाया गया य जहां पर उसका इलाज चल रहा है। मोटर साइकिल सवार चालक का नाम रियाजुल पुत्र अब्दुल कलाम निवासी टर्निया थाना कोतवाली नगर गोंडा बताया गया है द्यमौके पर पुलिस बल मौजूद है तथा मोटरसाइकिल और हुंडई कार को थाने ले जाकर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है तथा आवागमन बाधित नहीं है। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

## बाजार में हर घर तिरंगा के तहत शासन व प्रशासन ने निकाला तिरंगा यात्रा

दैनिक अयोध्या टाइम्स जिला संवाददाता अशोक पुरवार करनैलगंज गोंडा बाजार में हर घर तिरंगा के तहत शासन व प्रशासन ने निकाला तिरंगा यात्रा हर घर तिरंगा यात्रा के तहत शासन की तरफ से तिरंगा यात्रा का नेतृत्व रहे तहसील करनैलगंज के उपजिलाधिकारी हीरालाल व प्रशासन की तरफ से क्षेत्राधिकारी मुन्ना उपाध्याय व थाना



कोतवाली करनैलगंज के इंस्पेक्टर सुधीर कुमार सिंह ने नेतृत्व किया तिरंगा यात्रा में भारत माता की जय व वन्दे मातरम् से गुंजा बाजार जिससे पूरे बाजार में शासन व प्रशासन की सराहना की जा रही है।

## मोतीपुर पुलिस द्वारा निकाली गयी भव्य तिरंगा यात्रा

दैनिक अयोध्या टाइम्स मिहींपुरवा, बहराइच। जनपद बहराइच के तहसील मिहींपुरवा अंतरगर्त स्थित थाना मोतीपुर के थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में मोतीपुर पुलिस द्वारा निकाली गयी भव्य तिरंगा यात्रा जो की थाना परिसर से



शुरू हो कर मोतीपुर, मिहींपुरवा कस्बा होते हुए तहसील से होकर मिहींपुरवा चौकी पर आकर समापन किया गया। इस तिरंगा पदयात्रा में थाना मोतीपुर के समस्त पुलिस के जवान,, भारत माता की जय,, वन्देमातरम,,के नारों का उदघोष करते हुए मनोरम छटा विखेर रहें थे द्यमालूम हो की शासन के निर्देशानुसार स्वतन्त्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ पर,, हर घर तिरंगा,, के तहत निकाली गयी थी रैली ताकि सभी देश वासियों में देश के प्रति और अपने तिरंगे के प्रति नई ऊर्जा का संचार हो सके इस तिरंगा यात्रा को देख लोगों का मन प्रफुल्लित हो उठा।

## कोतवाली निरीक्षक की अगुवाई में निकाली गयी तिरंगा झंडा

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुनील कुमार गुप्ता कैसरगंज। बहराइच जनपद के कैसरगंज कोतवाली के कोतवाल दद्दन सिंह की अध्यक्षता में कोतवली कैसरगंज की समस्त फोर्स के साथ तहसील मुख्यालय से लेकर हनुमान मंदिर तक आजादी अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत तिरंगा यात्रा निकाली गई ।कोतवाल दद्दन सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि लोगों में राष्ट्रप्रेम की भावना को जागरूक करने के लिए हर गली कूचे और मोहल्ले में तिरंगा झंडा रैली निकाली जा रही है,इसी क्रम में आज कोतवाली कैसरगंज के सभी सुरक्षा कर्मियों ने पूरे जोश के साथ पैदल गश्त करते हुए हाथ से तिरंगा को सर से ऊँचा करके रैली निकाल जनता से हर घर तिरंगा लगाने की अपील की गई ।

## ग्रामीण अंचलों में बच्चों ने निकाली तिरंगा रैलियाँ

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुनील कुमार गुप्ता कैसरगंज। बहराइच जनपद के विकासखंड कैसरगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत कुडौनी में अमृत महोत्सव पर्व को लेकर स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में सुबह से ही बच्चों में उत्साह दिखा ज्ञात हो रहा है कि 15 अगस्त के मौके पर आंगनवाड़ी की छात्र–छात्राएं प्राइमरी जूनियर के छात्र–छात्राएं की रैली ग्राम पंचायत में प्रभात फेरी के माध्यम से वंदे मातरम भारत माता की जय के जयकारों से पूरी ग्राम पंचायत गुंजायमान हो गई तथा जगह जगह उक्त बच्चों का ग्रामीणों ने अभिनंदन किया इस मौके



पर सामाजिक युवा कार्यकर्ता मुहीब अहमद, युवा कार्यकर्ता फखरुद्दीन शेख ,शादाब अहमद, शाहबाज आलम ,तौहीद अहमद ,अशफाक अहमद, मोहम्मद दानिश, खुर्शीद अहमद, सुरेश कुमार प्रजापति, मोहम्मद आरिस प्रदीप कुमार सरोज, राम नरेश उर्फ बोधर अरफात अहमद, सहित सैकड़ों की संख्या में छात्र छात्रा और बच्चे मौजूद रहे।

## मेडिकल एसोसिएशन कैसरगंज के नेतृत्व में निकाली गई तिरंगा यात्रा

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुनील कुमार गुप्ता कैसरगंज। बहराइच जिले में अमृत महोत्सव को बड़े जोशो खरोश के साथ पूरे देश में मनाया जा रहा है,शुक्रवार के दिन आजादी का अमृत महोत्सव उत्सव के मदेनजर मेडिकल एसोसिएशन कैसरगंज की ओर से तिरंगा झंडा अपने अपने हाथों में ले करके लोगों



में देश के प्रति प्यार मोहब्बत की एक मिशाल पेश करने का संदेश दिया गया ।कैसरगंज मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष उम्मेद सिंह जैन ने अपने संबोधन में कहा कि लोगों में राष्ट्रप्रेम की भावना को जागरूक करने के लिए प्रत्येक जगहों पर तिरंगा झंडा की विशाल रेलियाँ निकाली जा रही है, इसी के तत्वाधान में आज शुक्रवार के दिन कैसरगंज मेडिकल एसोसिएशन ने भारत माता की जय स्वतंत्रता दिवस अमर रहे के नारे लगाए हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए इस कार्यक्रम में मेडिकल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष संदीप सिंह बिसेन,रिजवान अहमद, बबलू सिंह,विमल जैन,मौर्या सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# पुलिस ने दो अलग अलग जगह से गांजा समेत शराब के साथ दो नफर अभियुक्तको किया गिरफ्तार

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता मोतीपुर रोशनी तिवारी

थाना– मोतीपुर,बहराइच। पुलिस अधीक्षक बहराइच द्वारा अपराध एंव अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही एवं अवैध शराब निष्कर्षण व बिक्री को रोके जाने के संबंध में दिये गये निर्देशन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अशोक कुमार व क्षेत्राधिकारी मिहींपुरवा जंग बहादुर यादव के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों द्वारा किए जा रहे जुर्म जरायम को रोकने हेतु प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में गठित टीम द्वारा उप निरीक्षक आफाक खां ने सत्रोहन तमोली पुत्र राम फेरन निवासी राय बोझा को मय 200 ग्राम गांजा के साथ थाना क्षेत्र अंतर्गत चिरैंधा के पास चेकिंग के दौरान अभियुक्त उपरोक्त को गिरफ्तार कर थाना स्थानीय मुकदमा अपराध एनडीपीएस एक्ट में पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा द्वितीय अभियुक्त चंदन पुत्र लालबाबू सिंह निवासी चूका नाला ग्राम पूर्वी खड़िया के पास से 04 जरिकेन में 90 लीटर कच्ची अपमिश्रित शराब व शराब बनाने के उपकरण के साथ अभियुक्त उपरोक्त द्वितीय को मोतीपुर पुलिस टीम

उ0नि0 सूरज कुमार राना मय हमराही कर्मचारीगण देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्तिध्वस्तु में मामूर थे कि जरिए मुखबिर खास सूचना मिली कि ग्राम पूर्वी खड़िया चूकानाला के पास अभियुक्त चन्दन पुत्र लालबाबू सिंह, 2. प्रमोद कुमार पुत्र लालबाबू नि0गण खड़िया थाना मोतीपुर जनपद बहराइच भट्टी लगाकर भारी मात्रा में कच्ची शराब बना रहा है। उक्त मिली सूचना पर विश्वास कर मोतीपुर पुलिस द्वारा दबिश दी गयी तो अभियुक्त चन्दन को शराब बनाते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया गया एवं प्रमोद कुमार मौके से हट गया। मौके पर भट्टी, शराब बनाने के उपकरण एक ड्रम,हार्न, पतीला, नलकी (पाइप), व 4 पोटली में क्रमशः 1 किग्रा0 यूरिया व 1 किग्रा0 नौसादर व दो प्लास्टिक की बोतल में अपमिश्रित शराब व नमूना लहन 90 ली0 अवैध कच्ची शराब व 1000 लीटर लहन बरामद हुआ। बरामद 1000 लीटर लहन को मौके पर ही नष्ट किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायालय रवाना किया गया। गिरफ्तारी टीमःउ0नि0 सूरज



कुमार राना,हे0का0 राम अशीष वर्मा,का0 मनोज चौधरी,का0 तपेन्द्र साहनी ,का0 विशाल सिंह,का0 विपुल तिवारी,का0 अमित पाण्डेय मोतीपुर पुलिस बल मौजूद रहा।

# बच्चों के लिए प्रारम्भ किये गये धर्म शिक्षा केंद्र में ब्रह्मकुमारी बहनों के सानिध्य में रक्षाबंधन का पर्व सोल्लास मनाया गया



करनैलगंज गोण्डा(ब्यूरो)। बच्चों के लिए प्रारम्भ किये गये धर्म शिक्षा केंद्र में ब्रह्माकुमारी बहनों के सानिध्य में रक्षाबंधन का पर्व सोल्लास मनाया गया। मंडलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न।

दैनिक अयोध्या टाइम्स जिला चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा उत्तर प्रदेश। नगर के बच्चों के लिए श्री बालाजी मंदिर में कुछ दिनों पूर्व प्रारम्भ किये गये निरूशुल्क धर्म शिक्षा केंद्र में गुरुवार की शाम को रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया गयाद्य। इसमें प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ब्रह्माकुमारी बहनें भी शामिल हुई और उन्हीं के सानिध्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्रह्माकुमारी बहनों ने बच्चों को ज्ञान की कई बातें बताईं और धर्म शिक्षा केंद्र की शुरुआत करने वाले आयुष सोनी के आग्रह पर बहनों ने धर्म शिक्षा केंद्र को श्री रामायुष धर्म शिक्षा केंद्र का नाम दिया।

श्री रामायुष धर्म शिक्षा केंद्र के गुरु आयुष सोनी ने बताया कि किस प्रकार बच्चों को प्रतिदिन शाम को एक घंटे निरूशुल्क सनातन धर्म के बारे में शिक्षा दी जाती है। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश भगवान को समर्पित एक नृत्य के साथ किया गया। तत्पश्चात बच्चों के कई धार्मिक कार्यक्रम के बाद प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहनों ने आये हुए सभी अतिथियों एवं बच्चों को रक्षा सूत्र बांधा और लोगों ने बहनों को कई उपहार भी दिये। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन रामजीलाल मोदनवाल, अशोक शुक्ला, अशोक सिंघानिया, श्रीभगवान साह, कन्हैया लाल वर्मा, जोगिंदर सिंह जानी, राजू सोनी, विमल मिश्रा,ओ. पी. तिवारी सागर सोनी, पं लोकेश मिश्रा, आरएसएस नगर प्रचारक आदित्य नाथ, विशाल कौशल आदि मौजूद रहे।

# शराब बनाने के उपकरण व 90 ली अवैध अपमिश्रित कच्ची शराब के साथ एक नफर अभियुक्त गिरफ्तार

दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच, मिहींपुरवा। जनपद बहराइच अंतरगर्त स्थित थाना मोतीपुर के प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में चलाये जा रहे कच्ची अवैध शराब के रोक थाम अभियान के तहत मिली बड़ी कामयाबी उल्लेखनीय है कि उ0नि0 श्री सूरज कुमार राना मय हमराही कर्मचारीगण देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्तिध्वस्तु में मामूर थे कि जरिए मुखबिर खास सूचना मिली कि ग्राम पूर्वी खड़िया चूकानाला के पास अभियुक्त 1.चन्दन पुत्र लालबाबू सिंह, 2. प्रमोद कुमार पुत्र लालबाबू नि0गण खड़िया थाना मोतीपुर जनपद बहराइच भट्टी लगाकर भारी मात्रा में कच्ची शराब बना रहा है। सूचना पर विश्वास कर दबिश दी गयी तो अभियुक्त चन्दन उपरोक्त को शराब बनाते हुए रंगे हाथों पकडा गया एवं प्रमोद कुमार मौके से हट गया। मौके पर भट्टी, शराब बनाने के उपकरण एक ड्रम,हार्न, पतिला, नलकी (पाइप), व 4 पोटली में क्रमशः 1 किग्रा0 यूरिया व 1 किग्रा0 नौसादर व दो प्लास्टिक की बोतल में अपमिश्रित शराब व नमूना लहन 90 ली0 अवैध कच्ची शराब व 1000 लीटर लहन बरामद हुआ। बरामद 1000 लीटर लहन को मौके पर ही नष्ट किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 451/22 धारा 60/60(2) Ex Act व 272 भादवि पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायालय रवाना किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त चन्दन पुत्र लालबाबू सिंह नि0 खड़िया थाना मोतीपुर जनपद बहराइचऔर गिरफ्तार करने वाली टीम में उ0नि0 श्री सूरज कुमार राणा,हे0का0 राम अशीष वर्मा,कांस्टेबल मनोजचौधरी, कांस्टेबल तपेन्द्र साहनी,कांस्टेबल विशाल सिंह,कांस्टेबल विपुल तिवारी,कांस्टेबल अमित पाण्डेय सामिल रहे।।



# मिहींपुरवा जामा मस्जिद के पेश इमाम के सरपरस्ती में मस्जिद से निकली तिरंगा यात्रा

दैनिक अयोध्या टाइम्स मिहीपुरवा बहराइच। अमृत महोत्सव के तहत आयोजित होने वाले तिरंगा यात्रा के क्रम मिहींपुरवा कस्बे के जामा मस्जिद के पेश इमाम रज्जब अली के सरपरस्ती में जुम्मा नमाज बाद तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया । अमृत महोत्सव तिरंगा यात्रा कार्यक्रम के तहत पूरे प्रदेश में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के प्रेरणा में तिरंगा यात्रा का आयोजन हो रहा है । इसी के मद्देनजर मिहींपुरवा कस्बे में शुक्रवार जुम्मा नमाज बाद सैकड़ों की संख्या में कस्बा निवासी मुस्लिम समाज एवं मदरसा गौसिया के बच्चों एवं स्टाफ सहित कस्बे में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया । नमाज बाद मस्जिद में लोगों को तिरंगा झंडा वितरण किया गया तथा क्रमबद्ध तरीके से कस्बे में पूर्वी



पेट्रोल पंप से पश्चिमी पेट्रोल पंप तक कस्बे में हिंदुस्तान जिंदाबाद, मादरे वतन जिंदाबाद, देश के शहीद अमर रहे, झंडा ऊंचा रहे हमारा विजई विश्व तिरंगा प्यारा, शान न इसकी जाने पाए ,चाहे जान भले ही जाए,, के नारों से पूरा कस्बा गूंजता रहा । कस्बा भ्रमण के बाद छोटी बाजार में जामा मस्जिद के पास यात्रा का समापन किया गया । इस दौरान मदरसा गौसिया के अध्यापक इरफान खान द्वारा तिरंगा यात्रा के समापन की घोषणा करते हुए मौजूद सभी लोगों से अपील की कि जिनके जिनके हाथों में झंडा है वह सभी अदब के साथ इसको ले जाकर अपने घरों की छतों पर लगा दे । 15 अगस्त के दिन सभी स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाएं । इस दौरान मिहींपुरवा कस्बे के मुस्लिम समाज के हाजी असलम राइन, मुन्ना राइन, हाजी साबिर, हाजी गुड्डू, अख्तर अली, रिजवान अली, अब्दुल वदुद उर्फ पप्पू राइन, फैयाज अंसारी, अकबर अली,गुलाम रब्बानी, नूर अली व मदरसा गौसिया प्राचार्य इसरार इदरीसी, इरफान खान सहित कस्बे के सम्मानित नागरिक एवं बच्चे मौजूद रहे । इस दौरान तिरंगा यात्रा में शांति व सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत थाना प्रभारी मोतीपुर मुकेश कुमार सिंह, मिहींपुरवा चौकी इंचार्ज संतोष सिंह दल बल के साथ मौजूद रहे।

# उत्साह के साथ मनाया रक्षा बंधन पर्व बहनों ने भाई की कलाई पर बांधी राखी,

दैनिक अयोध्या टाइम्स जरवल बहराइच। रक्षा बंधन के त्यौहार पर बहनों ने अपने भाईयों को तिलक लगाकर उनकी कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा। स्नेह और प्यार के धागे से भाई की कलाई को सजाते हुए बहनों ने भाई का मुंह मीठा कराया। वहीं भाईयों ने भी बहनों को उपहार के साथ–साथ सुरक्षा करने का वचन दिया। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी रक्षा बंधन पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया और इसी के चलते वृहस्पतिवार, को भाई की कलाई पर राखी बांधने के लिए बहने लंबी दूरी तय कर भाई के पास पहुंची। वहीं रक्षा बंधन के पूर्व बहनों ने जमकर खरीदी की जिससे बाजार में दिनभर रौनक रही। बहनों ने कहा कि भाई–बहन के पवित्र प्यार का प्रतीक रक्षाबंधन का त्यौहार सभी त्योहारों में सर्वश्रेष्ठ एवं पवित्र है। उन्होने रक्षाबंधन का आध्यात्मिक रहस्य स्पष्ट करते हुए कहा कि वास्तव में जब हम मनुष्य आत्माएं विकारों एवं बुराइयों के अधीन होकर एकदम अपवित्र होने कारण कमजोर पड़ जाती हैं और मनुष्य बुराइयों के अधीन हो जाता है। ऐसे समय पर निराकार परमपिता परमात्मा शिव स्वयं इस धरती पर अवतरित होकर सच्ची पवित्रता की राखी हम मनुष्य आत्माओं को बांधते हैं। अर्थात वे सभी विकारों एवं बुराइयों को छोडने के लिए हमसे कहते हैं। इन बुराइयों का त्यागी वास्तव में हम मनुष्य



आत्माओं को शक्तिशाली बना देता है हममें गुणों का संचार कर देता है।

# रक्षाबंधन के पावन पर्व पर बहनों ने भाइयों की कलाई पर बांधी राखी

रायबरेली ब्यूरो। बहन भाई के प्यार के तौर पर मनाया जाने वाला रक्षाबंधन का त्यौहार गुरुवार की शाम से शुक्रवार की सुबह तक विधि विधान एंव पारंपरिक रूप से मनाया गया। जैसा कि मालूम हो कि इस बार पंचांग के अनुसार गुरुवार की शाम 8:00 बजे से शुक्रवार की सुबह 7:30 बजे तक राखी बांधने का शुभ मुहूर्त था। इसी



समय के अनुसार सभी जगह बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर अपने रक्षा का वायदा भी भाइयों से कराया साथ ही भाइयों से उपहार लेकर खुशी भी जाहिर की। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर बाजारों में राखी की दुकानों और मिठाई व ड्राई फ्रूट आदि की दुकानों पर भारी भीड़ दिखाई दी। शहर के कैपर गंज, सुपर मार्केट, डिग्री कॉलेज चौराहा, पुलिस लाइन चौराहा, बस स्टैंड चौराहा सहित सभी स्थानों पर भीड़ भाड़ और रौनक दिखाई पड़ रही थी। मिठाई की दुकान वाले सड़क पर टेंट लगाकर मिठाईयां बेच रहे थे साथ ही राखी वाले तरह–तरह की राखियों को स्टॉल पर सजा कर ग्राहकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे थे। शहर से जाने वाली सभी बसों में जबरदस्त भीड़ दिखाई दी।

उत्तर प्रदेश परिवहन निगम द्वारा ज्यादा से ज्यादा बसें चलाने की तैयारी की गई थी फिर भी भीड़ को देखते हुए बसों की संख्या कम ही नजर आई। पुलिस प्रशासन की ओर से जगह जगह पुलिस कर्मियों की गश्त जारी रही जिससे कोई भी अप्रिय घटना नही घटी और रक्षा बंधन का त्यौहार खुशी खुशी सम्पन्न हो गया।

## आजादी अमृत महोत्सव के 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर पयागपुर थाना प्रभारी राजकुमार पाडे के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ तिरंगा झंडा यात्रा निकाली गई



दैनिक अयोध्या टाइम्स कैसरगंज बहराइच। भारत देश के हर कोने में आजादी अमृत महोत्सव के 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर तिरंगा झंडा यात्रा निकाली जा रही है जिससे सभी में देशभक्ति का संचार हो सके और देश प्रेम की भावना विकसित हो सके। इसी के तहत आज थाना पयागपुर के इकौना रोड, पयागपुर कैसरगंज रोड और गोंडा बहराइच रोड पर थाना प्रभारी पयागपुर राजकुमार पांडेय के नेतृत्व में तिरंगा झंडा यात्रा निकाली गई जिसमें वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारे लगाए गए जिससे पूरा वातावरण देशभक्ति मय हो गया और सभी लोग इस तिरंगे झंडे यात्रा को देखकर अभिभूत हो गए। तिरंगा झंडा यात्रा में उप निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद ,सदानंद, बीट पुलिस ऑफिसर श्रीनाथ शुक्ला , रितेश शुक्ला , अंकुर यादव , प्रशांत यादव, बृजेश यादव , विकास मिश्रा, अनिरुद्ध सिंह सर्वेश साहिल यादव ,अशफाक आदि लोग शामिल रहे।

## सड़क किनारे गड्ढे में डूबने से एक बालिका की मौत और एक बालिका बाल बाल बची

- दोनो बालिकाओ को अस्पताल ले गए जहाँ एक कि मौत हो गई

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवादाता मोतीपुर रोशनी तिवारी। सुजौली थाना अंतर्गत करिकोट के लोहरा गांव निवासी सोनी पुत्री शिव प्रसाद और सीता पुत्री भोला शुक्रवार सुबह 10 बजे गांव के समीप बड़े गड्ढे में बरसात का पानी भरा हुआ था गांव की दोनो बालिका नहाने के लिए गड्ढे में घुस गई पानी ज्यादा होने के कारण। दोनों बालिका डूब गई,पड़ोस के खेत मे काम कर रहे लोगो ने गड्ढे में घुस कर दोनों बालिकाओ को निकाल और प्राथमिक स्वस्थ केंद्र सुजौली में इलाज के लिए ले गए जहा डॉक्टरों ने सोनी पुत्री शिव प्रसाद 10 वर्ष को मृतक बताया और



सीता पुत्री भोला 12 वर्ष की हालत ठीक है परिजनों के घर मे कोहराम मचा गया सूचना पाकर तहसीलदार मोतीपुर पियूष चंद्र श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे और उन्होंने बच्ची के परिजनों को यथासंभव मदद दिलाने का भरोसा दिलाया सुजौली थाना के उप निरीक्षक अरविंद कुमार, उपनिरीक्षक शैलेंद्र यादव ,कुलदीप साहू ,ग्राम प्रधान केशव राम पहुच कर मृतक बालिका को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

## ब्लॉक नवाबगंज में युवा कल्याण विभाग का भ्रष्टाचार में बोलबाला

रिपोर्ट देवेश पांडेय दैनिक अयोध्या टाइम्स। नवाबगंज में ब्लॉक नवाबगंज में भ्रष्टाचार की सारी हदें पार कर रहा है युवा कल्याण विभाग।

जैसा कि सरकार की मंशा है कि देश एवं प्रदेश का युवा पढ़े लिखे और आगे बढ़े इसीलिए युवा कल्याण विभाग को यह जिम्मेदारी दी गई है कि प्रत्येक विद्यालय से छात्रों को एकत्र कर खेलकूद प्रतियोगिता कराई जाए और उनका उत्साहवर्धन किया जाए ठीक इसके विपरीत नवाबगंज के युवा कल्याण अधिकारी कागजों तक ही सीमित कर देते हैं खेलकूद प्रतियोगिता ना ही कोई व्यवस्था ना ही छात्र बाहरी लोगों को बुलाकर खानापूर्ति कर दी जाती है और अपनी जेब गर्म कर ली जाती है यह भ्रष्टाचार बीते कई सालों से नवाबगंज में चल रहा है कई बार कार्यवाही के लिए पत्र भी लिखा गया है लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई है यदि इस बार भी कार्यवाही नहीं होती है तो मां राजेश्वरी देवी चौरिटेबल ट्रस्ट के बैनर तले एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

## नेताओं की तर्ज पर खुले छत वाले वाहन पर खड़े होकर हाथ मे तिरंगा लेकर औषधि निरीक्षक रजिया बानो ने तिरंगा यात्रा निकाला



दैनिक अयोध्या टाइम्स जिला चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा

कर्नलगंज गोंडा। उनके साथ मेडिकल स्टोर संचालकों सहित भारी संख्या में जनता चल रही थी। औषधि निरीक्षक रजिया बानो की तिरंगा यात्रा देखकर लोग दंग रह गए। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से नगर पालिका परिषद से नई बाजार, लारी रोड, सदर बाजार, घंटाघर, स्टेशन रोड, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सकरौरा चौराहा, मौर्य नगर, बस स्टाफ साथ पूरे नगर में घूमी। उसके बाद नगर पालिका सभागार में बैठक कर दवा व्यापारियों से अमृत महोत्सव में हर घर पर तिरंगा लगवाने का संकल्प दिलाया।

जिलाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह, नगर के कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एशोसियन कर्नलगंज के अध्यक्ष संजय पुरुवार, महामंत्री मुकेश कुमार वैश्य, नशीर अहमद, राकेश कुमार, शिवम् खेतान, अजय कुमार, सुरेश कुमार, महेश कुमार, जुबेर, साजिद, नंद गोपाल, सत्य प्रकाश सिंह सहित भारी संख्या में दवा व्यापारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## आजादी का अमृत महोत्सव को शानदार रूप देने के लिए विधायक ने वितरण किये तिरंगे झंडे



दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता – ईशू चेनानी

अछनेरा। केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार के आव्हान पर 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर पर तिरंगा लहराने की मुहिम के तहत आज शुक्रवार की शाम को फतेहपुर सीकरी कस्बा की कृष्ण वाटिका में विधायक चौधरी बाबूलाल ने देहात के 93 बूथों व फतेहपुर सीकरी कस्बा के 45 बूथों के लिए करीब 6 हजार तिरंगे झंडे वितरित किए । इस दौरान विधायक चौधरी बाबूलाल ने कहा कि 15 अगस्त को कोई भी घर ऐसा ना देखे जिस पर तिरंगा नहीं फहरा हो विधायक चौधरी बाबूलाल का कहना है कि आजादी का अमृत महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाना चाहिए तिरंगा वितरण के दौरान प्रमुख रुप से नगर अध्यक्ष मनोज सिंघल, पूर्व डिप्टी चेयरमैन नरेश चंद्र कोली , चेतन चाहर हेमेंद्र तिवारी, प्रधान थान सिंह, ओम कांत डागुर, विनोद सांवरिया, योगेंद्र फौजदार ,मुकेश चौधरी ,भूरा सभासद, सत्यवीर प्रधान अल्ताफ कुरेशी ,उदयवीर पहलवान, समय बड़ी संख्या में भाजपाई मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### दो सगी बहनों के साथ दुष्कर्म के तीनों आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या

अयोध्या। दो सगी बहनों के साथ हुई सामूहिक दुष्कर्म की घटना के तीनों नामजदआरोपियों को बीकापुर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि आरोपियों की तलाश में टीम लगातार दबिश डाल रही थी।बता दें कि कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी दो सगी बहनों के साथ सामूहिक दुष्कर्म के बाद पिता की तहरीर पर तीनों आरोपियों के विरुद्ध कोतवाली में केस दर्ज हुआ था।आरोप है कि 8 अगस्त की शाम दोनों बहनें बाजार गई थीं। साइकिल से देर शाम घर लौटते समय आरोपियों द्वारा रास्ते में गन्ने के खेत में उनसे सामूहिक दुष्कर्म किया गया था। आरोपी चौरे बाजार पुलिस चौकी क्षेत्र के मंगारी के निवासी हैं।

### शिवतर ग्राम प्रधान ने तालाब की भूमि पर किया अवैध कब्जा हुई शिकायत

दैनिक अयोध्या टाइम्स अमित सिंह संवाददाता बीकापुर अयोध्या

बीकापुर अयोध्या। बीकापुर ग्राम प्रधान शिवतर के परिजन पर कई दशक से तालाब की भूमि अवैध रूप से मकान बना कर रहने की शिकायत भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति बीकापुर ब्लॉक अध्यक्ष दृगपाल वर्मा और शिवतर निवासी अब्दुल वहीद के द्वारा 28 अगस्त को उप जिला अधिकारी व तहसीलदार से लिखित की गई थी जिस पर अधिकारियों द्वारा हल्का लेखपाल को भेज कर जांच कराई तो शिकायत सही पाए जाने पर लेखपाल के द्वारा ग्राम प्रधान जैना कुमारी के पति रामबरी पुत्र खुशियाल पर 63700 का जुर्माना लगाकर अपनी रिपोर्ट तहसीलदार को प्रेषित कर दिया। तालाब की भूमि पर पक्का मकान दो दशक से बनाकर रहने के मामले में अब तहसीलदार न्यायालय पर मुकदमा कायम होने की प्रक्रिया तेज हो गई है जिससे गांव में तरह–तरह की होना शुरू हो गया।



### आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत ग्रामसभा बारी गौहन्ना में बाटे गए तिरंगे

रायबरेली ब्यूरो। महाराजगंज तहसील के ग्राम सभा बारी गौहन्ना में शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय ध्वज को घर घर बांटकर हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। जानकारी के अनुसार महाराजगंज ब्लॉक के बारी गौहन्ना गांव में ग्राम सभा के क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिधि एवं भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष रामप्रताप और उनके टीम मेंबरों के द्वारा ग्राम सभा के सभी घरों को तिरंगा भेंट किया गया और सभी से आजादी की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर घरों पर तिरंगा फहराने का आह्वान भी किया गया। हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तिरंगा वितरण में सदस्य ब्रजकिशोर अवस्थी (कप्तान) रामदेव यादव, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य गुरु सेवक, सतीश कुमार, अंजनी, बद्री प्रसाद आदि ग्राम सभा के जागरूक सदस्यो द्वारा बढ़–चढ़कर सहयोग किया गया।



### भाजपा नेता शेष नारायन मिश्रा का निधन

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या

अयोध्या। अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष शेष नारायन मिश्रा का लखनऊ पीजीआई में इलाज के दौरान निधन हो गया। हार्ट अटैक होने की वजह से उन्हें भर्ती कराया गया था। सरयू तट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। जहां छोटे पुत्र आशुतोष मिश्रा ने उन्हे मुखग्नि दी। स्व शेषनारायन मिश्रा दूसरी बार अवध क्षेत्र के अध्यक्ष बने थे। इससे पहले वह गोण्डा के जिलाध्यक्ष थे। अंतिम संस्कार में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह, सांसद लल्लू सिंह, राज्यमंत्री सतीश शर्मा, महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता व रामचन्दर यादव, एमएलसी अंगद सिंह व अवनीश सिंह, अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय पदाधिकारियों में कमलेश श्रीवास्तव, जय प्रकाश सिंह, शिवम तिवारी, विकास सिंह, मणीन्द्र पाण्डेय, सूरज श्रीवास्तव, राजीव मिश्रा, पिछड़ा मोर्चा अवध क्षेत्र के अध्यक्ष शिवनायक वर्मा, महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, अम्बेडकर नगर जिलाध्यक्ष मिथिलेश त्रिपाठी, लखनऊ जिलाध्यक्ष श्रीकृष्ण लोधी, गोण्डा के अमर किशोर कश्यप, श्रावस्ती के महेश मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल समेत जिला स्तर के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

### तीन दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी का शुभारम्भ आज

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या

अयोध्या। नारायण दास खत्री मेमोरियल ट्रस्ट फैजाबाद द्वारा नारायण दास खत्री के जन्म शताब्दी के अवसर पर तीन दिवसीय समारोह का आयोजन 13 अगस्त से 15 अगस्त 2022 तक करने का निर्णय लिया



गया है। उक्त जानकारी कार्यक्रम की संयोजक रीता खत्री व ट्रस्ट के सचिव डा. निर्मल खत्री ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता स्व. नारायण दास खत्री की स्मृति में गठित "नारायण दास खत्री मेमोरियल ट्रस्ट" की स्थापना 31 मार्च 2003 को की गई जिसका उद्देश्य जनपद फैजाबाद में साहित्यिक गतिविधियों का आयोजन व प्रोत्साहन करना है। इसी क्रम मे ट्रस्ट ने 25 जून 2003 को नारायण दास खत्री स्मृति अध्ययन केन्द्र की स्थापना की, जिसका उद्घाटन तत्कालीन राज्यपाल विष्णुकान्त शास्त्री के द्वारा सम्पन्न हुआ था। यह वाचनालय जनपद का एकमात्र निःशुल्क अध्ययन केन्द्र है। विभिन्न विषयों के साथ यहाँ विशेष रूप से विद्यार्थी वर्ग हेतु प्रतियोगी परीक्षाओं से सम्बन्धित पुस्तकों का विशाल संग्रह निःशुल्क उपलब्ध है। ट्रस्ट समय–समय पर साहित्यिक परिचर्चा एवं गोष्ठियों का आयोजन भी कराता आ रहा है। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट द्वारा नारायण दास खत्री के जन्म शताब्दी का शुभारम्भ तीन दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी द्वारा 13 अगस्त को होगा। उक्त पुस्तक प्रदर्शनी होटल कृष्णा पैलेस परिसर, सिविल लाइन, के बेसमेन्ट हाल में आयोजित की जा रही है। इस तीन दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी में लोकभारती समूह, लक्ष्मी प्रकाशन, रूपा पब्लिकेशन्स, नई दिल्ह्ली, नेशनल बुक ट्रस्ट ऑफ इंडिया, नई दिल्ह्ली, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ह्ली, भारतीय ज्ञानपीठ, प्रकाशन विभाग, नई दिल्ली, सस्ता साहित्य मण्डल, ओशो दर्शन, आर्य प्रकाशन, किताबघर प्रकाशन, रीडर्स डेस्टिनेशन, निखिल पब्लिशर्स, टंडन बुक डिपो, सनातन संस्था, भवदीय प्रकाशन आदि देश के सभी प्रमुख प्रकाशक भाग ले रहे हैं। तीन दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी का उद्घाटन न्यायमूर्ति डी. पी. सिंह द्वारा को प्रातः 11:30 बजे होगा। यह पुस्तक प्रदर्शनी सभी जन सामान्य के लिये प्रातः 10 बजे से रात्रि 8 बजे तक उपलब्ध रहेगी।

## जेल कारागार में बहनों ने अपने भाइयों को बांधी राखी मनाया रक्षाबंधन का पर्व

रिपोर्ट परमिंदर सिंह ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स सहारनपुर। उत्तर प्रदेश आपको बता दे की दिनांक 12.08.2002 को भारतीय सांस्कृतिक पर प्रतिब्रामारी सहारनपुर की बहनों ने जिला सहारनपुर 1900 बंदियों को राखी बंधन के पर्व की महत्ता बतायी गई है। कारागार में रक्षाबंधन के इस पावन अवसर पर प्रजापिता ब्रहमाकुमारी सहारनपुर की बनी सदियों को पारम्परिक तसेच टीका लगाकर उनकी तारी गई तथा राखी कर मुंह मीठा कराया गया तथा धन के पर्व की पक सामाजिक एवं ऐतिहासिक महत्ता बताई गई। प्रजापिता ब्रहमाकुमारी के सदस्यों द्वारा तसे राखी बांधे जाने पर बन्दी अभिभूत हुए उन्होंने होकर अपनी खुशी की या अशात किया एवं अपने जीवन में की गयी गलतियों से दूर रहने का कल्प भी लिया गया। जेल वरिष्ठ अधीक्षक अमिता दुबे जी ने प्रजापिता ब्राकुमारीपुर के सदस्यों का स्वागत कियाने विचार करते हुये सभी बन्दियों को शुभकामनायें देते पर होने का किया तथा कार्यक्रमको समाप्ति पर प्रति कुमारी के सदस्यों का आभार प्रकट किया।

पर्व पर आज जिला बार सहारनपुर में निरुद्ध बन्दियों कोद्वाइयको के लिये कारागार के बाद परिसर में ऐसे भी किसी को परेशानी या का तत्काल निदान हो सके। मुलाकात



बहनों के लिये कलागार प्रशासन द्वारा बाहय परिसर में अल्पाहार की वस्था भी की गयी परागार के भीतर द्वारा रोली, पन्दन तथा दीप को भी यो समस्त बहने अपने भाइयों का पारारिक रीति से पूजन कर गृह प्रधान समय जेल रिचीत अतिदूरे के नेतृत्व में भी बातों को एष्ट्रनदी के 25 वर्ष को नयनको सकस बनाने की लिये घर पर लगाने के की गयी।

## 13 अगस्त को सांय 06 बजे नवोदय विद्यालय बावन बुजुर्ग बल्ला में सांस्कृतिक कार्यक्रम लोक गायन का होगा आयोजन



दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता स्वदेश कुमार मौर्य ,महराजगंज, रायबरेली। आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर मनाए जा रहे अमृत महोत्सव के तहत एक सप्ताह तक चलने वाले विविध कार्यक्रमों का आज से शुरुआत की जा चुकी है। आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत 13 अगस्त को आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के तहत बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा प्रातः 08बजे प्रभात फेरी का आयोजन, हर घर तिरंगा से सम्बन्धित भाषण, निबंध व वाद–विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन नामित नोडल अधिकारी द्वारा किया जायेगा।

इसी प्रकार उप कृषि निदेशक विभाग द्वारा राजकीय कृषि बीज लालगंज, खीरों एवं सरेनी में पूर्वान्ह 11:00 बजे आजादी के सम्बन्ध में प्राकृतिक खेतीध्जैविक खेती करने वाले कृषकों के साथ चर्चा एवं झण्डा वितरण किया जायेगा। उ०प्र० खादीध्ग्रामोद्योग बोर्ड विभाग द्वारा विकासखंड सलोन के ग्राम परशुरामपुर टेकई में प्रातः 11:00 बजे तिरंगा के साथ प्रभात फेरी का आयोजन होगा। राज्य कर विभाग द्वारा ग्राम सभा शहजादपुर, कोटियाचित्रा एवं ऊँचाहार में पूर्वान्ह 11:00 बजे झण्डारोहण की समीक्षा एवं तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम, नेहरू युवा केन्द्र द्वारा जनपद स्तर पर प्रातः 11:00 बजे ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन, सहकारिता विभाग द्वारा डिस्ट्रिक बोर्ड इम्पलाइज क्रेडिट को–ऑपरेटिव सोसायटीज लि0 रायबरेली में अपरान्ह 03:00 बजे भारतीय अर्थ व्यवस्था में सहकारिता आन्दोलन की भूमिका, लघु सिंचाई विभाग द्वारा विकास खण्ड सतांव में मध्यान्ह 12:00 बजे आच्छादित कृषकों को झण्डारोहण का जागरूकता संदेश, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा डॉ0 अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय ऊँचाहार में पूर्वान्ह 11:00 बजे तिरंगा का इतिहास, सामाजिक वानिकी वन प्रभाग द्वारा सलोन व बछरावां रेंज पूर्वान्ह 11:00 बजे हरिशंकरी पौधरोपण कार्यक्रम, अनुरक्षण कार्य एवं हर घर तिरंगा कार्यक्रम, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा समस्त आगनबाड़ी केन्द्र प्रातः 09:00 बजे से मध्यान्ह 12:00 बजे तक सस्वर राष्ट्रगान, युवा कल्याण विभाग द्वारा सभी विकास खण्डों में पूर्वान्ह 11:30 बजे आजादी दौड़ का आयोजन, श्रम विभाग द्वारा अमावां रोड स्थित कारखाना में पूर्वान्ह 11रू00 बजे सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों आदि से सम्पर्क कर राष्ट्रीय ध्वज लगाया जाना। माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा सभी विद्यालयों में स्वतंत्रता संग्राम पर आधारित नाट्य प्रस्तुति का आयोजन, सांस्कृतिक विभाग द्वारा नवोदय विद्यालय बावन बुजुर्ग बल्ला में सांय 6:00 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम सुश्री अन्नपूर्णा श्रीवास्तव रायबरेली द्वारा लोक गायन का आयोजन किया जायेगा। उपायुक्त उद्योग द्वारा मे० रिलायन्स आर०सी०सी०पी०एल० प्रा०लि०में पूर्वान्ह 11:30 बजे औद्योगिक प्रतिष्ठानों में स्वतंत्रता सप्ताह के दौरान राष्ट्रीय ध्वजारोहण का आयोजन किया जायेगा। सम्बन्धित विभागों में नामित नोडल अधिकारियों को आयोजन को सम्पन्न कराया जायेगा।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

मिल्कीपुर–अयोध्या। खंडासा थाना क्षेत्र के मठिया गांव निवासी मोनू पुत्र छेदन ने गांव के बाहर आम के पेड़ से गमछे के सहारे फांसी लगाकर की आत्महत्या। परिजनों की सूचना पर पहुंची खंडासा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा भरा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मिल्कीपुर तहसील अंतर्गत खंडासा थाना क्षेत्र के मठिया गांव निवासी मोनू पुत्र छेदन उम्र लगभग (22) वर्ष बृहस्पतिवार कि रात लगभग 8: 30 बजे घर से भोजन करने के बाद घर से लगभग 500 मीटर दूर झाबरा गांव के निकट फसल की रखवाली करने के लिए खेत गया हुआ था। बृहस्पतिवार की सुबह राखी बांधने के लिए घर पर मौजूद बहने भाई मोनू के आने का इंतजार कर रही थी , काफी समय बीत जाने के बाद जब मोनू घर नहीं पहुंचा तो परिजन खोजबीन करना शुरू कर दिए। परिजन खेत की ओर गए तब भी कोई पता नहीं चल रहा था। इसी बीच एक महिला ने मोनू के शव को आम के पेड़ से लटकता देख जानकारी परिजनों को दी रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे तब तक भारी संख्या में ग्रामीण भी पीछे से पहुंच गए।

परिजनों व ग्रामीणों ने घटना की जानकारी खंडासा थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह को दी, सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर मृतक युवक के शव को आम के पेड़ से उतरवाकर पंचायत नामा भरा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सत्यता का पता चल सकेगा। मोनू अपने 6 भाइयों सबसे छोटे थे पांचों भाइयों की शादी हो गई थी वे अपने परिवार के साथ खा कमा रहे थे तथा बड़ी बहन की भी शादी हो गई है छोटी बहन व मृतक मोनू की शादी नहीं हुई थी राखी पर पूरा परिवार इकट्ठा था ,और खुशी का माहौल था घटना घट जाने के बाद परिवार में मातम सा छा गया है। ग्रामीणों की दबी जुबान से बताया कि मृतक युवक का गांव के किसी महिला से प्रेम प्रसंग चल रहा था।

## रामगोपाल त्रिपाठी इंटर कॉलेज विजयीपुर में भव्य तिरंगा यात्रा





दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर। प्रधानाचार्य रामगोपाल त्रिपाठी इंटर कॉलेज विजयीपुर फतेहपुर में लोक एवं जनजाति कला एवं संस्कृति संस्थान, संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश शासन के सहयोग से रामगोपाल त्रिपाठी इंटर कॉलेज विजयीपुर में भव्य तिरंगा यात्रा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। खागा तहसील के उपजिलाधिकारी मनीष कुमार ने तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वह प्रकृति और पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए अपनी भूमिका का निर्वाह करें। यात्रा में उप जिलाधिकारी के साथ संस्कृति संस्थान के निदेशक अतुल द्विवेदी एवं प्रधानाचार्य डॉ निरंजन कुमार सिंह भी सम्मिलित हुए। तिरंगा यात्रा कॉलेज परिसर से शुरू होकर विजयपुर चौराहा होते हुए अमनी गांव तक गई जिसमें डेढ़ हजार से अधिक विद्यार्थी सम्मिलित हुए। यात्रा में सबसे आगे स्काउट गाइड के विद्यार्थी हाथों में तिरंगा लिए हुए चल रहे थे। उनके पीछे 50 मीटर लंबा तिरंगा ताने हुए विद्यार्थी चल रहे थे। तिरंगा यात्रा में शामिल अन्य विद्यार्थियों के हाथों में भी राष्ट्रीय ध्वज सम्मान के साथ लहरा रहा था तथा कुछ अपने हाथों में शहीदों के चित्र और नारे लिखी हुई तख्तियां लेकर चल रहे थे। 1 किलोमीटर लंबी यात्रा मैं डीजे पर देश भक्ति के गाने बज रहे थे तथा बच्चे वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारे लगा रहे थे। तिरंगा यात्रा की समाप्ति के पश्चात विद्यालय में आकाशवाणी और दूरदर्शन के जाने–माने लोक गायक रामबाबू यादव एवं उनके साथी कलाकारों द्वारा देशभक्ति पर आधारित लोक गीतों की प्रस्तुति की गई जिसे सुनकर बच्चे झूम उठे। बिरहा और कजरी का आनंद क्षेत्र के लोगों ने भी उठाया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उप जिलाधिकारी मनीष कुमार ने तिरंगा यात्रा को भव्य और ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि विद्यार्थियों का जोश और अनुशासन सराहनीय है। उन्होंने कहा कि हम आजादी के 75 में वर्षगांठ का जश्न मना रहे हैं यह हम सब का सौभाग्य है उन्होंने कहा कि आप कल के नागरिक हैं ऐसे में पर्यावरण और जल संरक्षण जैसे विषय को लेकर आप सजग रहें और उन्हें संरक्षित करने के लिए पहल करें। संस्थान के निदेशक अतुल द्विवेदी ने कहा कि देश के सम्मान और स्वाभिमान के लिए सभी को मिलकर काम करना चाहिए। प्रधानाचार्य डॉ निरंजन सिंह ने कहा कि आजादी के 75 में वर्षगांठ के जश्न में पूरा देश डूबा हुआ है तिरंगा यात्रा और सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से क्षेत्र के लोगों में विद्यार्थियों ने देशभक्ति की भावना पैदा करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि तिरंगा के सम्मान को लेकर यह यात्रा क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक थी। उन्होंने कहा कि यह आत्मसम्मान पर गौरव का फल है जब हम देश की आजादी का जश्न मना रहे हैं।

## मा0 विधायक अयाह शाह श्री विकास गुप्ता ने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान(डायट) के नवीन सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित करके शुभारंभ किया

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर। "आजादी का अमृत महोत्सव" अभियान 11 अगस्त से 15 अगस्त, 2022 तक के अंतर्गत "हर घर तिरंगा" सप्ताह के क्रम मे 12 अगस्त,2022 (दूसरे दिन )मा0 विधायक अयाह शाह श्री विकास गुप्ता ने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान(डायट) के नवीन सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित करके शुभारंभ किया। मा0 विधायक अयाह शाह ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश आजादी के 75 वी वर्षगाँठ पूरा देश बड़े हर्ष–उल्लास के साथ मना रहा है यह देश के लिए गौरव का पल है। मा0 प्रधानमंत्री जी के आवाहन पर पूरा देश आजादी के अमृत महोत्सव के तहत ष्हर घर तिरंगाष फहराने का कार्य किया जा हैं। नागरिक के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करने एवं हमारे देश के गौरवशाली इतिहास, स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान की याद दिलाने व उनके प्रति सम्मान का भाव जगाने के उद्देश्य से पूरे देश में स्वतंत्रता सप्ताह एवं हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन कराया जा रहा है। हमारे देश का तिरंगा झंडा हम सब का स्वाभिमान किसी भी कीमत पर झंडा को झुकने नही दे, ये हम सभी नागरिकों की जिम्मेदारी/ परमकर्तव्य हैं कि देश के आजादी में जनपद फतेहपुर के वीर अमर शहीदों – जोधा सिंह अटैया, ठाकुर दरियाव सिंह, डिप्टी कलेक्टर हिकमत उल्ला खा आदि अनेको वीर ने देश को आजाद करने के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर दिया। उन अमर बलिदान के संघर्ष का नतीजा है कि हम भारतवासी आजादी की 75 वी वर्ष गाठ मना रहे है, से प्रेरणा लेकर हम सब राष्ट्र के विकास के लिए अपना फर्ज ईमानदारी से निभाये। इस अभियान को जन सहभागिता के माध्यम नागरिको में राष्ट्र भक्ति भावना जगाकर हर घर तिरंगा फहराये। पूरे विश्व मे भारत देश सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। मा0 प्राधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी व मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में देश व प्रदेश विकास की ओर लगातार अग्रसर है। उन्होंने कहा कि आज हम सब संकल्प ले देश को आंतकवाद, भ्रष्टाचार व जातिवाद मुक्त बनाकर देश को विकास के पथ पर उन्नयन शिखर तक ले जाये। इस अवसर पर मा0 विधायक जी ने छात्रों को तिरंगा झंडा वितरण किया। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा भेजी गयी एल ई डी वैन के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। आजादी के 75वें वर्षगांठ के शुभ अवसर पर डायट सभागार में संस्कृति निदेशालय द्वारा पंजीकृत दल रागिनी चन्द्रा प्रयागराज व फतेहपुर के विभिन्न स्कूलो के छात्रध्छात्राओ द्वारा देश की एकता, अखण्डता एवं देशभक्ति की भावना को प्रेरित करने वाले कार्यक्रमोध गीतों का प्रस्तुतिकरण किया । कार्यक्रम में जनपद फतेहपुर के अमर शहीदों के बावन इमली की कहानी का चित्रण आदि करके देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत करने वालो कार्यक्रमो/ लोकगीतों/ गीतों की मनमोहक प्रस्तुति कर उपस्थित बच्चों एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों का हृदय देश–प्रेम की भावना से भर कर देश के आजादी दिलाने वाले अमर वीर क्रांतिकारियो को स्मरण कराया। इस अवसर पर परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण श्री महेंद्र प्रसाद चौबे, जिला पंचायत राज अधिकारी श्री उपेंद्र राज सिंह, जिला युवा कल्याण अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, जिला सहकारी बैंक के उपाध्यक्ष श्री संतोष, मा0 जनप्रतिनिधियों स्कूली बच्चों, गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से तीन घायल

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुधीर बंसल रुदौली–अयोध्या। रुदौली कोतवाली अंतर्गत भेलसर चौकी क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग कुढ़ा सादात के पास साइकिल सवार युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया जिससे साइकिल पर सवार तीन लोग घायल हो गए आसपास मौजूद लोगों ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली पहुंचाया जिसका उपचार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली में इमरजेंसी में तैनात डॉ अंजू जायसवाल ने किया बताते चलें कि रुदौली तहसील क्षेत्र अंतर्गत बाजितपुर गांव निवासी छंगू 42 वर्ष पत्नी राजेश्वरी 40 वर्ष बेटा अरविंद 1 वर्ष जो अपने घर से ससुराल जा रहे थे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए घटना की सूचना मिलने पर क्षेत्रीय विधायक रामचंद्र यादव ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली पहुंचकर घायलों का हाल जाना और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

## आई0टी0आई0 गोरा बाजार में अमृत महोत्सव पर निकाली गई तिरंगा यात्रा



रायबरेली ब्यूरो। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गोरा बाजार रायबरेली में आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर तिरंगा यात्रा निकाली गयी। इस अवसर पर भगवत दयाल संयुक्त निदेशक लखनऊ मण्डल लखनऊ भी उपस्थित रहे, और प्रशिक्षणार्थियों के तिरंगा यात्रा में सम्मिलित होकर उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के शुभारम्भ में सीएम श्रीवास्तव अनुदेशक के द्वारा विजयी विश्व तिरंगा प्यारा ,झण्डा ऊँचा रहे हमारा के लेखक स्व0 श्यामलाल गुप्त के जीवन पर प्रकाश डाला गया। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रायबरेली एवं कौशल विकास मिशन के प्रशिक्षण केन्द्र विप्रो जीई हेल्थकेयर के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा गोरा बाजार बस्तेपुर से राजकीय आईटीआई व महिला आईटीआई गोरा बाजार से होते हुए उप कृषि निदेशक कार्यालय के सामने बस्तेपुर पर तिरंगा यात्रा का समापन किया गया। इस अवसर पर श्री अवधेश कुमार श्रीवास्तव प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई एवं श्री राजीव कुमार सिंह एमआईएस मैनेजर कौशल विकास मिशन, कार्यदेशक श्री एस0के0 दीक्षित, श्री वी0के0 रावत, श्री भगवती प्रसाद, श्री राजकुमार मौर्या तथा राजकीय आईटीआई एवं कौशल विकास मिशन के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## स्कार्पियो की टक्कर से बाइक सवार तीन घायल

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या। रुदौली कोतवाली क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई सड़क दुर्घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने घायलों को पास के ही एक निजी हास्पिटल में प्रथम उपचार के बाद भेजा जिला अस्पताल। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को रूदौली कोतवाली की भेलसर चौकी क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर ओवर ब्रिज से पहले नरेश होटल के निकट लखनऊ की ओर से अयोध्या की ओर जा रहे बाइक सवार की उसी दिशा में जा रही स्कार्पियो से टक्कर हो गई जिसमें एक ही बाइक पर सवार तीनों लोग घायल हो गए। घटना की सूचना लोगों ने भेलसर पुलिस को दी।घटना की सूचना मिलते ही भेलसर चौकी प्रभारी द्रवेश द्विवेदी अपने हमराहियों के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों को पास के ही एक निजी हास्पिटल में प्रथम उपचार के बाद जिला अस्पताल भेजवा दिया।इस सम्बंध में भेलसर चौकी प्रभारी द्रवेश द्विवेदी ने बताया कि शुक्रवार को अपनी बाइक यूपी 41 ए ई 1695 से अयोध्या की ओर जा रहे बाइक सवार की स्कार्पियो संख्या जे के 02सीपी 6879 से टक्कर हो गई जिसमें बाइक सवार भागीरथी पुत्र जानकी प्रसाद,प्रियंका पत्नी भागीरथी व लक्ष्मी पुत्री दिग्विजय निवासी लोनिया पुरवा थाना कैंट जिला अयोध्या घायल हो गए। जिन्हें एक निजी अस्पताल में प्रथम उपचार के बाद जिला अस्पताल अयोध्या भेज दिया गया है।उन्होंने बताया कि स्कार्पियो चालक अमित राणा करनाल पैलेस नई दिल्ली निवासी है उन्होंने बताया कि स्कार्पियो को कब्जे में ले लिया गया है अभी कोई तहरीर नही मिली है तहरीर मिलने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## धाता थाना परिसर मे फहराया गया तिरंगा निकाला गया जूलूस



दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियन के तहत 11 से 17 अगस्त तक मनाए जाने वाले स्वतंत्रता सप्ताह एवं 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम के भव्य आयोजन के लिए तिरंगा वितरण, रैली एवं अन्य कार्यक्रमो के माध्यम से हर घर तिरंगा फहराने के लिए नागरिको को जागरूक किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिको के दिलों में देशभक्ति की भावना जागृत करना और राष्ट्र निर्माण के लिए अथक प्रयास–परिश्रम करने वालों को याद करना है। रैली में देश भक्ति के गीतों एवं भारत माता की जय तथा वंदेमातरम आदि उद्घघोष के माध्यम से देशभक्ति की भावना नागरिको में संचार किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धाता थाना अध्यक्ष आशुतोष सिंह ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मुकेश सोनकर होमगार्ड,प्रथम प्राथमिक विद्यालय के बच्चे उपस्थित रहे।

## अबहनों ने भाई की कलाई में राखी बांध सुरक्षा का लिया वचन



दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर। आपको बता दें की आज रक्षाबंधन का त्यौहार बड़े ही धूमधाम से मनाया गया जहां भाई–बहन के अटूट रिश्ते का साक्षी रक्षाबंधन पर्व समूचे जनपद में परंपरागत ढंग से मनाया गया। बहना ने भाई की कलाई में राखी बांधकर भाई से सुरक्षा का वचन लिया। भाइयों ने भी बहनों को उपहार देते हुए जीवन पर्यंत उनकी रक्षा का संकल्प दोहराया। ज्ञातव्य रहे कि इस बार रक्षाबंधन पर्व समूचे जनपद में अलग–अलग स्थानों में अलग–अलग तिथियों अर्थात 11 एवं 12 अगस्त को मनाया गया। रक्षाबंधन पर्व पर मायके पहुंचने की ललक महिलाओं के अंदर साफ देखी गई। महिलाओं ने मायके पहुंच भाई की कलाई में राखी बांधकर पर्व की सारी रस्म अदा कर उपहार प्राप्त किए। उधर रक्षाबंधन पर्व को लेकर रोडवेज बसों सहित प्राइवेट बस एवं टैंपो में भारी भीड़ देखी गई, भीड़ की वजह से यातायात के साधन सुलभता से ना मिल पाने के कारण कई लोग इधर–उधर भटकते भी रहे। उधर पर्व को लेकर शुक्रवार को भी पूरे दिन मिष्ठान एवं राखी की दुकानों में खरीदारों की भीड़ देखी गई। कुल मिलाकर रक्षाबंधन पर्व समूचे जनपद में हर्ष एवं उल्लास के वातावरण में मनाया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### तमंचा व कारतूस के साथ दो गिरफ्तार

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चौकी प्रभारी सीतापुर प्रवीण कुमार सिंह तथा उनकी टीम द्वारा वहद ग्राम बरमपुर से अभियुक्त दीपक शर्मा पुत्र ओमप्रकाश निवासी बांध तालाब सीतापुर को एक तमंचा व दो कारतूस तथा अभियुक्त गनेश केवट पुत्र शिव निषाद निवासी कटरा गूदर डिलौरा थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को तीन कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। अवैध तमंचा व कारतूस बरामदगी के सम्बन्ध में अभियुक्तों के विरूद्ध थाना कोतवाली कर्वी में आर्म्स एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तारी के दौरान मुख्य आरक्षी शौकत खां, आरक्षी शिवम गुप्ता, सोनू पटेल, सोमदेव आदि मौजूद रहे।



### पुलिस अधीक्षक ने हरी झण्डी दिखाकर किया पुलिस मैराथन दौड़ का शुभारम्भ



चित्रकूट। आजादी की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य शुक्रवार को पटेल तिराहा कर्वी से देवांगना घाटी तिराहा तक पुलिस मैराथन दौड़ का शुभारम्भ पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा द्वारा हरी झण्डी दिखाकर किया गया एवं स्वयं प्रतिभाग कर प्रतिभाग करने वाले पुलिसकर्मियों का उत्साहवर्धन किया। मैराथन दौड़ में 67 पुलिसकर्मियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। मैराथन दौड़ के प्रथम पांच विजेताओं को पुलिस अधीक्षक द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार राय, क्षेत्राधिकारी नगर शीतला प्रसाद पाण्डेय, प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली कर्वी अशोक कुमार सिंह, प्रभारी यातायात योगेश कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

### निकाली गयी जागरूकता रैली

चित्रकूट। भारत सरकार द्वारा संचालित नेहरू युवा केंद्र चित्रकूट के तत्वावधान में पहाड़ी ब्लाक के ग्राम सेमरवार, बकटा आदि गांव में हर घर तिरंगा, घर–घर तिरंगा अभियान के तहत जन जागरूकता रैली निकाली गई। नेहरू युवा केंद्र चित्रकूट की जिला युवा अधिकारी सागर वाधवानी के साथ स्वयंसेवक अनुपम कुमार, राजू, कैलाश आदि रहे। इस दौरान सुशील बाजपेई ने बताया कि इस रैली में गांव के सैकड़ों युवाओं की भागीदारी रही, सभी युवा भारत माता की जय, वंदे मातरम, झंडा ऊंचा रहे हमारा विजई विश्व तिरंगा प्यारा के गीत गाते हुए गलियों में लोगों को जागरूक करने का काम किया। हर घर तिरंगा अभियान 11 से 17 अगस्त तक मनाया जा रहा है। शहरों की तरह गांव में भी नेहरू युवा केंद्र के द्वारा तिरंगा की शान में शहर से लेकर गांव–गांव तक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस दौरान बक्टा, खरसेडा, सेमरवार, नांदी तौरा में नेहरू युवा केंद्र की ग्राम इकाइयों युवा संगठन का गठन किया गया।

### हर घर तिरंगा कार्यक्रम में भाजपाइयों ने वितरण किया तिरंगा

• प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को साकार करते हुए विष्णुपुरी स्थित भाजपा कार्यकर्ताओं में 100 से ज्यादा गुंडों का किया वितरण



अयोध्या टाइम संवाददाता हरिओम द्विवेदी शुक्रवार विष्णुपुरी हर घर तिरंगा,घर घर तिरंगा कार्यक्रम के अन्तर्गत आर्थिक प्रकोष्ठ,भा.ज.पा कानपुर उत्तर द्वारा प्रभात फेरी कर स्वामी उदितानन्द जी का आशीर्वाद प्राप्त कर स्वतंत्रता के 75वें(अमृत महोत्सव)के अवसर पर समस्त क्षेत्रीय आश्रमों,मठ– मन्दिरों एवं घर–घर तिरंगा वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रुप से नगेन्द्र शुक्ला (जिला संयोजक),आशुतोष अवस्थी(जिला सह–संयोजक),शैलेन्द्र सिंह,विष्णु प्रधान,विनोद शर्मा(बूथ अध्यक्ष),अश्वनी श्रीवास्तव,अतुल कश्यप(भा ज यु मो),अनिल कुमार,राकेश कुमार,मयूर कुमार आदि रहे।

## चौकी प्रभारी ने खोए मोबाइल को बरामद कर युवती को किया सुपुर्द - मोबाइल पाकर युवती के चेहरे पर लौटी मुस्कान

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर चौकी प्रभारी सीतापुर प्रवीण कुमार सिंह तथा आरक्षी शिवम गुप्ता द्वारा युवती के खोए हुए मोबाइल फोन को सकुशल बरामद कर युवती के सुपुर्द किया। अपना मोबाइल पाकर युवती के चेहरे पर लौटी मुस्कान, चित्रकूट पुलिस को दिया धन्यवाद। उल्लेखनीय हैं कि डॉ संगीता भद्रा जानकीकुण्ड अस्पताल द्वारा चौकी सीतापुर में सूचना दी गयी कि रामघाट से कर्वी जाते समय रास्ते में उसका मोबाइल कही गिर गया है जिसकी काफी खोजबीन की गयी लेकिन मिल नही रहा है। इस सूचना पर चौकी प्रभारी सीतापुर द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए सर्विलांस सेल की मदद से खोए हुए मोबाइल फोन को सकुशल बरामद कर डॉ संगीता भद्रा को सुपुर्द किया गया।

## अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 2 अभियुक्तों को 15 लीटर कच्ची शराब व 27 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीतापुर चौकी प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह तथा उनकी टीम द्वारा अभियुक्त महेन्द्र कुमार पुत्र रामगोपाल पटेल निवासी मनोहरगंज थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को 27 अदद क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया । इसी प्रकार कोतवाली कर्वी उप निरीक्षक राधेश्याम सिंह तथा उनकी टीम द्वारा अभियुक्त होरीलाल केवट उर्फ झुल्लू पुत्र रोली निवासी द्वारिकापुरी कर्वी थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को 15 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया । दोनों अभियुक्तों के विरूद्ध थाना कोतवाली कर्वी में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

## कोरोना से सुरक्षा को 14 अगस्त को बड़े पैमाने पर दी जाएगी एहतियाती डोज

• कोविड की दूसरी डोज के छह माह बाद वालों को ही लगेगा एहतियाती टीका

चित्रकूट। कोरोना से सम्पूर्ण सुरक्षा के लिए 14 अगस्त को मेगा टीकाकरण अभियान के अंतर्गत निशुल्क एहतियाती डोज लगायी जाएगी। कोविड की दूसरी डोज के छह माह पूरा करने वालों को ही एहतियाती डोज लगायी जाएगी। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. भूपेश द्विवेदी ने दी।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि 15 जुलाई से 75 दिनों के लिए प्रदेश में 18 साल सेअधिक उम्र के नागरिकों को निःशुल्क एहतियाती डोज लगायी जा रही है। इसके तहत 14 अगस्त को संयुक्त जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और चिन्हित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर निःशुल्क मेगा टीकाकरण का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्घाटन सांसद, विधायक, स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्राम प्रधान के द्वारा कराया जाएगा।

इसके लिए जिला प्रतिरक्षण अधिकारी और सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिए हैं। सीएमओ ने जनपदवासियों से अपील की है कि जिन्हें दूसरा टीका लगवाए छः माह बीत चुके हैं, ऐसे लोग नजदीकी कोविड टीकाकारण में पहुंचकर एहतियाती डोज लें और अन्य को भी इसके लिए प्रेरित करें। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. मुकेश पहाड़ी ने बताया कि कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए कोविड टीकाकरण जरूरी है। जिले में छह लाख से अधिक लोगों को निःशुल्क एहतियाती डोज लगाया जाना है। अब तक 68 हजार से अधिक लोगों को एहतियाती डोज दी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि एहतियाती डोज उन लोगों को लगाई जा रही हैं, जिन्हें दूसरी डोज लगवाए हुए छह माह से अधिक हो चुका है। 14 अगस्त को बिग प्रिकाशन डोज राउंड का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए इंटीग्रेटेड कोविड कमांड सेंटर के माध्यम से फोन काल और निगरानी समितियों, फ्रंटलाइन वर्कर, आशा एवं आंगनबाडी एवं एएनएमद्वारा व्यक्तिगत फालोअप करते हुए लक्षित समूह को बिग प्रिकाशन डोज राउंडके बारे में जानकारी देकर निःशुल्क एहतियाती डोज लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कोविड प्रोटोकॉल के पालन के साथ बिग प्रिकाशन डोज राउंड का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारियों और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर तैनात सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

## आदिवासियों के बीच मनाया रक्षाबंधन का त्यौहार

चित्रकूट। पाठा क्षेत्र के युवा पत्रकारों द्वारा आदिवासी बहनों के बीच रक्षाबंधन त्यौहार बड़े धूमधाम व अनोखे ढंग से मनाया गया। आदिवासी बहनों ने राखी बांधा और उनकी लंबी उम्र के लिए प्रार्थना की। रक्षाबंधन का यह त्योहार भाई–बहन के अटूट रिश्ते को दिखाता है। पौराणिक परंपरा के अनुसार राखी बांधकर बहनें अपने भाइयों की लंबी उम्र की कामना करतीं हैं तो वहीं भाई उनकी रक्षा का वादा करते हैं।

वरिष्ठ पत्रकार हेमनारायण द्विवेदी व सचिन वन्दन पाठावासी ने आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र सकरौंहा के आदिवासी बस्तियों मे पहुंचकर रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया। पत्रकारों ने यहां महिलाओं और बच्चियों से राखी बंधवाकर उनकी रक्षा का संकल्प लिया। लोगों ने खुद के बीच उन्हें पाकर खुशी महसूस की। भाई–बहन के पवित्र त्यौहार रक्षाबंधन पर्व पर पाठा की आदिवासी बहनों के साथ बड़े हर्षोल्लास से रक्षाबंधन पर्व मनाया गया। पत्रकार हेमनारायण द्विवेदी ने बताया कि पाठा की आदिवासी बहनों के बीच पहुंचकर हर वर्ष बड़े उल्लास से राखी का त्यौहार मनाते हैं। बताया कि सभी बहनों को उपहार स्वरूप सलवार सूट, साड़ी व अन्य वस्त्र भेंट कर आशिर्वाद लिया। पत्रकार सचिन वन्दन ने बताया कि आदिवासी बहनों से राखी बंधवाकर बहनों को सुरक्षा व सहयोग का



वचन दिया। आदिवासी बहनों पर कोई आंच न आए इसके लिए हर हमेशा हम उनके लिए सुरक्षा व सहयोग के लिए तत्पर रहेंगे।

## इनकम टैक्स बार एसोसिएशन दिखा देश प्रेम के रंग में सराबोर






अयोध्या टाइम्स संवाददाता। हरिओम द्विवेदी– कानपुर शुक्रवार कानपुर इनकम टैक्स बार एसोसिएशन के तत्वावधान में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत ष्एक शाम देश के नामष का आयोजन मर्चौन्ट चेंबर सभागार में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन महापौर श्रीमती प्रमिला पांडे द्वारा किया गया ।वही कार्यक्रम की सराहना करते हुए उन्होंने सभी सदस्यों का आवाहन किया कि आप सभी लोग 13 से 15 अगस्त के बीच में अपने अपने घरों में तिरंगा अवश्य लगाएं। उन्होंने बताया कि वे यहां पर तिरंगा झण्डा सभी के लिए लाई हैं,आप सब लेकर जाइएग आप लोगों के आशीर्वाद एवं सहयोग से मैं कानपुर की महापौर बनी हूं और आपकी सेवा करने के लिए ।कार्यक्रम में कानपुर पश्चिम के डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस श्री विजय ढुल भी उपस्थित रहे ।प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त श्री श्री शिशिर झा क कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रुप में उपस्थित से उन्होंने सभी लोगों से आजादी की अमृत महोत्सव को बढ़–चढ़कर मनाने की अपील की इसके अतिरिक्त रिटायर्ड मेजर गार्ड योगेंद्र कटियार जी ने शहीद सैनिकों की विधवाओं श्रीमती रश्मि दिक्षित एवं श्रीमती रामेंद्र दीक्षित को भी सम्मानित किया ।कार्यक्रम में दिल्ली से आए डांस ग्रुप मैं अपनी परफॉर्मेंस प्रस्तुत की ।संस्था के वरिष्ठ सदस्यों जिनकी आयु 75 वर्ष से ऊपर हो चुकी है उनको भी संस्था ने सम्मानित किया। जिसमें सर्व श्री नरेंद्र कपूर, विजय कुमार माकन, प्रदीप मेहरोत्रा, चुन्नीलाल कनोडिया, प्रेम कुमार पांडे, आर बी गुप्ता,मोहनलाल बजाज, ओमप्रकाश दिक्षित धर्मराज दिवेदी आदि थे।

संस्था के अध्यक्ष शिवमंगल जौहरी जी ने आए हुए सदस्यों का स्वागत किया, संचालन महामंत्री श्री राजकुमार गुप्ता,संयोजन सांस्कृतिक सचिव श्री शिवाकांत तिवारी ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष श्री प्रदीप कुमार त्रिवेदी में दिया। इस कार्यक्रम के समन्वयक श्री देवेंद्र डंग थे।

कार्यक्रम में प्रमुख रुप से सर्वश्री आशीष जौहरी, अंकुर गोयल, शरद शेखर श्रीवास्तव, शैलेंद्र सचान, दीप कुमार मिश्र अवनीश मिश्रा, अरुण अहलूवालिया, संतोष गुप्ता आनंद सिंह रंजीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

## केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने निकाली प्रभात फेरी



चित्रकूट। केंद्रीय विद्यालय चित्रकूट के प्राचार्य विनोद कुमार ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय चित्रकूट में इस समय आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत रोज नए नए कार्यक्रम हो रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को विद्यालय के इतिहास शिक्षक आलोक श्रीवास्तव के निर्देशन में विद्यार्थियों ने नमक सत्याग्रह तथा दांडी यात्रा का मंचन किया।

इसके बाद केंद्रीय विद्यालय चित्रकूट के विद्यार्थियों ने विद्यालय के बैंड के साथ कर्वी नगर में प्रभात फेरी निकाली । प्रभात फेरी को विद्यालय प्राचार्य विनोद कुमार ने हरी झंडी दिखाकर विद्यालय से रवाना किया। प्रभात फेरी में विद्यार्थियों साथ–साथ विद्यालय के शिक्षक भी शामिल रहे।

इस प्रभात फेरी में सभी विद्यार्थियों के हाथ में देश का राष्ट्र ध्वज गर्व से फहरा रहा था और बच्चे देशभक्ति के नारों से पूरे कर्वी शहर को गुंजायमान कर रहे थे। इस प्रभात फेरी के दौरान विद्यार्थियों ने हर घर तिरंगा अभियान को समाज के विभिन्न लोगों तक पहुंचाया तथा लोगों को अपने घर में तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित किया।

## नये सीयूजी नम्बरों से उपभोक्ताओं को होगी और सहूलियत : के के वर्मा



चित्रकूट। दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ने लोगों को सुविधा देने और संपर्क स्थापित कर दिक्कतों की जानकारी देने के लिए अभियंताओं को नए सीयूजी नंबर आवंटित किए हैं। अधिशाषी अभियंता राजापुर केके वर्मा ने बताया कि इन नंबरों पर संपर्क कर उपभोक्ता समय से अपनी किसी भी समस्या का समाधान करा सकेंगे। उन्होंने बताया कि राजापुर एसडीओ राकेश कुमार से सीयूजी नंबर 9621550978, एसडीओ मऊ शिवम गुप्ता से 9621550979, एसडीओ रामनगर से 9621550993 पर संपर्क किया जा सकेगा।

इसके अलावा जेई राजापुर जितेंद्र पटेल का सीयूजी नंबर 9621550980, जेई पहाड़ी ईश्वर यादव का 9621550981, जेई सरधुवा अजीत भट्ट का 9621550991, जेई भदेदू करन सिंह का 9151060303, जेई गनीवां देवेंद्र कुमार का 9151060301, जेई बोड़ी पोखरी अनुज यादव का 9621550995, जेई रामनगर गिरीश चंद्र विश्वकर्मा का 9621550985, जेई मऊ मोहित नवलानी का 9621550982, जेई ओबरी अर्जुन यादव का 9621550990 और जेई छीबों निशार अहमद का सीयूजी नंबर 9151060302 है। केके वर्मा ने बताया कि इसके अलावा उपभोक्ता उनके नंबर 9621550977 पर भी अपनी समस्या बता सकते हैं।

## प्राइमरी के बच्चे भी रोबोटिक्स तकनीकी का करेगें अध्ययन



☒ टिंकर इण्डिया अभियान के अंतर्गत अब प्राइमरी विद्यालयों में भी बच्चे सीखेंगे रोबोटिक्स के गुण

अयोध्या टाइम्स संवाददाता हरिओम शुक्रवार स्टेम रोबो व विज्ञान भारती के सहयोग से चलने वाली टिंकर इण्डिया लैब के ट्रेनर अब प्राइमरी विद्यालयों में जा जाकर यह बच्चों का कौशल विकास करेंगे।

इस अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों को 3डी पेन से स्केचिंग, ब्रेडबोर्ड एक्टिविटीज, पेपर सर्किट, रोबोटिक्स, सेंसर एक्टिविटी आदि सिखाया जाएगा। साथ ही खेल खिलौनों से विज्ञान को भी रोचक बनाया जाएगा। इस अभियान की शुरुआत विकास नगर स्थित जुगल देवी शिशु वाटिका सरस्वती विद्या मंदिर से हुई है। विद्यालय की निदेशिका अंजू मलिक बताया कि नई शिक्षा नीति के अंतर्गत ही इस कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय में कई गयी है। प्रधानाचार्या अर्चना तिवारी ने के अनुसार बच्चे बहुत रुचि ले रहे है अभी फिलहाल चौथी व पांचवी कक्षा के विद्यार्थी को ही इसमें शामिल किया गया। टिंकर इंडिया अभियान के निदेशक कौस्तुभ ओमर के अनुसार अन्य प्राथमिक विद्यालयों में भी सम्पर्क कर ऐसी कक्षाओं के प्रारंभ कराया जाएगा जिससे कुशल भारत अभियान को भी गति मिलेगी।

A University Under Section 2(F) of UGC Act, 1956
F.S. UNIVERSITY
ADDRESS: NEAR BALAJI MANDIR, SIKOHABAD U.P.
बहुत कम फीस पर 100% रोजगारपूरक कोर्स उपलब्ध
B.A., M.A. (All Subject), B.Sc., M.Sc. (All Subject), B.Com., M.Com., B.Sc.(Ag.), M.Sc. (Ag.), B.S.W., M.S.W., B.B.A., M.B.A., BCA, MCA, B.Ed., M.Ed., D.El.Ed (BTC), B.Tech. (All Branch), M.Tech. (All Branch), Polytechnic (All Branch)
नोटः 1. खाद बीज के लिए लाइसेंस वाला कोर्स (B.Sc.Ag.) सभी जगह रोजगार के अवसर
2. स्कालरशिप 100 प्रतिशत सुविधा।
3. उत्तम शिक्षा की व्यवस्था।
4. 100 प्रतिशत कैम्पस प्लेसमेंट सभी कोर्सों में।
5. सभी कोर्स की सीटें सीमित हैं।

श्री साईं एजूकेशन फाउण्डेशन
(अजय क्लासेज : कमलेश्वरम गेस्ट हाउस के सामने, छपेड़ा, काकादेव, कानपुर)
मो.: 9918523251, 9305507399, 9956171015

## चाची को गोद कर भतीजे ने खुद को चाकू मारा कमरे में बंद कर दिया वारदात को अंजाम चाची की मौत

जैतपुर । ब्रहस्पतिवार को चित्राहाट के शाहपुर ब्राह्मण गांव में मंजू देवी (50) को कमरे में बंद कर भतीजे विकास ने चाकू से गोद दिया। खून से लथपथ चाची को देखकर उसने अपने पेट में भी चाकू भौंक लिया। विकास की मानसिक हालत को वारदात की बजह माना जा रहा है। दरवाजा तोडकर पुलिस ने दोनों को इलाज के लिए बाह सीएचसी पर भिजवाया। शुक्रवार सुबह तडके 3 बजे के करीब मंजू देवी की सांसे थम गयी। ब्रहस्पतिवार की दोपहर 12 बजे के करीब शाहपुर ब्राह्मण गांव के विकास पुत्र रामनरेश ने कमरे में ले जाकर अपनी चाची मंजू देवी पत्नी सुभाष चन्द्र को बंद कर लिया। शाम 7 बजे तक दरवाजा न खोले जाने पर परिजनों ने पुलिस बुला ली। दरवाजा तोडकर अंदर दाखिल हुई पुलिस को फर्स पर खून से लथपथ मंजू देवी पडी मिली। उनके शरीर पर चाकू के प्रहार के 6 निशान बने थे। विकास के पेट में भी चाकू धंसा था। पुलिस ने दोनों को इलाज के लिए बाह सीएचसी पर भर्ती कराया। जहां से दोनों को एसएन भेज दिया। उपचार के दौरान शुक्रवार सुबह तडके मंजू देवी की मौत हो गयी। विकास की हालत चिंता जनक बनी हुई है। चित्राहाट पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम कराया है। एसओ चित्राहाट महेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि विकास की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। वारदात के पीछे अभी और कोई बजह सामने नहीं आई है।

## मिराक व्हीकल कर्मियों ने अमृत महोत्सव के तहत किया जागरूक

संवादाता हिमांशु गुप्ता पिनाहट। कस्बा पिनाहट के अरनोटा मार्ग स्थित बीज गोदाम के मैदान परिसर में मिराक व्हीकल आगरा के द्वारा शुक्रवार को किसान महोत्सव मेले होने पर मनाए जा रहे अमृत महोत्सव तहत अपने हाथों में तिरंगा झंडा लेकर लोगों को हर घर तिरंगा फहराने को जागरूक किया गया। लोगों को जागरूक किया गया के



का आयोजन किया गया था।
जिसमें मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख पिनाहट सत्यवीर सिंह भदोरिया एवं जिला पंचायत सदस्य कन्हैया तोमर रहे।
कार्यक्रम में कंपनी के सभी कर्मचारियों और ग्रामीणों ने मेले के माध्यम से आजादी के 75 वर्ष पूर्ण अपने घरों के छतों पर तिरंगा झंडा फहराकर आजादी का जश्न मनाए और इस अभियान से जुड़े। इस मौके पर राकेश भदोरिया, विष्णु भदोरिया, अजय परिहार, राजकुमार भदोरिया, सुनील कुमार, विजयपाल परिहार, करूआ ओझा आदि लोग उपस्थित रहे।

## हज के सफर से लौटे हाजी का किया गया स्वागत सम्मान

सालानपुर। हज के मुकद्दस सफर से लौटे सालानपुर ब्लॉक जेमारी निवासी हाजी फोटिक मीर(60) एवं हाजी शहरा बीबी (54) को मानवाधिकार मिशन पश्चिम बंगाल अल्पसंख्यक अध्यक्ष मन्नू सिद्दीकी एवं अल्पसंख्यक उपाध्यक्ष डॉ. सहाबुद्दीन से पुष्प हार पहनाकर स्वागत किया, साथ ही हाजी फोटिक मीर को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। सालानपुर से साउदी अरब के मक्का मदीना गए दोनों हाजी करीब 42 दिन में हज के अरकान पूरे करके लौटेने में लगे हैं। सालानपुर पर पहुंचने पर सभी वर्गों द्वारा उनका गर्मजोशी से खैर मकदम किया जा रहा है। हाजी फोटिक मीर ने कहा 2 वर्ष से हज करने का सपना था जो पूरा हुआ, उन्होंने कहा हमलोग खुशकिस्मत है, चुकी हमलोगों को अकबरी हज करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, क्योंकि 20 वर्ष में सिर्फ एक बार ही अकबरी हज होता है, उन्होंने कहा देश मे खुशहाली, भाईचारा, और अमन कायम इसके लिए दुआ किया हूँ, विशेषकर उन्होंने सालानपुर के सभी धर्मो के लोगों का शुक्रिया अदा कर कहा, हज के बाद सभी समुदायों का मोहब्बत और प्यार मिल रहा है।



## स्ट्रीमर पर नदी पार करने को यात्रियों की रही भीड़, लोग दिखे परेशान

संवादाता हिमांशु गुप्ता पिनाहट। कस्बा पिनाहट के चंबल नदी घाट पर नदी पार करने के लिए भारी संख्या में यात्रियों की भीड़ उमड़ी, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। आपको बता दें पिनाहट कस्बा के चंबल नदी घाट पर मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के यात्री लोगों को नदी पार कराने के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा स्ट्रीमर संचालन किया जाता है। गुरुवार और शुक्रवार को रक्षाबंधन त्योहार पर दोनों प्रदेशों में आवागमन करने वाले यात्री लोगों की सुबह से शाम तक भारी भीड़ उमड़ती हुई देखी गई। रक्षाबंधन त्योहार पर अपने भाइयों को राखी बांधने के लिए जाने वाली महिलाएं माताएं बहनों भारी संख्या में लाइन लगी देखी गई। नदी पार करने के लिए स्ट्रीमर पर दर्जनों की संख्या में लोग भीड़ के साथ धक्का–मुक्की करते नजर आए। भीड़–भाड़ से स्ट्रीमर संचालकों के हाथ–पैर फूल गए। सुबह से शाम तक स्ट्रीमर पर लोगों को नदी पार करने के लिए भारी कड़ी मशक्कत का सामना करना पड़ा जिससे यात्री और ग्रामीण परेशान नजर आए।



## हर घर तिरंगा अभियान के तहत ग्राम प्रधान गुबरौठ द्वारा ग्रामीणों को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा किये गए भेंटहर घर तिरंगा अभियान के तहत ग्राम प्रधान गुबरौठ द्वारा ग्रामीणों को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा किये गए भेंट

संवाददाता सभा जीत बर्मा (आगरा) फतेहाबाद। भारत की आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम देश के प्रधानमंत्री के आवाहन पर पूरे देश में 13 से 15 अगस्त तक आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है इसी श्रृंखला में फतेहाबाद विकासखण्ड के गांव गुबरौठ में ग्राम प्रधान शैतान सिंह के द्वारा पूर्व माध्यमिक विद्यालय गुबरौठ पर ग्रामीणों को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा भेंट किये गये, समूचा देश आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है ग्रामीण शहरी क्षेत्रों में हर गांव,हर मोहल्ले ,हर गली घर–घर तक देश की आन बान शान राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराने का लक्ष्य है। इस मौके पर प्रमुख रूप से देवकीनन्दन शर्मा, रघुवीर शर्मा, अरुण शर्मा, रामनिवास, चन्द्रशेखर, शैलेंद्र, रोहितशर्मा, विपिन शर्मा, मोहितशर्मा, नितिन शर्मा,मयंक, लक्ष्मीकान्त,श्रीनिवास,आलोक आदि रहे।



## ग्राम प्रधान की मनमानी के कारड कीचड़ में निकल रहे गांव घढीताल के लोग

संवादाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा। फतेहाबाद क्षेत्र के गांव गढीताल में जलभराव व गंदगी से लोगों की परेशानिया बढ़ती जा रही है प्रशासन को कई बार अवगत कराने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई फतेहाबाद के गांव गढीताल में स्कूल के रास्ते पर जलभराव एवं भयंकर गंदगी से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं गांव के लोगों ने बताया कि इस जलभराव ओर गंदगी से घर के बाहर नहीं निकल पा रहे हैं।
बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं कई बार बच्चे स्कूल जाते समय इस जलभराव ओर गंदगी में गिर गए है। जिससे हम सभी गांव वासियों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है वहीं गंदगी और जलभराव के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है।
जिससे लोग बहुत भयभीत हैं गांव वासी कृष्णकांत निषाद और सुल्तान सिंह ने बताया कि इस समस्या के समाधान के लिए कई बार ग्राम पंचायत प्रधान निहाल सिंह को अवगत करा चुके हैं प्रधान निहालसिंह का कहना है कि खाते में किस्त आने पर ही कार्य किया जाएगा।
अब तक गांव वालों की कोई किसी भी प्रकार की सुनवाई नहीं हुई गांव वासियों की समस्या बढ़ती जा रही है पानी से भंयकर दुर्गंध आ रही है जिससे लोग बीमार हो रहे हैं अगर हमारी समस्या का समाधान जल्द नहीं हुआ तो हम सभी गांव वासी धरना प्रदर्शन की तरफ कदम बढ़ाएंगे।
गांव वासी ,राजवीर, ऋषिकेश, सुल्तान, रामनिवास, कलावती, ममता, नीलम, मुल्तान, शांतिदेवी, गीता,आरती, नीरु, सुनील कुमार, गुड्डू, जंगजीत, पप्पू, गोपाली, रामकिशन, बंगाली, महावीरस्वामी, बदनसिंह, जनक सिंह, चंद्रभान रामप्रशाद ।

## बंजेमारी कोलयरी में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा वितरण किया गया



सालानपुर। ईसीएल सालानपुर एरिया अंतर्गत बंजेमारी कोलयरी क्षेत्रीय कार्यालय में शुक्रवार को आजादी का अमृत महोत्सव के तहत बंजेमारी कोलयरी एजेंट मदन मोहन कुमार, मैनेजर सुजन महतो एवं पर्सनल मैनेजर विनायक सावालकर की साझा अगुवाई में ईसीएल कर्मचारी, अधिकारी समेत अन्य लोगों के बीच लगभग 100 राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा सम्मानपूर्वक वितरण किया गया। मौके पर उपस्थित बंजेमारी कोलयरी एजेंट मदन मोहन कुमार ने कहा भारत के स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ जश्न मनाने के लिए भारत सरकार द्वारा "हर घर तिरंगा" अभियान का प्रारंभ किया है। जिसके माध्यम से हमारे भारतीय ध्वज तिरंगा का सम्मान बढ़ाने के उद्देश्य से शहर घर तिरंगाश कार्यक्रम चलाया जा रहा है।संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के माध्यम से हर घर तिरंगा अभियान शुरू किया गया है। जिसके माध्यम से राष्ट्रीय ध्वज के साथ हमारा संबंध हमेशा व्यक्तिगत से अधिक औपचारिक और संस्थागत रहा है। स्वतंत्रता के 75 वें वर्ष में राष्ट्रीय ध्वज को सामूहिक रूप से घर पर लगाना न केवल तिरंगे के साथ हमारा निजी संबंध स्थापित करता है, बल्कि यह राष्ट्र–निर्माण के प्रति हम सबकी प्रतिबद्धता का प्रतीक भी बन जाता है। इस पहल के पीछे का विचार लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना का आह्वान करना और अपने राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता को प्रोत्साहित करना है। हर घर तिरंगा 13 अगस्त से 15 अगस्त तक निर्धारित किया गया है।
कोल इंडिया के साथ पूरा ईसीएल परिवार धूमधाम से आजादी के अमृत महोत्सव के साथ हर घर तिरंगा अभियान से जुड़कर गौरान्वित है। मौके पर शैलेन्द्र सिंह, विजय सिंह,श्रावण सोनार, अखिलेश केशरी समेत ईसीएल कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सर्च पॉइंट के 4 वर्ष पूरे होने से पहले ही मिल रही है बधाइयां



इस छोटी सी उम्र में 200 से अधिक लोगों को दे चुके हैं रोजगार – मन्नू राजा (सीईओ)

दैनिक अयोध्या टाइम्स अनुमंडल ब्यूरो चीफ विनय कुमार पाण्डेय

महाराजगंज गोपालगंज। सर्च पॉइंट कंपनी 16 अगस्त 2022 को 4 साल पूरे हो जाएंगे, लोग अभी से ही बधाइयां देने की शुरुआत कर दिए हैं. क्या बदला दिखा 4 साल में सर्च पॉइंट का नाम अपग्रेड करके अब सर्च पॉइंट टेक्नोलॉजी हो गया है सर्च पॉइंट टेक्नोलॉजी कंपनी को 4 साल पूरे करने पर लोग बधाइयां दे रहे हैं सर्च पॉइंट टेक्नोलॉजी कंपनी ने 16 अगस्त 2018 में सर्च पॉइंट के निर्माण की शुरुआत के तहत नवीनतम तकनीकों को अपनाने में सबसे आगे रहा है कंपनी श्री मनु राजा के समक्ष नेतृत्व में कई गुना बढोतरी है और उत्पादक बाजार में वैश्विक नेता बनी हुई है अपने उत्पादों में नवाचार अनुसाधन विशेषज्ञ और शक्ति की भर्ती और अपने लागू कौशल में सुधार के माध्यम से तकनीकी उत्कृष्ट प्राप्त करने में सक्षम है सर्च पॉइंट के ब्न्‍ मनु राजा ने बताया कि कम्पनी के माध्यम से अभी तक 200 लोगों को रोजगार देने का काम किया गया है और पूरे भारत में डीलर और डिस्ट्रीब्यूटर बनाए जा रहे है और लोगों को रोजगार देने का काम कर रहें है उन्होंने कहा कि हमारा जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम उत्पादक दीर्घायु के साथ सुरक्षा और विश्वसनीयता को जोड़ता है हमारे उत्साह और दृढ़ता ने हमारे ग्राहकों को रोजगार और जीपीएस की उत्पादकों की पेशकश करने के हमारे संकल्प को मजबूत किया है जो शीर्ष पर है और साथ ही उचित मूल्य भी है सर्च पॉइंट कंपनी मजबूत सुरक्षा देने में सक्षम रहा है हमारा विजन अपने सभी उत्पादो में समझौता न करने वाले गुणवत्ता मानकों को स्थापित करना है जिससे पूरे भारत में जीपीएस उद्योग में एक सम्मानजनक नाम प्राप्त हो सके भारत और विदेशो में सबसे तेजी से बढ़ते उद्योग में से एक है सर्च पॉइंट और हम विश्व स्तर पर सर्वश्रेष्ठ सेवा करने की अपनी प्रतिबद्धता में दृढ़ है । जीपीएस टेक्नोलॉजी का ब्रांच बहुत ही जगहों से संचालित किया जा रहा है।

## चौतरवा के बउअरवा में बाइक अनियंत्रित होकर डी वाइडर में टकराने से दो युवक जख्मी

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा। बगहा पुलिस जिला के चौतरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत बहुअरवा मोड़ के पास शुक्रवार की सुबह एक बाइक सवार अनियंत्रित होकर डिवाइडर में टकराया गया।जो बाइक चालक और उसपर सवार युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल लाया गया। जहां उपस्थित चिकित्सक डॉ एस पी अग्रवाल ने प्राथमिक उपचार किया।प्राथमिक उपचार के बाद उन्होंने बताया कि दोनों घायलों की स्थिति सामान्य है।घायल व्यक्ति की पहचान लौरिया थाना क्षेत्र के मलाहि टोला गांव निवासी राजा कुमार एवं संगम कुमार के रूप में की गई हैं। दोनों घायलों ने बताया कि वह अपने बहन से राखी बनवाने के लिए अपने घर से बाइक पर सवार होकर बगहा नगर परिषद क्षेत्र के पारस नगर मोहल्ले में आ रहे थे।
उसी दौरान अचानक बाइक का संतुलन बिगड़ गया और हम लोग बाइक से गिर गए। स्थानीय लोगों ने हमें अस्पताल पहुंचाया है। वही दुसरी घटना बगहा थाना क्षेत्र के बड़गांव चौक के पास बाइक और साईकिल की टक्कर में दोनों सवार व्यक्ति घायल हो गए। जहां साइकिल सवार व्यक्ति पूर्ण गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। स्थानीय लोगों की सहयोग से इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल बगहा भेजा गया। वही डॉक्टर एस पी अग्रवाल के द्वारा उपचार कर बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल बेतिया भेज गया। साइकिल सवार व्यक्ति की पहचान शम्भु पड़ित ग्राम पंचायत राज बड़गांव के छोटकीपट्टी गांव और बाइक सवार पतिलार के रुप में हुई है।



## सपाइयों ने निकाली तिरंगा यात्रा



संवादाता हिमांशु गुप्ता पिनाहट। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अधक्ष्य अखिलेश यादव के आह्वान पर शुक्रवार को कस्बा में सपा नेताओ द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गयी ।सैकडो कार्यकर्ताओ ने रैली निकालकर लोगो को जागरुक किया। सपा के अभियान के तहत शुक्रवार को सैकडो की संख्या मे सपा नेताओ और कार्यकर्ताओ ने कस्बा पिनाहट के बाजार मे तिरंगा रैली निकालकर कर लोगो को जागरुक किया।
इस दौरान सभी ने सभी दुकानदारो से अपील की कि वे अपने अपने प्रतिष्ठान पर व घरो पर तिरंगा झण्डा जरूर लगाए ।इस दौरान तिरंगा यात्रा कस्बा के चामड़ देवी के मंदिर से शुरू होकर कस्बा होती हुई नदगवा तिराहे तक पहुंच . सैकडो की संख्या मे लोग मौजूद थे ।लोगो को समझाया कि यह हमारी आन बान शान है ।इसकी रक्षा के लिये अब तक अनगिनत वीरो ने अपना प्राणो का बलिदान दिया है ।हम सब मिलकर उन शहीदो को याद कर नमन करे। इस दौरान वरिष्ठ सपा नेता हरिशंकर शर्मा , प्रशांत तिवारी के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गयी .इस दौरान योगेश महेरे , गिर्राज वर्मा , प्रभाकर गुप्ता , टुंडा खान , पप्पू रावत , राजेंद्र वर्मा , विनोद माहौर , कल्लू खान आदि लोग मौजूद रहे।

## स्वतंत्रता सप्ताह के तहत किया गया पौधारोपण फतेहाबाद 12 अगस्त

संवादाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय फतेहाबाद में चल रहे स्वतंत्रता सप्ताह के द्वितीय दिन शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों द्वारा अभिगृहीत ग्राम गढ़ीबदे में पौधरोपण किया गया। स्वयंसेवकों द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी प्रचारित– प्रसारित किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ० मनीषा ने कहा कि आज रक्षाबंधन के पावन पर्व पर हमें पेड़–पौधों की रक्षा का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम अधिकारी नवीन कुमार ने कहा कि पर्यावरण को बेहतर बनाने में पेड़–पौधों की महती भूमिका है। इस अवसर पर डॉ०तेजेंद्र सिंह यादव, डॉ० सुरेश कुमार, डॉ० वंदना शर्मा, डॉ० आलोक कटारा, डॉ० देवेंद्र शर्मा,डॉ० आशा सिंह, डॉ० राजकुमार सिंह, डॉ० क०क० भारद्वाज, डॉ० आभा लता चौधरी, डॉ० प्रियंका, डॉ० शिल्पी शाक्य, डॉ० अरुणा त्रिपाठी, डॉ० सत्यप्रिया बंसल सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी व छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।



## फतेहाबाद मे हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया रक्षाबंधन, बहिनों ने भाईयों की कलाई पर राखी बांध कर लिया अपनी रक्षा का वचन

संवादाता सभा जीत बर्मा आगरा फतेहाबाद। कस्बा फतेहाबाद एवं ग्रामीण अंचल में शुक्रवार को बडे ही हर्ष उल्लास के साथ बहिन भाईयों का पवित्र रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया गया। इस अवसर पर बहिनों व्दारा अपने अपने भाईयों की कलाई पर राखी बांधकर अपनी रक्षा का वचन लिया गया। सोमवार सुबह से ही बहिनों ने अपने भाईयों की आरती उतारकर घेवर खिलाकर उनके कलाईयों पर राखी बांधकर अपनी रक्षा का वचन लिया। कस्वा मे हलवाइयों की दुकानों पर बहिनों की अच्छी खासी भीड घेवर खरीदते हुई देखी गई। इस अवसर पर पुलिस व्यवस्था चाक चौबंद रही। 2 दिन रक्षाबंधन का त्यौहार मनाए जाने के चलते बस स्टैंड पर दोनों जन महिलाओं की खासी भीड़ देखी गई। वहीं कस्बे के पीसा पिताबाली पोखर पर भुजारिया के मेले का आयोजन किया गया। रक्षाबधन के दौरान रोडवेज बसों के कम मिलने के चलते डग्गामार वाहनों ने जमकर चांदी काटी।



# संक्षिप्त समाचार

## कर्ण कुदरिया गांव में स्क्रारपियो ने वृद्ध महिला को मारा टक्कर,घायल सदर अस्पताल छपरा रेफर

मशरक (सारण)। मशरक थाना क्षेत्र के कर्ण कुदरिया गांव में शुक्रवार को फोटो स्टेट कराने जा रही वृद्ध महिला को स्क्रारपियो ने तेज टक्कर मार दिया जिसमें वृद्ध महिला को घायल हालत में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया गया जहां उसकी पहचान कर्ण कुदरिया गांव निवासी आश मोहम्मद की 60 वर्षीय पत्नी साहुबान बीबी के रूप में हुई। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ एस के विधार्थी ने प्राथमिक उपचार के बाद एक पैर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त होने पर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि वृद्ध महिला आधार कार्ड का फोटो स्टेट कराने जा रही थी कि स्क्रारपियो ने टक्कर मार दी जिसमें घायल हो गई ।



## खजौली मधुबनी के बीच बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की नियमित बस परिचालन हो ताकि जनता को आवागमन की सुविधा हो

खजौली प्रखंड में खजौली मधुबनी जिला मुख्यालय से खजौली प्रखंड मुख्यालय की दूरी करीब 20 किलोमीटर है । मधुबनी से खजौली आवागमन का एक मात्र साधन रेलगाड़ी हीं है। खजौली प्रखंड के विभिन्न गांवों से प्रतिदिन सैकड़ों व्यक्ति मधुबनी जिला मुख्यालय विभिन्न कार्यो से आवागमन करते हैं । नियमित बस परिचालन के आभाव में उन्हें कठिनाई होती है। वैसे कई तीन चार पहिया निजी वाहन खजौली से मधुबनी तक चलती है जिसमे मनमाना भाड़ा वसूला जाता है ।खजौली से मधुबनी महज 20 किलोमीटर की दूरी के लिए उपर्युक्त वाहन चालकों द्वारा 60 रुपए भाड़ा वसूला जा रहा है जो सर्वसाधारण जनता के लिए वहन करना मुश्किल हो रहा है ।बिहार सरकार परिवहन विभाग को मधुबनी से खजौली के बीच नियमित बस परिचालन की व्यवस्था जनहित में करनी चाहिए।

## धारा ने स्थानीय व्यवसायी के साथ आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर राष्ट्रीय झडे को ले अपना स्लोगन दिया

बराकर। आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर एक ओर पूरे देश अलग उत्साह का माहौल है। वही हमारे देश की ओधोगिक इकाई भी इस अमृत महोत्सव में कहीं भी पीछे नही है। रक्षा बंधन के दिन शुक्रवार को बराकर में गल्ला व्यवसाय के साथ धारा कंपनी एवं स्थानीय लोकल डिस्ट्रीब्यूटर ने आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर राष्ट्रीय झंडे के साथ अपने उत्पाद के साथ सेल्फी कार्यक्रम का आयोजन कर व्यवसाइयों को उत्साहित किया । इस दौरान धारा के डिप्युटी मैनेजर गोपाल चक्रवर्ती, स्थानीय डिस्ट्रीब्यूटर महाबीर सेल्स एजेंसी के मालिक संदीप माधोगाडिया मुख्य रूप से उपस्थित होकर सभी को आजादी के अमृत महोत्सब की बधाई दी। इस दौरान उपस्थित धारा के डिप्युटी मैनेजर गोपाल चक्रवर्ती ने सभी ब्यवसाई से मिलकर राष्ट्रीय ध्वज के साथ धारा का स्लोगन के साथ अपनी तस्वीरों को साझा किया। इस दौरान बराकर कुल्टी क्षेत्र के कई व्यवसायी ने इसे काफी सराहा।



## आल्हा ऊद्रल की वीर गाथाओ से झूमते रहे युवा

संवादाता हिमांशु गुप्ता पिनाहट। रक्षाबंधन के दूसरे दिन परम्परागत प्रति बर्ष होने वाली आल्हा ऊदल वीर गाथाओ को सुनकर हर कोई वीर रस से भर गया। जिसको सुनने के लिये सैकडो की संख्या मे लोगो भी भीड इकठ्ठी हो गयी। रक्षाबंधन के दूसरे दिन प्रतिपदा को हर बर्ष पिनाहट कस्बे में आल्हा ऊदल की वीर गाथाओ का बाचन पिनाहट कस्बा में कही जगह किया गया। जिसका गायन प्रेम पाल परिहार ने किया।आल्हा ऊदल की वीर गाथाओ को सुनने के लिये सैकडो की संख्या मे लोगो की भीड उमडी।जिनमे ज्यादातर युवा दिखे।परम्परागत तरिके से हर बर्ष आज के ही होने वाली इस वीर गाथा गायन की सुनकर लोगो मे देशभक्ति व वीरता की जागृति होती है।आल्हा ऊदल ने आज के ही दिन महोबा मे भुजरियन की लडाई जीती थी।इस दौरान वाचको का साफा पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया .इस दौरान पूर्व सैनिक अवदेश तोमर , भगवान सिंह परिहार , जयप्रकाश परिहार , डॉ सतीश जादौन , कुलदीप परिहार , पदम गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।



## पिनाहट में लगा भुजरियों का मेला

संवादाता हिमांशु गुप्ता पिनाहट। कस्बा पिनाहट के राजाखेड़ा मार्ग दाऊजी मंदिर और प्राचीन तालाब के पास भुजरियां मेले का आयोजन किया गया। जहां लोक गायकों के मुख से आल्हा–ऊदल की गाथाओं को सुनने के लिए भारी संख्या में भीड़ उमड़ी सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस व्यवस्था चाक–चौबंद रही। आपको बता दें कस्बा पिनाहट में सावन माह के पूर्णिमा के दिन रक्षाबंधन त्योहार धूमधाम से मनाया जाता है तो वहीं दूसरे पड़वा के दिन बीते प्राचीन समय से पिनाहट कस्बा के राजाखेड़ा मार्ग स्थित दाऊजी मंदिर और चौहान वाली माता के पास तालाब भुजरियों के मेले का आयोजन किया जाता है। जहां माताएं बहने अपने घर से भुजरियों को लेकर दाऊजी कुंड और तालाब के पास पहुंचकर भुजरियों को विसर्जित किया। और भुजरियों को लेकर सभी को वितरण किया गया। वही हर वर्ष की भांति भुजरिया मेले में जगह जगह लोक गायकों द्वारा आल्हा उदल की वीर गाथाओं का बखान किया गया। लोक गायकों द्वारा भुजरियों की लड़ाई, आल्हा उदल का विवाह गाए जा रही आल्हा को सुनने के लिए सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रीय लोग पहुंचे। और वीर गाथाओं को सुनकर आनंदित हुए। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस व्यवस्था चाक–चौबंद रही।



## अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को चपेट में लेकर मारी टक्कर युवक की मौत परिजनों में मचा कोहराम

पिनाहट। थाना पिनाहट क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा भदरौली के एसआर पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को अपनी चपेट में लेकर टक्कर मार दी। जिससे युवक की मौत हो गई । पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम को भेजा है। जानकारी के अनुसार महेश पुत्र रामनरेश उम्र करीब 30 वर्ष निवासी मोहल्ला पचासी राजपूत फतेहाबाद गुरुवार की रात बाइक द्वारा फतेहाबाद से अपनी ससुराल साबरायपुरा बाह जा रहा था। जहां आगरा बाह मार्ग पर कस्बा भदरौली के एसआर पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन ने बाइक को अपनी चपेट में लेकर टक्कर मार दी जिससे बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और युवक गंभीर घायल हो गया। युवक को घायल अवस्था में पड़ा देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली और युवक के एंबुलेंस द्वारा सीएचसी केंद्र बाह में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने युवक महेश को मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। वही पुलिस ने मृतक युवक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पुलिस अज्ञात वाहन का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# भव्य अखाड़े के साथ त्योहारों के माह सावन को विदा किया गया

(सुबोध कुमार तिवारी दैनिक अयोध्या टाइम्स छौड़ादानो) आज सावन मास के अंतिम दिन अर्थात श्रावणीपूर्णिमा के रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर छौड़ादानों प्रखंड स्थित कठनौतिया धाम पर हिंदुओं के आस्था पूर्ण और उत्साहवर्धक पर्व महावीरी के अखाड़े निकाले गए । अखाड़े के साथ–साथ कठनौतिया धाम पर भव्य मेला का आयोजन भी किया गया । ज्ञातव्य हो कि इस



अखाड़े में श्रीपुर के साथ बिलवाडिह और धपहर के अखाड़ों का मिलान होता है ,और लोग डंके की आवाज पर उत्साहवर्धक गीतों पर थिरकते और अस्त्र कलाओं का प्रदर्शन करते हैं ,। इसी क्रम में आज श्रीपुर के अखाड़े श्रीकांत तिवारी, पैक्साध्यक्ष सुरेंद्र तिवारी, राजन कुशवाहा, शंभू पटेल ,पन्नालाल शाह, हरिओम कुमार, आदि के संयोजन से भव्य अखाड़ा निकाला गया जिसका संचालन रमेश कुशवाहा कर रहे थे । उधर बेलवाडीह अखाड़े का संचालन उप मुखिया रंजीत कुशवाहा स्वयं कर रहे थे, दोनों गांव की संयुक्त अखाड़े छौड़ादानों–मोतिहारी मुख्य मार्ग होते हुए कठनौतिया धाम पहुंची।

लोगों कि संख्या हजारों में थी, उधर धपहर का अखाड़ा सियाराम दास के संचालन में गोलबंद होकर कठनौतिया धाम पर भव्य मेला में तब्दील हो गया । आयोजन स्थल पर बहुत सारी दुकानों के साथ बच्चों के लिए झूले आदि भी उपलब्ध थे । लोगों ने जमकर मेले का आनंद उठाया प्रशासन की तरफ से शांति व्यवस्था कायम करने के लिए छौड़ादानों थाना से एस.आई. श्री दुर्गा राम के नेतृत्व में ए. एस.आई .महेंद्र पासवान, अजय कुमार , कॉन्स्टेबल दल के साथ, चौकीदार सुरेंद्र बैठा , लाल बिहारी प्रसाद यादव ने काफी सक्रियता दिखाते हुए शांति व्यवस्था कायम किए जिसके परिणाम स्वरूप आयोजन सफल रहा ।

# नड्डा गांव के छठ घाट पर अतिक्रमण करने के विरुद्ध आक्रोशित ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

पश्चिमी चंपारण जिला के बगहा अनुमंडल अंतर्गत प्रखंड बगहा एक के नड्डा पंचायत के पंचायत सरकार भवन के बगल में पोखर पर छठ घाट का पंचायत के मुखिया के द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है ।नाराज ग्रामीणों ने शुक्रवार को रोषपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया। नड्डा पंचायत के समाजसेवी सह पूर्व मुखिया बसंत सिंह , सरपंच प्रतिनिधि , मनोज यादव,सुरेंद्र सिंह छोटेलाल साह,संजीव सिंह,ललन यादव,बद्री चौधरी,कृष्णनंदन सिंह,



राणाप्रताप पासवान, हरेंद्र मांझी,बाबूनन्दन सिंह,योगेंद्र सिंह, बच्चा चौधरी,मुन्ना यादव, अभिनव कुमार,पुनीत कुमार,मोहर चौधरी आदि दर्जनों लोगों ने आरोप लगाया है कि पंचायत के मुखिया के द्वारा छठ घाट पर जिमखाना खोला गया है ।जिसमें आस्था के महान पर्व के छठव्रतियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। हालांकि लोगों ने बताया कि कार्य करने के पहले ही अतिक्रमण को रोकने के लिए कहा गया था। लेकिन मुखिया तथा पंचायत सेवक की मनमानी के वजह से अतिक्रमण कर जिमखाना बना दिया गया। जबकि उस स्थल पर छठ पर्व के दिन अष्टयाम का आयोजन भी किया जाता रहा है। वही पंचायत सरकार भवन की परिसर में काफी जगह बचा हुआ है ।लेकिन गांव के लोगों को परेशान करने की नीयत से यह कार्य किया गया है ।वही नाराज ग्रामीणों ने सरकार से मांग किया है कि जिमखाना को भवन के अन्य जगहों पर बनाकर छठ घाट से अतिक्रमण हटाया जाय। यदि समय रहते इस अतिक्रमण को नहीं हटाया गया तो हजारों की संख्या में लोग सड़क पर उतर विरोध कर प्रर्दशन करेंगे।

# भाई-बहन के अटूट एवं पवित्र प्रेम का प्रतीक है रक्षा बंधन

साहिल कुमार सिंह(ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कटिहार। हमारी सनातन संस्कृति के अति प्राचीन एवं पावन धरोहर रक्षाबंधन का त्यौहार प्रखंड क्षेत्र में बड़े उत्साह एवं



हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रक्षाबंधन का समय आज 7:05 बजे पूर्वाहन तक होने के कारण सुबह से ही लोगों में काफी हलचल देखी गई। साल भर पर सावन के पावन महीने में आने वाले इस त्यौहार को मनाने के लिए भाई बहनों में काफी उत्साह देखा गया। बहनों ने अपने भाइयों की कलाई में राखी बांधकर उनसे अपनी रक्षा का वचन लिया और तिलक लगाकर उनकी दीर्घायु होने की कामना भगवान से की। कल बाजार में भी पूरे दिनभर चहल पहल रही। विशेषकर रक्षाबंधन के अवसर पर राखी और मिठाई की दुकानों पर भारी भीड़ देखी गई। लोग रक्षाबंधन के अवसर पर राखी और मिठाई की खरीदारी जमकर कर रहे थे।

रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर प्राचीन काल से ही ब्राह्मण अपने यजमान को रक्षा का सूत्र बांधकर उनको दीर्घायु होने का आशीर्वाद देते हैं।

आज के समय में रक्षाबंधन सिर्फ भाई–बहन के पवित्र प्रेम का प्रतीक ही नहीं बल्कि प्राकृतिक प्रेम और सभी जीव जंतुओं के प्रति आदर भाव का भी प्रतीक बन चुका है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रक्षाबंधन बहनों ने भाई की कलाई पर बांधी राखी

प्रमोद कुमार त्रिवेदी, अनुमंडल ब्यूरो चीफ पटना। राजधानी पटना समेत पूरे बिहार में रक्षाबंधन पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने भाई की कलाई पर राखी बांधी और उनके सुख–समृद्धि के लिए कामना की। भाइयों ने भी रक्षा का वचन देते हुए बहनों को उपहार भेंट किए। गुरुवार को पूर्णिमा तो था लेकिन भद्रा नक्षत्र के चलते इलाके में गुरुवार और शुक्रवार दोनों दिन राखी का त्योहार मनाया गया। बहनों ने उपवास रखकर भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनकी दीर्घायु की कामना की। गुरुवार रात 8:25 पर भद्रा उतरने के बाद से ही ग्रामीण इलाकों में बहनें थाली में राखी, अक्षत,



चंदन, रोली और घी का दीपक लेकर भाइयों को रक्षा कवच बांधने के लिए आतुर दिखीं। सबसे पहले बहनों ने भाई के मस्तक पर रोली और अक्षत का टीका लगाया। इसके बाद उनकी आरती उतारी, फिर भाई की कलाई पर रेशम की डोर बांधकर उनका मुंह मीठा कराया। शुक्रवार की सुबह 7:16 तक पूर्णिमा तिथि होने की वजह से बहनों ने भाइयों को अहले सुबह राखी बांधना शुरू कर दी। वैसे सूर्य का पूर्णिमा में उदयमान होने के चलते रक्षाबंधन शाम तक मनाया गया। रक्षाबंधन त्योहार को लेकर बाजार भी गुलजार रहा। सबसे अधिक मिठाई और राखी की दुकानों पर भीड़ देखी गई। पटना क्षेत्र में सुरक्षा के दृष्टिकोण से फूलवारी शरीफ,पटना साहिब ,फतुहा,खुशरूपुर बाढ़, बख्तियारपुर,मोकामा समेत अन्य जगहों के बाजारों में पुलिसकर्मी की चहलकदमी तेज रही।

# बेलवा घाट परिसर में 105 वीं नारायणी गंडकी महाआरती कार्यक्रम का किया गया आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स डी एन कुशवाहा सचिव रक्सौल अनुमंडल वाल्मीकिनगर पश्चिमी चंपारण। श्रावणी पूर्णिमा के मौके पर भारत नेपाल सीमा पर अवस्थित बेलवा घाट परिसर में 105 वीं नारायणी गंडकी महाआरती कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वरांजलि सेवा संस्थान की राष्ट्रीय अध्यक्षा अंजू देवी, मैनेजिंग डायरेक्टर संगीत आनंद, संवेदक मोहम्मद शकील, सक्रिय सदस्य विजय कुमार, कोषाध्यक्ष शिव चंद्र शर्मा, वरिष्ठ नागरिक गजेंद्र प्रसाद, कामेश्वर श्रीवास्तव, अभिनेत्री कुमारी संगीता, एवं थरुहट के समाजसेवी नागेंद्र प्रसाद, ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।इस अवसर पर आचार्य पंडित अनिरुद्ध द्विवेदी ने कहा कि श्रावणी पूर्णिमा का विशेष महत्व है। इस महीने में सबसे कम पाप होता है। जीवों की हत्या सबसे कम होती है। वही संबोधन के क्रम में विजय कुमार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण संवर्धन, प्राकृतिक धरोहरों की रक्षा के साथ– साथ वाल्मीकि नगर पर्यटन को बढ़ावा देना इस महा आरती का मुख्य उद्देश्य है। संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं गायक संगीत आनंद ने राम–नाम अति मीठा है, भजन गाकर सबका मन मोह लिया। वही संवेदक मोहम्मद शकील ने कहा कि सर्व धर्म समभाव की भावना से ओतप्रोत यह कार्यक्रम वाल्मीकि नगर की पहचान है। यहां की गंगा जमुनी तहजीब सबको आकर्षित करती है। गायिका बबीता राज और कुमारी संगीता की प्रस्तुति सराहनीय रही। गायक शिव चंद्र शर्मा ने भजनों के माध्यम से लोगों को समय बड़ा अनमोल है, बताया। नई दिल्ली वासी आचार्य पंडित चित्रसेन तिवारी के सौजन्य से अंगवस्त्रम द्वारा अतिथि गण सम्मानित किए गए। राव एमआरआई सेंटर गोरखपुर एवं होटल पूर्वा के सौजन्य से महाप्रसाद का इंतजाम किया गया। संगीत आनंद के भजनों पर देर तक श्रोता गण झूमते रहे। अंजू देवी ने कहा कि इस संस्था द्वारा विगत 10 वर्षों से लावारिस दिव्यांग जनों को घूम–घूम कर भोजन दिया जाता है। यह संस्था मानवता को शर्मसार होने से बचाती है। जरूरतमंदों को हर दिन सुबह–शाम दैनिक दरिद्र नारायण भोज के माध्यम से भोजन देना, सबसे पुण्य का काम है।



एडिटर स्वरांजलि सरगम ने कहा कि हर वर्ष रक्षाबंधन के दिन संस्था द्वारा वृक्षों को राखी बांधकर पेड़ पौधों की रक्षा का संकल्प लिया जाता है। इस मौके पर अशोक गुप्ता ,दीया कुमारी, शांति देवी, धनवंती देवी,निशा देवी, अनमोल कुमार, लीला देवी, मंजू देवी ,संध्या देवी,श्याम राजी देवी,धनवंती देवी, अमन कुमार,आदि की भूमिका सराहनीय रही।

समय– समय पर संस्था को विशेष सहयोग देते रहने के लिए कार्यक्रम के अंत में संस्था के स्थाई सदस्य नवरत्न प्रसाद, गोरखपुर के डॉ राव , नई दिल्ली के ईशान तिवारी एवं रितिका कुमारी के प्रति संस्था के एमडी संगीत आनंद ने आभार व्यक्त किया। भक्तों के उज्जवल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य और सफलता के लिए नारायणी गंडकी माता से प्रार्थना की गई। संचालन संगीत आनंद ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन नागेंद्र प्रसाद ने किया। नारायणी गंडकी माता की जय ,गंगा मैया की जय ,त्रिवेणी धाम की जय, वाल्मीकि धाम की जय ,आदि नारों से कार्यक्रम स्थल गुंजायमान होता रहा । इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं। जिन्होंने समवेत स्वर में पारंपरिक भजनों द्वारा नारायणी गंडकी महाआरती की सार्थकता को सिद्ध किया।

# कांग्रेस ने निकाली शहर में पदयात्रा



☒ उद्योगपतियों के इशारे पर चलते हैं नरेंद्र मोदी

☒ एनडीए सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स।) शिवहर। जिला कांग्रेस इकाई शिवहर ने गौरव यात्रा के तहत आज चौथे दिन पदयात्रा निकाली। जिसका नेतृत्व जिला कांग्रेस कमिटि के अध्यक्ष मो. असद ने किया। उक्त पदयात्रा शिवहर प्रखण्ड के विभिन्न इलाकों से होकर गुजरी। इस दौरान जगह जगह आयोजित नुक्कड़ सभा में जिलाध्यक्ष मो.असद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर देश के शहीदों के सर्वोच्च सम्मान में यह पद यात्रा निकाली जा रही है। मौजूदा सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि केंद्र की सत्ता पर काबिज होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने स्वार्थ के लिए देश के शहीदों के सपने को चकनाचूर कर रहे है। हमारे देश के शहीदों ने अपनी शहादत इसलिए दी थी कि अंग्रेजों की गुलामी से इस देश को आजाद कराया जाए और शहीदों की कुर्बानी का परिणाम हुआ कि देश आजाद हुआ। कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहम्मद असद ने बताया है कि आज भाजपा के नेता देश को फिर से गुलामी की ओर ले जा रहे हैं। उद्योगपति अडानी और अम्बानी के इशारों पर देश के नौजवानों के रोजगार छीन रहे है और महंगाई का बोझ बढ़ा रहे है। मोदी जी के गलत नीति के कारण देश की जनता परेशान है। कांग्रेस के जिला प्रवक्ता मुकेश सिंह, बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटि (एसएम) के प्रदेश महासचिव सह शिवहर जिला सचिव अफरोज आलम, कोषाध्यक्ष मो. सद्दाम हुसैन ने भी अपने विचार रखे और कहा कि भाजपा की सरकार और तथाकथित छप्पन इंच सीना वाले प्रधानमंत्री मोदी सभी मोर्चे पर विफल साबित हो रहे हैं। अपनी कमी को छुपाने के लिए देश को खंडित करने का षडयंत्र रच रहे हैं जिसे कांग्रेस के कार्यकर्ता कभी कामयाब नहीं होने देंगे। इन नेताओं ने केंद्र की मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान देश की जनता से किया। आज की पद यात्रा में कांग्रेस जिला महासचिव नेयाज अहमद, मो. जाकिर, रामनाथ यादव, मो. हबीब,मो. मुर्तुजा, मो. जाफरान, मो. खुर्शीद, मो. मोख्तार आलम, जमसैद आलम, मो. सदरे आलम, मो. मुस्ताक, राशिद मुन्ना, मो. शरफुद्दीन, कौशल झा, मो शमशाद एवं मो. बिकाऊ समेत सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

# हर घर तिरंगा , घर घर तिरंगा कार्यक्रम की सफलता को लेकर भारत स्काउट और गाईड,सुपौल के तत्वाधान में शुक्रवार की संध्या जागरूकता रैली

सुवेश राज सदर ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स सुपौल । आगामी 13 अगस्त से 15 अगस्त तक मनाया जा रहा ''हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा'' कार्यक्रम की सफलता को लेकर भारत स्काउट और गाईड,सुपौल के तत्वाधान में शुक्रवार की संध्या जागरूकता रैली निकाली गई जो सुपौल उच्च माध्यमिक विधालय सुपौल से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मुख्य मार्गों से होते हुए वापस विद्यालय परिसर में समाप्त हुई। आजादी के गौरवशाली 75 वें वर्षगांठ पर मनाए जा रहे , आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में भारत सरकार के निर्णय के अनुसार 13 अगस्त 2022 से 15 अगस्त 2022 तक प्रत्येक भारतीय से अपने अपने आवास पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराने का आह्वान किया गया है ।भारत स्काउट और गाईड, सुपौल के तत्वाधान में जिला संगठन आयुक्त संजय कुमार झा के नेतृत्व में बुधवार की संध्या विद्यालय परिसर से जागरूकता रैली निकाली गई । जिसमें स्काउट के बैंड के साथ जिला के सभी खेल संघ के पधादिकारियों, शिक्षक संघ , भारत स्काउट एंड गाइड तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने हिस्सा लिया तथा अपने अपने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लेकर नगर भ्रमण किया एवं लोगों को ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम के प्रति जागरूक किया।

इस अवसर पर संजय कुमार झा ने रैली में सम्मिलित सभी लोगों से 13 अगस्त से 15 अगस्त तक अपने अपने निजी अथवा सरकारी आवास पर तिरंगा झंडा लगाने का आग्रह किया। साथ ही रैली में शामिल व्यक्तियों के प्रति आभार



व्यक्त किया। रैली की अगुवाई समाज सेवी दीपिका झा और जगदेव साह प्रधानाध्यापक मध्य विद्यालय सरही मलिकाना , दीपिका झा ने अगुवाई करते हुए कही अपने पड़ोसियों, मित्रों एवं संबंधियों को भी अपने अपने घरों पर तिरंगा झंडा लगाने के लिए जागरूक करने का आह्वान किया।। मौके पर सुमन कुमार सिंह सचिव फुटबॉल संघ , अमन कुमार, दीपक कुमार, आशीष कुमार, मणि भूषण कुमार, रोहित कुमार ,पूजा, अमन कुमार, राज, अभिमन्यु, अमर, विशांत, नीरज, अनंत मुर्मू, प्रिंस, आशीष, दीपक, नूर आलम, अंकित, प्रियंका, सपना, पूजा, पुष्पा ,संजन, कोमल अंशु एवं प्रवीण कुमार झा सहित कई समाजसेवी सम्मिलित हुए।

# कच्चे धागों का मजबूत रिश्ता है रक्षाबंधन का त्योहार : मनोज कुमार यादव



(आलोक बादल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स सुपौल बिहार) सुपौल। टीईटी–एसटीईटी उत्तीर्ण नियोजित शिक्षक संघ गोपगुट सुपौल के जिलाध्यक्ष श्री मनोज कुमार यादव ने कहा कि रक्षाबंधन का पर्व महसूस करने वाले पर्व हैं ।भाई और बहन का रिश्ता मां और संतान के बाद दुनिया का सबसे खूबसूरत, मुलायम और अनमोल रिश्ता होती है ।एक ऐसी रिश्ता जिसकी अभिव्यक्ति के तरीके बहनों की उम्र के साथ बदलते रहते हैं। बहनों का बचपन भाईयों से लड़ते–झगड़ते बीतती है। साथ रहें,साथ खाएं या साथ खेलें एकदम नटखट वाला सलूक फिर भी कोई गम नहीं,कोई परवाह नहीं,राखी के दिन मिठाई खिलाने के बाद नेग के लिए भी झगड़ा,फिर लड़ते–झगड़ते बहनें सयानी होती हैं और भाईयों की फिक्र करने लगती हैं किसी चीज में हिस्सा मांगना तो दूर की बात अपना हिस्सा भी इत्मीनान से भाई को सौंप देती हैं ।प्यार से राखी बांधती हैं और बदले में कुछ नहीं मांगती है ।कुछ मिल गया तो होंठों पर हल्की सी मुस्कान न मिला तब भी प्यार में कोई कमी नहीं बहन विवाह के बाद ससुराल जाकर भाईयों को अपनी प्रार्थना और प्रतीक्षा में शामिल कर लेती हैं ।राखी के दिन वे भाईयों का इंतजार करती हैं ।साल दर साल यह जानते हुए भी कि जवानी में भाईयों को अपने काम और बीवी–बच्चों से फुर्सत मिलने के संयोग कम ही बनते हैं ।बूढ़ी हुई तो बहन से सीधे माँ की भूमिका में उतर आती हैं ।बूढ़े भाईयों की बात–बात में स्नेह–भींगी हिदायतें और जरूरत पड़ी तो डांट–फटकार भी,यह और बात है कि बुढ़ापे में भाईयों की स्मृतियों में बहनें कम ही रह जाती हैं,रक्षाबंधन के शुभअवसर पर संघ के जिलाध्यक्ष श्री मनोज कुमार यादव ने सुपौल में पदस्थापित तमाम शिक्षिका बहनों को रक्षाबंधन की पवित्र त्योहार राखी की हार्दिक शुभकामनायें देते हुए कहा कि जब तक आपके भाई मनोज कुमार यादव के धमनियों में जान है तब तक किसी भी शिक्षिका बहनों के ईज्जत,आबरू,मान,सम्मान एवं स्वाभिमान पर आंच आने नहीं दी जायेगी,यदि अपने शिक्षिका बहनों की स्वाभिमान की रक्षा के लिए चट्टान से भी टकरानी पड़ी तो आपका भाई मनोज कुमार यादव जरूर टकराऐंगे।

# भाविप रक्सौल की अनुशंसा पर स्टेशन परिसर में रेल विभाग द्वारा सौ फीट ऊँचा राष्ट्रीय ध्वज लगाने का कार्य अंतिम चरण में

दैनिक अयोध्या टाइम्स डी एन कुशवाहा सचिव रक्सौल अनुमंडल रक्सौल पूर्वी चंपारण। भारत विकास परिषद शाखा रक्सौल की अनुशंसा पर रक्सौल रेलवे स्टेशन परिसर में सौ फीट ऊँचा रेल विभाग द्वारा राष्ट्रीय ध्वज लगाने का कार्य अंतिम चरण में है। उम्मीद जतायी जा रही है आजादी की 75 वीं वर्षगांठ के पुनीत अवसर पर रक्सौल स्टेशन के सरकुलेटिंग एरिया में राष्ट्रीय झंडा तिरंगा शान से लहरायेगा। ज्ञातव्य हो गत वर्ष अक्टूबर महीने परिषद द्वारा रेल प्रबंधक पूर्व मध्य रेलवे समस्तीपुर को स्थानीय स्टेशन अधीक्षक अनिल कुमार सिंह के माध्यम से अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद सिंह के नेतृत्व में चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल द्वारा इस बावत एक ज्ञापन दिया गया था। फिर दुबारा दिसम्बर तथा जनवरी महीने में भी इस बावत ज्ञापन सौंपा गया था। गौरतलब है कि रेल प्रबंधक को प्रेषित ज्ञापन में इस बात को रेखांकित किया गया था कि देश के अन्य प्रमुख शहरों में राष्ट्रीय तिरंगा झंडा लगाया गया है, उसी तर्ज पर रक्सौल की ऐतिहासिक, पौराणिक एवं सामरिक महत्ता को दृष्टिगत रखते हुए तिरंगा लगाना समयोचित है। परिषद का मानना है कि आजादी की 75वीं वर्षगाँठ के उपलक्ष्य में अमृत महोत्सव को चिरस्मरणीय बनाने एवं रक्सौल रेलवे स्टेशन को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए परिषद ने देश के गौरव व सम्मान का प्रतीक 100 फीट उँचा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को स्टेशन के सरकुलेटिंग एरिया में रेल विभाग द्वारा लगाने का आग्रह किया गया था। इस मंशा को सार्थक बनाने के लिए रेलवे स्टेशन परिसर में प्रवेश करते ही मुख्य द्वार के पास 100 फीट का ऊँचा गगनचुंबी राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा झंडा न केवल रेलयात्रियों को दीखेगा बल्कि शहरवासियों को भी काफी दूर से ही नजर आएगा। परिषद का इसके पीछे उद्देश्य यही है कि गगनचुंबी तिरंगे देखने से न केवल लोगों के बीच देशभक्ति की भावना जागृत होगी, बल्कि देश के प्रति कुछ कर गुजरने का जज्बा एवं नागरिक कर्तव्य पालन करने की भावना को और अधिक बल मिलेगा। भारत विकास परिषद रक्सौल इकाई के मीडिया प्रभारी रजनीश प्रियदर्शी तथा सभी सदस्यों ने परिषद के आग्रह के आलोक में रेल विभाग द्वारा रक्सौल रेलवे स्टेशन परिसर में 100 फीट ऊँचा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लगाने के कार्य को अमलीजामा पहनाने के लिए आभार प्रकट किया है। उक्त आशय की जानकारी परिषद के मीडिया प्रभारी रजनीश प्रियदर्शी ने दी है।



# संक्षिप्त समाचार

## ट्रक की ठोकर से दो बाइक सवार महिला की मौत एक जख्मी

नितेश कुमार तिवारी संवाददाता आयोध्या टाइम्स संग्रामपुर। ट्रक की ठोकर से दो बाइक सवार महिला की मौत, एक जख्मी। स्टेट हाइवे 74 पथ के रमपुरवा स्थित टेढका पुल के समीप की घटना। मृतक दोनो महिला इजरा नवादा के है रहने वाले। घटना के बाद ग्रामीणों ने किया सड़क जाम। मौके पर पहुंची है डुमरिया घाट पुलिस।

## रक्सौल अनुमंडल क्षेत्र के सभी प्रखंडों में संवाददाताओं की नियुक्ति की प्रक्रिया हो चुकी पूर्ण : संजय कुशवाहा (अनुमंडलीय ब्यूरो चीफ)

(संजय कुशवाहा अनुमंडलीय ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स रक्सौल ,पू. चं.) रक्सौल/पू . चं. राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अयोध्या टाइम्स रक्सौल अनुमंडलीय ब्यूरो चीफ संजय कुशवाहा के द्वारा अनुमंडल के सभी प्रखंडों मे संवाददाताओं सहित अनुमंडलीय संयोजक की भी नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है . बता दें कि रक्सौल अनुमंडलीय ब्यूरो चीफ संजय कुशवाहा, आत्मज –श्री नथुनी प्रसाद कुशवाहा, ग्राम –मुरली, पोस्ट –दरपा, मो. नं. – 9199977315 ,थाना –छौड़ादानो का निवासी है.



वहीं रामगढ़वा प्रखंड निवासी व वरिष्ठ पत्रकार श्री ध्रुव लाल प्रसाद कुशवाहा को रक्सौल अनुमंडल का अनुमंडलीय सचिव नियुक्त किया गया है. वहीं श्री दीपक कुमार, पिता– स्व. देव सुंदर महतो, ग्राम– कोइरिया टोला, रक्सौल , मो .नंबर –6200588382, थाना पोस्ट– रक्सौल निवासी को प्रखंड रक्सौल का संवाददाता , श्री सुबोध कुमार तिवारी, पिता– श्री नवल किशोर तिवारी, ग्राम– मुरली , पोस्ट– दरपा,मो.न.–9955262592 थाना– छौड़ादानो निवासी को प्रखंड छौड़ा दानो का प्रखंड संवादाता नियुक्त किया गया है. वहीं श्री श्यामल प्रतीक, पिता–अशोक प्रसाद, ग्राम पोस्ट– श्यामपुर मो.न.–7970482709,थाना – आदापुर निवासी को आदापुर प्रखंड का संवाददाता एवं रक्सौल अनुमंडल निवासी संजीव कुमार , पिता –नागेंद्र प्रसाद यादव, ग्राम– पिपरा, मो. न.– 9504260442, थाना पोस्ट – दरपा निवासी को रामगढ़वा प्रखंड का संवादाता नियुक्त किया गया है . रक्सौल अनुमंडल क्षेत्र के सभी प्रखंड संवाददाताओं को अपने अपने क्षेत्र से युद्ध स्तर पर समाचार उपलब्ध कराने एवं स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर विज्ञापन लेने हेतु दिशा निर्देश की गई हैं।

## बिहार में महागठबंधन की सरकार बनने के बाद रक्षाबंधन पर राष्ट्रीय जनता दल यू के फैन ऋषिकेश झा ने बांटी मिठाई

संजीव कुमार विद्यापति प्रखंड संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स समस्तीपुर! विद्यापति प्रखंड के मऊ बाजार निवासी ऋषिकेश कुमार झा के द्वारा बिहार में महागठबंधन की सरकार बनने के बाद रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर सभी आर जे डी समर्थकों के बीच बांटी गई मिठाई ।साथ ही ऋषिकेश कुमार झा ने कहा कि यह महागठबंधन की सरकार युवाओं का जीत है। बेरोजगारों का जीत है। वहीं मौजूद ललन कुमार यादव ने कहा कि इस बार पुनः महागठबंधन की सरकार बनने से बिहार के सभी युवाओं में खुशी का माहौल बना हुआ है। मौके पर मऊ निवासी विक्की कुमार झा आदि लोग उपस्थित थे।




## झरहि नदी में डूबने से एक ही परिवार के पांच सदस्यों की हुई मौत

दैनिक अयोध्या टाइम्स अनुमंडल ब्यूरो चीफ विनय कुमार पाण्डेय महाराजगंज सिवान। शुक्रवार को नदी में स्नान के दौरान पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है। हादसे के शिकार हुए सभी लोग एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं। घटना के बाद मौके पर चीख–पुकार मची हुई है। घटना असांव थाना क्षेत्र के कांधपाकर गांव के पास की है ।बताया जा रहा है कि अशर्फी साह के माता का कल निधन हो गया था। आज घट टांगने के लिए परिवार के लोग नदी में स्नान के लिए गए थे। इसी दौरान गहराई का पता नहीं चलने से एक के बाद एक पांच लोग डूबते चले गए। जिसके बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई। जब तक नदी से पांचों को निकाला गया तबतक उनकी मौत हो चुकी थी। मृतकों में विजय गुप्ता, रितेश गुप्ता, विकास गुप्ता और राहुल गुप्ता समेत एक अन्य किशोर शामिल है। हादसे की जानकारी मिलते ही परिवार के अन्य सदस्यों में कोहराम मच गया है। इधर, घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने पांचों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले के छानबीन में जुट गई है। एक साथ पांच किशोर की मौत से इलाके में मातमी सन्नाटा पसर गया है।



## नीतीश कुमार को पलटने पर भाजपा ने दिया समाहरणालय परिसर के सामने धरना

साहिल कुमार सिंह(ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कटिहार। जिला भाजपा के जिला अध्यक्ष लक्खी प्रसाद महतो के नेतृत्व में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा जनता के जनादेश के खिलाफ पलटने पर रोष व्यक्त करते हुए समाहरणालय परिसर के सामने धरना पर बैठ गए हैं। जिला अध्यक्ष लक्खी प्रसाद महतो ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि जो पार्टी अपने बूते सीएम नहीं बना सकी, वह देश का पीएम बनने का ख्वाब देख रही है। बिहार की भाजपा कभी भी सत्ता के लिए लालायित नहीं रही है। लेकिन जनता के जनादेश का अपमान सहन नहीं कर सकता। धरना पर बैठे बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकेश्वर प्रसाद भगत ,विधान पार्षद अशोक कुमार अग्रवाल, पूर्व सांसद निखिल कुमार चौधरी, प्राणपुर विधायक निशा सिंह,कदबा विधायक कविता पासवान,मनोज राय, सौरव मालाकार,बबन झा,राम नाथ पांडे,राजबंसी सिंह,परफुल रंजन वर्मा,चंद्र भूषण ठाकुर,बीरेंद्र यादव जिला भाजपा इकाई के सैकडों कार्यक्रता धरना पर बैठे हुए हैं।



## मशरक में आपसी विवाद में मारपीट में एक घायल

हरि किशोर सिंह ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मशरक(सारण)। मशरक थाना क्षेत्र के बड़ी मुसहर टोली गांव में शुक्रवार को आपसी विवाद को लेकर मारपीट में एक युवक को घायल हालत में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया गया जहां उसकी पहचान मशरक बड़ी मुसहर टोली गांव निवासी जनक राउत का 35 वर्षीय पुत्र अनारस राउत के रूप में हुई। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ एस के विधार्थी ने प्राथमिक उपचार किया। घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि दोनों पड़ोसी के बीच आपसी विवाद को लेकर मारपीट हो गई जिसमें यह घायल हो गया। मामले में थाना पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।



## विकलांग,विधवा,गरीब,बेरोजगार वंचित,जमात को लेकर देश भर में भरी तबाही है उमेश निषाद वीआईपी नेता

(जितेन्द्र कुमार राय संवाददाता अयोध्या टाइम्स साहेबगंज मुजफ्फरपुर) साहेबगंज। मैं उमेश निषाद कार्यकरता वीआईपी पार्टी (बिहार)।मोदी जी बोले आत्मनिर्भर भारत बनाओ। बिकलांक विधवा गरीब बेरोजगार वंचित जमात को लेकर देश भर में भरी तबाही है। क्या



उनको नहीं दिखता है राजा बनने के बाद राजा के पास कुछ भी नही बचता है सब कुछ प्रजा का हो जाता है। गरीब का घर नाले के किनारे तो कही सरक के किनारे सरकार के पास 3 डी० जमीन गरीब के लिए नहीं है। और ठाकुर जी को भोग लगाने के लिए 10 एकर से 100एकड़ तक जमीन से ठाकुर जी को भोग लगाया जाता है देश भर में निषादो को आरक्षण लागू है सिर्फ बिहार और उत्तरप्रदेश में निशादो को आरक्षण क्यों नहीं है।बीमारी का इलाज उपचार से होता है लोकदाऊं से नहीं देश भर में क्रोना चुनावी मुद्दा बना हुआ है। धर्म के नाम पर राजनित करने वाले ठश्रच भगाओ देश बचाओ क्या मांगे मजदूर किसान रोटी कपड़ा और मकान रोटी रोजी दे ना सके जो ओ सरकार निकम्मी है जो सरकार निकम्मी है ओ सरकार बदलनी है। मुकेश सहनी मलाह जाति का धरोहर है। जन जन का यही पुकार भाई मुकेश सहनी जिंदा बाद। बिजली रेल्वे बैंक इत्यादि सभी चीजों को प्राइवेट कर दिया। तरह तरह का कानून बनाकर देश को बर्बाद कर दिया। आज देश के 85ः गरीब जनता को ज्वाला मुखी के आग में झोंकने का काम किया आज से इनका नाम भष्मा शुरू है। पढ़ाई कमाई दवाई कमर तो महंगाई के खिलाफ आंदोलन शुरू करेगी जनता अमीरी गरीबी का लड़ाई हो उसमे गरीब का मदद करना चाहिए। इस लिए गरीब कमजोर होता है पति पत्नी का लड़ाई हो उस में पत्नी का मदद करना चाहिए।

## पशु के साथ क्रूरता करने वाले 05 आरोपी को थाना हसौद पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया

व प्रकरण में फरार अन्य आरोपियों की तलाश जारी जिला जांजगीर चाम्पा छत्तीसगढ़ के थाना हसौद में प्रार्थी शिव कुमार साहू उम्र 20 वर्ष निवासी भेड़ीकोना थाना मालखरौदा ने थाना हसौद में दिनांक 10/08/2022 को ग्राम लालमाटी निवासी राहुल खुंटे कमल किशोर खुंटे, किरण कुमार जाटवर एवं अन्य लोग द्वारा इसके पशु के साथ क्रूरता करने संबंधी रिपोर्ट दर्ज कराया था प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरुद्ध थाना हसौद में अपराध क्रमांक 124/2022 धारा 429 , छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिसर अधिनियम 4,10, 11 एवं पशु क्रूरता अधिनियम 1960 की धारा 11 पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया प्रकरण की गंभीरता को ध्यान में रखते हुये घटना में सम्मिलित 01 ऋषि डहरे उम्र 45 वर्ष 02 किरण कुमार जाटवर उम्र 43 वर्ष 03 कमल किशोर खुंटे उम्र 30 वर्ष निवासी लालमाटी 04 कुलदीप टण्डन उम्र 18 वर्ष एवं 05 राहुल खुंटे उम्र 19 वर्ष सभी निवासी लालमाटी थाना हसौद को दिनांक 12/08/2022 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया प्रकरण में सम्मिलित



आरोपियों को गिरफ्तार करने में उपनिरीक्षक योगेश पटेल, सह उपनिरीक्षक लखपति प्रधान, सह उपनिरीक्षक नरेन्द्र शुक्ला, प्रधान आरक्षक पुरन लाल कैवर्त, आरक्षक मिरिश साहू, घनश्याम पांडे , मनोज कोशले, अरूण चन्द्रा, जयपाल कंवर घनश्याम टण्डन, शिवगोपाल रात्रे एवं बृजमोहन नेताम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## इंस्ट्रग्राम में बच्चों के अश्लील विडियों वायरल करने वाले 01 आरोपी को थाना जांजगीर पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया

जिला जांजगीर चाम्पा छत्तीसगढ़ में सीसी पी डब्लूसी योजना अंर्तगत भारत सरकार गृह मंत्रालय एनसी आरबी शाखा नई दिल्ली द्वारा प्रेरित साईबर टाईप लाईन नंबर जिसमें विभिन्न सोशल मीडिया पर महिला



एवं बच्चों से संबंधित किये जा रहे अपराध के संबंध में निगरानी रखी जाती है।

इनके द्वारा एक संदेही जिसके द्वारा अपने मोबाइल के माध्यम से दिनांक 20/01/2021 को इंस्ट्रग्राम सोशल मीडिया पर नाबालिक बच्चों से संबंधित अश्लील विडियों अपलोड कर वायरल करने की सूचना प्राप्त होने पर आरोपी हरीश पटेल निवासी धुरकोट के विरुद्ध थाना जांजगीर में अपराध क्रमांक 526/2022 धारा 67 बी सूचना प्रोधोगिकी अधिनियम पंजीबध्द किया गया प्रकरण की गंभीरता को ध्यान में रखते हुये आरोपी को उसके घर में रहने की सूचना प्राप्त होने पर थाना जांजगीर पुलिस टीम द्वारा तत्काल दबिश देकर आरोपी हरीश पटेल निवासी धुरकोट को गिरफ्तार कर पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपना जुर्म स्वीकार करने एवं अपराध घटित करना पाये जाने पर आरोपी के कब्जे से मोबाइल एवं सीम बरामद किया गया आरोपी हरीश पटेल निवासी धुरकोट को दिनांक 12/08/2022 को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया आरोपी को गिरफ्तार करने में निरीक्षक उमेश कुमार साहू, प्रधान आरक्षक मुकेश यादव, आरक्षक दिलीप सिंह एवं राकेश रत्नाकर का सराहनीय योगदान रहा।

## मंदिर में असामाजिक तत्वों ने कि दान पेटी का ताला तोड़कर रुपये कि चोरीं जाँच में जुटी पुलिस

ब्योरों चीफ अयोध्या टाइम्स
साठी थाना क्षेत्र के सेमरी पंचायत अंतर्गत हरनहिया गांव के हनुमान मंदिर में असामाजिक तत्वों ने गुरुवार की देर रात्रि में क्षति पहुचाई। जिसकी सूचना शुक्रवार की सुबह पुजारी सहित ग्रामीणों ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष कुमार,दारोगा अरविंद सिंह, रणविजय सिंह, जितेन्द्र कुमार पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। थानाध्यक्ष ने पुजारी शंकर यादव से घटना के बारे मे पूछ ताछ कर ग्रामीणों के साथ दूसरे शिव मंदिर पर पहुंचे जहा असामाजिक तत्वों के द्वारा परिसर में लगे चापाकल का हेड और दान पेटी का ताला तोड़ कर उसमें से रुपैया भी चोरी कर लिए हैं। वहीं मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष ने बताया कि पुजारी द्वारा लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है जिसपर उक्त चोरो की छानबीन कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। मंदिर के पुजारी शंकर यादव ने बताया कि गुरुवार को गांव में नाच देखने दूसरे गांव से कुछ लोग आए थे जो नाच बंद होने के बाद वापसी में मंदिर के दान पेटी से रुपैया निकाल लिये और शिव मंदिर परिसर का चापा कल खोल लेकर अपने साथ ले गए। हनुमान मंदिर पर मैं रहकर दोनो मंदिर का पूजा पाठ करते है। शिव मंदिर पर रात्रि में कोई नही रहता मैं केवल हनुमान मंदिर पर रात्रि में रहता हुं। ग्रामीणों ने थानाध्यक्ष से उक्त मामले को बारीकी से जांच कर घटना में शामिल लोगो को गिरफ्तार कर भेजने की अपील



की। मौके पर बिरेंद्र उपाध्याय, बबलू तिवारी, संजय सिंह, नंदलाल यादव,जयश्री राय,राम क्षत्रि यादव,बृजेश सिंह,महेश यादव दिपक रावत आदि मौजूद रहे।

## वाल्मीकि नगर में स्वरांजलि सेवा संस्थान ने 105 वी नारायणी गण्डकी महाआरती का किया आयोजन

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा। श्रावणी पूर्णिमा के मौके पर वाल्मीकि नगर भारत नेपाल सीमा पर अवस्थित बेलवा घाट परिसर में 105 वीं नारायणी गंडकी महाआरती कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वरांजलि सेवा संस्थान की राष्ट्रीय अध्यक्षा अंजू देवी, मैनेजिंग डायरेक्टर संगीत आनंद, संवेदक मोहम्मद शकील, सक्रिय सदस्य विजय कुमार, कोषाध्यक्ष शिव चंद्र शर्मा, वरिष्ठ नागरिक गजेंद्र प्रसाद, कामेश्वर श्रीवास्तव, अभिनेत्री कुमारी संगीता, एवम् थरुहट के समाजसेवी नागेंद्र प्रसाद, ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया। आचार्य पंडित अनिरुद्ध द्विवेदी ने कहा कि श्रावणी पूर्णिमा का विशेष महत्व है।इस महीने में सबसे कम पाप होता है। जीवो की हत्या सबसे कम होती है। संबोधन के क्रम में श्री विजय कुमार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण संवर्धन, प्राकृतिक धरोहरों की रक्षा के साथ साथ वाल्मीकि नगर पर्यटन को बढ़ावा देना इस महा आरती का उद्देश्य है । संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं गायक संगीत आनंद ने राम नाम अति मीठा है भजन गाकर सबका मन मोह लिया। संवेदक मोहम्मद शकील ने कहा कि सर्व धर्म समभाव की भावना से ओतप्रोत यह कार्यक्रम वाल्मीकि नगर की पहचान है। यहां की गंगा जमुनी तहजीब सबको आकर्षित करती है। गायिका बबीता राज और कुमारी संगीता की प्रस्तुति सराहनीय रही। गायक शिव चंद्र शर्मा ने भजनों के माध्यम से लोगों को समय बड़ा अनमोल है, बताया। नई दिल्ली वासी आचार्य पंडित चित्रसेन तिवारी के सौजन्य से अंगवस्त्रम द्वारा अतिथि गण सम्मानित किए गए। राव एमआरआई सेंटर गोरखपुर एवम् होटल पूर्वा के सौजन्य से महाप्रसाद का इंतजाम किया गया। संगीत आनंद के भजनों पर देर तक श्रोता गण झूमते रहे। अंजू देवी ने कहा कि इस संस्था द्वारा विगत 10 वर्षों से लावारिस दिव्यांग जनों को घूम घूम कर भोजन दिया जाता है। यह संस्था मानवता को शर्मसार होने से बचाती है। जरूरतमंदों को हर दिन सुबह शाम दैनिक दरिद्र नारायण भोज के माध्यम से भोजन देना, सबसे पुण्य का काम है। एडिटर स्वरांजलि सरगम ने कहा कि हर वर्ष रक्षाबंधन के दिन संस्था द्वारा वृक्षों को राखी बांधकर पेड़ पौधों की



रक्षा का संकल्प लिया जाता है। इस मौके पर अशोक गुप्ता ,दीया कुमारी, शांति देवी, धनवंती देवी,निशा देवी, अनमोल कुमार, लीला देवी, मंजू देवी ,संध्या देवी , श्याम राजी देवी, धनवंती देवी, अमन कुमार,आदि की भूमिका सराहनीय रही। समय समय पर संस्था को विशेष सहयोग देते रहने के लिए कार्यक्रम के अंत में संस्था के स्थाई सदस्य नवरत्न प्रसाद, गोरखपुर के डॉ राव , नई दिल्ली के ईशान तिवारी एवं रितिका कुमारी के प्रति संस्था के एमडी संगीत आनंद ने आभार व्यक्त किया। भक्तो के उज्जवल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य और सफलता के लिए नारायणी गंडकी माता से प्रार्थना की गई। संचालन संगीत आनंद ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन नागेंद्र प्रसाद ने किया। नारायणी गंडकी माता की जय ,गंगा मैया की जय ,त्रिवेणी धाम की जय ,वाल्मीकि धाम की जय ,आदि नारों से कार्यक्रम स्थल गुंजायमान रहा । बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी । महिलाओं ने समवेत स्वर में पारंपरिक भजनों द्वारा नारायणी गंडकी महाआरती की सार्थकता को सिद्ध किया।

## जिला कांग्रेस इकाई ने निकाली पदयात्रा



- उद्योगपतियों के इशारे पर चलते हैं नरेंद्र मोदी
- एनडीए सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुमित सिंह शिवहर अनुमंडल ब्यूरो चीफ
शिवहर,सीतामढ़ी। जिला कांग्रेस इकाई शिवहर ने गौरव यात्रा के तहत आज चौथे दिन पदयात्रा निकाली। जिसका नेतृत्व जिला कांग्रेस कमिटि के अध्यक्ष मो. असद ने किया। उक्त पदयात्रा शिवहर प्रखण्ड के विभिन्न इलाकों से होकर गुजरी। इस दौरान जगह जगह आयोजित नुक्कड़ सभा में जिलाध्यक्ष मो.असद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर देश के शहीदों के सर्वोच्च सम्मान में यह पद यात्रा निकाली जा रही है। मौजूदा सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि केंद्र की सत्ता पर काबिज होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने स्वार्थ के लिए देश के शहीदों के सपने को चकनाचूर कर रहे है। हमारे देश के शहीदों ने अपनी शहादत इसलिए दी थी कि अंग्रेजों की गुलामी से इस देश को आजाद कराया जाए और शहीदों की कुर्बानी का परिणाम हुआ कि देश आजाद हुआ। भाजपा के नेता देश को फिर से गुलामी की ओर ले जा रहे हैं।

उद्योगपति अडानी और अम्बानी के इशारों पर देश के नौजवानों के रोजगार छीन रहे है और महंगाई का बोझ बढ़ा रहे है। मोदी जी के गलत नीति के कारण देश की जनता परेशान है। कांग्रेस के जिला प्रवक्ता मुकेश सिंह, बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटि (एसएम) के प्रदेश महासचिव सह शिवहर जिला सचिव अफरोज आलम, कोषाध्यक्ष मो. सद्दाम हुसैन ने भी अपने विचार रखे और कहा कि भाजपा की सरकार और तथाकथित छप्पन इंच सीना वाले प्रधानमंत्री मोदी सभी मोर्चे पर विफल साबित हो रहे हैं। अपनी कमी को छुपाने के लिए देश को खंडित करने का षडयंत्र रच रहे हैं जिसे कांग्रेस के कार्यकर्ता कभी कामयाब नहीं होने देंगे। इन नेताओं ने केंद्र की मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान देश की जनता से किया। आज की पद यात्रा में कांग्रेस जिला महासचिव नेयाज अहमद, मो. जाकिर, रामनाथ यादव, मो. हबीब,मो. मुर्तुजा, मो. जाफरान, मो. खुर्शीद, मो. मोख्तार आलम, जमसैद आलम, मो. सदरे आलम, मो. मुस्ताक, राशिद मुन्ना, मो. शरफुद्दीन, कौशल झा, मो शमशाद एवं मो. बिकाऊ समेत सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

## 15 किलोमीटर ऐतिहासिक तिरंगा गौरव पदयात्रा का हुआ सफल आयोजन

(संजय कुशवाहा अनुमंडलीय ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स रक्सौल पू०चं०) ।रक्सौल। पू०चं० शुक्रवार को रक्सौल कौडिहार चौक से तिरंगा गौरव पदयात्रा की शुरुआत किसान नेता व स्वतंत्रता सेनानी चौधरी चरण सिंह के मूर्ति पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री शैलेन्द्र शुक्ल के द्वारा माल्यार्पण करके शुरुआत की गई। कार्यक्रम के अनुमंडल प्रभारी बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के महासचिव सह पश्चिमी चम्पारण प्रभारी प्रो० अखिलेश दयाल के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव पर 15 किलोमीटर की ऐतिहासिक तिरंगा गौरव पदयात्रा रक्सौल से आदापुर कांग्रेस कार्यालय तक की गई। कार्यक्रम प्रभारी सह महासचिव ने कहा कि देश की आजादी के लडाई में पंडित जवाहरलाल नेहरू, राजेंद्र प्रसाद, सरदार वल्लभ भाई पटेल, मौलाना अबुल कलाम आजाद, इंदिरा गांधी, सुभाष चन्द्र बोस,का योगदान अतुलनीय रहा हैं ,जिनके पदचिह्नों को अनुशरण करते हुए पदयात्रा किया गया. 15 किलोमीटर की पदयात्रा के दौरान महापुरुषों के मूर्तियों पर माल्यार्पण किया गया साथ ही साथ चौक–चौराहों पर नुक्कड़ सभा के माध्यम से आजादी के दीवानों की ऐतिहासिक बातें बताई गई.

जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष हफीज अंसारी ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गांधी जी के आह्वान पर काश्मीर से कन्या कुमारी तक भारत जोड़ो कार्यक्रम के तहत देश के सभी राज्यों में पदयात्रा किया जा रहा हैं। आदापुर कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष लालबाबू सिंह ने कहा कि तिरंगा गौरव पदयात्रा में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में संकल्प लिया कि आनेवाले 2024 में आम चुनाव में श्री राहुल गांधी को देश का प्रधानमंत्री बनना है क्योंकि कांग्रेस ही देश को चला सकता हैं। रक्सौल युवा कांग्रेस के विधान सभा अध्यक्ष मनोरंजन तिवारी ने कहा कि आजादी का 75 वॉ अमृत महोत्सव भाजपा सरकार मना रही है जिन्होंने देश के युवाओं, मजदूरों, के साथ धोखा और छलावा किया 2014 के आम चुनावों में 2 करोड़ युवाओं रोजगार , महंगाई से निजात , मध्यमवर्गो को खुशहाली लेकिन सब बस दिखावा और जुमला रहा। छौडादानों प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार उर्फ बबलू



कुमार ने कहा कि तिरंगा गौरव पदयात्रा के दौरान सभी कांग्रेस जनों को सम्मान देते हुए 15 किलोमीटर पदयात्रा किया गया। रामगढवा प्रखंड अध्यक्ष संजय पांडे ने कहा कि आज देश का कोई ऐसा वर्ग नहीं है जो वर्तमान समय में भाजपा सरकार से तंग नहीं है। उक्त कार्यक्रम में अजीत श्रीवास्तव, ईश्वर चन्द्र प्रसाद,बिंदा यादव,शिवजी चौरसिया,मदन यादव, ललित पासवान, रामबाबू राम,फैजुल्लाह मियां,नन्हें सिंह, मदन शर्मा, विशाल पांडे, राजेश शर्मा, नौशाद अली, नसरुद्दीन अंसारी,आजाद अंसारी,महम्द रुस्तम, नफीस आलम,रघुवर पटेल, रंजीत गुप्ता,मनु पटेल, कुंजन गुप्ता, आबिद हुसैन, सोनालाल साह, कन्हैया साह, मुकेश कुमार,नरेश रावत, मुकेश साह, कन्हैया साह, डॉ सफी अहमद,मुन्ना मियां,एकाबुल खां, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जोगापट्टी प्रखण्ड के बासोपट्टी पंचायत शिव मंदिर में शर्मा परिवार ने किया जलाभिषेक



पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। जोगापट्टी प्रखण्ड अंतर्गत बासोपट्टी पंचायत स्थित राजकीय उत्क्रमित व उच्च विद्यालय के प्रांगण में स्थापित शिव मंदिर में आज शर्मा परिवार ने जलाभिषेक पंडित मोहन पांडेय के द्वारा वैदिक मंत्रोचारण के साथ जलाभिषेक कराया। बतादे की बासोपट्टी पंचायत के स्वर्गीय भरत शर्मा के छोटे सुपुत्र पप्पू शर्मा उर्फ अजीत शर्मा ठकरहा अंचल क्लर्क के द्वारा जलाभिषेक किया गया जहां हर हर महादेव,बम बम भोले शिवशंकर के जयघोष से पूरा वातावरण गूंजमय रहा । बताते चले कि भगवान शिव का अति प्रिय मास सावन है। शिव भक्त पूरे सावन में भगवान भोलेनाथ की उपासना एवं आराधना करते हैं। सावन माह के सभी सोमवार को भक्त व्रत रखते हुए भगवान शंकर और माता पार्वती की विधि पूर्वक उपासना एवं वंदना करते है।भगवान शिव, भक्तों की उपासना से प्रसन्न होकर वे उनकी हर कामना पूर्ण होने का आशीर्वाद प्रदान करते हैं। भक्त गण शिवोपासना के साथ–साथ मंदिरों में जाकर शिवजी का जलाभिषेक भी करते हैं। कहा जाता है कि इससे भगवान शिव अति प्रसन्न होकर भक्तों के सारे कष्ट दूर करते हैं।इनकी सभी मनोकामना पूरी करते हैं। सभी देवताओं में केवल शिवजी का ही जलाभिषेक किया जाता है. सावन मास शिवजी को है अति प्रिय है धार्मिक मान्यता है कि शिवजी का जलाभिषेक या दुग्धाभिषेक करने से भगवान शिव उन्हें सुख समृद्धि और शांति प्रदान करते हैं।वैसे तो भक्त किसी भी दिन भगवान शिव का जलाभिषेक कर सकते हैं परंतु सावन सोमवार के दिन जलाभिषेक करने से कई गुना अधिक पुण्य फल की प्राप्ति होती है। क्योंकि सावन का महीना भगवान शिव को अति प्रिय है। धार्मिक मान्यता है कि भगवान शिव विवाह के बाद जब पहली बार ससुराल गए तो वह मास सावन का ही था। मान्यता है कि सावन माह में ही शिव और पार्वती का मिलन हुआ था। यही नहीं सावन मास में भगवान शिव और माता पार्वती पृथ्वी लोक पर निवास करते हैं, इन सभी कारणों से सावन मास शिवजी को अति विशेष माना जाता हैं इस मौके पर जोगिंदर ठाकुर,राहुल कुमार शर्मा,संजीत कुमार शर्मा,बालेश्वर कुमार शर्मा,सरिता देवी,देवी,पूजा देवी,अमृता देवी , इत्यादि महिला पुरुष मौजूद रहे थे ।

## राखी बंधवाने बहन के यहां जा रहा बाइक सवार युवक दुर्घटना में घायल,सदर अस्पताल छपरा रेफर

हरि किशोर सिंह ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स की रिपोर्ट सारण से मशरक (सारण)। मशरक थाना क्षेत्र के बली विशुनपुरा गांव में शुक्रवार को बहन के यहां राखी बंधवाने जा रहे बाइक सवार भाई की बाइक की आमने–सामने टक्कर में घायल हालत में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया गया जहां उसकी पहचान सरदारगंज गाव निवासी मनोज राम का 18 वर्षीय पुत्र नितीश कुमार के रूप में हुई। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ एस के विधार्थी ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया।



घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि युवक बाइक से बहन के यहां राखी बंधवाने सिवान जिले के सरसईया गांव में जा रहा था कि बली विशुनपुरा गांव में बाइक सवार ने सामने से टक्कर मार फरार हो गया जिसमें यह घायल हो गए।

# संक्षिप्त समाचार

## हर घर तिरंगा अभियान को लेकर एसएसबी ने निकाली साइकिल रैली

(प्रेमचंद्र साह प्रखंड संवाददाता अयोध्या टाइम्स मैनाटांड़ पश्चिमी चंपारण) मैनाटांड़। आजादी की 75 वी वर्षगांठ पर देशभर में मनाए जा रहे हैं अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए कई तरह के कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को



एसएसबी 44 वीं वाहिनी के जवानों ने तिरंगे के साथ साइकिल रैली निकाली। कमांडेंट अतुल कुमार तिवारी के नेतृत्व में हर घर तिरंगा अभियान की सफलता को ले लोगों को जागरूक किया। हर घर तिरंगा अभियान को लेकर एसएसबी लगातार जागरूक अभियान चलाकर लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना जगा रही है। रैली को लेकर सहायक कमांडेंट ने बताया कि इस समय हर घर तिरंगा अभियान को लेकर जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है इसी कड़ी में एसएसबी ने रैली निकालकर तिरंगा अभियान के लिए लोगों को जागरूक किया है इस उत्सव में प्रत्येक लोग अपनी भागीदारी निभाई।

## विद्यापति प्रखंड के कष्टहारा ग्राम में हर साल की भांति पूरे धूम-धाम से मनाया गया रक्षा बंधन

संजीव कुमार विद्यापति प्रखंड संवाददाता! दैनिक अयोध्या टाइम्स समस्तीपुर! विद्यापति प्रखंड के कष्टहारा ग्राम के सभी ग्राम वासियों ने हर साल की तरह पूरे धूमधाम से इस साल भी मनाया रक्षाबंधन वही सेंट जेवियर्स के लिपिक बिधान चंद्र मिश्र के मिसेज सुनीता मिश्रा ने अपने भाई के हाथों पर राखी बांधते हुए कहा कि रक्षाबंधन भाई–बहन के अटूट रिश्ता का एक प्रतीक है जो प्रत्येक साल श्रावण



मास की पूर्णिमा तिथि को मनाई जाती है जो कि इस साल भादवा के कारण दो दिवसीय हो गया। मौके पर आयशा कुमारी, खुशी कुमारी, मुस्कान कुमारी, सुनीता, मिश्रा , गुडिया कुमारी आदि सभी बहनों ने अपने – अपने भाइयों के हाथों पर पवित्र रक्षा सूत्र से बना राखी बांधी।

## महाराजगंज में मारपीट कर बाइक जलाने का मुखिया के परिजनों के ऊपर लगा आरोप

सुजीत कुमार प्रखंड महाराजगंज संवादाता दैनिक अयोध्या टाइम्स
महाराजगंज थाना क्षेत्र के शूरवीर गांव में 9 अगस्त के रात को दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गया जिसमें 4 बाइकों को आग के हवाले कर देने का मामला प्रकाश में आया है। इस मारपीट में एक पक्ष के दो लोग जख्मी हो गए हैं जिनका इलाज महाराजगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। घटना के संबंध में शूरवीर गांव निवासी खैर उल्ला खान उर्फ छोटे खान के 25 वर्षीय पुत्र कर्म उल्ला खान ने महाराजगंज थाने में आवेदन दिया है जिसमें उन्होंने बताया पटेरा पंचायत के मुखिया शेषनाथ सिंह ने अपने परिजनों के साथ मिलकर उनके घर में घुसकर उनके साथ मारपीट किए जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं और मारपीट के बाद उनके घर में रखे हुए बाइकों को भी आग के हवाले कर दिया वहीं इस मामले में महाराजगंज थानाध्यक्ष ने बताया कि आवेदन मिला है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## 44 वाहिनी नरकटियागंज द्वारा ऐतिहासिक स्थल बौद्ध स्तूप नंदनगढ़ लौरिया में हर घर झंडा हर घर तिरंगा अभियान चलाया

दीपू साह ब्यूरो चीफ नरकटियागंज अनुमंडल दैनिक अयोध्या टाइम्स
आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत दिनांक–11.08.2022 को सुबह 6:30 बजे से 8:00 बजे तक 44 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, मुख्यालय नरकटियागंज द्वारा एतिहासिक स्थल बौद्ध स्तूप, नन्दन गढ़, लौरिया मे "हर घर झंडा/हर घर तिरंगा" अभियान–2022 के तहत आकर्षक बैनर पोस्टर व सेल्फी पॉइंट लगाकर कर स्थानीय नागरिकों को तिरंगा झंडा बांटा गया। इस मौके पर स्थानीय नागरिकों एवं वहां पर आये हुए पर्यटकों ने सेल्फी ली और उत्साहित हुए। उक्त के अतिरिक्त वाहिनी मुख्यालय में 1000 बजे से 1200 बजे तक "एच.एस.डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल" नरकटियागंज शिक्षकों की उपस्थिति में छात्राओं



द्वारा वाहिनी मे उपस्थित अधिकारी गण, अधीनस्थ अधिकारी गण व जवानों को राखी बाँध कर मिठाई खिलाई कर रक्षा बंधन के पर्व को गौरव पूर्ण बनाया। कार्यवाहक कमांडेंट ने वाहिनी मे आयी सभी छात्राओं, शिक्षकों, बल कार्मिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों को रक्षा बंधन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए वाहिनी की ओर से उपहार के साथ राष्ट्रीय तिरंगा प्रदान किये। उप– कमांडेंट श्री हरिमेंद्र कुमार दुबे ने झंडा संहिता–2002 के तहत झंडे का महत्त्व एंव विशेषताएं बताते हुए रक्षा बंधन का पर्व इस तरह सबके साथ मना पाना हम बलकर्मिकों का सौभाग्य है, इस अवसर पर अधिकारी, अधिनस्थ अधिकारी एवं वाहिनी के अन्य बल कार्मिक उपस्थित रहे ।

## विद्यापति प्रखंड के सभी दूध सेंटर दो दिवसीय रक्षाबंधन को लेकर प्रभावित

'संजीव कुमार विद्यापति प्रखंड संवाददाता! दैनिक अयोध्या टाइम्स समस्तीपुर! विद्यापति प्रखंड के सभी क्षेत्रों में दो दिवसीय रक्षाबंधन को लेकर क्षेत्र के सभी दूध सेंटर वाले भी काफी प्रभावित हुए। वहीं भजनगामा ग्राम के सेंटर मालिक फूर्ति पाठक सुपुत्र श्री रुपेश कुमार पाठक का कहना है की पिछले साल से इस साल हम लोगों का सेंटर काफी प्रभावित हुआ है। इसका मुख्य कारण दो दिवसीय रक्षाबंधन है जहां प्रतिदिन सुबह या



शाम में 12 से 14 कैन दूध हमारे सेंटर पर आता था जो आज तीन दिनों से रक्षाबंधन को लेकर मात्र 4 से 5 कैन दूध ही आता है। लेकिन आज के बाद इसमें पुणरू सुधार आ जाएगा। मौके पर सी पी आई नेता अमरनाथ पाठक , गोलू पाठक , रोहन पाठक आदि लोग उपस्थित थे।

## आजादी का अमृत महोत्सव आज निकाला जाएगा तिरंगा यात्रा

विद्यापतिनगर (विकास कुमार पाण्डेय, अनुमंडल ब्यूरो चीफ)। प्रखंड मुख्यालय विद्यापति नगर के समीप बजरंगी चौक स्थित नॉलेज प्वाइंट के तत्वावधान में 13 अगस्त को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया है ! मीडिया को जानकारी देते हुए संस्थान के निदेशक चंदन कुमार ने बताया कि शनिवार को सुबह 7:30 बजे इस यात्रा की शुरुआत होगी, यात्रा बजरंगी चौक से शुरू होगी तथा राजा चौक, साहिट, वृंदावन, विद्यापतिनगर होते हुए पुनः कोचिंग संस्थान वापस आएगी ᵖ इस यात्रा में बड़ी संख्या में छात्र–छात्राओं के अलावा शिक्षक, समाजसेवी एवं बुद्धिजीवियों के शामिल होने का अनुमान है।



# हर्षोल्लास के साथ गंगा आरती का आयोजन किया गया

दैनिक अयोध्या टाइम डॉ मनीष कुमार सिंह पूर्वी चंपारण मोतिहारी। गायत्री नगर छठ घाट पर गंगा आरती का आयोजन किया गया जिसमें भारी से भारी संख्या में लोगों ने आकर दीप जलाए और मां गंगा की



आरती को विधि विधान से पूजन किया गया गंगा आरती सभी के द्वारा गीत संगीत के बीच आयोजन किया गया। गंगा की पवित्र लहरों के घाट जिसे हर की पौड़ी के नाम से जाना जाता है। हर पूर्णिमा को संध्या की आरती की जाती है जो गंगा मैया को समर्पित है।मां गंगा को नदियों में सबसे पवित्र व पूजनीय माना जाता है और यही कारण है कि लोग दूर-दूर से गंगा नदी में स्नान करने आते हैं। माना जाता है कि गंगा नदी में स्नान करने से न सिर्फ व्यक्ति के सारे कष्ट मिटते हैं, बल्कि उसके सारे पाप भी धुल जाते हैं। गंगा नदी में स्नान के अतिरिक्त जिस चीज को सबसे अधिक महत्व दिया जाता है, वह है आरती। गंगा आरती का अपना एक अलग महत्व है। गंगा आरती का दृश्य मात्र देखने से ही व्यक्ति भक्ति के रस में सराबोर हो जाता है।इसमें उपस्थित पंडित सुधीर कुमार, उज्जवल कुमार, केशव कृष्णा, विनोद कुमार जयसवाल अभय कुमार मिश्रा ,रंजीत कुमार गिरी, सोनम देवी ,उषा देवी ,खुशबू कुमारी, शिवम कुमार, अभिषेक कुमार अमिता निधि ,पड़ी कुमारी ,वीरा सिंह ,राजू पांडे, वंश जयसवाल, मंजू देवी, रानी जयसवाल, विजय चौधरी ,किशोर कुमार उपस्थित थे।

# भ्रष्टाचार में संलिप्त डीलर एक था सांपनाथ तो दुसरा निकला नागनाथ

प्रमोद कुमार त्रिवेदी, अनुमंडल ब्यूरो चीफ,पटना। भ्रष्टाचार में संलिप्त डीलर ।जी हां एक तरफ सरकार गरीबों को राशन मुहैया कराने के लिए बड़े-बड़े दावें कर रही है, लेकिन डीलरों की मनमानी गरीबों पर भारी पड़ रही है। सस्ते अनाज की आस में जिल्लत सहने को गरीब मजबूर हैं। वहीं राशन दुकानदार गरीबों के दर्द को दोगुना कर रहे हैं। आपूर्ति विभाग भी गरीबों के दर्द को दरकिनार कर दम तोड़ती व्यवस्था को बढ़ावा दे रहा है। आलम यह हो चला है कि राशन डीलर मनमाने तरीके से राशन बांटकर कोरम पूरा कर लेते हैं। जब हमारी टीम राशन वितरण व्यवस्था की पड़ताल की, तो चौंकाने वाले हालात सामने आए। जी हां हम बात कर रहे हैं पटना जिला के पंडारक प्रखंड के खुशहालचक पंचायत के दौलतपुर गांव की। जहां राशन डीलर की मनमानी से गरीब परेशान हैं। यहां के डीलर द्वारा गरीबों को कम राशन देने का मामला सामने आया। लाभुकों का आरोप है कि पीडीएस डीलर अनाज का बंटवारा सही तरीके से नहीं करते हैं।अगर करते भी हैं तो ज्यादा पैसे लेने के बाद भी प्रति यूनिट आधा किलो से एक किलो अनाज काट कर करते हैं। विरोध करने पर साफ तौर पर कहा जाता है कि जहां जाकर शिकायत करना है करो। अनाज लेना है तो लो नहीं तो भागो। हम पैसा भी ज्यादा लेगें और अनाज भी प्रति यूनिट कम देगें। इसी तरह की मनमानी पहले के डीलर योगेन्द्र साव द्वारा भी किया गया था जिसकी शिकायत अनुमंडल पदाधिकारी कुंदन कुमार और जिला आपूर्ति पदाधिकारी से से की गई थी। उन्होंने जांच बैठाई और योगेन्द्र साव डीलर का दुकान रद्द कर दिया।




उसके बाद राजकुमारी देवी को राशन वितरण का अधिकार दिया गया लेकिन राजकुमारी देवी जो एक महिला डीलर है। उनकी सहमति से उनके परिवार के सदस्य सुजीत द्वारा अनाज वितरण किया जाता है। उपभोक्ताओं की मानें तो एक डीलर सांपनाथ था तो दुसरा नागनाथ निकला। उपभोक्ताओं को नये डीलर द्वारा भी कोपभाजन का शिकार होना पड़ रहा है।

# नीतीश कुमार द्वारा जनाधार के साथ विश्वासघात करने के विरोध में एकदिवसीय धरना

देवेन्द्र कुमार दैनिक अयोध्या टाइम्स बाढ़। बिहार प्रदेश भाजपा द्वारा आयोजित प्रत्येक जिला मुख्यालय में धरना कार्यक्रम के अंतर्गत संगठन जिला बाढ़ में भी अनुमंडल मुख्यालय पर नीतीश कुमार द्वारा जनाधार के साथ विश्वासघात करने के विरोध में जिला अध्यक्ष डॉ सियाराम सिंह की अध्यक्षता में धरना दिया गया । धरने का संचालन प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुकेश सिंह ने किया । धरना में प्रदेश की ओर से मुख्य वक्ता के रूप में बिहार सरकार के पूर्व पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन शामिल हुए । उन्होंने अपने संबोधन में जमकर नीतीश कुमार पर बरसे उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार आज जो भी है वह भाजपा का देन है भाजपा ने ही नीतीश कुमार को अपने साथ लेकर उनका कद बढ़ाया । बिहार में 2005 में एनडीए गठबंधन की सरकार बनने पर उन्हें मुख्यमंत्री बनाया परंतु नीतीश कुमार ने हमेशा भारतीय जनता पार्टी के साथ विश्वासघात किया 2013 में इन्होंने महागठबंधन में शामिल होकर लोकसभा का चुनाव वर्ष 2014 में लड़ा , जिसमें इन्हें मात्र 2 सीट मिली थी । 2017 में जब नीतीश कुमार महागठबंधन छोड़कर एनडीए में शामिल हुए थे तब भाजपा ने अपने जीती हुई सीट का कुर्बानी देकर 2019 में इन्हें चुनाव लड़ाया , जिसमें इन्हें लोकसभा की 16 सीटें मिली 2020 के विधानसभा चुनाव में इनका पलटू राम की छवि होने के कारण बिहार की जनता के बीच उनकी साख गिर गई थी जिसके कारण इन्हें 43 सीट पर ही संतोष करना पड़ा । आज नीतीश कुमार कहते हैं कि भाजपा ने ही मुझे साजिश के तहत हराया महागठबंधन के साथ सरकार बनाने के बाद नीतीश कुमार के द्वारा यह कहे जाने पर कि 2024 के लोकसभा चुनाव का भाजपा चिंता करे । इस पर नितिन नवीन ने कहा की आने वाले लोकसभा एवं विधानसभा में बिहार की जनता नितीश कुमार का सूपड़ा साफ कर देगी । नीतीश कुमार को पलटू राम कहे जाने के बारे में नितिन नवीन ने कहा की पलटू राम का नामाकरण महागठबंधन के नेता लालू प्रसाद ने किया था । नितिन नवीन ने आने वाले दिनों में मोकामा विधानसभा में होने वाले चुनाव में नीतीश कुमार को चौलेंज करते हुए कहा कि वह मोकामा विधान से स्वयं चुनाव लड़ कर देख ले जनता उन्हें सबक सिखा देगी । आज तक नीतीश कुमार विधानसभा का चुनाव न लड़ कर पिछले दरवाजे से विधान परिषद से सदन में जाते रहे हैं । नितिन नवीन जदयू के अन्य नेताओं पर भी खूब बरसे । आज के इस धरने को संबोधित करने वालों में जिला प्रभारी सीताराम पांडे , बख्तियारपुर विधानसभा के पूर्व विधायक रणविजय कुमार सिंह उर्फ लल्लू मुखिया , फतुहा के प्रत्याशी रहे सत्येंद्र सिंह , केशव कांत प्रसाद , प्रमोद कुमार , संजीव कुमार मुन्ना , राजेश सिंह राजू , संजय यादवेंदु , राजू कुमार मुन्ना , अवनीत गुंजन , सत्यनारायण प्रसाद , शशि भूषण प्रसाद सिंह , दिलीप कुमार टुनटुन , भूपेंद्र सिंह , बजरंगी शर्मा शामिल थे । धरने में शामिल होने वाले प्रमुख कार्यकर्ताओं में धर्मवीर कुमार , रूपेश कुमार सिंह , पंकज कुमार सिंह , राजीव कुमार सिंह , हेमंत कुमार सिंह , बैकुंठ नारायण झा , संतोष कुमार सिंह , तनिक सिंह , गुरु जी बृजेश यादव , अभिषेक झा , निलेश कुमार , टुली यादव , सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे । धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोज कुमार पप्पू ने किया ।



# भाविप रक्सौल की अनुशंसा पर स्टेशन परिसर पर रेल विभाग द्वारा सौ फीट ऊँचा राष्ट्रीय ध्वज लगाने का कार्य अंतिम चरण में

दीपक कुमार रक्सौल पूर्वी चंपारन। रक्सौल। भारत विकास परिषद शाखा रक्सौल की अनुशंसा पर रक्सौल रेलवे स्टेशन पर सौ फीट ऊँचा रेल विभाग द्वारा राष्ट्रीय ध्वज लगाने का कार्य अंतिम चरण में है ! उम्मीद जतायी जा रही है आजादी की 75 वीं वर्षगांठ के पुनीत अवसर पर रक्सौल स्टेशन के सरकुलेटिंग एरिया में राष्ट्रीय झंडा तिरंगा शान से लहरायेगा ! ज्ञातव्य हो गत वर्ष अक्टूबर महीने परिषद द्वारा रेल प्रबंधक पूर्व मध्य रेलवे समस्तीपुर को स्थानीय स्टेशन अधीक्षक अनिल कुमार सिंह के माध्यम से अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद सिंह के नेतृत्व में चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल द्वारा इस बावत एक ज्ञापन दिया गया था ! फिर दुबारा दिसम्बर तथा जनवरी महीने में भी इस बावत ज्ञापन सौंपा गया था ! गौरतलब है कि रेल प्रबंधक को प्रेषित ज्ञापन में इस बात को रेखांकित किया गया था कि देश के अन्य प्रमुख शहरों में राष्ट्रीय तिरंगा झंडा लगाया गया है उसी तर्ज पर रक्सौल की ऐतिहासिक , पौराणिक एवं सामरिक महत्ता को दृष्टिगत रखते हुए तिरंगा लगाना समयोचित है ! परिषद का मानना है कि आजादी की 75वीं वर्षगाँठ के उपलक्ष्य पर अमृत महोत्सव को चिरस्मरणीय बनाने एवं रक्सौल रेलवे स्टेशन को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए परिषद ने देश के गौरव व सम्मान का प्रतीक 100 फीट उँचा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को स्टेशन के सरकुलेटिंग एरिया में रेल विभाग द्वारा लगाने का आग्रह किया गया था!

इस मंशा को सार्थक बनाने के लिए रेलवे स्टेशन परिसर में प्रवेश करते ही मुख्य द्वार के पास 100श का ऊँचा गगनचुंबी राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा झंडा न केवल रेलयात्रियों को दीखेगा बल्कि शहरवासियों को भी काफी दूर से ही नजर आएगा !परिषद का इसके पीछे उद्देश्य यही है कि गगनचुंबी तिरंगे देखने से न केवल लोगों के बीच देशभक्ति की भावना जागृत होगी बल्कि देश के प्रति कुछ कर गुजरने का जज्बा एवं नागरिक कर्तव्य पालन करने की भावना को और अधिक बल मिलेगा ! भारत विकास परिषद रक्सौल इकाई के मीडिया प्रभारी रजनीश प्रियदर्शी तथा सभी सदस्यों ने परिषद के आग्रह के आलोक में रेल विभाग द्वारा रक्सौल रेलवे स्टेशन परिसर में 100 फीट ऊँचा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लगाने के कार्य को अमलीजामा पहनाने के लिए आभार प्रकट किया है ! इसकी जानकारी परिषद के मीडिया प्रभारी रजनीश प्रियदर्शी ने दी है !



# मतदाता सूची में पंजीकरण, विलोपन, संशोधन एवं आधार संग्रहण विषय पर डीएम की अध्यक्षता में सभी मान्यताप्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक हुई

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

☒ डीएम ने कहा युवाओं का मतदाता बनना हुआ बहुत आसान, साल में अब चार अवसर।

☒ निर्वाचक सूची में आधार को जोड़ने एवं प्रमाणीकरण हेतु स्वैच्छिक आधार पर निर्वाचकों से आधार डाटा के संग्रहण कार्यक्रम का व्यापक प्रचार–प्रसार सुनिश्चित करने का डीएम ने दिया निदेश

☒ प्रत्येक माह विशेष कैम्प का आयोजन, 04 सितम्बर को प्रथम कैम्प का आयोजन

☒ आधार संख्या प्रदान करना पूरी तरह से स्वैच्छिक य आधार संग्रहण का प्रमुख उद्देश्य निर्वाचक सूची में पंजीकृत निर्वाचकों की पहचान को सुनिश्चित करना एवं प्रमाणीकरण करनाय आधार की गोपनीयता बरकरार रखी जाएगीः डीएम

☒ जागरूक मतदाता हमारे समृद्ध लोकतंत्र की रीढ़ : डीएम

किशनगंज। जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–जिला पदाधिकारी,किशनगंज श्री श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में निर्वाचक सूची में आधार को जोड़ने एवं प्रमाणीकरण हेतु स्वैच्छिक आधार पर निर्वाचकों से आधार–संग्रहण के संबंध में सभी मान्यताप्राप्त राजनैतिक दलों के जिला अध्यक्षों/सचिवों/प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई। इस बैठक में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची में पंजीकरण, विलोपन, संशोधन एवं पंजीकृत निर्वाचकों की पहचान तथा प्रमाणीकरण हेतु आधार संख्या संग्रहण के नवीनध्संशोधित प्रारूप के संबंध में जानकारी दी गई।

सर्वप्रथम डीएम ने सभी मान्यताप्राप्त राजनैतिक दलों के जिला अध्यक्षों/सचिवों/प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता के पंजीकरण हेतु 04(चार) अर्हता तिथियाँ निर्धारित की गई हैः प्रत्येक वर्ष 01 जनवरी,




01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर। नये प्रावधानों के अनुसार अब मतदाताओं को साल में चार बार मतदाता सूची में नाम शामिल करने का मौका मिलेगा। जिस तिमाही में उनकी आयु 18 वर्ष पूरी हो जाएगी, उनका नाम मतदाता सूची में शामिल हो जाएगा। डीएम डॉ. सिंह ने कहा कि इस प्रावधान से युवाओं का मतदाता बनना अब बहुत आसान हो गया है । 17 वर्ष के युवाओं के लिए अग्रिम आवेदन की सुविधा प्राप्त हो गई है। सिर्फ 01 जनवरी की अर्हता तिथि की प्रतीक्षा करने की जरूरत नहीं रह गई है। अब से निर्वाचक नामावली प्रत्येक तिमाही में अद्यतन की जाएगी और पात्र युवाओं को उस वर्ष की अगली तिमाही में पंजीकृत किया जा सकता है, जिसमें उन्होंने 18 वर्ष की पात्रता आयु पूरी कर ली हो। पंजीकरण करवाने के बाद उन्हें निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (एपिक) जारी किया जाएगा।

डीएम श्री शास्त्री ने आह्वान करते हुए कहा कि साल में 01 जनवरी, 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर की तारीखों को जो भी नागरिक 18 वर्ष की आयु पूर्ण करेंगे वो अपना नाम अगले विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में मतदाता सूची में दर्ज कराएँ। उन्होंने कहा कि इसके लिए ऑनलाईन फार्म भी भरा जा सकता है अथवा बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) या वोटर सर्विस सेन्टर से सहायता ली जा सकती है और जानकारी प्राप्त की जा सकती है। डीएम ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा फार्म भरने की प्रक्रिया को भी काफी सरल कर दी गयी है। फार्म–6 नया मतदाता बनने के लिए, फार्म–6ख आधार से अपना मतदाता पहचान पत्र जोड़ने के लिए, फार्म–7 नाम हटाने के लिए एवं फार्म–8 मतदाता सूची में संशोधन या अपने वोटर कार्ड में बदलाव करने के लिए प्रयोग किया जा सकता है। डीएम श्री श्रीकांत शास्त्री ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा निर्वाचक सूची में आधार को जोड़ने एवं प्रमाणीकरण हेतु स्वैच्छिक आधार पर निर्वाचकों से आधार डाटा के संग्रहण हेतु विस्तृत दिशा–निर्देश दिया गया है। निर्वाचकों से आधार डाटा के संग्रहण हेतु लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 23 में वांछित संशोधन किया गया है। साथ ही निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1950 को भारत का राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना संख्या 2668 दिनांक 17.06.2022 के माध्यम से संशोधित किया गया है। नियम 26(ख) –विद्यमान निर्वाचकों द्वारा आधार संख्यांक उपलब्ध कराने के लिए विशेष उपबंध–प्रत्येक व्यक्ति, जिसका नाम नामावली में सम्मिलित किया जाता है, अधिनियम की धारा 23 की उपधारा (5) के अनुसार प्ररूप 6ख में रजिस्ट्रीकरण ऑफिसर को अपना आधार संख्यांक सूचित कर सकेगा। यह नियम 01 अगस्त, 2022 से लागू है। 17.06.2022 की अधिसूचना में यह स्पष्ट है कि प्रत्येक व्यक्ति जिसका नाम नामावली में सम्मिलित किया जाता है, दिनांक 01.04.2023 तक या उसके पूर्व अपना आधार संख्या सूचित कर सकता है।

डीएम श्री श्रीकांत शास्त्री ने कहा कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 में किए गए संशोधन के आलोक में धारा 23 के तहत यह स्पष्ट उल्लेखित है कि आधार संग्रहण का प्रमुख उद्देश्य निर्वाचक सूची में पंजीकृत निर्वाचकों की पहचान को सुनिश्चित करना एवं प्रमाणीकरण करना है। इसमें वैसे निर्वाचकों को भी चिन्हित किया जायेगा जिनका नाम एक ही विधान सभा में दो बार पंजीकृत हो या एक से अधिक विधान सभा में पंजीकृत हो। किसी भी निर्वाचक द्वारा अपने आधार से संबंधित जानकारी स्वैच्छिक रूप से उपलब्ध करायी जायेगी। निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी पूर्णरूपेण सुनिश्चित करेंगे कि आधार नहीं उपलब्ध कराये जाने के कारण निर्वाचक सूची से किसी भी निर्वाचक का नाम विलोपित नहीं किया जाना है। उन्होंने कहा कि निर्वाचक सूची में आधार को जोड़ने एवं प्रमाणीकरण हेतु स्वैच्छिक आधार पर निर्वाचकों से आधार डाटा के संग्रहण के संबंध में पटना जिला अंतर्गत सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों (ईआरओ) एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों (एईआरओ) को आवश्यक निदेश दिया गया है। एपिक–आधार लिंकिंग पर प्रकाश डालते हुए डीएम ने कहा कि आवेदकों की आधार संख्या के संबंध में कार्रवाई करते समय आधार (वित्तीय और अन्य रियायतें, लाभ और सेवाओं का लक्षित परिदान) अधिनियम, 2016 की धारा 37 के तहत दिए गए उपबंध का पालन अवश्य किया जाएगा। किसी भी परिस्थिति में आधार विवरण को सार्वजनिक नहीं किया जाएगा। यदि निर्वाचकों से संबंधित जानकारी सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करनी अपेक्षित हो, तो आधार विवरण को अनिवार्यतः हटा या ढक दिया जाएगा।

डीएम श्री शास्त्री ने कहा कि मौजूदा निर्वाचकों की आधार संख्या के संग्रहण के लिए दिनांक 01.08.2022 से एक समयबद्ध अभियान शुरू किया गया है। आधार संख्या प्रदान करना पूरी तरह से स्वैच्छिक है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य निर्वाचकों की पहचान स्थापित करना और निर्वाचक नामावली में प्रविष्टियों को अधिप्रमाणित करना है।

डीएम ने कहा कि निर्वाचन विभाग, बिहार, पटना के पत्र के आलोक में आधार को जोड़ने एवं प्रमाणीकरण हेतु स्वैच्छिक आधार पर निर्वाचकों से आधार डाटा के संग्रहण के निमित प्रत्येक माह विशेष कैम्प का आयोजन किया जाना है। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु प्रशिक्षण तथा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। दिनांक 04.09.2022 को आधार संग्रहण हेतु प्रथम विशेष कैम्प का आयोजन किया जाना है। उन्होंने कहा कि निम्न तिथियों को विशेष मासिक कैम्प आयोजित किया गया हैः– सितम्बर, 2022 में विशेष कैम्प हेतु निर्धारित तिथि– दिनांक 04.09.2022, 18.09.2022 एवं 25.09.2022 अक्टूबर, 2022 में विशेष कैम्प हेतु निर्धारित तिथि– दिनांक 09.10.2022 एवं 23.10.2022

नवम्बर, 2022 में विशेष कैम्प हेतु निर्धारित तिथि – दिनांक 06.11.2022 एवं 20.11.2022

दिसम्बर, 2022 में विशेष कैम्प हेतु निर्धारित तिथि – दिनांक 04.12.2022 एवं 11.12.2022

आधार संग्रहण हेतु निम्न व्यवस्था सुनिश्चित किया किया गया हैः

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राप्त निदेश के आलोक में आधार संख्या उपलब्ध कराने हेतु निर्वाचकों द्वारा प्रपत्र 6ख का प्रयोग किया जायेगा। उक्त प्रपत्र ऑनलाईन, ई०आर०ओ०नेट, वोटर पोर्टल GARUDA,NVSP तथा VHA app में उपलब्ध रहेगा। इसके अलावा उप निर्वाचन पदाधिकारी, पटना प्रपत्र 6ख को बी०एल०ओ०, ई०आर०ओ० या अन्य प्राधिकृत कर्मियों के माध्यम से ऑफलाईन माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। ऑनलाईन से प्रपत्र 6ख का आवेदन दिया जाये।

आधार संग्रहण से संबंधित सुरक्षा प्रावधान।

आधार संख्या को ऑनलाईन जमा करने हेतु निम्नलिखित दो प्रक्रियायें हैः–

स्व–प्रमाणीकरण प्रक्रिया।

स्व– प्रमाणीकरण के बिना।

आधार संग्रहण कार्यक्रम की गतिविधियाँः–

दिनांक 01.08.2022 से आधार संग्रहण हेतु विशेष अभियान की घोषणा औपचारिक रूप से निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी द्वारा विधान सभा स्तर पर की गई है। डीएम डॉ. सिंह ने कहा कि सभी ईआरओ उक्त कार्यक्रम में सभी सहभागी पक्षों जैसे–राजनैतिक दल, मीडिया, सिविल सोसाइटी संगठन, एन०जी०ओ० की सहभागिता भी सुनिश्चित करेंगे।

' डीएम ने निदेश दिया कि स्वीप अन्तर्गत इस कार्यक्रम का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाये। प्रचार–प्रसार के क्रम में यह उल्लेख किया जाना आवश्यक है, कि आधार संख्या उपलब्ध कराया जाना स्वैच्छिक है।

प्रचार–प्रसार आधारित गतिविधियों, जिसका मुख्य उद्देश्य निर्वाचकों को स्वैच्छिक रूप से अपने आधार संबंधित जानकारी को उपलब्ध कराने हेतु प्रेरित करना है। साथ ही बी०एल०ओ० भी अपने मतदान क्षेत्र में भ्रमण कर इस कार्यक्रम का व्यापक प्रचार–प्रसार करेंगे। स्वीप गतिविधियों के तहत् मीडिया के सभी माध्यमोंध्फ्लैक्सध्बैनरों से भी इसका व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाय।

' निर्वाचक सूची में पंजीकृत सभी निर्वाचकों से संपर्क कर आधार संग्रहण का कार्य दिनांक 31.03.2023 तक पूर्ण किया जाना है।

प्रपत्रों की आपूर्ति हेतु सभी व्यक्तियों को प्रपत्र निःशुल्क दिया जाएगा। सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी किसी पर्यवेक्षीय पदाधिकारी को प्राधिकृत कर जिला निर्वाचन कार्यालय से प्रपत्र को प्राप्त कर इसे सभी मतदान केन्द्र स्तरीय पदाधिकारीध्नामित पदाधिकारी को ससमय उपलब्ध करा देंगे। यह भी सुनिचित करेंगे कि किसी भी मतदान केन्द्र पर प्रपत्र की कमी न हो। डीएम ने कहा है कि सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी अपने स्तर से मतदान केन्द्र स्तरीय पदाधिकारी को उक्त विषयांकित कार्यक्रम के सम्पादन एवं क्रियान्वयन के संबंध में प्रशिक्षण की पूर्ण जानकारी देना सुनिश्चित करेंगे।

डीएम ने निदेश दिया कि सभी ईआरओ बीएलओ से नियमित सम्पर्क में रहेंगे तथा उनके लिए संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन करेंगे। उन्होंने कहा कि विशेष कैम्प दिवस के अवसर पर सभी बीएलओ अपने–अपने मतदान केन्द्र पर जरूर उपस्थित रहेंगे। डीएम ने कहा कि जागरूक मतदाता हमारे समृद्ध लोकतंत्र की रीढ़ हैं। त्रुटिहीन मतदाता सूची हमारे प्रजातंत्र को एक नया आयाम देगा। आज की इस बैठक में जिलाधिकारी के साथ अपर जिला दंडाधिकारी, श्री अनुज कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री अविनाश चंद्र, डीपीआरओ रंजीत कुमार एवं अन्य विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि ,मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# मशरक के बहरौली में मना गौमाला पूजा

- बहरौली मुखिया अजित सिंह के अध्यक्षता में और बहरौली बीडीसी पुत्र चुनमुन बाबा के मंत्रोउचारण से हुआ पूजा गांव के सभी प्रबुद्ध,बुद्धिजीवी वर्ग के लोग रहे उपस्थित।

मशरक (सारण)। मशरक प्रखण्ड क्षेत्र के बहरौली गांव में बहरौली काली स्थान पर पंचायत क्षेत्र के मुखिया अजित सिंह के अध्यक्षता में और बहरौली बीडीसी पुत्र चुनमुन बाबा के मंत्रोउचारण से विधिवत पूजन किया गया है। मुखिया अजित सिंह ने बताया कि हर साल के भांति इस भी सावन महीना में काली माता के मंदिर में गौमाला पूजा किया गया। जिसमें भगत त्रिलोकी सिंह और भूषण सिंह ने संयुक्त रूप से माता की भक्ति करते हुए पूजा श्रद्धा सहित सम्पन्न करवाई। पूरे गांव के हर प्रकार के प्रबुद्ध,बुद्धिजीवी वर्ग के लोग उपस्थित रहे। इस आस्था के पूजा में गांव के महिला–पुरुष काफी संख्या में मन्दिर में पहुँचकर माता का जय जयकार किया। इसके पहले सुबह में वैदिक पंडित प्रिंस मौनस और गोलू बाबा ने दुर्गा सप्तशती का विधिवत पाठ किया। मौके पर मुख्य रूप से सर्वजीत सिंह,कामेश्वर सिंह (अवकाश प्राप्त शिक्षक),नरेश राम,अनिल सिंह,राहुल सिंह,अरुण सिंह आदि लोग उपस्थित थे।



# संक्षिप्त समाचार

## हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत भेलाही मुखिया एंव SSB द्वारा निकाली गई तिरंगा यात्रा

(संजीव कुमार संवादाता दैनिक अयोध्या टाइम्स रामगढ़वा पूर्वी चंपारण) रामगढ़वाध रक्सौल–देश की आजादी के 75 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष में हर घर तिरंगा घर–घर तिरंगा का आयोजन किया जा रहा है आजादी के 75 वें स्वतंत्रता दिवस अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है जिसको लेकर भेलाही पंचायत की मुखिया श्रीमती सुमन पटेल एवं भेलाही एस.एस.बी. द्वारा हर घर तिरंगा यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर जदयू के प्रदेश सचिव श्री भुवन पटेल, पूर्व सरपंच श्री इंद्रजीत पटेल ,भेलाही थाना के जामदार शंभू शाह, श्री रणधीर गुप्ता, श्री प्रमोद गुप्ता, कुणाल कुमार, विकास पटेल, गौतम पासवान विनोद महतो, छोटन लाल पासवान, शैलेंद्र दास ,पंचायत समिति पति ब्रिज किशोर चौधरी, विनय पटेल, अनिल पटेल, अजय पटेल, प्रियांशु कुर्मी, संदीप प्रजापति ,नितेश गुप्ता ,राकेश पटेल ,एवं सैकड़ों लोगो ने भाग लिया।



## 29 को राष्ट्रीय खेल दिवस पर होगा कार्यक्रम

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। राज्यस्तर पर 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को उनके प्रतिभा और बेहतर खेल प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया जाएगा ।दरअसल जिले के वैसे खिलाड़ी जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर भाग लेते हुए बेहतरीन प्रदर्शन किया है, वैसे खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा।

## रक्सौल के एक निजी स्कूल में 47 वीं बटालियन एवं सीमा जागरण मंच द्वारा रक्षाबंधन उत्सव भव्य ढंग से मनाया गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स डी एन कुशवाहा सचिव रक्सौल अनुमंडल रक्सौल पूर्वी चंपारण। अमृत महोत्सव के अवसर पर भारतीय भूमि पतन प्राधिकरण के प्रांगण में 47 वीं बटालियन एवं सीमा जागरण मंच द्वारा रक्षाबंधन उत्सव भव्य ढंग से मनाया गया । जिसमें कैंब्रिज स्कूल एवं अन्य बच्चियों द्वारा जवानों को रक्षा सूत्र बांधकर उनके जीवन रक्षा के आशीर्वाद दिया । 47 वीं बटालियन के कमांडेंट विकास कुमार जी की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत कमांडेंट विकास कुमार, विकास कुमार जी, भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण के प्रबंधक प्रवीण कुमार, प्रोफेसर ... प्रमुख संपर्क प्रमुख महेश अग्र... सुरेश कुमार गुप्ता, भाजपा नेत... प्रज्वलित कर की गई। तत्पश्च... संबोधन हुआ। उसके बाद ति... सम्मानित किया गया। रक्षा बंध... पर बच्चियों द्वारा राखी बांधी ... राखी बांध उनके जीवन रक्षा का आशीर्वाद दिया ।इस अवसर पर कमांडेंट द्वारा सभी बच्चियों को गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया ।अंत में सभी बच्चों एवं जवानों द्वारा तिरंगा यात्रा निकाला गया है । कमांडेंट श्री के नेतृत्व में साइकिल से सीमावर्ती क्षेत्रों में भारत माता की जय... वंदे मातरम... की रण भेदी नारों के साथ तिरंगा यात्रा निकाला गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय भूमि प्राधिकरण के प्रबंधक प्रवीण कुमार, 47वीं बटालियन के डिप्टी कमांडेंट मनोज कुमार,एवं एसएसबी के कई पदाधिकारियों के साथ प्रोफेसर राजकिशोर सिंह, संघ चालक चंपारण विभाग राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ,सीमा जागरण मंच के संपर्क प्रमुख महेश अग्रवाल, जिलाध्यक्ष सुरेश कुमार गुप्ता ,जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र किशोर ठाकुर , जिला प्ज प्रमुख रजत सर्राफ, जिला कोषाध्यक्ष प्रतिक चंद्र प्रसाद, जिला संपर्क प्रमुख दीपक जायसवाल, जिला युवा मंत्री नितिन सर्राफ, नगर मंत्री राजन कुमार सर्राफ, अमित कुमार सर्राफ, बबलू कुमार, अशोक मधुकर, राजकुमार गुप्ता, अरविंद जायसवाल, प्रदीप कुमार भारती, मनोज राज, शिवनाथ पटेल, उमाशंकर प्रसाद तथा मोहम्मद अख्तर सहित अन्य गणमान्य लोग, शिक्षक, बच्चे तथा मंच के अन्य सदस्य गण उपस्थित थे।



## जिन बहनो का भाई न हो कार्यालय पर आकर राखी बांध सकती है

दैनिक अयोध्या टाइम्स बक्सर बीयूरो चीफ गोविन्द जायसवाल बक्सर महिला विकास सेवा संस्थान के कार्यालय बंगला घाट बक्सर पर संस्था के संयोजक सह संस्थापक गोविन्द जायसवाल ने बताया कि जिन बहनो का भाई न हो कार्यालय पर आकर राखी बांध सकती है हर साल की भांति इस साल भी दर्जनों बहनो ने कार्यालय पर आकर टिका आरती कर मिठाई खिलाकर राखी बांध आशीर्वाद दी जिसमे चन्दा बेगम,रानी पासवान, ममता तिवारी,रम्भा पटेल,मीना राजभर,सोनी जायसवाल,कीर्ति जायसवाल, सुमनअग्रवाल,मंजू शर्मा,प्रिया जायसवाल,प्रिटी राजभर,मंजू जायसवाल,कि गरीब परिवार की बहनो के लिए ये संस्थान के संयोजक गोविन्द भैया शिक्षा,स्वास्थ्य,रोजगार,घरेलू झगड़े का निष्पादन कर ,शादी में हमेशा अग्रसर रहते है और भी बहने जुड़कर पूरे भारत मे इस संस्था को आगे बढ़ाए।



## एसएसबी जवानों को बच्चों ने राखी बांधी

(प्रेमचंद्र साह प्रखंड संवाददाता अयोध्या टाइम्स मैनाटांड़ पश्चिमी चंपारण)। मैनाटांड़ 44वीं वाहनी सशस्त्र सीमा बल नगर देहि कैंप के जवानों को बच्चियों ने तिलक लगाकर उनके हाथों के कलाई पर राखी बांधी। शुक्रवार को विद्यालय के दर्जनों छात्राओं के द्वारा एसएसबी कैंप में पहुंच कर राखी बांधा और ईश्वर से प्रार्थना करके उनकी लंबी उम्र के कामना भी की । इसी बीच एसएसबी के जवानों और बच्चियों की काफी उत्सव देखने को मिला। सभी जवानों को राखी बांधने के बाद स्नेह और प्यार के साथ बच्चियों ने जवानों को मिठाई खिलाई और आरती भी उतारी। सभी बच्चियों को अगले साल फिर दुबारा आने की भी बात कहीं गई मौके पर रिंकी कुमारी पूजा कुमारी अंजू कुमारी मंजू कुमारी सोनम कुमारी आरती कुमारी रेखा कुमारी गुड़िया कुमारी मुस्कान कुमारी इत्यादि मौजूद थी।



## बाइक और साइकिल के बीच जोरदार टक्कर हुआ बाइक चालक घायल

(प्रेम चंद्र साह प्रखंड संवाददाता अयोध्या टाइम्स मैनाटांड़ पश्चिमी चंपारण) मैनाटांड़। पुरुषोत्तमपुर थाना के तिलंगी बहूअरवा चौक के पास बाइक और साइकिल की टक्कर में बाइक संचालक गंभीर रूप से घायल हो गया वहां ग्रामीणों ने उन्हें हॉस्पिटल पहुंचाया प्राथमिक उपचार के लिए कि बेहतर इलाज हो सके हॉस्पिटल प्रभारी विजय कुमार चौधारी इलाज करते समय देखा कि उनकी हालत गंभीर रूप में है तो उन्हें बेतिया के लिए रेफर कर दिया गया बताया घायल व्यक्ति का पहचान अजय कुमार पिता रामेश्वर भगत नेपाल के बलीरामपुर कलिया निवासी है अजय कुमार अपनी बहन के घर राखी बंधवाने के लिए मैनाटांड़ थाना क्षेत्र के रमपुरवा गांव मैं राखी बनवाने के लिए आ रहा था।



## प्रकृति का बंधन बहुत जरूरी ब्रजेश कुमार पाण्डेय जिला एवं सत्र न्यायाधीश बगहा

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। रक्षाबंधन के पावन अवसर पर शुक्रवार को नैतिक जागरण मंच वेलफेयर ट्रस्ट के तत्ववधान में आओ धारा का उसका गौरव लौट आएं, पौधा लगाएं पृथ्वी को हरा–भरा बनाए कार्यक्रम के तहत नवनिर्वाचित अधिवक्ताओं के सम्मान समारोह के साथ साथ पौधारोपण का कार्यक्रम बार कौंसिल बगहा में रखा गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में श्री ब्रजेश कुमार पाण्डेय( जिला सत्र न्यायधीश प्रथम)एवं श्री अभिनाश कुमार (जिला सत्र न्यायाधीश द्वितीय) मौजूद रहे।
सर्वप्रथम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित माननीय न्यायाधीश द्वय ब्रजेश पाण्डेय एवं अविनाश कुमार को नैतिक जागरण मंच वेलफेयर ट्रस्ट के सचिव निप्पू कुमार पाठक ,उपाध्यक्ष अरविंद सिंह ने संयुक्त रुप से गंधराज का पुष्प एवं अंग वस्त्र समर्पित कर सम्मानित किए।
तत्पश्चात दोनों मुख्य अतिथियों के माध्यम से बार काउंसिल बगहा मे निर्वाचित अधिवक्ताओ मे अध्यक्ष पद पर चयनित द्विजेंद्रनाथ तिवारी महासचिव सुनील उपाध्याय, कोषाध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद,मो.महफूज आलम,शिव कुमार राव,प्रमोद कुमार गुप्ता,अनंत प्रसाद, राजन कुमार श्रीवास्तव को अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया।सम्मान समरोह के बाद मुख्य अतिथि महोदयों ने चंपा लगाकर पौधा रोपण का कार्यक्रम शुरु किया।इससे पूर्व न्यायाधीश श्री ब्रजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि रक्षाबंधन प्रकृति बंधन यानि प्रकृति से जुड़ना बहुत जरूरी है। जब हम सच्चे मन से प्रकृति से जुड़ेंगे तभी






इसकी रक्षा भी कर सकेंगे।तभी पृथ्वी हरी भरी रहेगी और मोसम बेरुखी न होकर अनुकूल बना रहेगा ।इसीलिए पौधा रोपण करें तथा प्रकति को प्रदूषित करने से बचें। इसके बाद ट्रस्ट ने अधिवक्ताओं के द्वारा अशोक व बकेन के दो दर्जन से पौधे लगवाए।

## राजद ने अपने प्रवक्ताओं का किया मनोनयन, 2 नए चहरों को मिली जगह

अमित कुमार संवाददाता पंडारक दैनिक अयोध्या टाइम्स पटना। बिहार में सीएम नीतीश कुमार के पाला बदलने के ठीक पहले राजद ने अपने प्रवक्ताओं का पैनल भंग कर दिया था। के कई पूर्व प्रवक्ता का नाम है। लेकिन बंटू सिंह और मृत्युंजय तिवारी का नाम लिस्ट से गायब हैं।राजद ने अपने प्रवक्ताओं का किया मनोनयन, 2 नए चहरों को मिली जगह।




गठबंधन बदलने की कवायद में जुटे नीतीश पर पार्टी की तरफ से कोई हमला गलती से ना हो जाए इसलिए प्रवक्ताओं की छुट्टी कर दी गयी थी। लेकिन अब राजद ने एक बार फिर से प्रवक्ताओं की नई लिस्ट जारी कर दी है। इसके अलावा पिछले कई साल से प्रदेश प्रवक्ता रहे मृत्युंजय तिवारी की भी छुट्टी हो गई है। इन्हें भी प्रवक्ताओं की टीम में जगह नहीं मिली है। वहीं कांग्रेस से राजद में आए पूर्व विधायक ऋषि मिश्रा को भी प्रवक्ता बनाया गया है। राजद ने कुल 8 प्रवक्ताओं की सूची जारी की है। इस नए लिस्ट में राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने (1) भाई वीरेन्द्र, विधायक (2) चित्तरंजन गगन (3) शक्ति सिंह यादव, पूर्व विधायक (4)एज्या यादव, पूर्व विधायक (5) ऋषि मिश्रा, पूर्व विधायक (6) सतीश कुमार दास, विधायक(7) एजाज अहमद एवं (8) रीतू जायसवाल को राजद का प्रदेश प्रवक्ता मनोनीत किया है।
ज्ञातव्य है कि कुछ दिन पहले प्रवक्ताओं की सूची को रद्द कर दिया गया था। मनोनीत प्रवक्ताओं में छरूपहले भी प्रवक्ता थे। ऋषि मिश्रा और सतीश कुमार दास दो नये प्रवक्ता

## खगड़िया जिला के संपूर्ण अनुमंडल और प्रखंडों में संवाददाता की नियुक्तिपूरी हुई

आलोक कुमार (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स खगड़िया)। खगड़िया जिला अंतर्गत खगड़िया ब्यूरो चीफ आलोक कुमार के द्वारा सभी अनुमंडल ब्यूरो चीफ सभी प्रखंड संवाददाता की नियुक्ति पूरी की गई जिन्हें दैनिक अयोध्या टाइम्स के बिहार कोऑर्डिनेटर श्रीमान रवि कुमार भार्गव जी के द्वारा सभी संवाददाताओं को 15 अगस्त के शुभ अवसर पर बिहार कार्यालय सिरसा कोठी बुलाकर झंडा तोलन के बाद सभी संवाददाताओं को सम्मानित किया जाएगा संवाददाताओं का नाम खगड़िया ब्यूरो चीफ आलोक कुमार , खगड़िया प्रखंड संवाददाता बंटी कुमार , मानसी प्रखंड संवाददाता राम दिवाकर कुमार , परबत्ता प्रखंड संवाददाता कुमार राकेश , चौथम प्रखंड संवाददाता सुमन कुमार चौरसिया , अलौली प्रखंड



संवाददाता विकाश कुमार , गोगरी ब्यूरो चीफ अभय कुमार , गोगरी प्रखंड संवाददाता एम डी अरशद अय्यूब , बेलदौर संवाददाता सूरज कुमार इन सबो को सिरहा कोठी कार्यालय में सम्मानित किया जाएगा।

## सत्ता हाथ से जाते ही कुर्सी के लिए भाजपाइयों ने दिया धरना : महागठबंधन के पूर्व प्रत्याशी श्री राम बाबू यादव

(संजीव कुमार संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स रामगढ़वा पूर्वी चंपारण)। बिहार में महागठबंधन की सरकार बनते ही भाजपा वालो ने प्रदर्शन और धरना कर रहे हैं जिसको लेकर पूर्वी चंपारण जिले के रक्सौल विधानसभा के महागठबंधन के पूर्व प्रत्याशी श्री राम बाबू यादव ने कहा कि बिहार की सत्ता हाथ से



क्या गई भाजपाईयों का दिमागी संतुलन खराब हो चुका है। महागठबंधन नेता व कार्यकर्ता कभी भी धरना प्रदर्शन किए तो वे हमेशा जनहित के लिए ही आवाज उठाने का काम किया जैसे पढ़ाई ,सिचाई ,महंगाई ,रोजगार, डीजल –पेट्रोल की बढ़ती कीमत इत्यादि, भाजपा के लोगों को ये दिखाई नही देता , इनलोगों को सिर्फ सत्ता का लालच है। बिहार से सत्ता हाथ से क्या गई सब के सब पागल हो चुके है। अभी कुछ दिन पहले किसानों को खाद बीज का कितना किल्लत था । उसके लिए तो कभी कोई धरना नही किया , नही आवाज उठाने की किसी ने काम की । पढ़े लिखे नवजवानों से रोजगार छीना जा रहा है। जितने भी खाद्य पदार्थों है सब पर GST लगा दिया गया।
भाजपा को ये सब दिखाई कभी नही दिया । इतने सालों से इनलोगों को सिर्फ कुर्सी का लालच है। समाज को इनलोगो से टुकड़े टुकड़े में बाँटने का काम किया । सिर्फ अपनी कुर्सी पे बैठेने के लिए। इस अवसर पे उपस्थित सुमेश्वर कुशवाहा ,हीरालाल शाह, अनिल मिश्रा, कुणाल राय , राहुल पांडेय , ,मोहम्मद लाडू ,आदित्या कुमार आदि लोग मौजूद थे।

## सुबह के 9:00 बजे मुख्य समारोह स्थल अक्षय वट राय स्टेडियम में जिलाधिकारी करेंगे झंडोत्तोलन

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) हाजीपुर। जिलाधिकारी श्री यशपाल मीणा की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में पुलिस अधीक्षक वैशाली श्री मनीष की उपस्थिति में स्वतंत्रता दिवस 2022 के तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर समीक्षा की गई । आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत वैशाली जिला में कम से कम 200000 घरों पर तिरंगा झंडा फहराने के अनुपालन पर जिला पंचायत राज पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि इसकी सभी जरूरी तैयारी पूरी कर ली गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि झंडा फहराते समय प्रोटोकॉल का अनुपालन जरूरी है। इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। कोविड–19 संक्रमण को देखते हुए इस बार स्वतंत्रता दिवस का आयोजन मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग बिहार सरकार के प्राप्त दिशा निर्देश के आलोक में किया जा रहा है। झंडोत्तोलन का मुख्य कार्यक्रम में स्थानीय अक्षयवट राय स्टेडियम में आयोजित होगा जहां जिला अधिकारी के द्वारा सुबह के 9 बजे झंडोत्तोलन किया जाएगा। प्रभारी पदाधिकारी सामान्य प्रशाखा के द्वारा बताया गया कि समारोह में अति विशिष्ट महानुभावों एवं चिन्हित व्यक्तियों को आमंत्रित करने के लिए ई–आमंत्रण पत्र तैयार कर लिया गया है। सिविल सर्जन के द्वारा बताया गया कि समारोह स्थल पर वाहन स्टेज सोडियम आदि के लिए सैनिटाइजेशन की समुचित व्यवस्था रखी गई है। इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि स्टेडियम में एक मेडिकल टीम एवं एंबुलेंस की व्यवस्था भी रखी जाए।
मुख्य समारोह स्थल अक्षयवट राय स्टेडियम में झंडोत्तोलन के लिए अस्थाई मंच प्रेस दीर्घा वीआईपी बनाने का कार्य दायित्व कार्यपालक अभियंता क्षेत्र संगठन को दिया गया था। इनके द्वारा बताया गया कि सभी कार्य समय से पूर्ण कर लिया जाएगा। स्टेडियम में बैरिकेडिंग की व्यवस्था एवं सतह के समतलीकरण का कार्य के बारे में कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल हाजीपुर ने बताया कि इसकी तैयारी चल रही है। पूरे शहर की सफाई सभी चौक चौराहों की सफाई स्टेडियम की साफ–सफाई स्टेडियम के मुख्य प्रवेश द्वार के बाहर पानी का एक टैंकर लगाने तथा शहर में अवस्थित महात्मा गांधी एवं अन्य महापुरुषों की मूर्तियों की साफ सफाई कराने के विषय में कार्यपालक पदाधिकारी हाजीपुर नगर परिषद ने बताया कि यह कार्य कराया जा रहा है। जिला अधिकारी के द्वारा सभी पाठकों एवं गांधी आश्रम में लाइटिंग की पर्याप्त व्यवस्था कराने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि आजादी के 75 में अमृत महोत्सव के दौरान 15 अगस्त के अवसर पर 75 परिवारों को बासगीत पर्चा देने की



व्यवस्था कराई जाए। सभी 40 पंचायत सरकार होने पर भव्य तरीके से झंडोत्तोलन कराया जाए। जिला योजना पदाधिकारी ने बताया कि 15 अगस्त को डीआरसीसी केंपस हाजीपुर में 15 कंपनियों के द्वारा स्टॉल लगाया जा रहा है। जिसके माध्यम से 500 से अधिक लोगों को नियुक्ति पत्र दिया जाएगा।
जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि स्कूली बच्चों के द्वारा गगनभेदी नारों के साथ प्रभात फेरी की जाएगी। कमांडेंट गिरी रक्षा वाहिनी के द्वारा बताया गया कि इस अवसर पर अग्निशमन का मॉक ड्रिल कराया जाएगा। जिला अधिकारी के द्वारा कहा गया कि 75 में अमृत महोत्सव के अवसर पर अक्षयवट राय स्टेडियम में 75 लिखा हुआ मानव श्रृंखला बनाई जाए। जिसका ट्रेन के माध्यम से वीडियोग्राफी कराने का निर्देश अधीक्षक मद्य निषेध को दिया गया। प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा में बताया कि जिन महादलित टोला में झंडोत्तोलन का कार्यक्रम होना है उसकी सूची प्रखंड विकास पदाधिकारियों के द्वारा प्राप्त करा दी गई है। बैठक में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के साथ अपर समाहर्ता श्री विनोद कुमार उप विकास आयुक्त श्री चित्रगुप्त कुमार जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री अरुण कुमार सिंह जिला सामान्य शाखा के प्रभारी पदाधिकारी श्रीमती अभिलाषा सिन्हा सिविल सर्जन जिला शिक्षा पदाधिकारी जिला जनसंपर्क पदाधिकारी जिला होमगार्ड स्काउट एंड गाइड के पदाधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## भाई-बहन के अटूट एवं पवित्र प्रेम का प्रतीक है रक्षा बंधन



(आदर्श राज आनंद, संवाददाता हिंदी दैनिक अयोध्या टाइम्स, मोतिहारी, पूर्वी चंपारण) मोतिहारी। हमारी सनातन संस्कृति के अति प्राचीन एवं पावन धरोहर ष्रक्षाबंधनष का त्यौहार प्रखंड क्षेत्र में बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रक्षाबंधन का समय आज 7रू30 बजे पूर्वाहन तक होने के कारण सुबह से ही लोगों में काफी हलचल देखी गई। साल भर पर सावन के पावन महीने में आने वाले इस त्यौहार को मनाने के लिए भाई बहनों में काफी उत्साह देखा गया। बहनों ने अपने भाइयों की कलाई में राखी बांधकर उनसे अपनी रक्षा का वचन लिया और तिलक लगाकर उनकी दीर्घायु होने की कामना भगवान से की। कल बाजार में भी पूरे दिनभर चहल कदमी बनी रही। विशेषकर रक्षाबंधन के अवसर पर राखी और मिठाई की दुकानों पर भारी भीड़ देखी गई। लोग रक्षाबंधन के अवसर पर राखी और मिठाई की खरीदारी जमकर कर रहे थे।
वैसे तो प्राचीन काल से ही हमारे सनातन संस्कृति में रक्षाबंधन का विशेष महत्व रहा है, कई पौराणिक कथाओं में इसका उल्लेख व्यापक रूप से मिलता है। कहा जाता है कि द्वापर युग में द्रोपती ने भगवान श्रीकृष्ण को भाई मानकर राखी बांधी थी और भगवान श्री कृष्ण ने द्रौपदी को उनके मान सम्मान की रक्षा का वचन भी दिया था। इसी वचन को पूरा करने के लिए भरी सभा में चीरहरण के समय भगवान श्री कृष्ण को द्रोपति ने याद किया तो वहां भगवान ने प्रकट होकर उनके मान–सम्मान की रक्षा की थी। एक घटना तब की है जब मेवाड़ राज्य पर शत्रुओं ने आक्रमण कर दिया था उस समय अपने को असुरक्षित महसूस कर वहां की महारानी ने दिल्ली के मुगल बादशाह हुमायूं को एक संदेश के साथ अपनी राखी भेजी थी वह संदेश और राखी पाकर मुगल बादशाह हुमायूं अपनी सेना के साथ मेवाड़ की रक्षा के लिए तुरंत ही चल पड़ा था।
इसी प्रकार वैसे कई उदाहरण हैं जो रक्षाबंधन के विशेष महत्व को को प्रमाणित करता है। रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर प्राचीन काल से ही ब्राह्मण अपने यजमान को रक्षा का सूत्र बांधकर उनको दीर्घायु होने का आशीर्वाद देते हैं। आज के समय में रक्षाबंधन सिर्फ भाई–बहन के पवित्र प्रेम का प्रतीक ही नहीं बल्कि प्राकृतिक प्रेम और सभी जीव जंतुओं के प्रति आदर भाव का भी प्रतीक बन चुका है।

## समाहर्त्ता,किशनगंज श्री श्रीकांत शास्त्री के द्वारा समाहरणालय परिसर स्थित सभाकक्ष में सभी अंचलाधिकारी के कार्यो,राजस्व संग्रहण एवम् आंतरिक संसाधन समिति,नीलाम पत्र वाद से संबंधित कार्यो की समीक्षा की गई

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) समाहर्त्ता,किशनगंज श्री श्रीकांत शास्त्री के द्वारा समाहरणालय परिसर स्थित सभाकक्ष में सभी अंचलाधिकारी के कार्यों,राजस्व संग्रहण एवम् आंतरिक संसाधन समिति, नीलाम पत्र वाद से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही, सरफेसी एक्ट के तहत बैक ऋणी के संपति निलामी के निमित सभी बैंक के समन्वयक ,बैंकर्स के साथ भी समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।
सभी अंचलाधिकारी के कार्यों की समीक्षा बैठक में ऑनलाइन दाखिल खारिज,भू लगान वसूली,सेस ,मांग वसूली, अभियान बसेरा, बासगीत पर्चा वितरण,एलपीसी निर्गत करने की अद्यतन स्थिति, गैर मजरूआ आम भूमि तथा गैर मजरूआ मालिक भूमि बंदोबस्ती ,लोक भूमि अतिक्रमण ,जल संचयन का अतिक्रमण,न्यायालय वाद, भू हदबंदी,भू–दान ,सरजमीं सेवा समेत कटाव निरोधक कार्य व बाढ़ संघर्षात्मक तैयारियो आदि के बिन्दु पर गहन समीक्षा करते हुए पिछले बैठक में दिए गए निर्देश के अनुपालन की समीक्षा की गई।
समाहर्त्ता, श्री श्रीकांत शास्त्री के द्वारा संभावित बाढ़ की तैयारियों के मद्देनजर सभी अंचल में उपलब्ध संसाधन व उनका ससमय सही ढंग से उपयोग करने,नदियों के बढ रहे जल स्तर व कटाव की समीक्षा कर सभी सीओ को निर्देश दिया गया कि बाढ के मद्देनजर नदियों के जल स्तर को मॉनिटर करते रहे।कोई भी अप्रिय घटना की सूचना प्राप्त होते ही रेस्क्यू कराए और आवश्यकतानुसार एनडीआरएफ का सहयोग लें।नदी कटाव ,क्षतिग्रस्त तटबंधध्बांध मरम्मत्ती हेतु बाढ़ नियंत्रण व जल निस्सरण के अंचल में कार्यरत कनीय अभियंता से समन्वय बनाकर संभावित बाढ़ की विभीषिका से लोगो को राहत दिलवाएं।
इसी प्रकार वृहद परियोजनाओं के भू अर्जन यथा अररिया – गलगलिया रेल लाइन,इंडो नेपाल सड़क में अधिग्रहित होने वाली भूमि के निमित किए जाने वाले कार्यों में प्रगति संतोषजनक नहीं पाए जाने पर अंचल अधिकारी, ठाकुरगंज,दिघलबैंक और टेढ़ागांछ को संबंधित एजेंसी से समन्वय स्थापित कर कार्य निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। राजस्व संग्रहण कार्य की समीक्षा उपरांत राजस्व वादों के त्वरित निष्पादन का निर्देश सभी अंचलाधिकारियो को दिया गया। ऑनलाइन दाखिल खारिज वाद सहित परीमार्जन पोर्टल पर डाटा एंट्री कार्य में प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। लंबित म्यूटेशन को शीघ्रातिशीघ्र निष्पादित करने तथा ऑपरेशन अभियान बसेरा अंतर्गत पर्चा वितरण,सर्वे सूची के आधार पर भूमिहीन को जमीन बंदीबस्त पर्चा वितरण करने हेतु अधिकाधिक प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश सभी सीओ को दिया गया। सभी अंचलाधिकारी को कंपाईलेशन शीट भी पूर्ण करने का भी निर्देश दिया गया।खराब प्रदर्शन वाले अंचल को निर्देश दिया गया कि डीसीएलआर ,किशनगंज से समन्वय करते हुए ऑनलाइन अपलोड,एंट्री सुनिश्चित कराए।सरकारी भूमि,रैयती जमीन के अतिक्रमण को जिलाधिकारी ने गंभीरता से लेते हुए लोक भूमि अतिक्रमण अधिनियम के आलोक में सख्त कार्रवाई करने का निर्देश सभी सीओ को दिया गया। भूमि विवाद और राजस्व संग्रहण को लेकर जिलाधिकारी काफी गंभीर दिखे। अंचलाधिकारियो के प्रदर्शन पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मौके पर सीओ,टेढ़ागाछ और दिघलबैंक का वेतन स्थगित रखने का निर्देश दिया। इसी प्रकार आंतरिक संसाधन समिति की बैठक में राजस्व संग्रहण के बिन्दु पर विभागवार समीक्षा हुई। वाणिज्य कर,परिवहन, खनन,निबंधन, राष्ट्रीय बचत ,नगर परिषद किशनगंज, नगर निकाय बहादुरगंज व ठाकुरगंज, विधिक मापक,सहकारिता,विद्युत,मत्स्य,उत्पाद वन,कृषि,औषधि निरीक्षक से संबंधित कार्यों ,प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप राजस्व संग्रह आदि के बिन्दु पर उनके पदाधिकारियों द्वारा कृत कार्रवाई से अवगत कराया गया। उनके कार्यों की समीक्षा के क्रम में समाहर्ता, श्री शास्त्री ने राजस्व संग्रह में वृद्धि



समेत अपने संसाधनों को चिन्हित कर राजस्व वसूली का प्रतिशत बढ़ाने का निर्देश दिया।
परिवहन विभाग
परिवहन विभाग की समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि अभियान चलाकर निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति करें। कार्य में कोताही नहीं बरतें।
खनन विभाग
खनन विभाग की समीक्षा के क्रम में विभागीय अधिकारियों के राज्य मुख्यालय में आयोजित बैठक में भाग लेने की सूचना पर अलग से समीक्षा का निर्देश हुआ।
माप–तौल विभाग
माप तौल विभाग की समीक्षा के क्रम में बताया गया की उनका वार्षिक लक्ष्य के अनुरूप राजस्व संग्रहण हेतु कार्य किया जा रहा है।डीएम ने कहा कि कार्य के प्रति गंभीरता बरतें और रैंडम रूप से विभिन्न दुकान,पेट्रोल पंप पर माप तौल की जांच करें, अन्यथा कड़ी कार्रवाई के लिए तैयार रहें।
निबंधन
निबंधन कार्यालय,किशनगंज बहादुरगंज और ठाकुरगंज के अवर निबंधक और स्थानीय अंचलाधिकारी के बीच सामंजस्य का अभाव देखते हुए समाहर्त्ता ने संबधित पदाधिकारी को कड़ी फटकार लगाते हुए सरकारी भूमि के संरक्षण हेतु संकल्पित होकर दायित्व निर्वहन का निर्देश दिया।
जिलाधिकारी ने सभी उपस्थित पदाधिकारियों को राजस्व वसूली अभियान में तेजी लाने का निर्देश दिया, ताकि वार्षिक लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। सभी अंचल अधिकारी को निर्देश दिया गया कि इट – भट्ठा ,पेट्रोल पंप,होटल रेस्टोरेंट व अन्य वाणिज्यिक गतिविधि करने वाले स्थलों को चिन्हित कर उनका भू संपरिवर्तन कॉमर्शियल रूप में करवाए ताकि राजस्व क्षति को रोका जा सके।नियमानुसार यथाशीघ्र प्रस्ताव एसडीएम के पास भेजना सुनिश्चित करें। विधिक मापक को निर्देश दिया गया कि हाट बाजार में जाकर प्रयोग में लाए जा रहे माप तौल उपकरण व बाट,बटखरा की जांच औचक रूप से करें।
3 साथ ही, नीलाम पत्र की समीक्षा के क्रम में सभी नीलाम पत्र पदाधिकारियों ,अंचल अधिकारियों के नीलाम पत्र वादों में प्रगति निराशाजनक रहने के कारण अधियाची पदाधिकारी के साथ समन्वय कर राजस्व वसूली तुरंत प्रारम्भ करने के निर्देश दिए गए।दिनांक 26 अगस्त को शिविर आयोजित कर संधारित राजस्व पंजी नौ व दस का मिलान करने का निर्देश सभी नीलाम पत्र पदाधिकारी को दिया गया। नीलम पत्र के वाद के निष्पादन में गंभीरता नहीं पाए जाने पर सीओ,ठाकुरगंज को सख्त चेतावनी देकर एक पक्ष में प्रगति लाने का निर्देश दिया गया।
4. सरफेसी एक्ट 2002 अंतर्गत विभिन्न बैंक से कई प्रस्ताव प्राप्त हुए है,उनके बैंकर्स के स्तर से वाद के निष्पादन में गंभीरता नहीं दिखाए जाने पर समाहर्त्ता,श्री श्रीकांत शास्त्री ने नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि एलडीएम किशनगंज सुनिश्चित कराएंगे कि बैंक के प्रतिनिधि अनुमंडल दंडाधिकारी से समन्वय स्थापित कर वाद का निष्पादन अर्थात् नीलामी प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करवाएं। उक्त बैठक में समाहर्त्ता के अतिरिक्त अपर समाहर्त्ता, अनुज कुमार , डीएलएओ संदीप कुमार,प्रभारी पदाधिकारी, जिला राजस्व प्रशाखा– सह– डीसीएल आर आफाक अहमद,ि जला नीलाम पत्र पदाधिकारी रंजीत कुमार, सभी अंचल अधिकारी व राजस्व संग्रह करने वाले विभाग के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### इसे समझो न रेशम की डोर भैया

दलसिंगसराय (विकास कुमार पाण्डेय, अनुमंडल ब्यूरो चीफ) ۶अनुमंडल मुख्यालय दलसिंहसराय सहित विभिन्न प्रखंडों में प्यार और स्नेह का त्यौहार रक्षाबंधन बड़े हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस बार रक्षाबंधन को लेकर लोगों में दुविधा की स्थिति बनी रही, कुछ स्थानों पर लोगों ने गुरुवार को ही रक्षाबंधन मनाया, परन्तु अधिकांश लोगों ने रक्षाबंधन का त्यौहार शुक्रवार को मनाया। रक्षाबंधन को लेकर सुबह से ही लोगों में खासा उत्साह देखा गया ۶सुबह – सवेरे पूजा अर्चना करने के बाद बहनों ने भाई की कलाई पर राखी के रूप में रक्षा सूत्र बांधा राखी को लेकर



बच्चों में विशेष खुशी देखी गई, हालांकि कुछ ऐसी भी उदास बहनें मिली, जिनके भाई नहीं है। गौरतलब है कि रक्षाबंधन को लेकर पूरे दिन सड़क पर चहल– पहल देखी गई, दूर – दूर से बहनें अपने भाई को राखी बांधने के लिए पहुंची थी।

### 75 वीं वर्षगांठ व आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर विशेष ग्राम सभा का आयोजन

(अनिल कुमार संवाददाता दैनिक अजोध्या टाइम्स हरसिद्धि) आप सबको सूचित करते हुए अपार हर्ष हो रहा है इस वर्ष 13– 8 –2022 को 12.00बजे पूर्वाहन मुखिया भागीरथ प्रसाद के द्वारा ओलाहां मेहता टोला पंचायत भवन के प्रांगण में स्वतंत्रता दिवस के 75 वी वर्षगांठ व आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया है! उक्त ग्राम सभा में आप सब की उपस्थिति प्रार्थनीय है अतः आग्रह है कि उक्त आम सभा मे ससमय भाग लेकर हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने में हमें सहयोग करने की कृपा करें!

### निर्वाचकों के आधार प्रमाणीकरण कार्य की हुई समीक्षा

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा। प्रभारी जिला पदाधिकारी पश्चिम चम्पारण बेतिया अनिल कुमार के द्वारा वीडियो कॉफ्रेसिंग के माध्यम से निर्वाचकों के आधार प्रमाणीकरण के कार्य की समीक्षा की गई। आधार प्रमाणीकरण का कार्य संतोषजनक नहीं होने पर उनके द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई ।प्रभारी जिला पदाधिकारी ने सभी बी0एल0ओ0 को द्वारा घर–घर जाकर गरूड़ा एप के माध्यम से आधार प्रमाणीकरण का कार्य करने का निर्देश दिया गया। साथ ही यह भी निदेश दिया गया कि बी0एल0ओ0 घर–घर जाकर ट्भ्।, (टवजमते भ्मसचसपदम ।चच), छटैच के माध्यम से आधार प्रमाणीकरण करने हेतु आम जनों को जागरूक करेंगे ।इस बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी बेतिया सदर विनोद कुमार सहित सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं अवर निर्वाचन पदाधिकारी, बेतिया इत्यादि मौजुद रहे।

### प्रखंड विकास पदाधिकारी ने किया वृक्षारोपण

देवेन्द्र कुमार दैनिक अयोध्या टाइम्स बाढ़। बाढ़ नगर के तालिमपुर मोहल्ले में स्थित चिल्ड्रन पार्क के प्रांगण में प्रखंड विकास पदाधिकारी बाढ़ नवकुंज कुमार की अध्यक्षता में वृक्षारोपण किया गया । इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के छायादार एवं फूलदार वृक्षों का रोपण किया गया जिसमें पीपल , महोगनी , गुलमोहर , अशोक , आंवला सहित कई अन्य पौधे लगाए गए। नवकुंज कुमार ने बताया कि



वृक्षारोपण करना एवं वृक्षों का संरक्षण करना हर मनुष्य का कर्तव्य है। वृक्ष देव तुल्य हैं। इस अवसर पर कर्मठ समाजसेवी राजीव कुमार शर्मा उर्फ छोटू सर , विकास मित्र नरेंद्र चौधरी , वन विभाग के पदाधिकारी , चंदन चारु सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

### खगड़िया जिला के भाजपा के जिला मंत्री रक्षाबंधन का त्यौहार मनाते हुए

बंटी कुमार प्रखंड रिपोर्टर खगड़िया (दैनिक अयोध्या टाइम्स)। भाजपा के खगड़िया जिला के जिला मंत्री आलोक कुमार विद्यार्थी ने रक्षाबंधन




का त्यौहार प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के आश्रम में जाकर दीदियों के साथ रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया आलोक कुमार विद्यार्थी ने दीदीओं से राखी बंधवा कर रक्षा करने का वचन लेकर रक्षाबंधन के त्यौहार को भली–भांति मनाए।

### सिरीसिया रेलवे डाला पर अज्ञात 30 वर्षीय युवक का मिला शव

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा। बगहा पुलिस जिला के भैरोगंज थाना क्षेत्र के सिरिसिया रेलवे ढाला के समीप शुक्रवार को एक 30 वर्षीय युवक का ट्रेन से कटने के मामला प्रकाश में आया है। बगहा के भैरोगंज थानाध्यक्ष राम उदय ने बताया कि थाना क्षेत्र के सिरिसिया गांव




के समीप रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात युवक की लाश मिली है। शव का शिनाख्त नहीं हो सका है। शव को पुलिस ने अपनी नियंत्रण में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल बगहा भेजा गया है।

### 71 वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल पिपरा कोठी द्वारा घर-घर झंडा कार्यक्रम के तहत बच्चो के बीच झंडो का किया गया वितरण

दैनिक अयोध्या टाइम्स डी एन कुशवाहा सचिव रक्सौल अनुमंडल मोतिहारी,पूर्वी चंपारण। कार्यवाहक कमांडेंट 71 वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल पिपरा कोठी, दिव्य रंजन सिंह के आदेशनुसार, प्रतीक कुमार गुप्ता एवं दिनेश कुमार ममोत्रा डिप्टी कमांडेंट की देख–रेख में बी कम्पनी



बारहरवा के कम्पनी कमांडर इंस्पेक्टर राज नंदन कुमार के द्वारा उत्क्रमित् उच्च विद्यालय पिपरा में प्राचार्य, शिक्षक गण एवं बच्चो के बीच झंडो का वितरण घर– घर झंडा कार्यक्रम के तहत किया गया। जिसमें शिक्षक गणों ने बढ़– चढ़ कर हिस्सा लिया। इस मौके पर एस एस बी जलगवा के बी ओ पी कमांडर उप निरीक्षक गारा, हवलदार विवेक, रौशन कुमार सिपाही बृजवासी तथा सूरज पांडेय सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक –शिक्षिकाएं एवं बच्चे मौजूद थे।